Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SANATAN SHASTARAM
1969 G. K. U.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

080 537

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Diamond Book Binding House
Mob: Karachi [illegible] Road

080573

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

080573



080573

RT-0504

सनातनशास्त्रम्

श्रीश्रीमत्सीतारामदासोङ्कारनाथ-प्रवर्त्तितम्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीराममाहात्म्यम्

श्रीश्रीठाकुर सीतारामदासोङ्कारनाथः

रामो ह्ययं विश्वमिदं समग्रं
स्वतेजसा व्याप्य जनान्तरात्मना।
पुनाति जन्मान्तरपातकानि
स्थूलानि सूक्ष्माणि क्षणश्च दग्ध्वा॥

रामः स्थावर-जङ्गमसर्वभूतेषु अन्तरात्मस्वरूपेण रमते, तेन स राम इति कथितो भवति।

"रामे"ति मन्त्रराजो भवरोगविनाशकः, समरे विजयप्रदः, सर्वकार्यार्थसाधकः।

उत्तमरूपेण कथितो रामचन्द्रः, रामेति रामेति च नाम—सर्वतीर्थानां फलं विप्राणामपि कामदमिति च कथ्येते।

भूतले द्व्यक्षरमन्त्रराजं 'रामे'ति नाम सर्वकार्यकरम्। देवा अपि सर्वगुणाकर-रामनाम सर्वतोभावेन कीर्त्तयन्ति।

हे देवेशि! तस्मात् त्वमपि रामनाम सर्वदा कीर्त्तय। यो जनो रामनाम जपति, सः सर्वेभ्य एव पापेभ्यो मुक्तो भवति।

रामनामद्वारा सहस्रनामजपस्य पुण्यलाभो भवति। विशेषतश्चातुर्म्मास्ये दशगुणादधिकं पुण्यं भवति। रामनामं हीनजात्युत्पन्नानामपि महत् पातकं भस्मीभूतं करोति।

इदं सम्पूर्णं विश्वमेव रामः, सः स्वीयतेजसा सर्वेषामन्तरात्मरूपेण व्याप्य विराजते। जन्मान्तरकृतानि स्थूलानि सूक्ष्माणि च पातकानि क्षणकालेनैव भस्मीभूतानि कृत्वा स पवित्रं करोति।

स्कन्दपुराणे, ब्रह्मखण्डे, धर्म्मारण्यखण्डे, ३४ अध्याये—

अशने शयने पाने गमने चोपवेशने।
सुखे वाप्यथवा दुःखे रामचन्द्र समुच्चरेत्॥
न तस्य दुःख-दौर्भाग्यं नाधिव्याधिभयं भवेत्।
आयुः श्रियं बलं तस्य वर्द्धयन्ति दिने दिने॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३७५ वङ्गाब्दीये तृतीयवर्षे] नवमम् पुष्पम् [नवमसंख्या, पौषमासः

सनातनशास्त्रम्

श्रीश्रीमत्सीतारामदासोङ्कारनाथ-प्रवर्त्तितम्

श्रीमन्महर्षि-वाल्मीकिप्रणीतम्

वाल्मीकि-रामायणम्

श्रीरामकृत-श्रीरामायणतिलकटीकासमलंकृतम् ।

(हिन्दीभाषानुवादसहितम्)

सञ्चालकौ

श्रीश्रीजीवन्यायतीर्थः

श्रीयादवेन्द्रनाथन्यायतर्कतीर्थश्च

सम्पूजकाः

महामहोपाध्याय-श्रीकालीपदतर्काचार्य्यः

डाः श्रीगौरीनाथशास्त्री एम्-ए, डि-लिट्

श्रीनारायणचन्द्रगोस्वामी न्यायाचार्य्यः एम्-ए च

वार्षिकमूल्यम् प्रेषणशुल्कसहितम् मुद्रापञ्चदशकम्] [प्रतिसंख्यक-मूल्यं सार्द्धैकरूप्यकम्

(१५·००) (१·५०)

बहिर्भारतं—मुद्राविंशतिकम् (२०·००)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वत्वाधिकारी
श्रीसत्यधर्म्मप्रचरसङ्घः
(जयगुरुसम्प्रदायः)

सहसम्पूजक-सङ्घाः

श्रीश्यामाशङ्करविद्याभूषणः

श्रीरघुनाथकाव्य-व्याकरणतीर्थः

श्रीहरिनारायणतर्क-वेदतीर्थः

श्रीरामरञ्जनकाव्य-व्याकरणतीर्थः

श्रीजयशङ्करवेद-व्याकरणतीर्थश्च

सहसञ्चालकः श्रीदिलीपकुमारमुखोपाध्यायः एम्, ए

कर्मकिङ्कराः
श्रीमानसरञ्जन रायः
श्रीनन्ददुलाल चट्टोपाध्यायः
किङ्कर-विमलानन्दश्च ।
कार्य्यालयः
३८सि, विधानसरणी
कलिकाता-६
फोन नं ३४-४४०८

श्रीश्यामाशङ्करविद्याभूषणद्वारा 'श्रीसीताराम-वैदिकमहाविद्यालयः ७।२, पि, डब्लिउ, डि रोड्, कलिकाता-३५' इति' स्थानात् प्रकाशितम् ; ५५।६४, कालीचरणघोष रोड्स्थित-सार्भिस्-प्रिन्टार्स् नामक-मुद्रालयान्मुद्रापितञ्च ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सनातनशास्त्रस्य नियमावली

१। सनातनशास्त्रम्—शास्त्रग्रन्थमयसंस्कृतमासिकपत्रम् प्रतिमासं नियमतः प्रकाशयिष्यते।

२। भारते अस्य वार्षिकमूल्यम् प्रेषणशुल्कसहितम् मुद्रापञ्चदशकम्, बहिर्भारतं मुद्राविंशतिकम्। एकसंख्यामूल्यं सार्द्धैकरूप्यकम्।

३। वार्षिकरूपेण षाण्मासिकरूपेण च ग्राहकत्वं स्थिरीकृतम्।

४। ग्राहकगणलिखितपत्रविषयमनुसृत्य शीघ्रमेव सकलव्यवस्था अवलम्ब्यते, किन्तु प्रयोजनं विना पत्रोत्तरं न दास्यते। पत्रोत्तरेच्छुभिरवश्यमेव स्वलिखितपत्रेण सह उत्तरपत्रमपि (रिप्लाइकार्ड) प्रेषणीयम्।

५। अस्मिन् सनातनशास्त्रे श्रीमद्वाल्मीकिरामायण-श्रीमद्भागवत-महाभारतादि सकलशास्त्र-ग्रन्थाः टीका-हिन्दीभाषानुवाद-सहिताः क्रमशः प्रकाशिता भविष्यन्ति। अत्र सनातनशास्त्रे श्रीश्रीधरस्वामिकृतटीकासमलङ्कृतविष्णुपुराणस्य तथा स्वामिकृतटीकायुतायाः अन्वय-सम्बलितायाश्च श्रीमद्भगवद्गीतायाः प्रकाशः सम्पूर्णः।

६। मूल्यप्रेषणस्थानम्— ३८ सि विधानसरणी
कलिकाता-६

७। प्रतिमासं द्वितीयसप्ताहे प्रकाशनात् परं ग्राहकाणां सविधे सनातनशास्त्रम् प्रेषयिष्यते मासस्यान्तिमदिनाभ्यन्तरे अस्य मासिकपत्रस्यालाभे कृपया स्मारकपत्रमेकं कार्य्यालये प्रेषणीयम्।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

৺৺শ্রীশ্রীগুরবে নমঃ

केदारभवनम्
वालो, हाओड़ा
कृष्णा एकादशी
२०।३।७३

सच्चिदानन्दनिलयेषु—

प्रियतमाः ! प्राणैः पणैः शास्त्ररक्षणेन, यथासाध्यं शास्त्रपथे चलनेन इह परत्र च प्रभूतमङ्गललाभं करिष्यथैव करिष्यथ ।

सनातनशास्त्रप्रचारद्वारा विश्वस्य परमकल्याणसाधनं कृत्वा श्रीभगवतः प्रिया भवत, प्रिया भवत ! युष्माकं जीवनं धन्यं भवतु । जयः सनातनशास्त्रभगवतो जयः ।

ओङ्कारस्य

निवेदनम्

विविधैः कारणविशेषैः सनातनशास्त्रं नाम शास्त्रमयं मासिकं पत्रमिदं सर्व्वेषामेव जनानामुपकर्त्तुमलं भवतीत्यत्र नास्ति संशयलेशोऽपि । अतः सर्व्वेषामेव जनानां समीपे सानुनयमिदं प्रार्थयामहे यत्, सर्व्वे जना अस्य ग्राहकपदमङ्गीकुर्व्वन्तु, तथा प्रतिजनमेकैकमात्रग्राहकसंग्रहेणापि पत्रमिदमुपकुर्व्वन्तु । अनेन कर्मणा शास्त्रमयो भगवान् नूनं प्रीतो भविष्यति । शास्त्राणि च सर्व्वाणि सुरक्षितानि भविष्यन्तीति शम् ।

इति—
विनीत—सम्पूजकानाम् ।
श्रीसीतारामवैदिकमहाविद्यालयः
७।२, पि, डब्लिउ, डि, रोड,
कलिकाता—३५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निशम्य मारुतेः सर्वे मुदिता वानराभवन् ।
क्ष्वेडन्त्यन्ये नदन्त्यन्ये गर्जन्त्यन्ये महाबलाः ॥४१
चक्रुः किलकिलामन्ये प्रतिगर्जन्ति चापरे ।
केचिदुच्छ्रितलाङ्गूलाः प्रहृष्टाः कपिकुञ्जराः ॥४२
आयताञ्चितदीर्घाणि लाङ्गूलानि प्रविव्यधुः ।
अपरे तु हनूमन्तं श्रीमन्तं वानरोत्तमम् ॥४३
आप्लुत्य गिरिशृङ्गेषु संस्पृशन्ति स्म महर्षिताः ।
उक्तवाक्यं हनूमन्तमङ्गदस्तु तदाब्रवीत् ॥४४
सर्वेषां हरिवीराणां मध्ये वाचमनुत्तमाम् ।
सत्त्वे वीर्य्ये न ते कश्चित् समो वानर विद्यते ॥४५
यदवप्लुत्य विस्तीर्णं सागरं पुनरागतः ।
जीवितस्य प्रदाता नस्त्वमेको वानरोत्तम ॥४६
त्वत्प्रसादात् समेष्यामः सिद्धार्था राघवेण ह ।
अहो स्वामिनि ते भक्तिरहो वीर्य्यमहो धृतिः ॥४७
दिष्ट्या दृष्टा त्वया देवी रामपत्नी यशस्विनी ।
दिष्ट्या त्यक्ष्यति काकुत्स्थः शोकं सीता-
वियोगजम् ॥४८
ततोऽङ्गदं हनूमन्तं जाम्बवन्तं च वानराः ।
परिवार्य प्रमुदिता भेजिरे विपुलाः शिलाः ॥४९
उपविष्टा गिरेस्तस्य शिलासु विपलासु ते ।
श्रोतुकामाः समुद्रस्य लङ्घनं वानरोत्तमाः ॥५०

आयतांचितदीर्घाणि आयामो विस्तारः स्थौल्यमित्यन्ये ॥४३॥

गिरिशृंगेषु आप्लुत्य तेभ्य आप्लुत्येत्यर्थः ॥४४-४६॥

समेष्यामः संगता भविष्यामः । अहो इति । तव स्वामि-भक्त्यादिकमाश्चर्यमित्यर्थः ॥४७-५१॥

उस समय उन वानरोंमें कोई हर्षनाद, कोई सिंहनाद करने लगे तथा कोई कोई महाबलवान् वानर गर्जन करने लगे। अन्य कितने वानर किलकारियाँ भरने लगे और कितने वानर गर्जनाके उत्तरमें प्रतिगर्जना करने लगे ॥४१॥

बहुतसे कपिकुञ्जर हर्षोन्मत्त होकर अपनी पूँछको ऊपर उठाकर नाचने लगे। कितने तो अपनी लम्बी एवं मोटी पूंछको घुमाने लगे ॥४२॥

अन्य कितने ही वानर आनन्दित होकर उछलते हुए पर्वतकी चोटियों पर वानरश्रेष्ठ श्रीमान् हनुमानजीका स्पर्श करने लगे ॥४३॥

हनुमान्‌जीकी उपरोक्त वचन सुनकर अङ्गदने उस समय समस्त वानरवीरोंके बीचमें यह परमोत्तम बात कही ॥४४॥

हे वानरप्रधान ! बल और पराक्रममें तुम्हारे समान कोई भी नहीं है, क्योंकि तुम सौ योजन विस्तृत इस समुद्रको पार करके पुनः आ गये ॥४५॥

हे वानरश्रेष्ठ ! एकमात्र तुम ही हमलोगोंके जीवनदाता हो। तुम्हारी ही कृपासे हमलोग पूर्ण मनोरथ होकर श्रीरामचन्द्रजीसे मिलेंगे ॥४६॥

स्वामी श्रीरामचन्द्रजीमें तुम्हारी भक्ति अद्भुत है। तुम्हारा धैर्य एवं पराक्रम भी आश्चर्यजनक है। यह बड़े सौभाग्यकी बात है कि तुमने श्रीरामचन्द्रजीकी यशस्विनी पत्नी सीताजीका दर्शन किया ॥४७॥

यह भी बड़े सौभाग्यकी बात है कि काकुत्स्थ भगवान् श्रीरामचन्द्रजी अब सीताके वियोगसे उत्पन्न शोकका परित्याग करेंगे ॥४८॥

इसके बाद सभी वानर समुद्रलङ्घन, लंका, रावण और सीताजीकी बात सुननेके लिये अङ्गद, हनुमान् एवं जाम्बवान्‌जीको घेरकर पर्वतकी बड़ी बड़ी शिलाओंपर आनन्दके साथ बैठ गये। उस समय वे सब हाथ जोड़े हुए थे और सबकी आँखें हनुमान्‌जीके मुखकी ओर थी ॥४९-५१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दर्शनञ्चापि लङ्कायाः सीताया रावणस्य च ।
तस्थुः प्राञ्जलयः सर्वे हनूमद्वदनोन्मुखाः ॥५१
तस्थौ तत्राङ्गदः श्रीमान् वानरैर्बहुभिर्वृतः ।
उपास्यमानो विबुधैर्दिवि देवपतिर्यथा ॥५२

हनूमता कीर्त्तिमता यशस्विना
तथाङ्गदेनाङ्गदनद्धबाहुना ।
मुदा तदाध्यासितमुन्नतं मह-
न्महीधराग्रं ज्वलितं श्रियाभवत् ॥५३

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे सप्तपञ्चाशः सर्गः ॥५७॥

विविधैर्देवैरुपास्यमान इत्यर्थः ॥५२॥

कीर्तिमता हनूमता यशस्विनांगदेनेत्यर्थः । ज्वलितं युक्तम् ॥५३॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे सप्तपञ्चाशः सर्गः ॥५७॥

जैसे देवराज इन्द्र स्वर्गमें देवताओंसे सेवित होकर बैठते हैं, उसी प्रकार बहुतसे वानरोंसे घिरे हुए श्रीमान् अङ्गद भी बीचमें बैठ गये ॥५२॥

कीर्तिमान् और यशस्वी हनुमान्‌जी एवं बाँहोंमें विजायठ पहने हुए अङ्गदके प्रसन्नतापूर्वक बैठ जानेके बाद वह ऊंचा और विशाल पर्वतशिखर दिव्य शोभासे प्रकाशित होने लगा ॥५३॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें सत्तावनवाँ सर्ग समाप्त ॥५७॥

अष्टपञ्चाशः सर्गः

[जाम्बवता पृष्टस्य हनूमतो लंकायात्रायाः यावतीयवृत्तान्तकथनम् ।]

ततस्तस्य गिरेः शृङ्गे महेन्द्रस्य महाबलाः ।
हनूमत्प्रमुखाः प्रीतिं हरयो जग्मुरुत्तमाम् ॥१
प्रीतिमत्सूपविष्टेषु वानरेषु महात्मसु ।
तं ततः प्रतिसंहृष्टः प्रीतियुक्तं महाकपिम् ॥२

जाम्बवान् कार्य्यवृत्तान्तमपृच्छदनिलात्मजम् ।
कथं दृष्टा त्वया देवी कथं वा तत्र वर्त्तते ॥३
तस्यां चापि कथं वृत्तः क्रूरकर्म्मा दशाननः ।
तत्त्वतः सर्व्वमेतन्नः प्रब्रूहि त्वं महाकपे ॥४

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

हनूमत्प्रमुखाः परस्परं मिलिता इति शेषः ॥१-२॥

कार्यविषयं वृत्तान्तम् ॥३॥

[हनुमान्‌जीका अपनी लंका यात्राका वृतान्त कहना]

इसके बाद हनुमान् आदि महाबलिष्ठ वानर महेन्द्र-पर्वतके शिखर पर मिलकर अत्यन्त प्रसन्न हुए ॥१॥

जब समस्त वानर वहाँ प्रसन्नता पूर्वक बैठ गये तब हर्षसे परिपूर्ण जाम्बवान्‌ने उन पवनपुत्र हनुमानजीसे प्रेमपूर्वक कार्य सिद्धिका वृतान्त पूछा—हे महाकपे ! तुमने सीताजीको कैसे देखा ? वे कहाँ किस प्रकार रहती हैं और क्रूरकर्मा रावण उनके प्रति कैसा व्यवहार करता है । ये सब बातें तुम हम सबसे ठीक ठीक कहो ॥२–४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्मार्गिता कथं देवी किञ्च सा प्रत्यभाषत ।
श्रुतार्थाश्चिन्तयिष्यामो भूयः कार्य्यविनिश्चयम् ॥५
यश्चार्थस्तत्र वक्तव्यो गतैरस्माभिरात्मवान् ।
रक्षितव्यश्च यत्तत्र तद् भवान् व्याकरोतु नः ॥६
स नियुक्तस्ततस्तेन सम्प्रहृष्टतनूरुहः ।
नमस्यन् शिरसा देव्यै सीतायै प्रत्यभाषत ॥७
प्रत्यक्षमेव भवतां महेन्द्राग्रात् खमाप्लुतः ।
उदधेर्दक्षिणं पारं काङ्क्षमाणः समाहितः ॥८
गच्छतश्च हि मे घोरं विघ्नरूपमिवाभवत् ।
काञ्चनं शिखरं दिव्यं पश्यामि सुमनोहरम् ॥९
स्थितं पन्थानमावृत्य मेने विघ्नञ्च तं नगम् ।
उपसङ्गम्य तं दिव्यं काञ्चनं नगमुत्तमम् ॥१०
कृता मे मनसा बुद्धिर्भेत्तव्योऽयं मयेति च ।
प्रहृतस्य मया तस्य लाङ्गूलेन महागिरेः ॥११
शिखरं सूर्य्यसङ्काशं व्यशीर्यत सहस्रधा ।
व्यवसायञ्च तं बुद्ध्वा स होवाच महागिरिः १२
पुत्रेति मधुरां वाणीं मनःप्रह्लादयन्निव ।
पितृव्यं चापि मां विद्धि सखायं मातरिश्वनः ॥१३
मैनाकमिति विख्यातं निवसन्तं महोदधौ ।
पक्षवन्तः पुरा तत्र बभूवुः पर्व्वतोत्तमाः ॥१४

कथं वृत्तः कीदृग्व्यापारः ॥४-५॥

चिंतनीयनिश्चयमेवाह, यश्चेति । रक्षितव्यं रामसन्निधौ गोपनीयम् । अवक्तव्यमिति यावत् । अवक्तव्यं च यत्तच्चिन्तयिष्यामोऽतस्तत्पृष्टं सर्वमात्मवान् भवान् व्याकरोतु ॥६-८॥

विघ्नरूपमिवेत्युक्तम् तदेवाह कांचनमिति । पश्यामि दृष्टमित्यर्थः । तदाश्चर्यत्वादद्यापि पश्यामीत्यर्थः ॥९॥

मेने लिङुत्तमपुरुषैकवचनम् । उपसंगम्य प्राप्य ॥१०-११॥
व्यवसायं स्वभेदनरूपम् ॥१२-१४॥

तुमने सीताजीको कैसे खोज लिया और उन्होंने तुमसे क्या कहा ? इन सबको सुनकर हम सब आगेके कार्यका निश्चितरूपसे विचार करेंगे ॥५॥

वहाँ (किष्किन्धामें) जाने पर हमलोगोंको कौनसी बात कहनी चाहिये और कौनसी बातको गुप्त रखना चाहिये । तुम बुद्धिमान् हो, इसलिये तुम्हीं इन बातोंको विस्तार पूर्वक कहो ॥६॥

जाम्बवान् द्वारा इस प्रकार पूछे जानेपर हनुमान्‌जी रोमाञ्चित हो गये । और मनही मन सीतादेवीको नमस्कार करके इस प्रकार कहने लगे—॥७॥

मैं आप लोगोंके सामने ही समुद्रके दक्षिण तीर पर जानेकी इच्छासे महेन्द्रपर्वतके शिखरसे आकाशमें उड़ा था ॥८॥

आगे जाते ही मैंने देखा कि एक परम सुन्दर दिव्य एवं सुवर्णमय शिखर प्रकट हुआ और मेरे मार्गको रोककर खड़ा हो गया । उस समय मैंने उसे अपनी यात्राके लिये विघ्न ही माना । उस दिव्य उत्तम सुवर्णपर्वतके समीप पहुँचने पर मैंने मन ही मन विचार किया कि मैं इसे तोड़ दूं । इसके बाद मैंने अपनी पूंछसे उसपर प्रहार किया उसकी चोट लगते ही उस महान् पर्वतके सूर्यके समान तेजस्वी शिखरके हजारों टुकड़े हो गये । मेरे उस निश्चयको जानकर महापर्वत मैनाकने मनको प्रसन्न सा करते हुए मधुर शब्दमें 'पुत्र' कहकर मुझे सम्बोधित किया और कहा—तुम मुझे अपना चाचा समझो, तुम्हारे पिता वायुका मैं मित्र हूँ ॥९-१३॥

मेरा नाम मैनाक है और मैं यहाँ महासमुद्रमें निवास करता हूँ । हे पुत्र ! प्राचीन समयमें सभी उत्तम पर्वत पंखवाले हुआ करते थे ॥१४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छन्दतः पृथिवीं चेरुर्वाधमानाः समन्ततः ।
श्रुत्वा नगानां चरितं महेन्द्रः पाकशासनः ॥१५
वज्रेण भगवान् पक्षौ चिच्छेदैषां सहस्रशः ।
अहं तु मोचितस्तस्मात् तव पित्रा महात्मना ॥१६
मारुतेन तदा वत्स प्रक्षिप्तो वरुणालये ।
राघवस्य मया साह्ये वर्तितव्यमरिन्दम ॥१७
रामो धर्म्मभृतां श्रेष्ठो महेन्द्रसमविक्रमः ।
एतच्छ्रुत्वा मया तस्य मैनाकस्य महात्मनः ॥१८
कार्य्यमावेद्य च गिरेरुद्धतं वै मनो मम ।
तेन चाहमनुज्ञातो मैनाकेन महात्मना ॥१९
स चाप्यन्तर्हितः शैलो मानुषेण वपुष्मता ।
शरीरेण महाशैलः शैलेन च महोदधौ ॥२०
उत्तमंजवमास्थाय शेषमध्वानमास्थितः ।
ततोऽहं सुचिरं कालं जवेनाभ्यगमं पथि ॥२१
ततः पश्याम्यहं देवीं सुरसां नागमातरम् ।
समुद्रमध्ये सा देवी वचनं चेदमब्रवीत् ॥२२
मम भक्ष्यः प्रदिष्टस्त्वममरैर्हरिसत्तम ।
ततस्त्वां भक्षयिष्यामि विहितस्त्वं हि मे सुरैः ॥२३
एवमुक्तः सुरसया प्राञ्जलिः प्रणतः स्थितः ।
विवर्णवदनो भूत्वा वाक्यञ्चेदमुदीरयन् ॥२४
रामो दाशरथिः श्रीमान् प्रविष्टो दण्डकावनम् ।
लक्ष्मणेन सह भ्रात्रा सीतया च परन्तपः ॥२५

छंदतः स्वेच्छयेत्यर्थः । चरितं प्रजाबाधनरूपम् ॥१५-१६॥
मोचनप्रकारमाह मारुतेनेति । साह्ये साहाय्ये ॥१७॥
तत्र हेतुर्धर्मभृतां श्रेष्ठत्वादि ॥१८॥
उद्धतम् अग्रे चलितम् ॥१९॥

स शैलो मानुषेण वपुष्मता प्रशस्तेन शरीरेण महाशैलोऽन्तर्हितः शैलेन शिलारूपेण च महोदधावन्तर्हित इत्यन्वयः ॥२०-२२॥
प्रदिष्टो विहित इत्यर्थः । विहितः प्रापित इत्यर्थः ॥२३-२५॥

वे सभी प्रजाको पीड़ा देते हुए अपने इच्छानुसार सर्वत्र विचरण करते थे। पर्वतोंका ऐसा आचरण सुनकर पाकशासन इन्द्रने वज्रसे हजारों पर्वतोंके पंख काट दिये। किन्तु उस समय तुम्हारे पिताने मुझे इन्द्रसे बचा लिया था ॥१५-१६॥

हे वत्स! उस समय वायुदेवने मुझे समुद्रमें लाकर गिरा दिया इसलिये हे शत्रुदमन वीर! मुझे श्रीरामचन्द्रजीकी सहायता अवश्य करनी चाहिये, क्योंकि श्रीरामचन्द्रजी धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ एवं इन्द्रके समान पराक्रमी हैं। महात्मा मैनाक की ऐसी बात सुनकर मैंने अपना काम भी उन्हें बताया और उनकी आज्ञा लेकर पुनः मेरा मन वहाँसे जानेको उत्साहित हुआ। इसके बाद महात्मा मैनाकने मुझे आगे जानेकी आज्ञा दी ॥१७-१९॥

वह मैनाकपर्वत मनुष्य शरीरसे तो अन्तर्ध्यान हो गया, किन्तु पर्वतके रूपसे महासमुद्रमें ही स्थित रहा ॥२०॥

फिर उत्तम वेगका सहारा लेकर मैं शेष मार्गमें आगे बढ़ा और दीर्घकाल तक वेगपूर्वक उसी मार्ग पर जाता रहा ॥२१॥

इसके बाद समुद्रके बीचमें मैंने सर्पोंकी माता सुरसा देवीका दर्शन किया और सुरसा देवीने मुझसे इस प्रकार कहा—॥२२॥

हे कपिश्रेष्ठ! देवताओंने तुम्हें मेरा भोजन बताया है इसलिये मैं तुझे भक्षण कर जाऊंगी, क्योंकि सभी देवताओंने आज तुम्हींको ही मेरा आहार नियत किया है ॥२३॥

सुरसाके ऐसा कहनेपर मैं विनीत होकर उसके आगेमें खड़ा हो गया और उदासीन मुख होकर ऐसा बोला ॥२४॥

हे देवी! शत्रुओंको सन्ताप देनेवाले दशरथपुत्र श्रीरामचन्द्रजी अपने भाई लक्ष्मण तथा भार्या सीताके साथ दण्डकारण्यमें प्रवेश किये थे ॥२५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तस्य सीता हृता भार्य्या रावणेन दुरात्मना ।
तस्याः सकाशं दूतोऽहं गमिष्येरामशासनात् ॥२६
कर्त्तुमर्हसि रामस्य साहाय्यं विषये सति ।
अथवा मैथिलीं दृष्ट्वा रामं चाक्लिष्टकारिणम् ॥२७
आगमिष्यामि ते वक्त्रं सत्यं प्रतिशृणोमि ते ।
एवमुक्ता मया सा तु सुरसा कामरूपिणी ॥२८
अब्रवीन्नातिवर्तेत कश्चिदेष वरो मम ।
एवमुक्तः सुरसया दशयोजनमायतः ॥२९
ततोऽर्धगुणविस्तारो बभूवाहं क्षणेन तु ।
मत्प्रमाणाधिकञ्चैव व्यादितन्तु मुखं तया ॥३०
तद् दृष्ट्वा व्यादितं त्वास्यं ह्रस्वं ह्यकरवं पुनः ।
तस्मिन् मुहूर्ते च पुनर्बभूवाङ्गुष्ठसम्मितः ॥३१
अभिपत्याशु तद्वक्त्रं निर्गतोऽहं ततः क्षणात् ।
अब्रवीत् सुरसा देवी स्वेन रूपेण मां पुनः ३२
अर्थसिद्धौ हरिश्रेष्ठ गच्छ सौम्य यथासुखम् ।
समानय च वैदेही राघवेण महात्मना ॥३३

सकाशं समीपम् ॥२६॥

विषये सति तदीयदेशे सति विद्यमाने मैथिलीदर्शननिवेदनार्थं रामं च दृष्ट्वा ॥२७-२८॥

नातिवर्तेत नातिक्रमेत मां प्राप्तो मदाहारतां प्राप्तो न गच्छेदित्यर्थः ॥२९॥

अर्धगुणविस्तारः अर्धस्य दशयोजनार्धस्य पञ्चयोजनस्य गुण आवृत्तिस्तद्विस्तारः दशयोजनविस्तार इति यावत् । पूर्वं दशयोजन विस्तारोक्त्यानुगुण्येनैवं व्याख्यातम् ॥३० ।

ह्रस्वं स्वशरीरमिति शेषः । तदेवाहांगुष्ठसंमित इति । देह इति शेषः ॥३१-३२॥

समानय मेलय ॥३३॥

वहाँ दुरात्मा रावणने उनकी पत्नी सीताको हरण कर लिया । मैं इस समय उन्हींकी आज्ञासे सीताजीके पास जा रहा हूँ ॥२६॥

तुम भी श्रीरामचन्द्रजीके राज्यमें निवास करती हो, अतएव तुम्हें भी श्रीरामचन्द्रजीकी सहायता करना चाहिये। अथवा मैं मिथिलेशनन्दिनी सीताजी और विना कष्टके कार्य करनेवाले श्रीरामचन्द्रजीका दर्शन करके तुम्हारे मुखमें प्रवेश करूंगा, यह सत्य प्रतिज्ञापूर्वक मैं तुमसे कहता हूँ। मुझे ऐसा कहने पर इच्छानुसार रूपधारण करनेवाली सुरसा बोली कि मुझे ऐसा वरदान मिला है कि मेरे आहारके रूपमें समीप उपस्थित हुआ कोई भी प्राणी मेरा अतिक्रमण करके आगे नहीं जा सकता । जिस समय सुरसाने ऐसा कहा उस समय मेरा शरीर दश योजन बड़ा था । एक ही क्षणमें मैं उससे ड्योढ़ा हो गया इसके बाद सुरसाने भी अपने मुंहको मेरे शरीरसे अधिक फैला लिया ॥२७-३०॥

इस प्रकार उसके फैले हुए मुंहको देखकर मैंने पुनः अपने स्वरूपको छोटा बना लिया । उस मुहूर्तमें मेरा शरीर अंगूठेके समान था ॥३१॥

पुनः मैं सुरसाके मुंहमें शीघ्र ही घुस गया और उसी क्षणमें बाहर भी निकल आया । उस समय सुरसा देवीने अपने स्वरूपमें स्थित होकर मुझसे कहा—॥३२॥

हे सौम्य कपिश्रेष्ठ ! अब तुम कार्य सिद्धिके लिये सुखपूर्वक जाओ और वैदेही सीताजीको श्रीरामचन्द्रजीके साथ समागम कराओ ॥३३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुखी भव महाबाहो प्रीतास्मि तव वानर ।
ततोऽहं साधु साध्वीति सर्व्वभूतैः प्रशंसितः ॥३४
ततोऽन्तरिक्षं विपुलं प्लुतोऽहं गरुड़ो यथा ।
छाया मे निगृहीता च न च पश्यामि किञ्चन ॥३५
सोऽहं विगतवेगस्तु दिशो दश विलोकयन् ।
न किञ्चित् तत्र पश्यामि येन मे विहता गतिः ॥३६
अथ मे बुद्धिरुत्पन्ना किंनाम गमने मम ।
ईदृशो विघ्न उत्पन्नो रूपमत्र न दृश्यते ॥३७
अधोभागे तु मे दृष्टिः शोचतः पतिता तदा ।
तत्राद्राक्षमहं भीमां राक्षसीं सलिलेशयाम् ॥३८

साधुसाध्वीति । अत्र दीर्घ आर्षः ॥३४-३५॥

येन गतिर्विहता तत्किंचित्र पश्यामि नापश्यमित्यन्वयः ॥३६-३८॥

हे महाबाहो वानर ! तुम सुखी रहो । मैं तुम पर बहुत प्रसन्न हूँ । उस समय सभी प्राणियोंने साधु-साधु कहकर मेरी बहुत प्रशंसा की ॥३४॥

इसके बाद गरुड़के समान आकाशमें पुनः उड़ने लगा । उस समय मेरी कीसीने परछाईं पकड़ ली और मैं किसीको देख नहीं पाता था ॥३५॥

उस समय मेरा वेग रूक गया । मैं दशों दिशाओंमें देखने लगा, किन्तु जिसने मेरे वेगको रोक दिया था, वैसा कोई प्राणी मुझे दिखाई नहीं देता था ॥३६॥

तब मैंने ऐसा विचार किया कि मेरी यात्रामें कौनसा विघ्न उत्पन्न हो गया, जिसका रूप भी यहाँ दिखाई नहीं दे रहा है ॥३७॥

इस प्रकार सोचते सोचते जब मेरी दृष्टि नीचेकी ओर गयी तब मैंने जलमें निवास करनेवाली एक राक्षसीको देखी ॥३८॥

प्रहस्य च महानादमुक्तोऽहं भीमया तया ।
अवस्थितमसम्भ्रान्तमिदं वाक्यमशोभनम् ॥३९
क्वासि गन्ता महाकाय क्षुधिताया ममेप्सितः ।
भक्षः प्रीणय मे देहं चिरमाहारवर्जितम् ॥४०
बाढ़मित्येव तां वाणीं प्रत्यगृह्णामहं ततः ।
आस्यप्रमाणादधिकं तस्याः कायमपूरयम् ॥४१
तस्याश्चास्यं महद् भीमं वर्धते मम भक्षणे ।
न तु मां सा तु बुबुधे मम वा विकृतं कृतम् ॥४२
ततोऽहं विपुलं रूपं संक्षिप्य निमिषान्तरात् ।
तस्या हृदयमादाय प्रपतामि नभस्थलम् ॥४३

अवस्थितं निश्चेष्टम् । तथाप्यसंभ्रान्तं भयहीनं मां लक्षीकृत्येदं वाक्यमहमुक्त इत्यन्वयः ॥३९॥

ममेप्सितो भक्षस्त्वमतो मे देहं प्रीणयेत्यन्वयः ॥४०॥

प्रत्यगृह्णाम् अङ्गीकृतवान् । तस्या आस्यप्रमाणादधिकं भवति यथा तथा आत्मनः कायमपूरयम् अवर्धयम् ॥४१॥

मां सा न बुबुधे । अयं कामरूपी सर्वविघ्ननिर्दलन इति मां न ज्ञातवतीत्यर्थः । मम कृतं विकृतं मया कृतं विकृतं विकार-स्वरूपं वक्ष्यमाणसूक्ष्मरूपत्वं च न बुबुधे ॥४२॥

तदेवाह तत इति । आदाय कर्तित्वा । प्रपतामि प्रापतम् ॥४३॥

अये विशालकाय वानर ! कहाँ जाओगे ? मैं भूखी हूँ और तुम मेरे लिये इच्छानुसार भोजन हो । इसलिये बहुत दिनोंसे आहारवर्जिता मेरे शरीर तथा प्राणोंको तृप्त करो ॥४०॥

इसके बाद मैंने बहुत अच्छा कहकर उसकी बात मान ली और अपने शरीरको उसके मुखके मापसे बहुत ज्यादा बढ़ा लिया ॥४१॥

किन्तु उसका विशाल एवं भयंकर मुख भी मुझे भक्षण करनेके लिये बढ़ने लगा । वह मुझे अथवा मेरे प्रभावको नहीं जानती थी । इसीलिये मैंने छल किया, किन्तु उसे भी वह नहीं समझ सकी ॥४२॥

फिर तो एक पलकमें ही मैंने अपने विशाल रूपको

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सा विसृष्टभुजा भीमा पपात लवणाम्भसि ।
मया पर्व्वतसङ्काशा निकृत्तहृदया सती ॥४४
श्रृणोमि खर्गतानाञ्च वाचः सौम्या महात्मनाम् ।
राक्षसी सिंहिका भीमा क्षिप्रं हनुमता हता ॥४५
तां हत्वा पुनरेवाहं कृत्यमात्ययिकं स्मरन् ।
गत्वा च महदध्वानं पश्यामि नगमण्डितम् ॥४६
दक्षिणं तीरमुदधेर्लङ्का यत्र गता पुरी ।
अस्तं दिनकरे याते रक्षसां निलयं पुरीम् ॥४७
प्रविष्टोऽहमविज्ञातो रक्षोभिर्भीमविक्रमैः ।
तत्र प्रविशतश्चापि कल्पान्तघनसप्रभा ॥४८

अट्टहासं विमुञ्चन्ती नारी काप्युत्थिता पुरः ।
जिघांसन्तीं ततस्तां तु ज्वलदग्निशिरोरुहाम् ॥४९
सव्यमुष्टिप्रहारेण पराजित्य सुभैरवाम् ।
प्रदोषकाले प्रविशं भीतयाहं तयोदितः ॥५०
अहं लङ्कापुरी वीर निर्जिता विक्रमेण ते ।
यस्यात् तस्माद् विजेतासि सर्व्वरक्षांस्यशेषतः ॥५१
तत्राहं सर्व्वरात्रन्तु विचरञ्जनकात्मजाम् ।
रावणान्तःपुरगतो न चापश्यं सुमध्यमाम् ॥५२
ततः सीतामपश्यंस्तु रावणस्य निवेशने ।
शोकसागरमासाद्य न पारमुपलक्षये ॥५३

विसृष्टभुजा विप्रकीर्णभुजा ॥४४॥

सिंहिका हनुमता हतेति द्युगतानां वाचः श्रृणोमि श्रुताः ॥४५

आत्ययिकं जातकालविलम्बम् । कृत्यं सीतार्दनम् । स्मरन्नेव महदध्वानं गत्वा उदधेर्दक्षिणं तीरं पश्यामि दृष्टवान् ॥४६-४८॥

मां जिघांसंतीम् । ज्वलदग्नितुल्यकेशपाशाम् ॥४९॥

सुभैरवाम् अतिशयेन भयंकररूपाम् । प्रविशं प्राविशम् ॥५०-५१॥

सर्वरात्रं सर्वां रात्रीम् । अल्पशेषायां रात्रावशोकवनिकायां दर्शनादेवमुक्तिः ॥५२॥

उपलक्षय उपालक्षयम् ॥५३॥

बहुत छोटा बना लिया और उसकी छाती निकालकर आकाशमें उड़ गया ॥४३॥

मेरे द्वारा छातीको ही निकाल लेने पर पर्वतके समान भयानक शरीरवाली वह दुष्टा राक्षसी अपने दोनों बाहें शिथिल हो जानेसे समुद्रमें गिर गयी । ४४॥

उस समय मुझे आकाशमें विचरण करनेवाले सिद्ध महात्माओंकी यह शुभवाणी सुनायी देने लगी कि अहो ? इस सिंहिका नामवाली राक्षसीको हनुमान्‌जीने शीघ्र ही मार डाला ॥४५॥

उसे मारकर पुनः अपने आवश्यक कार्यको विचार करते हुए उस विशाल मार्गको समाप्त करके मैंने पर्वत-मालाओंसे घिरी हुई समुद्रके उस दक्षिण तटको देखा, जहाँ पर लङ्कापुरी बसी हुई है। सूर्यदेवको अस्त हो जानेपर मैंने राक्षसोंके निवास स्थान लङ्कापुरीमें प्रवेश किया। उस समय वे भयंकर राक्षस मेरे विषयमें कुछ जान नहीं सके। मेरे प्रवेश करते समय प्रलयकालके मेघके समान काली कान्तिवाली एक स्त्री अट्टहास करती हुई मेरे सामने आयी। प्रज्वलित अग्निके समान शिरके बालवाली वह मुझे मारना चाहती थी। यह देखकर मैंने बायें हाथके मुक्केसे मार करके उस भयंकर राक्षसीको पराजित किया और प्रदोष कालमें लङ्काके भीतरमें प्रवेश किया। उस समय भयभीत राक्षसीने मुझसे ऐसा कहा – ॥४६-५०॥

हे वीर ! मैं साक्षात् लंकापुरी तुम्हारे पराक्रमसे पराजित हो चुकी हूँ। इसलिये समस्त राक्षसोंको तुम पूर्णतया जीत लोगे ॥५१॥

वहाँ सारी रात नगरमें घूम-घूमकर सीताजीको खोजता रहा। रावणके अन्तःपुरमें भी मैंने सुन्दर कटिवाली जानकीको नहीं देखा ॥५२॥

रावणके भवनमें सीताको न देखनेसे मैं शोकसागरमें डूब गया। उस समय मैं उस शोकसागरका पार नहीं देख रहा था ॥५३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शोचता च मया दृष्टं प्राकारेणाभिसंवृतम् ।
काञ्चनेन विकृष्टेन गृहोपवनमुत्तमम् ॥५४
सप्राकारमवप्लुत्य पश्यामि बहुपादपम् ।
अशोकवनिकामध्ये शिंशपापादपो महान् ॥५५
तमारुह्य च पश्यामि काञ्चनं कदलीवनम् ।
अदूराच्छिंशपावृक्षात् पश्यामि वरवर्णिनीम् ॥५६
श्यामां कमलपत्राक्षीमुपवासकृशाननाम् ।
तदेकवासः संवीतां रजोध्वस्तशिरोरुहाम् ॥५७
शोकसन्तापदीनाङ्गीं सीतां भर्तृहिते स्थिताम् ।
राक्षसीभिर्विरूपाभिः क्रूराभिरभिसंवृताम् ॥५८
मांसशोणितभक्ष्याभिर्व्याघ्रीभिर्हरिणीं यथा ।
सा मया राक्षसी मध्ये तर्ज्यमाना मुहुर्मुहुः ॥५९
एकवेणीधरा दीना भर्तृचिन्तापरायणा ।
भूमिशय्या विवर्णाङ्गी पद्मिनीव दिनागमे ॥६०
रावणाद् विनिवृत्तार्था मर्त्तव्ये कृतनिश्चया ।
कथञ्चिन्मृगशावाक्षी तूर्णमासादिता मया ॥६१
तां दृष्ट्वा तादृशीं नारीं रामपत्नीं यशस्विनीम् ।
तत्रैव शिंशपावृक्षे पश्यन्नहमवस्थितः ॥६२

विकृष्टेन विप्रकृष्टोर्ध्वभागेन । अत्युच्चेनेति यावत् । तादृशेन प्रासादेनावृतं किंचित्स्थानं मया दृष्टम् ॥५४॥

ततः प्राकारमवप्लुत्य बहुपादपं गृहोपवनमुद्यानं पश्याम्यपश्यम् । महान् पादपो दृष्ट इति शेषः ॥५५॥

पश्यामीति प्राग्वत् । कांचनं तद्वर्णम् । अदूराच्छिंशपावृक्षात् शिंशपावृक्षस्य समीपे ॥५६॥

तदेकवाससंवीतां तेन हरणकाले किष्किन्धायां पूर्वं दृष्टेनैवैकवाससा संवीताम् ॥५७-५८॥

व्याघ्रीपरिवृतां हरिणीमिव तामपश्यमिति संबन्धः । राक्षसीमध्ये ताभिरेव तर्ज्यमाना सा । सदुःखा मया कथञ्चिदासादितेत्यन्वयः ॥५९-६०॥

रावणाद्विनिवृत्तो विनिवर्तितोऽर्थः सुखभोगरूपो यया । मर्तव्ये मरणे ॥६१-६२॥

इस प्रकार शोचता हुआ मैंने सोनेके परकोटेसे घिरा हुआ एक सुन्दर गृहोद्यान देखा ॥५४॥

उस परकोटेको पारकर मैंने उस गृहोद्यानको देखा, जिसमें बहुत वृक्ष लगे हुए थे। उस अशोकवाटिकाके बीचमें एक बहुत विशाल अशोकका वृक्ष था ॥५५॥

उस पर चढ़कर मैंने सुवर्णमय कदलीवन देखा और वहीं अशोक वृक्षके समीपमें ही मैंने सर्वाङ्ग सुन्दरी सीताजीका दर्शन किया ॥५६॥

वे सदा सोलह वर्षकी अवस्थावालीके समान दिखायी देती है। उनकी आँखें कमलके समान मनोहर हैं, उपवासके कारण दुर्बल हो गयी हैं और उनकी यह दुर्बलता उनका मुख देखनेसे ही लक्षित हो जाती है, वे एक वस्त्र पहनी हुई है तथा उनके केश धूलसे धूसर हो गये हैं ॥५७॥

शोक संतापसे उनके समस्त अङ्ग दुखी दिखायी देते हैं। वे सदा अपने स्वामीके हितचिन्तनमें लगी रहती हैं। जैसे बहुत सी बाघिनी किसी हरिणीको घेरकर खड़ी रहती है, उसी प्रकार रक्त एवं मांसका भोजन करनेवाली क्रूर तथा कुरूप राक्षसियाँ उनको चारों ओरसे घेरकर रखवाली करती है। मैंने उन्हें देखा कि वे राक्षसियोंके मध्यमें विराजमान हैं और राक्षसियाँ उनको बारंबार धमका रही है। उनके शिर पर एक ही बेणी है और दीनभावसे पतिके चिन्तनमें तल्लीन हैं। भूमि ही उनकी शय्या है। जैसे हेमन्त ऋतुमें कमलिनी सूँखकर शोभाहीन हो जाती है, उसी प्रकार वे भी शोभाहीन हो गयी हैं ॥५८-६०॥

रावणकी ओरसे उनका मनोभाव अत्यन्त दूर हो गया है। वे मरनेका ही निश्चय कर चुकी है। उसी अवस्थामें किसी प्रकार शीघ्रताके साथ मृगलोचना सीताके समीप पहुँच सका ॥६१॥

वैसी अवस्थामें पड़ी हुई उन यशस्विनी नारी श्रीरामचन्द्रजी की धर्मपत्नी सीताजीको अशोकवृक्षके नीचे बैठी हुई देखकर मैं भी उसी अशोकवृक्ष पर बैठकर उनको देखने लगा ॥६२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततो हलाहलाशब्दं काञ्चीनूपुरमिश्रितम् ।
शृणोम्यधिकगम्भीरं रावणस्य निवेशने ॥६३
ततोऽहं परमोद्विग्नः स्वरूपं प्रत्यसंहरम् ।
अहञ्च शिंशपावृक्षे पक्षीव गहने स्थितः ॥६४
ततो रावणदाराश्च रावणश्च महाबलः ।
तं देशमनुसम्प्राप्तो यत्र सीताभवत् स्थिता ॥६५
तं दृष्ट्वाथ वरारोहा सीता रक्षोगणेश्वरम् ।
सङ्कोच्योरू स्तनौ पीनौ बाहुभ्यां परिरभ्य च ॥६६
वित्रस्तां परमोद्विग्नां वीक्ष्यमाणामितस्ततः ।
त्राणं कञ्चिदपश्यन्तीं वेपमानां तपस्विनीम् ॥६७

तामुवाच दशग्रीवः सीतां परमदुःखिताम् ।
अवाक्शिराः प्रपतितो बहुमन्यस्व मामिति ॥६८
यदि चेत्त्वन्तु मां दर्पान्नाभिनन्दसि गर्विते ।
द्विमासानन्तरं सीते पश्यामि रुधिरं तव ॥६९
एवच्छ्रुत्वा वचस्तस्य रावणस्य दुरात्मनः ।
उवाच परमक्रुद्धा सीता वचनमुत्तमम् ॥७०
राक्षसाधम रामस्य भार्य्यामिततेजसः ।
इक्ष्वाकुवंशनाथस्य स्नुषां दशरथस्य च ॥७१
अवाच्यं वदतो जिह्वा कथन्न पतिता तव ।
किंस्विद्वीर्य्य ! तवानार्य यो मां भर्तुरसन्निधौ ॥७२

शृणोमि श्रुतवान् । रावणस्य निवेशने तत्समीपे । यद्वा निवेशने सीतासमीपं प्रवेशनकाले ॥६३॥

प्रत्यसंहरं सूक्ष्ममकरवम् । गहने स्थितः पर्णसमूहगूढप्रदेशे ॥६४-६५॥

परिरभ्य चेति । वित्रस्तेव बभूवेति शेषः ॥६६-७१॥

किंस्वित्कुत्सितमित्यर्थः ॥७२॥

इसी समय रावणके भवनमें करधनी और नूपुरोंकी झंकारसे मिला हुआ अत्यन्त गम्भीर कोलाहल सुनाई देने लगा ॥६३॥

इसके बाद मैंने अत्यन्त उद्विग्न होकर अपने स्वरूपको समेट लिया (अर्थात् छोटा बना लिया) और पक्षीके समान उस गहन अशोक वृक्षमें छिप गया ॥६४॥

इसी समय रावणकी स्त्रियाँ और महाबली रावण वहाँ आ गये, जहाँ देवी सीताजी थी ॥६५॥

राक्षसोंके स्वामी रावणको देखकर सुन्दर कटिभाग-वाली सीताजी अपनी जाँघोंको सिकोड़कर और अपने पीन स्तनोंको अपने हाथोंसे छिपाकर बैठ गयी ॥६६॥

वे अत्यन्त त्रस्त और व्याकुल होकर इधर-उधर देख रही थी, किन्तु उन्हें कोई अपना रक्षक नहीं दिखाई दे रहा था। भयसे काँपती हुई अत्यन्त दुःखिनी तपस्विनी सीताके सामने पहुँचकर दशानन रावण नीचे मुख किये हुए उनके चरणों पर गिर गया और इस प्रकार बोला—हे वैदेही ! तुम मुझे बहुत सम्मान करो ॥६७-६८॥

(इतने पर भी उसकी उपेक्षा करने पर रावण कुपित होकर बोला—) हे सीते ! यदि तुम गर्वके कारण मेरा अभिनन्दन नहीं करोगी तो आजसे दो महीनेके बाद मैं तुम्हारा रक्त पान करूँगा ॥६९॥

दुरात्मा रावणकी ऐसी बात सुनकर सीताने कुपित होकर उत्तर दिया ॥७०॥

अरे नीच राक्षस ! अमिततेजस्वी भगवान् श्रीरामकी पत्नी और इक्ष्वाकुकुलके स्वामी महाराज दशरथकी पुत्र-वधूसे इस प्रकार अवाच्य (न कहने योग्य) वचनको कहते समय तुम्हारी जीभ क्यों नहीं गिर गयी ?।

अये दुष्ट पापिन ! तुम्हें क्या पराक्रम है ? मेरे पतिदेवके पीछेमें उनसे छिपकर तुमने मेरा हरण कर लाया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपहृत्य गतः पाप तेनादृष्टो महात्मना ।
न त्वं रामस्य सदृशो दास्येऽप्यस्य न युज्यसे ॥७३
अजेयः सत्यवाक् शूरो रणश्लाघी च राघवः ।
जानक्या परुषं वाक्यमेवमुक्तो दशाननः ॥७४
जज्वाल सहसा कोपाच्चितास्थ इव पावकः ।
विवृत्य नयने क्रूरे मुष्टिमुद्यम्य दक्षिणम् ॥७५
मैथिलीं हन्तुमारब्धः स्त्रीभिर्हाहाकृतस्तदा ।
स्त्रीणां मध्यात् समुत्पत्य तस्य भार्य्या दुरात्मनः ॥७६
वरा मन्दोदरी नाम तया स प्रतिषेधितः ।
उक्तश्च मधुरां वाणीं तया स मदनार्दितः ॥७७

सीतया तव किं कार्य्यं महेन्द्रसमविक्रम ।
मया सह रमस्वाद्य मद्विशिष्टा न जानकी ॥७८
देवगन्धर्वकन्याभिर्यक्षकन्याभिरेव च ।
सार्धं प्रभो रमस्वेति सीतया किं करिष्यसि ॥७९
ततस्ताभिः समेताभिर्नारीभिः स महाबलः ।
उत्थाप्य सहसा नीतो भवनं स्वं निशाचरः ॥८०
याते तस्मिन् दशग्रीवे राक्षस्यो विकृताननाः ।
सीतां निर्भर्त्सयामासुर्वाक्यैः क्रूरैः सुदारुणैः ॥८१
तृणवद्भाषितं तासां गणयामास जानकी ।
गर्जितञ्च तथा तासां सीतां प्राप्य निरर्थकम् ॥८२

तदसन्निधौ अपहृत्य तेनादृष्ट इति लङ्कामागतः अन्यथा तदैव ते हननं स्यादित्यर्थः । सादृश्यसंभावनाऽपि दूरापास्तेत्याह,—दास्येऽपीति ॥७३-७४॥

चितास्थपावकत्वेनास्पृश्यता सूचिता ॥७५॥

हाहाकृतं हाहेति कृतम् ॥७६॥

मन्दोदरी नामेति । पूर्वं धान्यमालिन्या प्रतिषिद्धमित्युक्तम् इदानीं मन्दोदर्येत्यभिधानाद्द्वाभ्यामपीति कल्पनीयम् । यद्वा मन्दोदर्या एव नामांतरं धान्यमालिनीत्युक्तम् ॥७७ ८१॥

निरर्थकमासीदिति शेषः ॥८२॥

तुम भगवान् श्रीरामकी बराबरी नहीं कर सकते ! अरे ! तुम तो उनके दास होने योग्य भी नहीं हो, श्रीरामचन्द्रजी अजेय, सत्यवादी, वीर और युद्धके अभिलाषी एवं प्रशंसक भी हैं ।

जनकपुत्री सीताजीके ऐसा कहने पर दशमुख रावण चितामें लगी हुई आगके समान सहसा क्रोधसे जलने लगा ।

अपनी क्रूर आँखें फाँड़कर देखता हुआ दाहिना मुक्का उठाकर सीताजीको मारनेके लिये तैयार हुआ । उस समय वहाँ उपस्थित स्त्रियाँ हाहाकार करने लगी ।

उस समय स्त्रियोंके बीचसे उठकर उस दुरात्मा रावण की श्रेष्ठ भार्या मन्दोदरीने उसे रोक दिया । और कामपीडित रावणसे उसने मधुर वचन कहा—॥७१-७७॥

हे इन्द्रतुल्य पराक्रमी राक्षसेश्वर ! आपको सीतासे क्या काम है ? आज मेरे साथ रमण कीजिये, जानकी तो मेरेसे बढ़कर सुन्दरी नही है ॥७८॥

अथवा हे प्रभो ! आप देवता, गन्धर्व एवं यक्षकी कन्याओंके साथ रमण कीजिये । सीताको प्राप्त करके क्या करेंगे ? ॥७९॥

इसके बाद उन सब स्त्रियाँ मिलकर उस महाबली राक्षस रावणको उठाकर घरमें ले गयी ॥८०॥

दशमुख रावणको चले जानेपर विकराल मुखवाली राक्षसियाँ अत्यन्त कठोर तथा क्रूरतापूर्ण वचनोंसे सीताजीको डराने लगी ॥८१॥

किन्तु सीताजीने उनकी बातोंको तिनके के समान तुच्छ समझा और उनकी सारी गर्जना उनके समीप व्यर्थ ही गयी ॥८२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वृथा गर्जितनिश्चेष्टा राक्षस्यः पिशिताशनाः ।
रावणाया शशंसुस्ताः सीताव्यवसितं महत् ॥८३
ततस्ताः सहिताः सर्व्वा विहताशा निरुद्यमाः ।
परिक्लिश्य समस्तास्ता निद्रावशमुपागताः ॥८४
तासु चैव प्रसुप्तासु सीता भर्तृहिते रता ।
विलप्य करुणं दीना प्रशुशोच सुदुःखिता ॥८५
तासां मध्यात् समुत्थाय त्रिजटा वाक्यमब्रवीत् ।
आत्मानं खादत क्षिप्रं न सीतामसितेक्षणाम् ॥८६
जनकस्यात्मजां साध्वीं स्नुषां दशरथस्य च ।
स्वप्नो ह्यद्य मया दृष्टो दारुणो रोमहर्षणः ॥८७

रक्षसाञ्च विनाशाय भर्तुरस्या जयाय च ।
अलमस्मान् परित्रातुं राघवाद् राक्षसीगणम् ॥८८
अभियाचाम वैदेहीमेदद्धि मम रोचते ।
यदि ह्येवंविधः स्वप्नो दुःखितायाः प्रदृश्यते ॥८९
सा दुःखैर्विविधैर्मुक्ता सुखमाप्नोत्यनुत्तमम् ।
प्रणिपातप्रसन्ना हि मैथिली जनकात्मजा ॥९०
अलमेषा परित्रातुं राक्षस्यो महतो भयात् ।
ततः सा ह्रीमती बाला भर्तुर्विजयहर्षिता ॥९१
अवोचद् यदि तत् तथ्यं भवेयं शरणं हि वः ।
तां चाह तादृशीं दृष्ट्वा सीताया दारुणां दशाम् ॥९२

सीताव्यवसितं महत् मर्तव्यं न तु त्वमङ्गीकर्तव्य इत्येतद्रूपम् ॥८३॥

विहताशाः रावणानुकूल्यमस्माभिरवश्यं संपाद्यमिति तासामाशा । अतएव तद्विषये निरुद्यमाः परिक्लिश्य पूर्वव्यापारकृतः क्लेशः ॥८४॥

विलप्य प्रशुशोच । विलापपूर्वकं शोकं चकार ॥८५-८६॥

रक्षोविनाशकत्वाद्रोमहर्षणः ॥८७॥

राक्षसीगणमस्मान् राक्षसीरूपानस्मान् परित्रातुमलमेषा सीतेति शेषः ॥८८॥

अभियाचाम स्वरक्षणमिति शेषः ॥८९-९०॥

ततस्त्रिजटावाक्यानन्तरम् । कैतावद्भाग्यमिति लज्जिता । तत्कथितस्वप्नसूचितरामविजयहर्षिता ॥९१॥

तत् त्रिजटावाक्यं यदि तथ्यं तदा अवश्यं शरणं भवेयमित्यवोचदिति संबन्धः ॥९२॥

इस प्रकार सारी गर्जनाएँ तथा चेष्टाओंको व्यर्थ हो जानेपर उन मांस भक्षण करनेवाली राक्षसियोंने रावणके समीप जाकर सीताजीका महान् निश्चय कह सुनाया ॥८३॥

इसके बाद वे सब उनको अनेक प्रकारसे कष्ट देकर हताश हो गयी और उपायसे रहित होकर निद्राके वशीभूत हो गयी ॥८४॥

उन सबको सो जाने पर पतिके हितमें निरत रहनेवाली जानकीजी करुणाके साथ विलाप करके अत्यन्त दीन एवं दुखी होकर चिन्ता करने लगी ॥८५॥

पुनः उन राक्षसियोंके बीचसे उठकर त्रिजटानामकी एक राक्षसी अन्य राक्षसियोंसे बोली—तुम सब अपने आपको ही शीघ्र खाओ, किन्तु कजरारे नेत्रोंवाली सीताको नहीं खा सकती । ये महाराज दशरथकी पुत्रवधू तथा जनककी पुत्री हैं । आज मैंने रोमाञ्च करनेवाला बड़ा भयंकर स्वप्न देखा है, वह राक्षसोंके विनाश तथा इन सीतादेवीके पतिदेवके विजय सूचक है । अब तो ये सीताजी ही श्रीरामचन्द्रजीसे हमलोगोंको बचा सकती है, इसलिये हमलोग वैदेही सीताजीसे ही अपने अपराधोंके लिये क्षमायाचना करें । यही मुझे उत्तम मालूम होता है । यदि किसी दुखिनीके विषयमें ऐसा स्वप्न देखा जाय तो वह अनेक प्रकारके दुखोंसे मुक्त होकर उत्तम सुख प्राप्त करती है ।

हे राक्षसियो ! सीताजी तो केवल प्रणाम करने मात्रसे ही प्रसन्न हो जायँगी और ये हमलोगोंको महान् भयसे भी रक्षा कर सकती है । इसके बाद लज्जाशीला बाला सीताजी अपने पतिकी विजयकी सम्भावना सुनकर प्रसन्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिन्तयामास विश्रान्तो न च मे निर्वृतं मनः ।
सम्भाषणार्थे च मया जानक्याश्चिन्तितो विधिः ॥९३
इक्ष्वाकुकुलवंशस्तु स्ततो मम पुरस्कृतः ।
श्रुत्वा तु गदितां वाचं राजर्षिगणभूषिताम् ॥९४
प्रत्यभाषत मां देवी बाष्पैः पिहितलोचना ।
कस्त्वं केन कथं चेह प्राप्तो वानरपुङ्गव ॥९५
का च रामेण ते प्रीतिस्तन्मे शंसितुमर्हसि ।
तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा अहमप्यब्रुवं वचः ॥९६
देवि ! रामस्य भर्त्तुस्ते सहायो भीमविक्रमः ।
सुग्रीवो नाम विक्रान्तो वानरेन्द्रो महाबलः ॥९७
तस्य मां विद्धि भृत्यं त्वं हनूमन्तमिहागतम् ।
भर्त्रा सम्प्रहितं तुभ्यं रामेणाक्लिष्टकर्म्मणा ॥९८
इदन्तु पुरुषव्याघ्रः श्रीमान् दाशरथिः स्वयम् ।
अङ्गुलीयमभिज्ञानमदात् तुभ्यं यशस्विनि ॥९९
तदिच्छामि त्वयाज्ञप्तं देवि किं करवाण्यहम् ।
राम-लक्ष्मणयोः पार्श्वं नयामि त्वां किमुत्तरम् ॥१००
एतच्छ्रुत्वा विदित्वा च सीता जनकनन्दिनी ।
आह रावणमुत्पाट्य राघवो मां नयत्विति ॥१०१
प्रणम्य शिरसा देवीमहमार्य्यामनिन्दिताम् ।
राघवस्य मनोह्लादमभिज्ञानमयाचिषम् ॥१०२
अथ मामब्रवीत् सीता गृह्यतामयमुत्तमः ।
मणिर्येन महाबाहू रामस्त्वां बहु मन्यते ॥१०३

चिंतयामासेति लिङुत्तमः । ईदृश्या अपीदृशं दुःखमिति चिन्तां कृतवानित्यर्थः । मे मनो न च निर्वृतं न चिन्तारहितं जातम् । विधिः प्रकारः ॥९३॥

मम स्तुतो मया स्तुतः ॥९४-९७॥

तुभ्यं भर्त्रा तव भर्त्रा ॥९८-९९॥

त्वयाज्ञप्तं त्वत्कर्तृकमाज्ञापनम् ॥

उत्तरं समुद्रोत्तरकूलस्थम् । यद्वा किमुत्तरं प्रत्युत्तरं किं ब्रूहीति शेषः ॥१००॥

उत्पाट्य समूलं नाशयित्वा ॥१०१ १०३॥

होती हुई बाली—यदि यह बात सत्य होगी तो मैं अवश्य तुमलोगोंकी रक्षा करूँगी। कुछ कालतक सीताजीकी उस प्रकारकी दारुण दशाको देखकर मैं बड़ी चिन्तामें पड़ गया। मेरे मनको शान्ति नहीं मिलती थी। पश्चात् सीताजीके साथ वार्तालाप करनेके लिये एक उपाय सोचा, पहले मैंने इक्ष्वाकुवंशकी प्रशंसा की। इस प्रकार राजर्षियों की स्तुतिसे युक्त मेरी बात सुनकर सीतदेवीकी आँखोंमें आँसू भर गयी और वे मुझसे बोली—। हे वानरश्रेष्ठ तुम कौन हो ? किसने भेजा है ? यहाँ कैसे आये हो और भगवान् श्रीरामके साथ तुम्हारी प्रीति कैसी है ? यह सब मुझे कहो। उनकी यह बात सुनकर मैंने कहा— हे देवि ! आपके पतिदेवके सहायक एक भयंकर पराक्रमी और महाबलशाली सुग्रीव नामक एक वानरराज हैं ॥८६-९७॥

मुझे उन्हींका सेवक जानो। मेरा नाम हनुमान् है। अनायास ही महान् कार्य करनेवाले आपके पति श्रीरामचन्द्रने भेजा है। इसीसे मैं यहाँ आया हूँ ॥९८॥

हे यशस्विनी ! पुरुषसिंह दशरथपुत्र श्रीरामने पहचानके लिये यह अँगूठी आपके लिये दी है ॥९९॥

हे देवी ! मैं चाहता हूँ कि आप मुझे आदेश दें कि मैं आपकी कौनसी सेवा करूँ। आप कहें तो मैं अभी आपको श्रीराम और लक्ष्मणके पास ले चलूँ। आपका क्या उत्तर है ? ॥१००॥

मेरी यह बात सुन और समझ बूझकर जनकपुत्री सीताजीने कहा—श्रीरामचन्द्रजी रावणको मारकर मुझे ले चलें, यही मेरी इच्छा है ॥१०१॥

इसके बाद मैंने प्रशंसनीय आर्या सीतादेवीको शिरसे प्रणाम करके कोई ऐसा चिन्ह माँगा, जो श्रीरामचन्द्रजीके मनको आनन्द देनेवाला हो ॥१०२॥

पुनः सीताजीने मुझसे कहा—लो यह उत्तम चूड़ामणि है, जिसे पाकर महाबाहु श्रीरामचन्द्रजी तुम्हारा विशेष आदर करेंगे ॥१०३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्युक्त्वा तु वरारोहा मणिश्रेष्ठमुत्तमम् ।
प्रायच्छत् परमोद्विग्ना वाचा मां सन्दिदेश ह ॥१०४
ततस्तस्यै प्रणम्याहं राजपुत्र्यै समाहितः ।
प्रदक्षिणं परिक्रामन्निहाभ्युद्गतमानसः ॥१०५
उत्तरं पुनरेवाह निश्चित्य मनसा तदा ।
हनूमन् मम वृत्तान्तं वक्तुमर्हसि राघवे ॥१०६
यथा श्रुत्वैव नचिरात्तावुभौ राम-लक्ष्मणौ ।
सुग्रीवसहितौ वीरावुपेयातां तथा कुरु ॥१०७
यदन्यथा भवेदेतद् द्वौ मासौ जीवितं मम ।
न मां द्रक्ष्यति काकुत्स्थो म्रिये साहमनाथवत् ॥१०८

तच्छ्रुत्वा करुणं वाक्यं क्रोधो मामभ्यवर्तत ।
उत्तरञ्च मया दृष्टं कार्य्यशेषमनन्तरम् ॥१०९
ततोऽवर्धत मे कायस्तदा पर्व्वतसंनिभः ।
युद्धाकांक्षी वनं तस्य विनाशयितुमारभे ॥११०
तद्भग्नं वनखण्डं तु भ्रान्त-त्रस्तमृगद्विजम् ।
प्रतिबुद्धच निरीक्षन्ते राक्षस्यो विकृताननाः ॥१११
माञ्च दृष्ट्वा वने तस्मिन् समागम्य ततस्ततः ।
ताः समभ्यागतोः क्षिप्रं रावणायाचचक्षिरे ॥११२
राजन् वनमिदं दुर्गं तव भग्नं दुरात्मना ।
वानरेण ह्यविज्ञाय वीर्य्यं तव महाबल ॥११३

सन्दिदेश काकवृत्तान्तं तिलककरणं च राममात्रैकवेद्यं कथयामासेत्यर्थः ॥१०४॥

इहाभ्युद्गतमानसः इहागन्तुं निश्चितमानसः । मम वृत्तान्तं त्वयानुभूतं मद्विषयं रावणराक्षसीवृत्तान्तम् ॥१०५-१०७॥

यद्यस्मादन्यथा अनागमने द्वौ मासौ मम जीवितं भवेत् । अनाथवत् म्रिये राक्षसीकृतवधेनेति भावः ॥१०८॥

उत्तरं कार्यशेषं लङ्कानाशनरूपम् ॥१०९-१११॥

समागम्य मिलित्वा ॥११२-११३॥

ऐसा कहकर सुन्दरी सीताजीने मुझे यह उत्तम चूड़ामणि दी और अत्यन्त व्याकुल होकर वचन द्वारा अपना सन्देश भी कहा ॥१०४॥

इसके बाद उन राजकुमारी सीताजीको प्रणाम करके यहाँ आनेके लिये उत्सुक हुआ मैं दक्षिणावर्त क्रमसे उनकी प्रदक्षिणा भी की ॥१०५॥

उस समय मनसे कुछ निश्चय करके उन्होंने मुझे उत्तर दिया—हे हनुमन् ! तुम श्रीरामचन्द्रजीसे मेरा समस्त वृत्तान्त कह देना और ऐसा उपाय करना, जिससे सुग्रीव सहित वे दोनों वीर बन्धु श्रीराम तथा लक्ष्मण मेरा समाचार सुनते ही शीघ्र यहाँ आ जाय ॥१०६-१०७॥

यदि इससे विपरीत हुआ तो दो महीनेतक ही मेरा जीवन शेष है, उसके बाद श्रीरामचन्द्रजी मुझे नहीं देख सकेंगे और अनाथके समान मैं मर जाऊँगी ॥१०८॥

उनकी इस करुणाजनक बातोंको सुनकर मुझे राक्षसोंके ऊपर क्रोध बढ़ गया । पुनः मैंने बचे हुए भावी कार्यपर विचार किया ॥१०९॥

इसके बाद मेरा शरीर बढ़ने लगा और उसी समय पर्वतके समान विशाल हो गया । मैंने युद्धकी इच्छासे रावणके अशोकवनको विध्वंस करना आरम्भ किया ॥११०॥

जहाँके पशु तथा पक्षी घबड़ाये हुए थे, उस उजड़े हुए अशोकवनको वहाँ सोकर उठी हुई विकराल मुखवाली राक्षसियोंने देखा ॥१११॥

उस वनमें मुझे देखकर वे सब इधर-उधरसे एक स्थानमें आ गयीं । शीघ्र ही रावणके पास जाकर वन विध्वंसका सारा हाल उन्होंने कहा ॥११२॥

हे महाबलशाली ! एक दुरात्मा वानरने आपके पराक्रमको कुछ भी न समझकर इस दुर्गम प्रमदावनको विध्वंस कर दिया है ॥११३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तस्य दुर्बुद्धिता राजंस्तव विप्रियकारिणः ।
वधमाज्ञापय क्षिप्रं यथासौ न पुनर्व्रजेत् ॥११४
तच्छ्रुत्वा राक्षसेन्द्रेण विसृष्टा बहुदुर्जयाः ।
राक्षसाः किङ्करा नाम रावणस्य मनोऽनुगाः ॥२५
तेषामशीतिसाहस्रं शूल-मुद्गरपाणिनाम् ।
मया तस्मिन् वनोद्देशे परिघेण निषूदितम् ॥१६
तेषान्तु हतशिष्टो ये ते गता लघुविक्रमाः ।
निहतञ्च मया सैन्यं रावणायाचचक्षिरे ॥११७
ततो मे बुद्धिरुत्पन्ना चैत्यप्रासादमुत्तमम् ।
तत्रस्थान् राक्षसान् हत्वा शतं स्तम्भेन वै पुनः ॥११८
ललामभूतो लङ्काया मया विध्वंसितो रुषा ।

ततः प्रहस्तस्य सुतं जम्बुमालिनमादिशत् ॥११९
राक्षसैर्बहुभिः सार्धं घोररूपैर्भयानकैः ।
तमहं बलसम्पन्नं राक्षसं रणकोविदम् ॥१२०
परिघेणातिघोरेण सूदयामि सहानुगम् ।
तच्छ्रुत्वा राक्षसेन्द्रस्तु मन्त्रिपुत्रान् महाबलान् ॥२१
पदातिबलसम्पन्नान् प्रेषयामास रावणः ।
परिघेणैव तान् सर्वान् नयामि यमसादनम् ॥१२२
मन्त्रपुत्रान् हतान् श्रुत्वा समरे लघुविक्रमान् ।
पञ्च सेनाग्रगाञ्छूरान् प्रेषयामास रावणः ॥१२३
तानहं सहसैन्यान् वै सर्व्वानिवाभ्यसूदयम् ।
ततः पुनर्दशग्रीवः पुत्रमक्षं महाबलम् ॥१२४

तस्य दुर्बुद्धितेति बहुव्रीहेस्तल् । न पुनर्व्रजे स्वदेशमिति शेषः ॥११४-११७॥

चैत्यप्रासादं विनाशयितुमिति शेषः ॥११८॥

हे राजन् ! यह उसकी दुर्बुद्धि है कि जो उसने आपका अपराध किया। इसलिये आप शीघ्र ही उसके वधकी आज्ञा दीजिये, जिससे वह यहाँसे जीवित जा न सके ॥११४

यह सुनकर राक्षसेश्वर रावणने अपने मनके अनुकूल चलनेवाले किंकरनामक राक्षसोंको भेजा, जिनको जीतना अत्यन्त कठिन था ॥११५॥

वे राक्षस अपने हाथोंमें शूल और मुद्गर लेकर आये थे, उनकी संख्या अस्सी हजार था, किन्तु मैंने वन-प्रान्तमें एक परिघसे ही उन सबका संहार कर दिया ॥११६॥

उनमें मरनेसे जो बच गये थे, वे शीघ्र ही भाग गये। मैंने सारी सेना मार दी, यह सूचना रावणको दी ॥११७॥

इसके बाद मेरे मनमें विचार हुआ और मैंने क्रोधके साथ वहाँके उत्तम चैत्यप्रासादको जो लंकाका सबसे उत्तम भवन था और जिसमें सौ खम्भे लगे थे। वहाँके सभी राक्षसोंको मारकर विध्वंस कर दिया। इसके बाद रावणने घोर रूपवाले भयंकर और अधिक संख्यावाले राक्षसोंके साथ प्रहस्तके पुत्र जम्बुमालीको युद्धके लिये भेजा। अत्यन्त बलवान् और युद्धमें निपुण, उस राक्षसको उसके अनुचरोंके साथ मैंने मार दिया। यह सुनकर राक्षसराज रावणने पैदल सेनाके साथ अपने मन्त्रिपुत्रोंको भेजा, वे सब भी बहुत बलवान् थे, किन्तु मैंने परिघसे ही उन सबको भी यमलोकोंमें पहुँचा दिया ॥११८-१२२॥

युद्धमें शीघ्रतापूर्वक अपने पराक्रम प्रकट करनेवाले मन्त्रि पुत्रोंको मारे जानेका समाचार सुनकर रावणने अत्यन्त पराक्रमी पांच सेनापतियोंको भेजा ॥१२३॥

सेनाके साथ उन सबको भी मैंने मार डाला। इसके बाद दशानन रावणने अपने महाबली पुत्र अक्षयकुमारको बहुत राक्षसोंके साथ युद्धके लिये भेजा। युद्धकलामें निपुण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहुभी राक्षसैः सार्धं प्रेषयामास संयुगे ।
तन्तु मन्दोरीपुत्रं कुमारं रणपण्डितम् ॥१२५
सहसा खं समुद्यन्तं पादयोश्च गृहीतवान् ।
तमासीनं शतगुणं भ्रामयित्वा व्यपेषयम् ॥१२६
तमक्षमागतं भग्नं निशम्य स दशाननः ।
ततश्चेन्द्रजितं नाम द्वितीयं रावणः सुतम् ॥१२७
व्यादिदेश सुसंक्रुद्धो बलिनं युद्धदुर्मदम् ।
तच्चाप्यहं बलं सर्व्वं तच्च राक्षसपुङ्गवम् ॥१२८
नष्टौजसं रणे कृत्वा परं हर्षमुपागतः ।
महतापि महाबाहुः प्रत्ययेन महाबलः ॥१२९
प्रहितो रावणेनैष सह वीरैर्मदोद्धतैः ।
सोऽविषह्यं हि मां बुद्ध्वा स्वसैन्यश्चावमर्दितम् ॥१३०
ब्रह्मणोऽस्त्रेण स तु मां प्रबद्धा चातिवेगितः ।
रज्जुभिश्चापि बध्नन्ति ततो मां तत्र राक्षसाः ॥१३१
रावणस्य समीपञ्च गृहीत्वा मामुपागमन् ।
दृष्ट्वा सम्भाषितश्चाहं रावणेन दुरात्मना ॥१३२
पृष्टश्च लङ्कागमनं राक्षसानाञ्च तं वधम् ।
तत् सर्व्वञ्च रणे तत्र सीतार्थमुपजल्पितम् ॥१३३
तस्यास्तु दर्शनाकांक्षी प्राप्तस्त्वद्भवनं विभो ।
मारुतस्यौरसः पुत्रो वानरो हनुमानहम् ॥१३४
रामदूतञ्च मां विद्धि सुग्रीवसचिवं कपिम् ।
सोऽहं दौत्येन रामस्य त्वत्सकाशमिहागतः ॥१३५
शृणु चापि समादेशं यदहं प्रब्रवीमि ते ।
राक्षसेश हरीशस्त्वां वाक्यमाह समाहितम् ॥१३६

ललामभूतश्चैत्यप्रासाद इति शेषः ॥११६-१२६॥
द्वितीयम् । प्रेषितपुत्रापेक्षया द्वितीयम् ॥१२७-१२८॥
महता प्रत्ययेन विश्वासेन ॥१२६-१३०॥

प्रबद्धा प्रबद्धश्च राक्षसेभ्योऽर्पयदिति शेषः । बध्नन्ति अबध्नन् ॥१३१-१३२॥
सीतार्थमिति कथितमित्यर्थः ॥१३३॥

और जब आकाशमें उड़ रहा था, उस समय मन्दोदरी पुत्रको मैंने दोनों पाँव पकड़ लिये तथा सौ बार घुमाकर उसे पृथ्वीपर पटक दिया। इस प्रकार वहाँ पड़े हुए अक्षयको मैंने पीस डाला ॥१२४-१२६॥

अक्षयकुमार युद्धभूमिमें मारा गया यह समाचार सुनकर दशमुख रावणने रण दुर्मद और महाबली अपने दूसरे पुत्र इन्द्रजित्को भेजा। इसके बाद उसके साथ आयी हुई सारी सेनाको और उस राक्षसश्रेष्ठ इन्द्रजित्को भी युद्धमें हतोत्साह करके मुझे अत्यन्त हर्ष हुआ। रावणने इस महाबलवान् महाबाहु वीरको अनेक उनमत्त वीरोंके साथ पूर्ण विश्वाससे भेजा था। इन्द्रजित्ने जब देखा कि मेरी सारी सेना कुचल दी गयी, तब उसने विश्वास कर लिया कि इस वानरका सामना करना कठिन है। इसलिये उसने बड़े वेगसे ब्रह्मास्त्र द्वारा मुझे बाँध लिया। इसके बाद वहाँके राक्षसोंने मुझे रस्सियोंसे भी बाँध दिया ॥१२७-१३१॥

इस प्रकार मुझे पकड़कर सबलोग रावणके पासमें ले गये। दुरात्मा रावणने मुझे देखकर बात करना आरम्भ किया और पूछा—तुम लङ्कामें क्यों आया? तथा राक्षसों का वध क्यों किया? उस समय मैंने उत्तर दिया कि मैंने यह सब सीताजीके लिये किया ॥१३२-१३३॥

हे प्रभो! मैं सीताजीके दर्शनके लिये ही आपके भवनमें आया हूँ। मैं वायुदेवका औरस पुत्र हूँ, और मेरा नाम हनुमान् तथा जातिका वानर हूँ ॥१३४॥

मुझे आप श्रीरामका दूत तथा सुग्रीवका मन्त्री समझें। श्रीरामचन्द्रजीके दौत्य कर्म करनेके लिये ही मैं आपके समीपमें आया हूँ ॥१३५॥

आप मेरे स्वामीका सन्देश जो मैं आपको कह रहा हूँ, वह सुनें। हे राक्षसराज! वानरराज सुग्रीवने सावधानीके साथ आपसे जो बात कही है, उसे एकाग्र होकर सुनिये ॥१३६॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुग्रीवश्च महाभागः स त्वां कौशलमब्रवीत् ।
धर्म्मार्थकामसहितं हितं पथ्यमुवाच ह ॥१३७
वसतो ऋष्यमूके मे पर्व्वते विपुलद्रुमे ।
राघवो रणविक्रान्तो मित्रत्वं समुपागतः ॥१३८
तेन मे कथितं राजन् भार्य्या मे रक्षसा हृता ।
तत्र साहाय्यहेतोर्मे समयं कर्तुमर्हसि ॥१३९
वालिना हृतराज्येन सुग्रीवेण सह प्रभुः ।
चक्रेऽग्निसाक्षिकं सख्यं राघवः सहलक्ष्मणः ॥१४०
तेन वालिनमाहत्य शरेणैकेन संयुगे ।
वानराणां महाराजः कृतः सम्प्लवतां प्रभुः ॥१४१

तस्याः सीतायाः ॥१३४-१३८॥
समयं प्रतिज्ञाम् ॥१३९-१४०॥
संप्लवतां सम्यक्प्लवताम् । प्रभुरहमिति शेषः ॥१४१॥
तस्य रामस्य । तेन रामसाहाय्यस्य कर्तव्यत्वेन तुभ्यं समीपं

महाभाग सुग्रीवने आपसे कुशल पूछा है और आपको कहनेके लिये धर्म, अर्थ तथा कामसे हितकारी एवं लाभदायक बात कही है—॥१३७॥

जब मैं बहुतसे वृक्षोंसे परिपूर्ण ऋष्यमूक पर्वतपर निवास करता था, तब युद्धमें महान् पराक्रम प्रकट करनेवाले श्रीरामचन्द्रजीने मेरे साथ मित्रता की ॥१३८॥

हे राजन ! उन्होंने मुझे कहा कि राक्षस रावणने मेरी स्त्रीका हरण कर लिया है, उसके उद्धार करनेमें सहायता करनेके लिये तुम प्रतिज्ञा करो ॥१३९॥

वालीने जिनका राज्य ले लिया था, उन सुग्रीवके साथ लक्ष्मणसहित श्रीरामचन्द्रजीने अग्निको साक्षी मानकर मित्रता कर ली ॥१४०॥

श्रीरामचन्द्रजीने युद्धमें एकही बाणसे वालीको मारकर सुग्रीवको वानरोंका राजा बना दिया ॥१४१॥

अतएव हमलोगोंको सभी प्रकारसे उनकी सहायता करनी चाहिये । ऐसा विचारकर सुग्रीवने धर्मानुसार मुझे आपके समीपमें भेजा है ॥१४२॥

तस्य साहाय्यमस्माभिः कार्य्यं सर्व्वात्मना त्विह ।
तेन प्रस्थापितस्तुभ्यं समीपमिह धर्म्मतः ॥१४२
क्षिप्रमानीयतां सीता दीयतां राघवस्य च ।
यावन्न हरयो वीरा विधमन्ति बलन्तवः ॥१४३
वानराणां प्रभावोऽयं न केन विदिताः पुरा ।
देवतानां सकाशञ्च ये गच्छन्ति निमन्त्रिताः ॥१४४
इति वानरराजस्त्वामाहेत्यभिहितो मया ।
मामैक्षत ततो रुष्टश्चक्षुषा प्रदहन्निव ॥१४५
तेन वध्योऽहमाज्ञप्तो रक्षसा रौद्रकर्म्मणा ।
मत्प्रभावमविज्ञाय रावणेन दुरात्मना ॥१४६

तव समीपं प्रस्थापितो दूत इति शेषः । दूतप्रेषणं विना प्रथममेव युद्धस्याधर्मत्वादिति भावः ॥१४२॥
सीतादानाभावे बाधकमाह,—यावदिति ॥१४३॥
वानराणामिति । एवं च लङ्कानाशने वानराः असमर्था न इति मन्तव्यमिति भावः । राघवाणामिति पाठे मनुष्योऽसमर्थ इति न मन्तव्यमिति भावः ॥१४४-१४५॥

सुग्रीवजीका कहना है कि आप शीघ्र ही सीताजीको ले आइये और जबतक वानर आपकी सेनाका संहार नहीं करते हैं, तबतक उनको श्रीरामचन्द्रजीको दे दीजिये ॥१४३॥

कौन ऐसा है जो वानरोंका प्रभाव नहीं जानता है। ये वे ही वानर हैं, जो युद्धके लिये निमन्त्रित होकर देवताओंके समीपमें भी जाते हैं ॥१४४॥

इस प्रकार वानरराज सुग्रीवने जो सन्देश कहा था, वह मैंने कह दिया। इतना कहनेके बाद ही रावणने इस प्रकार मुझे देखा, मानो वह अपनी दृष्टिसे मुझे जला ही देगा ॥१४५॥

भयानक कार्य करनेवाले दुरात्मा रावणने मेरे प्रभावको न जानकर मुझे वध करनेके लिये अपने सेवकोंको आदेश दिया ॥१४६॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततो विभीषणो नाम तस्य भ्राता महामतिः ।
तेन राक्षसराजश्च याचितो मम कारणात् ॥१४७
नैवं राक्षसशार्दूल त्यज्यतामेष निश्चयः ।
राजशास्त्रव्यपेतो हि मार्गः संलक्ष्यते त्वया ॥१४८
दूतवध्या न दृष्टा हि राजशास्त्रेषु राक्षस ।
दूतेन वेदितव्यश्च यथाभिहितवादिना ॥१४९
सुमहत्यपराधेऽपि दूतस्यातुलविक्रम ।
विरूपकरणं दृष्टं न वधोऽस्ति हि शास्त्रतः ॥१५०
विभीषणेनैवमुक्तो रावणः सन्दिदेश तान् ।
राक्षसानेतदेवाद्य लाङ्गूलं दह्यतामिति ॥१५१
ततस्तस्य वचः श्रुत्वा मम पुच्छं समन्ततः ।
वेष्टितं शणवल्कैश्च पट्टैः कार्पासकैस्तथा ॥१५२
राक्षसाः सिद्धसन्नाहास्ततस्ते चण्डविक्रमाः ।
तदादीप्यन्तु मे पुच्छं हनन्तः काष्ठमुष्टिभिः ॥१५३
बद्धस्य बहुभिः पाशैर्यन्त्रितस्य च राक्षसैः ।
न मे पीड़ाभवत् काचिद् दिदृक्षोर्नगरीं दिवा ॥१५४
ततस्ते राक्षसाः शूरा बद्धं मामग्निसंवृतम् ।
अघोषयन् राजमार्गे नगरद्वारमागताः ॥१५५
ततोऽहं सुमहद्रूपं संक्षिप्य पुनरात्मनः ।
विमोचयित्वा तं बन्धं प्रकृतिस्थः स्थितः पुनः ॥१५६
आयसं परिघं गृह्य तानि रक्षांस्यसूदयम् ।
ततस्तन्नगरद्वारं वेगेन प्लुतवानहम् ॥१५७

मत्प्रभावं वरदानं लब्ध्वावध्यत्वरूपम् ॥१४६-१४७॥

नैवम् अयमवध्य इत्यर्थः । एष निश्चयः एतद्वधनिश्चयः संलक्ष्यते विचार्यते ॥१४८॥

इसके बाद उसके महाबुद्धिमान् भाई विभीषणने मेरे लिये राक्षसराज रावणसे प्रार्थना की ॥१४७॥

हे राक्षस शिरोमणे ! ऐसा नहीं होना चाहिये, यह निश्चय त्याग दीजिये ! आपका विचार इस समय राजनीतिके विपरीत हो रहा है ॥१४८॥

हे राक्षसराज ! राजनीतिसम्बन्धी शास्त्रोंमें दूतके वधका विधान कहीं भी नहीं देखा जाता है। दूत तो वही कहता है, जैसा कहनेके लिये उसे कहा गया है। उसका कर्त्तव्य है कि वह अपने स्वामीके अभिप्रायका बोध करा दे ॥१४९॥

हे अतुल पराक्रमी ! शास्त्रानुसार बहुत बड़ा अपराध होने पर भी दूतके वधका विधान नहीं देखा गया है, किन्तु उसके किसी अंगको विकृत कर देना ही बताया गया है ॥१५०॥

विभीषणके ऐसा कहनेपर रावणने उन राक्षसोंको कहा कि आज इसको पूँछ ही जला दो ॥१५१॥

उसकी यह आज्ञा सुनकर राक्षसोंने सभी ओरसे मेरी पूँछमें सुतलीकी रस्सियाँ, रेशमी वस्त्र और सूती वस्त्र लपेट दिये ॥१५२॥

वेदितव्यं निवेदनीयम् । एवं चैवमुक्तिर्दूतस्य नापराध इत्यर्थः ॥१४९-१५२॥

इस प्रकार मेरी पूँछको बाँध देनेके बाद उन प्रचण्ड पराक्रमी राक्षसोंने काष्ठों और मुक्कोंसे मुझे मारते हुए मेरी पूँछमें आग लगा दी ॥१५३॥

मैं दिनमें उस लङ्कानगरीको अच्छी प्रकारसे देखना चाहता था, इसलिये राक्षसोंके द्वारा अनेक रस्सियोंसे बाँधे और कसे जानेपर भी मुझे किसी भाँतिकी पीडा नहीं हुई ॥१५४॥

इसके बाद नगरके द्वारपर आकर वे सभी पराक्रमी राक्षस पूँछमें लगी हुई आगवाले और बँधे हुए मुझे राजमार्गोंपर घुमाने तथा मेरे अपराधकी घोषणा करने लगे ॥१५५॥

उस समय मैंने अपने उस विशाल स्वरूपको संकुचित करके अपनेको उस बँधनसे मुक्तकर लिया। अपने स्वाभाविक रूपमें वहाँ खड़ा हो गया ॥१५६॥

पुनः फाटकपर रक्खे हुए लोहेके एक परिघको उठाकर मैंने उन राक्षसोंको मार दिया और बड़े वेगसे कूदकर नगर द्वारपर चढ़ गया ॥१५७॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुच्छेन च प्रदीप्तेन तां पुरीं साट्टगोपुराम् ।
दहाम्यहमसम्भ्रान्तो युगान्ताग्निरिव प्रजाः ॥१५८
विनष्टा जानकी व्यक्तं न ह्यदग्धः प्रदृश्यते ।
लङ्कायाः कश्चिदुद्देशः सर्व्वा भस्मीकृता पुरी॥१५९
दहता च मया लङ्कां दग्धा सीता न संशयः ।
रामस्य च महत्कार्य्यं मयेदं विफलीकृतम् ॥१६०
इति शोकसमाविष्टश्चिन्तामहमुपागतः ।
ततोऽहं वाचमश्रौषं चारणानां शुभाक्षराम् ॥१६१
जानकी न च दग्धेति विस्मयोदन्तभाषिणाम् ।
ततो मे बुद्धिरुत्पन्ना श्रुत्वा तामद्भुतां गिरम् ॥१६२
अदग्धा जानकीत्येव निमित्तैश्चोपलक्षितम् ।
दीप्यमाने तु लाङ्गूले न मां दहति पावकः ॥१६३
हृदयञ्च प्रहृष्टं मे वाताः सुरभिगन्धिनः ।
तैर्निमित्तैश्च दृष्टार्थैः कारणैश्च महागुणैः ॥१६४
ऋषिवाक्यैश्च दृष्टार्थैरभवं हृष्टमानसः ।
पुनर्दृष्टा च वैदेही विसृष्टश्च तया पुनः ॥१६५
ततः पर्व्वतमासाद्य तत्रारिष्टमहं पुनः ।
प्रतिप्लवनमारेभे युष्मद्दर्शनकाङ्क्षया ॥१६६
ततः श्वसनचन्द्रार्कसिद्धगन्धर्वसेवितम् ।
पन्थानमहमाक्रम्य भवतो दृष्टवानिह ॥१६७
राघवस्य प्रसादेन भवताञ्चैव तेजसा ।
सुग्रीवस्य च कार्य्या मयार्थं सर्व्वमनुष्ठितम् ॥१६८

हनन्तो मामिति शेषः । आर्षमेतत् ॥१५३-१६१॥
विस्मयकारी य उदन्तो वृत्तान्तस्तद्भाषिणां तं वदताम् ॥१६२
उपलक्षितम् । तददहनमिति शेषः । निमित्तैः शुभसूचकैः ।

निमित्तान्याह दीप्यमानेत्यादि ॥१६३॥
दृष्टार्थैर्दृष्टसंवादैः महागुणैः कारणैः मत्प्रवृत्तिकारणैः सीताराम-रूपैः आरेभे ॥१६४-१६५॥

तत्पश्चात् समस्त प्रजाओंको जलानेवाली प्रलयाग्निके समान मैंने बिना किसी घबड़ाहटके अट्टलिका और गोपुरोंवाली उस लङ्कानगरीको अपनी जलती हुई पूँछकी आगसे जलाना आरम्भ किया ॥१५८॥

इसके बाद मैंने सोचा कि लङ्काका कोई भी स्थान ऐसा नहीं दिखाई देता, जो जल गया न हो। इस प्रकार मैंने सम्पूर्ण लङ्काको भस्म कर दी ॥१५९॥

इसमें सन्देह नहीं कि लङ्काको जलाते समय सीताजी को भी जला दिया। इस प्रकार मैंने श्रीरामचन्द्रजीके महान् कार्यको व्यर्थ बना दिया ॥१६०॥

इस प्रकार शोकाकुल होकर मैं बड़ी भारी चिन्तामें पड़ गया। इसी समय आश्चर्यपूर्ण भाषण करनेवाले चारणोंकी शुभ अक्षरोंसे विभूषित यह वचन मैंने सुना कि जानकीजी नहीं जली हैं।

उस अद्भुत वचनको सुनकर मेरे मनमें विचार हुआ कि शुभ शकुनोंसे भी यही मालूम होता है। जानकीजी नहीं जली हैं॥

क्योंकि मेरी पूँछमें आग लग जानेपर भी अग्निदेव मुझे नहीं जला रहे हैं। मेरे हृदयमें महान् आनन्द हो रहा है और उत्तम सुगन्धवाली हवा भी मन्द-मन्द चल रही है।

जिन शकुनोंका फल मुझे प्रत्यक्ष अनुभव हो चुका था, उन उत्तम शकुनों महान् गुणवाले कारणों, ऋषियोंकी प्रत्यक्ष अनुभववाली बातोंसे भी सीताजीका सकुशल होने का विश्वास करके मेरा मन प्रसन्न हो गया। इसके बाद मैंने पुनः सीताजीका दर्शन किया। फिर उनसे विदा होकर अरिष्ट पर्वतपर आकर वहाँसे आपलोगोंके दर्शनकी आकांक्षासे फिर उड़ना आरम्भ किया ॥१६१-१६६

पश्चात् वायु, चन्द्रमा, सूर्य, सिद्ध, और गन्धर्वोंसे सेवित मार्गका अवलम्बन करके मैंने आप सबका दर्शन किया ॥१६७॥

श्रीरामचन्द्रजीकी कृपा और आपलोगोंके प्रभावसे मैंने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एतत् सर्व्वं मया तत्र यथावदुपपादितम् । तत्र यन्न कृतं शेषं तं सर्व्वं क्रियतामिति ॥१६९

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे अष्टपञ्चाशः सर्गः ॥५८॥

लिङ्गोत्तमः ॥१६६-१६९॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे अष्टपञ्चाशः सर्गः ॥५८॥

सुग्रीवकी कार्य सिद्धिके लिये सब कुछ कर दिया है ॥१६८

ये सभी कार्य मैंने वहाँपर यथोचित सम्पन्न किया, जो कार्य नहीं किया है, अथवा जो बच गया है, वह सब आपलोग पूरा करें ॥१६९॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें अट्ठावनवाँ सर्ग समाप्त ॥५८॥

ऊनषष्टितमः सर्गः

[वानराणां समीपे हनुमता सीताया दुरवस्थावर्णनपूर्वकं तेभ्यो लङ्काक्रमणे उत्साहदानम् ।]

एतदाख्याय तत् सर्व्वं हनूमान् मारुतात्मजः ।
भूयः समुपचक्राम वचनं वक्तुमुत्तमम् ॥१
सफलो राघवोद्योगः सुग्रीवस्य च सम्भ्रमः ।
शीलमासाद्य सीताया मम च प्रीणितं मनः ॥२
आर्य्यायाः सदृशं शीलं सीतायाः प्लवगर्षभाः ।
तपसा धारयेल्लोकान् क्रुद्धा वा निर्दहेदपि ॥३
सर्व्वथातिप्रकृष्टोऽसौ रावणो राक्षसेश्वरः ।
यस्य तां स्पृशतो गात्रं तपसा न विनाशितम् ॥४

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

एतदिति । उत्तरं पराक्रमयुक्तत्वात्सर्वतोऽधिकम् ॥१॥

संभ्रम आदर उत्साह इत्यर्थः । सीतायाः शीलं सद्वृत्तं पातिव्रत्यम् आसाद्य दृष्ट्वा । राघवोद्योगादेः साफल्यज्ञानेन मम मनः प्रीणितं तुष्टम् । मम च प्रवणं मन इति पाठेऽपि प्रवणं सन्तोष-प्रवणमित्यर्थः ॥२॥

सदृशं पतिव्रतानामरुन्धत्यादीनां सदृशमित्यर्थः ॥३॥

तर्हि रावणं किमिति नादहदित्यत आह,—सर्वथेति । अति-प्रकृष्टः महातपःसंपन्न इत्यर्थः । तां सीतां स्पृशतोऽपि यस्य गात्रं तपसा न नाशितमिति संबन्धः ॥४॥

[हनुमान्‌जीका वानरोंके पास सीतादेवीकी दुरवस्था बताकर उन सबोंको लङ्कापर आक्रमण करनेके लिये उत्तेजित करना ।]

पवनपुत्र हनुमान्‌जी इन सभी बातोंको कहकर पुनः उत्तम बातें कहना आरम्भ किया ॥१॥

हे वानरो ! श्रीरामचन्द्रजीका उद्योग और सुग्रीवका उत्साह सफल हो गया । सीताजीका शीलस्व-भाव देख कर मेरा मन भी अत्यन्त प्रसन्न हो गया ॥२॥

हे श्रेष्ठवानरो ! जिस स्त्रीका शीलस्वभाव आर्या सीताके समान होगा, वह अपनी तपस्यासे सम्पूर्ण लोकोंको धारण कर सकती है और कुपित होनेपर तीनों लोकोंको दग्ध कर सकती है ॥३॥

राक्षसराज रावण सर्वथा महान् तपसे सम्पन्न है, जिसका शरीर सीताजीके स्पर्श करते समय उनकी तपस्या से नष्ट नहीं हुआ ॥४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न तदग्निशिखा कुर्य्याद् संस्पृष्टा पाणिना सती ।
जनकस्य सुता कुर्य्याद् यत् क्रोधकलुषीकृता ॥५
जाम्बवत्प्रमुखान् सर्व्वाननुज्ञाप्य महाकपीन् ।
अस्मिन्नेवङ्गते कार्य्ये भवताञ्च निवेदिते ।
न्याय्यं स्म सह वैदेह्या द्रष्टुं तौ पार्थिवात्मजौ ॥६
अहमेकोऽपि पर्य्याप्तः सराक्षसगणां पुरीम् ।
तां लङ्कां तरसा हन्तुं रावणञ्च महाबलम् ॥७
किं पुनः सहितो वीरैर्बलवद्भिः कृतात्मभिः ।
कृतास्त्रैः प्लवगैः शक्तैर्भवद्भिर्विजयैषिभिः ॥८
अहन्तु रावणं युद्धे ससैन्यं सपुरःसरम् ।
सहपुत्रं वधिष्यामि सहोदरयुतं युधि ।
ब्राह्ममस्त्रञ्च रौद्रञ्च वायव्यं वारुणं तथा ॥९
यदि शक्रजितोऽस्त्राणि दुर्निरीक्ष्याणि संयुगे ।
तान्यहं निहनिष्यामि विधमिष्यामि राक्षसान् ॥१०
भवतामभ्यनुज्ञातो विक्रमो मे रुणद्धि तम् ।
मयातुला विसृष्टा हि शैलवृष्टिर्निरन्तरा ॥११

नैतावता सीताशीलं दुर्बलमित्याशंक्यमित्याह नेति । यत्क्रुद्धा सीता कुर्यात्तत्स्पृष्टाग्निशिखापि न कुर्यात् । इयं तु भर्तुः पराक्रमकीर्तये नाद्यापि क्रुद्धयतीति भावः । अक्रुद्धाया अपि स्पर्शमात्रेण प्राप्तो नाशस्तु रावणतपसा निवारित इति ध्येयम् ॥५॥

इदानीं भृत्यजयस्यापि स्वामिसंबंधित्वसत्त्वेन वयमेव सीतापातिव्रत्यं सहायमासाद्य रावणं जित्वा देव्या सह राघवौ द्रक्ष्यामह इत्याह,—जांबवदिति । जांबवदादीननुज्ञाप्यानुज्ञां कुर्वंत्विति संप्रार्थ्य । अस्मिन्कार्ये सीतान्वेषणरूपे एवंगते उक्तप्रकारं प्राप्ते तत्प्रकारविशिष्टे च भवतां निवेदिते सति । तौ पार्थिवात्मजौ वैदेह्या संद्रष्टुं न्याय्यमित्यब्रवीदिति शेषः ॥६॥

तया सह दर्शने उपपत्तिमाह,—अहमिति । एवं च राक्षसान् हत्वा देव्यानयनं कृत्वा देव्या सहैव तौ द्रक्ष्याम इत्यर्थः ॥७॥

कृतास्त्रैर्दैवाशत्वादस्त्रप्रयोगसमर्थैः ॥८॥

उक्तमेवार्थं संभ्रमेण पुनराह अहं त्विति । अहमेवेत्यर्थः ॥९॥

यद्यपि दुर्निरीक्ष्याणि, तथापि तान्यहं निहनिष्यामि । ब्रह्मणो वरदानान्निवारयामि । परावृत्तैस्तैरेव राक्षसान्विधमिष्यामि निहनिष्यामि ॥१०॥

हाथसे स्पर्श करनेपर आगकी लपट भी वह कार्य नहीं कर सकती, जो क्रोधसे कलुषित होनेपर सीताजी कर सकती है ॥५॥

इस कार्यमें मैं जहांतक सफल हो सका हूँ, वह इस प्रकार आपलोगोंको बता दिया। अब जाम्बवान् आदि सभी महाकपियोंकी सम्मति लेकर हम सब सीताजीको साथमें लेकर श्रीरामचन्द्रजी और लक्ष्मणजीका दर्शन करें, यही उचित होगा ॥६॥

राक्षसगणोंके सहित समस्त लङ्कापुरीका वेगके साथ विध्वंस करने और महाबली रावणको मारनेके लिये अकेला मैं ही पर्याप्त हूँ। पुनः यदि सम्पूर्ण अस्त्रोंको जाननेवाले आपके समान वीर बलवान्, शुद्धात्मा, शक्तिसम्पन्न तथा विजयको अभिलाषा करनेवाले वानरोंको सहायता हो जाय, तब तो कहना ही क्या है ॥७-८॥

युद्धभूमिमें सेना, अग्रगामी सैनिक, पुत्र और सगे भाईयोंके साथ रावणका वध तो मैं ही कर सकता हूँ ॥९॥

यद्यपि इन्द्रजित् मेघनादके ब्राह्म अस्त्र, रौद्र, वायव्य एवं वारुण आदि अस्त्र समरभूमिमें दुर्लक्ष्य होते हैं—उन्हें कोई देख नहीं सकता, तथापि मैं ब्रह्माजीके वरदानसे उन सभी अस्त्रोंका भी निवारण कर दूँगा और राक्षसोंका संहार भी कर डालूँगा ॥१०॥

यदि आप लोगोंका आदेश हो जाय तो मेरा पराक्रम रावणको कुण्ठित कर देगा। मेरे द्वारा बरसायी जानेवाली पत्थरोंकी अनुपम वृष्टि युद्धस्थलमें देवताओंको भी मार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवानपि रणे हन्यात् किम्पुनस्तान् निशाचरान् ।
भवतामननुज्ञातो विक्रमो मे रुणद्धि माम् ॥१२
सागरोऽप्यतियाद् वेलां मन्दरः प्रचलेदपि ।
न जाम्बवन्तं समरे कम्पयेदरिवाहिनी ॥१३
सर्व्वराक्षससङ्घानां रांक्षसा ये च पूर्व्वजाः ।
अलमेकोऽपि नाशाय वीरो वालिसुतः कपिः ॥१४
प्लवगस्योरुवेगेन नीलस्य च महात्मनः ।
मन्दरोऽप्यवशीर्य्येत किं पुनर्युधि राक्षसाः ॥१५
सदेवासुरयक्षेषु गन्धर्व्वोरग-पक्षिषु ।
मैन्दस्य प्रतियोद्धारं शंसत द्विविदस्य वा ॥१६
अश्विपुत्रौ महावेगावेतौ प्लवगसत्तमौ ।
एतयोः प्रतियोद्धारं न पश्यामि रणाजिरे ॥१७

[पितामहवरोत्सेकात् परमं दर्पमास्थितौ ।
अमृतप्राशितावेतौ सर्व्ववानरसत्तमौ ।
अश्विनोर्मानिनार्थं हि सर्व्वलोकपितामहः ।
सर्व्वावध्यत्वमतुलमनयोर्दत्तवान् पुरा ॥
वरोत्सेकेन मुक्तो च प्रमथ्य महतीञ्चमूम् ।
सुराणाममृतं धीरो पीतवन्तौ प्लवङ्गमौ ॥
एतावेव हि संक्रुद्धौ सवाजि-रथकुञ्जराम् ।
लङ्कां नाशयितुं शक्तो सर्व्वे तिष्ठन्तु वानराः ॥]
मयैव निहता लङ्का दग्धा भस्मीकृता पुरी ।
राजमार्गेषु सर्व्वेषु नाम विश्रावितं मया ॥१८
जयत्यतिबलो रामो लक्ष्मणश्च महाबलः ।
राजा जयति सुग्रीवो राघवेणाभिपालितः ॥१९

रुणद्धि रोत्स्यति ॥११॥

भवतामननुज्ञातः अनुज्ञां विना मे विक्रमो राक्षसवधप्रवृत्तिमां रुणद्धीत्यर्थः । अतः पूर्वमेव मया न पराक्रांतमित्यर्थः ॥१२॥

इदानीं सर्वेऽपि भवन्तस्तद्वधे समर्था इत्याह सागरोऽपीति ॥१३॥

ये च पूर्वजा राक्षसास्तेषां नाशायैकोऽपीत्यन्वयः ॥१४-१७॥

मयैव निहता निहतप्राया । एवं च सर्वैर्मिलित्वा नाशनीयेति किं वाच्यमिति भावः । नामेति सुग्रीवादेरिति शेषः ॥१८॥

सकती है। पुनः उन राक्षसोंकी तो बात ही क्या है? आपलोगोंकी आज्ञा न होनेसे मेरा पराक्रम मुझे रोक रहा है। समुद्र अपनी मर्यादाका परित्याग कर दे और मन्दराचल अपने स्थानसे विचलित हो जाय, परन्तु युद्धस्थलमें शत्रुसेना जाम्बवान्‌को कम्पित कर दे यह कदापि नहीं हो सकता ॥११-१३॥

समस्त राक्षसोंको और उनके पूर्वजोंको भी विनाश करनेके लिये अकेले वालीपुत्र वानरश्रेष्ठ अङ्गदजी ही पर्याप्त हैं ॥१४॥

वानरवीर महात्मा नीलके महान् वेगसे मन्दराचल भी विदीर्ण हो जा सकता है। फिर युद्धमें राक्षसोंको विनाश करना उनके लिये कोई बात नहीं है ॥१५॥

आप सब लोग यह तो बताइये कि देवता, असुर, यक्ष, गन्धर्व, नाग और पक्षियोंमें कौन ऐसा वीर है, जो मैन्द अथवा द्विविदका सामना कर सके ॥१६॥

ये दोनों वानरशिरोमणि महान् वेगशाली तथा अश्विनीकुमारोंके पुत्र हैं। युद्धक्षेत्रमें इन दोनोंका सामना करनेवाला मुझे कोई नहीं दिखायी देता ॥१७॥

अकेले मैंने ही लङ्कानिवासियोंको मार गिराया, वहाँ आग लगा दी, सारी पुरीको भस्मकर दिया और वहाँके राजमार्गोंपर अपना नाम भी विख्यात कर दिया ॥१८॥

अत्यन्त बलशाली श्रीराम और महाबली लक्ष्मणकी जय हो। श्रीरामचन्द्रजीके द्वारा सुरक्षित राजा सुग्रीवकी जय हो ॥१९॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अहं कोसलराजस्य दासः पवनसम्भवः ।
हनूमानिति सर्वत्र नाम विश्रावितं मया ॥२०
अशोकवनिकामध्ये रावणस्य दुरात्मनः ।
अधस्ताच्छिंशपामूले साध्वी करुणमास्थिता ॥२१
राक्षसीभिः परिवृता शोकसन्तापकर्शिता ।
मेघरेखापरिवृता चन्द्ररेखेव निष्प्रभा ॥२२
अचिन्तयन्ती वैदेही रावणंबलदर्पितम् ।
पतिव्रता च सुश्रोणी अवष्टब्धा च जानकी ॥२३
अनुरक्ता हि वैदेही रामे सर्वात्मना शुभा ।
अनन्यचिन्ता रामेण पौलोमीव पुरन्दरे ॥२४

तदेकवासः संवीता रजोध्वस्ता तथैव च ।
[शोकसन्तापदीनाङ्गी सीताभर्तृहिते रता] ॥
सा मया राक्षसीमध्ये तर्ज्यमाना मुहुर्मुहुः ॥२५
राक्षसीभिर्विरूपाभिर्दृष्टा हि प्रमदावने ।
एकवेणीधरा दीना भर्तृचिन्तापरायणा ॥२६
अधःशय्या विवर्णाङ्गी पद्मिनीव हिमोदये ।
रावणाद् विनिवृत्तार्था मर्तव्यकृतनिश्चया ॥२७
कथञ्चिन्मृगशावाक्षी विश्वासमुपपादिता ।
ततः सम्भाषिता चैव सर्व्वमर्थं प्रकाशिता ॥२८

तदेवाह जयतीति ॥१६॥

सीतादुःखविमर्शेऽपि संप्रत्येव समानेतुमुचितेत्याशयेन तादृशं वर्णयति, अशोकेत्यादि ॥२०-२२॥

अचिन्तयन्ती योग्यत्वेनागणयन्ती । अगणने हेतुः पतिव्रतेति । अगणनाच्चावष्टब्धा निरुद्धा अस्तीति शेषः ॥२३॥

रामेण रामप्रीत्या । अनन्यचिन्ता पौलोमीव । नहुषरुद्धा-पौलोमीव ॥२४॥

तदेकवास इति व्याख्यातम् । राक्षसीभिस्तर्ज्यमाना दृष्टेत्युत्तरेणान्वयः ॥२५-२७॥

मैं कोशलराज श्रीरामचन्द्रजीका दास तथा वायुका पुत्र हूँ । मेरा नाम हनुमान् है, इस प्रकार मैंने अपने नामको विख्यात कर दिया ॥२०॥

दुरात्मा रावणकी अशोकवाटिकाके मध्यमें अशोक-वृक्षके नीचे साध्वी सीताजी बड़ी करुणाजनक अवस्थामें निवास करती हैं ॥२१॥

राक्षसियोंसे घिरी होनेके कारण वे शोक - संतापसे दुर्बल हो गयी हैं । बादलोंकी श्रेणीसे घिरी हुई चन्द्रमाकी रेखाके समान कान्तिहीन भी हो गयी हैं ॥२२॥

सुन्दर कटिभागवाली वैदेही जानकीजी पतिव्रता हैं । वे बलके अभिमान्से परिपूर्ण रावणको कुछ भी नहीं समझ रही हैं । फिर भी उनकी कैदमें हैं ॥२३॥

कल्याणी सीताजी सर्वतोभावेन श्रीराममें अनुरक्त हैं । जैसे शची देवराज इन्द्रमें अनुरक्त रहती हैं, उसी प्रकार सीताजी भी अनन्यभावसे श्रीरामका ही चिन्तन करती है ॥२४॥

वे एक ही वस्त्र पहनी हुई है तथा उनका सारा शरीर धूलसे धूसर हो रही है । राक्षसियोंके मध्यमें रहती हुई उनको बारंबार राक्षसियोंकी डाँट भी सहनी पड़ती है ॥२५

ऐसी परिस्थितिमें कुरूप राक्षसियोंसे घिरी हुई सीताजीको मैंने प्रमदावनमें देखा है । वे एक ही वेणी धारण किये हुए दीनभावसे केवल अपने पतिदेवके ही ध्यानमें लगी रहती है ॥२६॥

वे नीचे धरतीपर सोती है । हेमन्तमें कमलिनीके समान उनके शरीरकी शोभा मलिन हो गयी है । रावणसे उनका कोई प्रयोजन नहीं है । वे मरनेके लिये निश्चय कर चुकी है ॥२७॥

उन मृगनयनी सीताजीको मैंने किसी प्रकार विश्वास दिलाया । तब उनसे वार्तालाप किया और सभी विषय मैंने उनके सामने रख दिया ॥२८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राम-सुग्रीवसख्यञ्च श्रुत्वा प्रीतिमुपागता ।
नियतः समुदाचारो भक्तिर्भर्तरि चोत्तमा ॥२९
यन्न हन्ति दशग्रीवं स महात्मा दशाननः ।
निमित्तमात्रं रामस्तु वधे तस्य भविष्यति ॥३०
सा प्रकृत्यैव तन्वङ्गी तद्वियोगाच्च कर्शिता ।
प्रतिपत् पाठशीलस्य विद्येव तनुतां गता ॥३१
एवमास्ते महाभागा सीता शोकपरायणा ।
यदत्र प्रतिकर्त्तव्यं तत् सर्व्वमुपकल्प्यताम् ॥३२

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे ऊनषष्टितमः सर्गः ॥५९॥

कथंचिदादौ तूष्णीं रामकथाप्रस्तावेन । सर्वमर्थं रामसुग्रीव-वृत्तान्तम् ॥२८॥

तदेवाह,—रामसुग्रीवसख्यं चेति । नियतः समुदाचारो दृढ-पातिव्रत्यं भर्तरि उत्तमा भक्तिश्चास्ति ॥२९॥

इयत्यापि सामग्र्या यद्दशाननं शापादिना न हन्ति, तत्स दशाननो महात्मा तपोबलेन शापोऽयोग्य इति भावः । अथापि सीतावरोधजन्यपापेन मृतप्राय एव स इत्याह,-निमित्तमात्रमिति । अतोऽस्माभिरपि सुशक्य वध एव स इति भावः ॥३०॥

तत्पापकारणमाह सेति ॥३१-३२॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे एकोनषष्टितमः सर्गः ॥५९॥

श्रीराम और सुग्रीवकी मित्रताकी बात सुनकर वे बहुत प्रसन्न हुईं। सीताजीमें सुदृढ़ सदाचार विराजमान हैं और अपने पतिके प्रति उनमें सर्वोत्तम भक्ति है ॥२९॥

सीताजी स्वयं जो रावणको नहीं मार रही हैं, इससे ज्ञात होता है कि दशमुख रावण महात्मा हैं (किन्तु वह सीताहरण रूपी पापसे प्रायः नष्ट हो चुका है) । श्रीराम-चन्द्रजी उसके वधमें केवल निमित्त होंगे ॥३०॥

भगवती सीताजी तो स्वभावसे ही दुबली हैं और अब तो श्रीरामचन्द्रजीके वियोगसे अत्यन्त दुबली हो गयी हैं। जैसे प्रतिपदाके दिन अध्ययन करनेवाले विद्यार्थी की विद्या क्षीण हो जाती है, उसी प्रकार उनका शरीर भी अत्यन्त दुर्बल हो गया है ॥३१॥

इस प्रकार महाभागा सीताजी सदैव शोक-सन्तप्त रहती हैं। इसलिये इस समय जो उपाय करना हो, वह आप सब लोग करें ॥३२॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें उनसठवाँ सर्ग समाप्त ॥५९॥

षष्टितमः सर्गः

[स्वीयपराक्रमप्रशंसयोत्साहितस्याङ्गदस्य रावणादि राक्षसविनाशपूर्वक सीतामुद्धर्तुमुद्योग., विवेचक जाम्बवता युक्तिप्रदर्शनपूर्वकं तस्मात् प्रतिनिवर्त्तनञ्च ।]

तस्य तद्वचनं श्रुत्वा वालिसूनुरभाषत ।
(अयुक्तं तु विना देवीं दृष्टकंद्विश्च वानर ।
समीपं गन्तुमस्माभिः राघवस्य महात्मनः ॥)
अश्विपुत्रौ महावेगौ बलवन्तौ प्लवङ्गमौ ॥१

[अपने पराक्रमसे प्रशंसित होकर अङ्गदका रावण-प्रभृतिको विनाश करके सीताको ले आनेका उत्साहपूर्ण विचार करना एवं जाम्बवान्के द्वारा उसका निवारण ।]

हनुमान्जीके इस वचनको सुनकर वालीपुत्र अङ्गदजी बोले—अश्विनीकुमारके ये दोनों पुत्र मैन्द तथा द्विविद अत्यन्त बलवान् हैं ॥१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पितामहवरोत्सेकात् परमं दर्पमास्थितौ ।
अश्विनोर्माननार्थं हि सर्व्वलोकपितामहः ॥२
सर्व्वावध्यत्वमतुलमनयोर्दत्तवान् पुरा ।
वरोत्सेकेन मत्तौ च प्रमथ्य महतीं चमूम् ॥३
सुराणाममृतं वीरौ पीतवन्तौ महाबलौ ।
एतावेव हि संक्रुद्धौ सवाजि-रथ-कुञ्जराम् ॥४
लङ्कां नाशयितुं शक्तौ सर्व्वे तिष्ठन्तु वानराः ।
अहमेकोऽपि पर्य्याप्तः सराक्षसगणां पुरीम् ॥५
तां लङ्कां तरसा हन्तुं रावणञ्च महाबलम् ।
किं पुनः सहितो वीरैर्बलवद्भिः कृतात्मभिः ॥६
कृतास्त्रैः प्लवगैः शक्तैर्भवद्भिर्विजयैषिभिः ।
वायुसूनोर्बलेनेव दग्धा लङ्केति नः श्रुतम् ॥७

दृष्ट्वा देवी न चानीता इति तत्र निवेदितुम् ।
न युक्तमिव पश्यामि भवद्भिः ख्यातपौरुषैः ॥८
नहि वः प्लवने कश्चिन्नापि कश्चित् पराक्रमे ।
तुल्यः सामरदैत्येषु लोकेषु हरिसत्तमाः ॥९
जित्वा लङ्कां सरक्षौघां हत्वा तं रावणं रणे ।
सीतामादाय गच्छामः सिद्धार्था हृष्टमानसाः ॥१०
तेष्वेवं हतवीरेषु राक्षसेषु हनूमता ।
किमन्यदत्र कर्त्तव्यं गृहीत्वा याम जानकीम् ॥११
राम-लक्ष्मणयोर्मध्ये न्यस्याम जनकात्मजाम् ।
किं व्यलीकैस्तु तान् सर्व्वान् वानरान्
वानरर्षभान् ॥१२

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

तस्येति ॥१-७॥

प्राचीन समयमें ब्रह्माजीके वरदानसे इनका बल बढ़ गया था और ये अभिमानमें भर गये थे। समस्त लोकोंके पितामह ब्रह्माजीने अश्विनीकुमारके मान रखनेके लिये इनको वर दिया था कि तुमको कोई भी मार नहीं सकता। उस वरके अभिमानसे मतवाले होकर इन दोनों महाबली वीरोंने देवताओंकी विशाल सेनाको मथन करके अमृतपान कर लिया था। ये दोनों ही वीर यदि कुपित हो जाय तो हाथी, घोड़े और रथोंके साथ समस्त लङ्कापुरीका विनाश कर सकते हैं। सब वानर बैठे भी रहे तो कोई अनुचित नहीं। अथवा अकेला मैं ही राक्षसगणों सहित समूची लङ्कापुरीका वेगके साथ विध्वंस करने और महाबलवान् रावणको मारनेके लिये पर्याप्त हूँ। फिर यदि सम्पूर्ण अस्त्रोंको जाननेवाले आपलोगोंके समान वीर बलवान् शुद्धात्मा, शक्तिशाली और विजयको चाहनेवाले वानरोंकी सहायता मिल जाय, तब तो बात ही क्या है ?।

पवनपुत्र हनुमान्‌जीने ही अपने पराक्रमसे लङ्काको जला डाला, यह बात हमलोगोंने सुन ही ली। आप सबके

दृष्ट्वा देवी नानीता इति तत्र रामसमीपे निवेदितुं न युक्तमिव पश्यामि ॥८॥

तुल्योऽस्तीति शेषः ॥९-१०॥

अन्यत्कर्तव्यं किमस्ति काकुरत्र । अपि तु जानकीग्रहणपूर्वकगमनादन्यत्र किमपीत्यर्थः ॥११॥

समान विख्यात पराक्रमवाले वीरोंके रहते हुए भगवान् श्रीरामके सामने यह कहना अच्छा नहीं लगता कि हमलोगोंने सीताजीका दर्शन कर लिया, किन्तु उनको लाया नहीं ॥२-८॥

हे श्रेष्ठवानरो ! देवताओं और दैत्योंसहित सम्पूर्ण लोकोंमें कोई ऐसा वीर नहीं हैं जो दूरतक कूदने तथा पराक्रम प्रकट करनेमें आपलोगोंकी बराबरी कर सके ॥९॥

अतएव राक्षससमूहके साथ लङ्काको जीतकर युद्धमें रावणको मारकर, सीताजीको साथमें लेकर सफल मनोरथ एवं प्रसन्नचित्त हो हमलोग श्रीरामके पास चले ॥१०॥

जब हनुमान्‌ने राक्षसोंके प्रधान वीरोंको मार डाला है, ऐसी परिस्थितिमें हमलोग जानकीजीको साथमें लेकर चलें, इसके अतिरिक्त और दूसरा कर्तव्य क्या हो सकता है ? ॥११॥

हे वानरो ! हमलोग जानकीजीको ले चलकर श्रीराम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वयमेव हि गत्वा तान् हत्वा राक्षसपुङ्गवान् ।
राघवं द्रष्टुमर्हामः सुग्रीवं सहलक्ष्मणम् ॥१३
तमेवं कृतसङ्कल्पं जाम्बवान् हरिसत्तमः ।
उवाच परमप्रीतो वाक्यमर्थवदर्थवित् ॥१४
नैषा बुद्धिर्महाबुद्धे यद् ब्रवीषि महाकपे ।
विचेतुं वयमाज्ञप्ता दक्षिणां दिशिमुत्तमाम् ॥१५
नानेतुं कपिराजेन नैव रामेण धीमता ।
कथञ्चिन्निर्जितां सीतामस्माभिर्नाभिरोचयेत् ॥१६
राघवो नृपशार्दूलः कुलं व्यपदिशन् स्वकम् ।
प्रतिज्ञाय स्वयं राजा सीताविजयमग्रतः ॥१७
सर्व्वेषां कपिमुख्यानां कथं मिथ्या करिष्यति ।
विफलं कर्म्म च कृतं भवेत् तुष्टिर्न तस्य च ॥१८
वृथा च दर्शितं वीर्य्यं भवेद् वानरपुङ्गवाः ।
तस्माद् गच्छाम वै सर्वे यत्र रामः सलक्ष्मणः ॥
सुग्रीवश्च महातेजाः कार्य्यस्यास्य निवेदने ॥१९
न तावदेषा मतिरक्षमा नो
यथा भवान् पश्यति राजपुत्र ।
यथा तु रामस्य मतिर्निविष्टा
तथा भवान् पश्यतु कार्य्यसिद्धिम् ॥२०

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे षष्टितमः सर्गः ॥६०॥

न्यस्याम स्थापयाम । तान्सर्वान् । किष्किन्धायामागतान् वानरान्व्यलीकैरप्रियैर्दुःखैर्योजयित्वेति शेषः । तथा कृत्वा किं फलमितिशेषः । किं परिक्लेश्यतामिति पाठान्तरम् ॥१२-१४॥

नैषा बुद्धिर्युक्तेति शेषः । तत्र हेतुमाह,—विचेतुमिति ॥१५॥

प्रथमं जय एव दुर्लभः । कथंचिज्जयेऽपि यदि न रोचयेत्तदा कार्यनाश इति भावः ॥१६॥

अरुचौ हेतुः कुलं व्यपदिशन्निति । प्रतिज्ञायेति च । अग्रतः कपिमुख्यानामित्यन्वयः ॥१७॥

अरुचौ फलवैपरीत्यं दर्शयति, विफलमिति ॥१८॥

अस्य कार्यस्य निवेदने मतिं कृत्वेति शेषः ॥१९॥

अथ जाम्बवानङ्गदक्रोधपरिहाराय तन्मतं बहुमान्यसुहृद्भावेन निवर्तयति न तावदिति । हे राजपुत्र यथा ! भवान्पश्यति विचारयति । एषा मतिर्नोऽस्माकमक्षमा न किन्तु युक्तैव । यथा रामस्य मतिर्निविष्टा अवस्थिता तथा कार्यसिद्धिं भवान्पश्यत्वित्यर्थः ॥२०

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे षष्टितमः सर्गः ॥६०॥

और लक्ष्मणजीके समक्ष स्थापित कर दें। किष्किन्धामें एकत्रित हुए वानरोंको कष्ट देनेकी क्या आवश्यकता है ॥१२

हमलोग ही लङ्कामें चलकर वहाँके प्रधान-प्रधान सभी राक्षसोंको मारकर श्रीराम और लक्ष्मणके साथ सुग्रीवजी का दर्शन करें ॥१३॥

अङ्गदका ऐसा संकल्पको समझकर ऋक्षोंमें श्रेष्ठ और अर्थतत्त्वके ज्ञाता जाम्बवान्जी प्रसन्नतापूर्वक सार्थक वचन बोले—॥१४॥

हे महाकपे ! इस समय जो आप कह रहे हैं, वह बुद्धिमानोंके योग्य नहीं है। क्योंकि वानरराज सुग्रीव तथा भगवान् श्रीरामने हमलोगोंको दक्षिण दिशामें सीताजीको खोजनेके लिये ही आदेश दिया था। यदि किसी प्रकार हमलोग सीताजीको जीतकर श्रीरामचन्द्रजीके समीपमें ले भी चले तो अपने कुलके व्यवहारको विचार करते हुए हमारे इस कार्यको प्रसन्न नहीं करेंगे। राजा श्रीरामने सभी प्रधान वानरोंके समक्ष स्वयं सीताजीको जीतकर लानेकी प्रतिज्ञा कर ली है। अब उसे वे मिथ्या कैसे करेंगे ?। इसलिये हे वानरश्रेष्ठो ! ऐसी परिस्थितिमें हमारा किया हुआ कार्य व्यर्थ हो जायगा। श्रीरामचन्द्रजीको भी सन्तोष नहीं होगा और हम लोगोंका पराक्रम दिखाना भी व्यर्थ हो जायगा। इसलिये हम सब लोग लक्ष्मणके साथ श्रीरामचन्द्रजी और महातेजस्वी सुग्रीव जहाँ विराजमान हैं, वहीं चलें ॥१५-१९॥

हे राजकुमार ! तुम जैसा विचार करते हो, यह विचार हमलोगोंके योग्य नहीं है—हम इसे नहीं कर सकेंगे, ऐसी कोई बात नहीं है, तथापि इस विषयमें श्रीरामचन्द्रजीका जैसा विचार हो, उसीके अनुसार तुम्हें भी कार्य सिद्धिपर ध्यान रखना चाहिये ॥२०॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें साठवाँ सर्ग समाप्त ॥६०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकषष्टितमः सर्गः

[महेन्द्रपर्वतात् किष्किधामभिगमनकारिणां वानराणां मार्गमध्ये सुग्रीवप्रियतम-दधिमुखरक्षित-मधुवने अवतरणम्, अङ्गदादेशेन मधुवनस्य फलोपभोगः, क्रुद्ध-दधिमुखेन निवारितानां वानराणां नख-दन्तैस्तस्मै प्रहारदांनञ्च।]

ततो जाम्बवतो वाक्यमगृह्णन्त वनौकसः ।
अङ्गदप्रमुखा वीरा हनूमांश्च महाकपिः ॥१
प्रीतमन्तस्ततः सर्व्वे वायुपुत्रपुरःसराः ।
महेन्द्राग्रात् समुत्पत्य पुप्लुवुः प्लवगर्षभाः ॥२
मेरुमन्दरसङ्काशा मत्ता इव महागजाः ।
छादयन्त इवाकाशं महाकाया महाबलाः ॥३
सभाज्यमानं भूतैस्तमात्मवन्तं महाबलम् ।
हनूमन्तं महावेगं वहन्त इव दृष्टिभिः ॥४

राघवे चार्थनिर्वृत्तिं कर्त्तुञ्च परमं यशः ।
समाधाय समृद्धार्थाः कर्म्मसिद्धिभिरुन्नताः ॥५
प्रियाख्यानोन्मुखाः सर्व्वे सर्व्वे युद्धाभिनन्दिनः ।
सर्व्वे रामप्रतीकारे निश्चितार्था मनस्विनः ॥६
प्लवमानाः खमाप्लुत्य ततस्ते काननौकसः ।
नन्दनोपममासेदुर्वनं द्रुमशतायुतम् ॥७
यत्तन्मधुवनं नाम सुग्रीवस्याभिरक्षितम् ।
अधृष्यं सर्व्वभूतानां सर्व्वभूतमनोहरम् ॥८

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

अगृह्णन्त युक्तियुक्तत्वेनामन्यन्त ॥१॥

पुप्लुवुः प्लवन्तो जग्मुः ॥२॥

आकाशं छादयन्त इवेत्युत्प्रेक्षा ॥३॥

सभाज्यमानं पूज्यमानं भूतैः सिद्धादिभिः दृष्टिभिर्वहन्त इव। प्रीतिपूर्वकानिमिषदर्शनादृष्टीनां वाहकत्वोत्प्रेक्षा ॥४॥

राघवे कार्यनिर्वृत्तिं कार्यसिद्धिं समाधाय निश्चित्य। तस्यात्मनश्च परमं यशः कर्तुं च निश्चित्य पुप्लुवुरिति सम्बन्धः। कर्मसिद्धिभिः सीतादर्शनलङ्कादहनकर्मभिरुन्नताः उन्नतचित्ताः ॥५॥

रामप्रतीकारे रामकर्तव्ये रावणप्रतीकारे निश्चितार्था अभूवन्निति शेषः ॥६॥

वनं सुग्रीवस्य मधुवनम् ॥७-८॥

[महेन्द्र पर्वतसे किष्किन्धाके तरफ जाते हुए वानरोंका रास्तेमें दधिमुखद्वारा रक्षित मधुवनमें जाकर अङ्गदकी आज्ञासे फलोंका उपभोग करना एवं वनरक्षकों द्वारा निवारित होनेपर उनको घसीटना।]

तब अङ्गद आदि प्रधान वीरोंने और हनुमान्‌जीने जाम्बवान्‌जीका वचन मान लिया ॥१॥

इसके बाद सभी श्रेष्ठ वानर हनुमान्‌जीको आगे करके प्रसन्नतापूर्वक महेन्द्र पर्वतके शिखरसे उछल पड़े ॥२॥

मेरु और मन्दर पर्वतके समान विशाल शरीरवाले तथा मदमत्त बड़े-बड़े गजराजोंके समान महाबली वानरों आकाशको आच्छादित करते हुएके समान जा रहे थे ॥३॥

उस समय सिद्ध आदि भूतगण अत्यन्त वेगशाली एवं महाबली हनुमान्‌जीकी प्रशंसा कर रहे थे और निर्निमेष दृष्टिसे उन्हींको ढोते हुएके समान लग रहे थे ॥४॥

श्रीरामचन्द्रजीके कार्यकी सिद्धि करनेका उत्तम यश पाकर उन वानरोंका मनोरथ सफल हो गया था। इसीसे उनका उत्साह भी बढ़ चुका था ॥५॥

वे सबके सब श्रीरामचन्द्रजीको प्रिय संवाद सुनानेके लिये उत्सुक हो रहे थे। सभी युद्धका अभिनन्दन कर रहे थे। श्रीरामके द्वारा रावणका पराजय हो, इस प्रकारका निश्चय उन सभी मनस्वी वीरोंने कर लिया था ॥६॥

आकाशमें उड़ते हुए वे वनवासी वानर सैकड़ों वृक्षोंसे परिपूर्ण और नन्दनवनके समान सुन्दर एक वनमें पहुँच गये ॥७॥

उसका नाम मधुवन था। सुग्रीवका वह मधुवन सुरक्षित रहता था। सभी प्राणियोंके चित्तको लुभानेवाला वह सभी प्राणियोंकी पहुँचके बाहर था ॥८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यद् रक्षति महावीरः सदा दधिमुखः कपिः ।
मातुलः कपिमुख्यस्य सुग्रीवस्य महात्मनः ॥९
ते तद्वनमुपागम्य बभूवुः परमोत्कटाः ।
वानरा वानरेन्द्रस्य मनःकान्तं महावनम् ॥१०
ततस्ते वानरा हृष्टा दृष्ट्वा मधुवनं महत् ।
कुमारमभ्ययाचन्त मधूनि मधुपिङ्गलाः ॥११
ततः कुमारस्तान् वृद्धान् जाम्बवत्प्रमुखान् कपीन् ।
अनुमान्य ददौ तेषां निसर्गं मधुभक्षणे ॥१२
ते निसृष्टाः कुमारेण धीमता वालिसूनुना ।
हरयः समपद्यन्त द्रुमान् मधुकराकुलान् ॥१३
भक्षयन्तः सुगन्धीनि मूलानि च फलानि च ।
जग्मुः प्रहर्षं ते सर्व्वे बभूवुश्च मदोत्कटाः ॥१४
ततश्चानुमताः सर्व्वे सुसंहृष्टा वनौकसः ।
मुदिताश्च ततस्ते च प्रनृत्यन्ति ततस्ततः ॥१५
गायन्ति केचित् प्रहसन्ति केचि-
न्नृत्यन्ति केचित् प्रणमन्ति केचित् ।
पतन्ति केचित् प्रचरन्ति केचित्
प्लवन्ति केचित् प्रलपन्ति केचित् ॥१६
परस्परं केचिदुपाश्रयन्ति
परस्परं केचिदतिब्रुवन्ति ।
द्रुमाद् द्रुमं केचिदभिद्रवन्ति
क्षितौ नगाग्रान्निपतन्ति केचित् ॥१७

दधिमुखस्तन्नामा ॥६॥

परमोत्कटास्तत्रत्यमधुपानादावत्युत्कटोत्कण्ठावन्तः । महावनाख्यं वनमित्यर्थः ॥१०॥

मधुपिङ्गलाः मधुपिङ्गलवर्णाः ॥११॥

अनुमान्य कृतानुमतिकान् कृत्वा । निसर्गमाज्ञाम् ॥१२॥

निसृष्टाः कृताज्ञाः ॥१३॥

भक्षयन्त अभक्षयन्निित्यर्थः ॥१४॥

अनुमताः मधुपानादौ कृतानुमतिकाः हर्षमुदोर्बाह्याभ्यन्तरत्वकृतो भेदः ॥१५॥

तत्र बाह्यमानन्दसूचकमाह,—गायन्तीति ॥१६॥

अतिब्रुवन्ति विवादं कुर्वन्ति । नगाग्राद् वृक्षाग्रात् ॥१७॥

वानर प्रधान सुग्रीवका मामा दधिमुख नामक वानरने सदैव उसकी रक्षा करता था ॥६॥

वानरराज सुग्रीवके उस मनोहर महावनके पास पहुँच कर वे सभी वानर फल खाने और मधु पीनेके लिये अत्यन्त उत्सुक हो गये ॥१०॥

इसके बाद हर्षयुक्त और मधुके समान पिंगलवर्णवाले उन वानरोंने उस महान् मधुवनको देखकर कुमार अङ्गदसे मधु पीनेके लिये आज्ञा माँगी ॥११॥

कुमार अङ्गदने भी उन बड़े-बूढ़े जाम्बवान आदि वानरोंकी आज्ञा लेकर उन सभी वानरोंको मधु पीनेके लिये आदेश दे दिया ॥१२॥

बुद्धिमान् वालिपुत्र अङ्गदकी आज्ञा पाते ही वे सभी वानर भ्रमरोंके समूहसे परिपूर्ण वृक्षोंपर चढ़ गये ॥१३॥

वहाँके फल-मूलोंको खानेसे वे सभी वानर बहुत प्रसन्न हुए। वे सबके सब मदसे उन्मत्त हो गये ॥१४॥

युवराज अङ्गदका आदेश मिलनेसे सभी वानर अत्यन्त प्रसन्न हो गये। वे आनन्दमग्न होनेसे इधर-उधर नाचने लगे ॥१५॥

कोई गाते, कोई हँसते, कोई नाचते, कोई प्रणाम करते, कोई वेगके साथ चलते और कोई-कोई तो उछलते, कूदते तथा प्रलाप करते थे ॥१६॥

कोई एक दूसरेके समीप जाकर मिलते, कोई परस्परमें विवाद करते, कोई एक वृक्षसे दूसरे वृक्षपर दौड़ जाते और कोई वृक्षोंकी शाखाओंपरसे भूमिपर कूद जाते थे ॥१७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महीतलात् केचिदुदीर्णवेगा
महाद्रुमाग्राण्यभिसम्पतन्ति ।
गायन्तमन्यः प्रहसन्नुपैति
हसन्तमन्यः प्ररुदन्नुपैति ॥१८
तुदन्तमन्यः प्रणदन्नुपैति
समाकुलं तत्कपिसैन्यमासीत् ।
न चात्र कश्चिन्न बभूव मत्तो
न चात्र कश्चिन्न बभूव दृप्तः ॥१९
ततो वनं तत् परिभक्ष्यमाणं
द्रुमांश्च विध्वंसितपत्रपुष्पान् ।
समीक्ष्य कोपाद् दधिवक्त्रनामा
निवारयामास कपिः कपींस्तान् ॥२०

स तैः प्रवृद्धैः परिभर्त्स्यमानो
वनस्य गोप्ता हरिवृद्धवीरः ।
चकार भूयो मतिमुग्रतेजा
वनस्य रक्षां प्रति वानरेभ्यः ॥२१
उवाच कांश्चित् परुषाण्यभीत-
मसक्तकन्यांश्च तलैर्जघान ।
समेत्य कैश्चित् कलहं चकार
तथैव साम्नोपजगाम कांश्चित् ॥२२
स तैर्मदादप्रतिवार्यवेगै-
र्बलाच्च तेन प्रतिबार्यमाणैः ।
प्रधर्षणे त्यक्तभयैः समेत्य
प्रकृष्यते चाप्यनवेक्ष्य दोषम् ॥२३

गानरोदनहासा मधुपानमत्तधर्माः ॥१८॥

तुदन्तं व्यथयन्तम् । समाकुलम् उत्कटमत्तचेष्टम् । दृप्तोऽतिमत्तः ॥१६-२०॥

प्रवृद्धैः प्रवृद्धमदैः ॥२१-२२॥

मदादप्रतिवार्यो निवारयितुमशक्यो वेगो येषां तैः । तेन दधिमुखेन बलात्प्रतिवार्यमाणैः प्रधर्षणे दोषं राजदण्डमनवेक्ष्य । अतएव त्यक्तभयैः । समेत्य प्रकृष्यते स्म ॥२३॥

कितने प्रचण्ड वेगसे युक्त वानर पृथ्वीपरसे दौड़कर बड़े बड़े वृक्षोंके अग्रभागपर चले जाते, कोई गान करते, दूसरा कोई उसके पास हँसते हुए चला जाता। कोई हँसते हुएके पास बड़े जोरसे रोता हुआ चला जाता था ॥१८॥

कोई दूसरा वानर दूसरेको पीडा देता था तो कोई अन्य वानर उसके पास गर्जना करता हुआ आता था। इस प्रकार वह समस्त वानर सेना मतवाली होकर उसीके समान चेष्टा करती थी। उस वानर समूहमें कोई भी ऐसा नहीं था, जो मतवाला नहीं हुआ था और कोई भी ऐसा नहीं था, जो मदोन्मत्त नहीं हुआ था ॥१९॥

इसके बाद मधुवनके फल आदिका भक्षण करते और वहाँके पत्तों एवं पुष्पोंको विनष्ट करते हुए देखकर दधिमुख नामक वानरने कुपित होकर उन सबको वैसा करनेसे रोका ॥२०॥

अधिक मतवाले बड़े-बड़े वानरोंने वनकी रक्षा करनेवाले उस वृद्ध वानर वीरको उल्टे डाँटना आरम्भ किया, तथापि उग्रतेजस्वी दधिमुखने उन वानरोंसे वनकी रक्षा करनेका ही विचार किया ॥२१॥

उन्होंने निर्भय होकर किसीको अत्यन्त कठोर वचन कहा, बहुतोंको थप्पड़ोंसे मारा, बहुतोंके साथ कलह किया और किसी-किसीके साथ शान्तिपूर्ण उपायसे भी व्यवहार किया ॥२२॥

मदके कारण वेगको रोकना असम्भव था। उन वानरों को जब दधिमुखने बलपूर्वक रोकनेका प्रयास किया, तब उन सब वानरोंने मिलकर उनको इधर-उधर घसीटने लगे। वनरक्षकपर आक्रमण करनेसे राजदण्ड मिलेगा, इसका भय उनको नहीं था। इसलिये वे सब निर्भय होकर उनको इधर-उधर खींचने लगे ॥२३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नखैस्तुदन्तो दशनैर्दशन्त- मदात् कपिं ते कपयः समन्ता-
स्तलैश्च पादैश्च समापयन्तः । न्महावनं निर्विषयञ्च चक्रुः ॥२४

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे एकषष्टितमः सर्गः ॥६१॥

समापयन्तः मृतकल्पं कुर्वन्तः । महावनं निर्विषयं निर्गत- मधुफलादिभोज्यम् ।२४॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुदरकाण्डे एकषष्टितमः सर्गः ॥६१॥

मदके कारण वे सब वानर दधिमुख वानरको नखोंसे नोचने, दाँतोंसे काटने और थप्पड़ों एवं लातोंसे उनको मारने लगे। इस प्रकार उन सबोंने उस वनको फल आदिसे विहीन कर दिया ॥२४॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें एकसठवाँ सर्ग समाप्त ॥६१॥

द्विषष्टितमः सर्गः

[हनुमन्निर्देशं लब्ध्वा क्षोभेण सह मधुवनप्रवेशपूर्वकं मधु पीत्वा गीत-नृत्यादिना मत्ततामाचरद्भिर्वानरैर्निषेधप्रवृत्तानां रक्षिणां विताड़नम्, विताड़ितैर्वनरक्षकैर्दधिमुखाय सर्ववृत्तान्तस्य निवेदनम् पुनर्दधिमुखे निषेधप्रवृत्ते अङ्गदेन तं प्रहरता भुवि निष्पेषणम्, तदा सुग्रीवाय सर्वं निवेदितुकामानां दधिमुख रक्षकानां किष्किन्धागमनम्, रामसन्निधौ सुग्रीवगमनञ्च ।]

तानुवाच हरिश्रेष्ठो हनूमान् वानरर्षभः ।
अव्यग्रमनसो यूयं मधु सेवत वानराः ॥१
अहमावर्जयिष्यामि युष्माकं परिपन्थिनः ।
श्रुत्वा हनूमतो वाक्यं हरीणां प्रवरोऽङ्गदः ॥२
प्रत्युवाच प्रसन्नात्मा पिबन्तु हरयो मधु ।
अवश्यं कृतकार्य्यस्य वाक्यं हनुमतो मया ॥३
अकार्य्यमपि कर्त्तव्यं किमङ्ग पुनरीदृशम् ।
अङ्गदस्य मुखाच्छ्रुत्वा वचनं वानरर्षभाः ॥४

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

पुनरुक्तमेव विस्तारेणाह,—तानिति ॥१॥

अवर्जयिष्यामि निवारयिष्यामि ॥२ ३॥

[हनुमान्का आदेशसे क्रोधित वानरोंका मधुवनमें प्रवेश करके खेल-कूद करते हुए मधुपान करना, रक्षकोंसे निवारित होकर उन्हें पीटना, रक्षकों और दधिमुखका पराभव तथा सेवकोंके साथ दधिमुखका किष्किन्धामें जाना एवं रामके समीप सुग्रीवको प्रणाम करना।]

उस समय वानरश्रेष्ठ हनुमान्जीने वानरोंसे कहा—वानरो! तुमलोग शान्तमनसे मधुका पान करो। मैं तुम्हारे विरोधियोंको रोकूँगा। हनुमान्जीकी ऐसी बात सुनकर वानरश्रेष्ठ अङ्गदने प्रसन्न होकर कहा कि वानर लोग अपनी इच्छाके अनुसार मधुका पान करें। हनुमान्जी इस समय कार्य सिद्ध करके लौटे हैं, इसलिये इनकी बात स्वीकार करने योग्य न होनेपर भी अवश्य स्वीकार करनी चाहिये। ऐसी बातके लिये तो कहना ही क्या है? अङ्गदके मुखसे ऐसी बात सुनकर सभी श्रेष्ठ वानर प्रसन्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साधु साध्विति संहृष्टा वानराः प्रत्यपूजयन् ।
पूजयित्वाङ्गदं सर्व्वे वानरा वानरर्षभम् ॥५
जग्मुर्मधुवनं यत्र नदीवेग इव द्रुमम् ।
ते प्रविष्टा मधुवनं पालानाक्रम्य शक्तितः ॥६
अतिसर्गाच्च पटवो दृष्ट्वा श्रुत्वा च मैथिलीम् ।
पपुः सर्व्वे मधु तदा रसवत् फलमाददुः ॥७
उत्पत्य च ततः सर्व्वे वनपालान् समागतान् ।
ते ताड़यन्तः शतशः सक्ता मधुवने तदा ॥८

ईदृशम् एतन्मात्रार्थकम् ॥४ ५॥

यत्र मधुवनं यत्र मार्गे गमनेन मधुवनं प्राप्यते तेन मार्गेण जग्मुः ॥६॥

ते पटवो हनूमांश्च मैथिलीं दृष्ट्वा अन्ये तन्मुखात्तां लंकास्थां श्रुत्वा महत्कार्यकरणेन भयराहित्यादतिसर्गादंगदानुज्ञानान्मधुवनं विष्टाः पालान् बलादाक्रम्य बद्ध्वा मधु पपुः रसवत्फलं चाददुर्भक्षणार्थमिति शेषः ॥७॥

हो गये और साधु साधु ऐसा कहते हुए उनकी प्रशंसा करने लगे। वानर प्रधान अङ्गदकी प्रशंसा करके वे सभी वानर मधुवनकी ओर उसी प्रकार दौड़ते हुए गये, जैसे नदी जलका वेग तीरके वृक्षोंकी ओर जाता है। मिथिलेशपुत्री सीताजीको देखकर हनुमान्‌जी आये थे और दूसरे वानरोंने उनके मुखसे सुना था, इसलिये उन सबका उत्साह बढ़ा हुआ था। अतः वे सभी पराक्रमी वानर वनके रक्षकोंपर पूरी शक्तिसे आक्रमण करके मधुवनमें प्रवेश कर गये और वहाँ इच्छानुसार मधु पीने तथा रससे भरे हुए फल खाने लगे ॥१—७॥

रोकनेके लिये अपने पास आते हुए रक्षकोंको वे सब वानर सैकड़ोंकी संख्यामें एकत्रित होकर उछल-उछलकर मारते थे और मधुपान करनेमें तथा फल खानेमें लगे हुए थे ॥८॥

मधूनि द्रोणमात्राणि बाहुभिः परिगृह्य ते ।
पिबन्ति कपयः केचित् सङ्घशस्तत्र हृष्टवत् ॥९
घ्नन्ति स्म सहिताः सर्व्वे भक्षयन्ति तथापरे ।
केचित् पीत्वापविध्यन्ति मधूनि मधुपिङ्गलाः ॥१०
मधूच्छिष्टेन केचिच्च जघ्नुरन्योन्यमुत्कटाः ।
अपरे वृक्षमूलेषु शाखा गृह्य व्यवस्थिताः ॥११
अत्यर्थञ्च मदग्लानाः पर्णान्यास्तीर्य्य शेरते ।
उन्मत्तवेगाः प्लवगा मधुमत्ताश्च हृष्टवत् ॥१२

मधुवने सक्ता भक्षणार्थं लग्नाः ॥८-९॥

अपविध्यन्ति प्रक्षिपन्ति मधूनि मधुपटलानि ॥१०-११॥

उन्मत्तवेगाः । उन्मत्तानां वेगो येषां ते । यद्वातिशयितवेगा इत्यर्थः ॥१२-१३॥

कितने वानर तो एकत्रित होकर अपने हाथोंसे एक एक द्रोण (बत्तीस सेरका एक द्रोण होता है) मधुसे भरे हुए छत्तोंको पकड़ कर आनन्दपूर्वक पी जाते थे ॥९॥

मधुके समान पिङ्गल वर्णवाले वे सब वानर एक साथ मिलकर मधुके छत्तोंको पीटते, दूसरे वानर उस मधुको पी जाते और कितने तो पीकर बचे हुए मधुको फेंक देते थे ॥१०॥

कितने मदमत्त वानर मोमसे एक दूसरेको मारते थे और कितने वानर डालियाँ पकड़कर वृक्षोंके नीचे खड़े हो गये थे ॥११॥

कितने वानर तो मदके कारण ग्लानिका अनुभव कर रहे थे और उनका वेग उन्मत्त पुरुषोंके समान हो रहा था। वे सब मधु पीकर मतवाले हो रहे थे। इसलिये आनन्द पूर्वक पत्ते बिछा कर सो गये ॥१२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्षिपन्त्यपि तथान्योन्यं स्खलन्ति च तथापरे ।
केचित् क्ष्वेड़ान् प्रकुर्वन्ति
केचित् कूजन्ति हृष्टवत् ॥१३
हरयो मधुना मत्ताः केचित् सुप्ता महीतले ।
धृष्टाः केचिद्धसन्त्यन्ये केचित् कुर्वन्ति चेतरत् ॥१४
कृत्वा केचिद् वदन्त्यन्ये केचिद् बुध्यन्ति चेतरत् ।
येऽप्यत्र मधुपालाः स्युः प्रेष्या दधिमुखस्य तु ॥१५
तेऽपि तैर्वानरैर्भीमैः प्रतिषिद्धा दिशो गताः ।
जानुभिश्च प्रघृष्टाश्च देवमार्गञ्च दर्शिताः ॥१६
अब्रुवन् परमोद्विग्ना गत्वा दधिमुखं वचः ।

हनूमता दत्तवरैर्हृतं मधुवनं बलात् ।
वयञ्च जानुभिर्घृष्टा देवमार्गञ्च दर्शिताः ॥१७
तदा दधिमुखः क्रुद्धो वनपस्तत्र वानरः ।
हृतं मधुवनं श्रुत्वा सान्त्वयामास तान् हरीन् ॥१८
एतागच्छत गच्छामो वानरानतिदर्पितान् ।
बलेनावारयिष्यामि प्रभुञ्जानान् मधूत्तमम् ॥१९
श्रुत्वा दधिमुखस्येदं वचनं वानरर्षभाः ।
पुनर्वीरा मधुवनं तेनैव सहिता ययुः ॥२०
मध्ये चैषां दधिमुखः सुप्रगृह्य महातरुम् ।
समभ्यधावन् वेगेन सर्व्वे ते च प्लवङ्गमाः ॥२१

इतरद्रोदनम् ॥१४॥

केचिदन्यत्कृत्वा अन्यद्वदन्ति । केचिदुक्तवचनार्थं विद्यमानं परित्यज्यान्यमेव बुध्यन्ते ॥१५॥

प्रतिषिद्धाः ताडनादिना निरस्ताः जानुभिः प्रघृष्टाः जानुषु गृहीत्वा आकृष्टाः । देवमार्गम् अपानद्वारमिति तीर्थः । देवमार्गं दर्शिताः । पादौ गृहीत्वोर्ध्वं प्रक्षिप्ता इत्यर्थः । कर्णौ अंगुलिभिर्घृत्वोर्ध्वीकृता इति वार्थ इत्यन्ये ॥१६-१७॥

तान् स्वसंबन्धिनः पालान् ॥१८॥

एत आगच्छत अग्रे इति शेषः । गच्छामः वयमप्यागच्छाम इत्यर्थः ॥१९॥

कोई एक दूसरेके ऊपर मधु फेंक रहे थे, कोई लड़खड़ा कर गिर रहे थे और कोई हर्षके साथ पक्षियोंके समान बोल रहे थे ॥१३॥

कितने वानर तो मधुसे मत्त होकर पृथ्वीपर सो गये थे। कुछ ढीठ वानर हँसते और कुछ रो रहे थे ॥१४॥

कुछ वानर दूसरा काम करके दूसरा बताते थे और उस विषयका दूसरा ही अर्थ समझते थे। इस प्रकार उस वनमें दधिमुख वानरके सेवक जो मधुकी रक्षामें नियुक्त थे। वे भी उन भयानक वानरोंद्वारा रोके या पीटे जानेपर सभी दिशाओंमें भाग गये। उनमेंसे कोई रखवालोंको तो घुटनोंसे रगड़ डाला तथा कितनोंको पाँव पकड़ कर आकाशमें उछाल दिया ॥१५, १६॥

अत्यन्त व्याकुल होकर वे सब सेवक दधिमुखके पास जाकर बोले—हनुमान्‌जीके द्वारा उत्साह दिये जानेपर उनके दलके सभी वानरोंने बलपूर्वक मधुवनको विध्वंस कर दिया और हमलोगोंको घुटनोंसे रगड़ डाला एवं पीठको ओरसे गिराकर आकाश भी दिखा दिया ॥१७॥

तब उस वनके प्रधान रक्षक दधिमुख वानरने मधुवनके विध्वंसका समाचार सुनकर क्रोधित हो गये और उन वानरोंको समझाते हुए बोले—॥१८॥

आओ, अत्यन्त घमण्डमें भरे हुए वानरोंके पास चलें। मधुवनके उत्तम मधुको खानेवाले इन सबको बलपूर्वक मैं रोक दूँगा ॥१९॥

दधिमुखकी इस बातको सुनकर वे वीर वानरश्रेष्ठ पुनः उनके साथ मधुवनको गये ॥२०॥

इनके बीचमें खड़े हुए दधिमुखने एक विशाल वृक्ष लेकर उन वानरोंकी ओर वेगपूर्वक दौड़े और वे सब वानर भी उनके साथ ही दौड़ पड़े ॥२१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ते शिलाः पादपांश्चैव पाषाणानपि वानराः ।
गृहीत्वाभ्यागमन् क्रुद्धा यत्र ते कपिकुञ्जराः ॥२२
बलान्निवारयन्तश्च आसेदुर्हरयो हरीन् ।
सन्दष्टौष्ठपुटाः क्रुद्धा भर्त्सयन्तो मुहुर्मुहुः ॥२३
अथ दृष्ट्वा दधिमुखं क्रुद्धं वानरपुङ्गवाः ।
अभ्यधावन्त वेगेन हनुमत्प्रमुखास्तदा ॥२४
स वृक्षं तं महाबाहुमापतन्तं महाबलम् ।
वेगवन्तं विजग्राह बाहुभ्यां कुपितोऽङ्गदः ॥२५
मदान्धो न कृपां चक्रे आर्यकोऽयं ममेति सः ।
अथैनं निष्पिपेषाशु वेगेन वसुधातले ॥२६
स भग्नबाहूरुमुखो विह्वलः शोणितोक्षितः ।
प्रमुमोह महावीरो मुहूर्त्तं कपिकुञ्जरः ॥२७

(स महात्म्यस्य महता संक्रुद्धो राजमातुलः ।
वानरान् वारयामास दन्तेन मधुमोहितान् ।)
स कथञ्चिद् विमुक्तस्तैर्वानरैर्वानरर्षभः ।
उवाचैकान्तमागत्य स्वान् भृत्यान् समुपागतान् ॥२८
एतागच्छत गच्छामो भर्त्ता नो यत्र वानरः ।
सुग्रीवो विपुलग्रीवः सह रामेण तिष्ठति ॥२९
सर्व्वं चैवाङ्गदे दोषं श्रावयिष्यामि पार्थिवे ।
अमर्षी वचनं श्रुत्वा घातयिष्यति वानरान् ॥३०
इष्टं मधुवनं ह्येतत् सुग्रीवस्य महात्मनः ।
पितृपैतामहं दिव्यं देवैरपि दुरासदम् ॥३१
स वानरानिमान् सर्व्वान् मधुलुब्धान् गतायुषः ।
घातयिष्यति दण्डेन सुग्रीवः ससुहृज्जनान् ॥३२

सर्वे ते च समभ्यधावन्निति शेषः ॥२०-२१॥
हरयः पालाः । हरीन् हनुमदादीन् ॥२३-२५॥

आर्यकः सुग्रीवमातुलत्वात्पूज्यः ॥२६-२८॥
भर्ता राजा ॥३९-३३॥

क्रोधसे युक्त वे सब वानर भी पत्थर, वृक्ष आदि लेकर वहींपर आ गये । जहाँ हनुमान् आदि प्रधान वानर मधुपान कर रहे थे ॥२२॥

अपने ओष्ठको दाँतोंसे दबाते हुए क्रोधके साथ बारंबार धमकाते हुए सभी बानर उन वानरोंको बलसे रोकनेके लिये उनके पास जा पहुँचे ॥२३॥

उस समय दधिमुखको कुपित देखकर हनुमान् आदि प्रधान वानर बड़े वेगसे उन्हींकी ओर दौड़ पड़े ॥२४॥

वृक्ष लेकर आते हुए वेगवान् महाबली महाबाहु दधिमुखको कुपित देखकर अङ्गदने दोनों हाथोंसे पकड़ लिया ॥२५॥

मधु पीनेसे मदान्ध अङ्गदने ये मेरे नाना हैं, ऐसा समझकर उन पर दया नहीं की, किन्तु शीघ्र ही उन्हें पृथ्वीपर पटककर रगड़ना आरम्भ किया ॥२६॥

उनकी भुजाएँ, जाँघे और मुँह सब टूट गये । वे रक्तसे नहा गये और व्याकुल हो गये । इस प्रकार महावीर कपिश्रेष्ठ दधिमुख वहाँ मुहूर्तभर बेहोस पड़े रहे ॥२७॥

उन वानरोंके हाथसे किसी प्रकार छुटकारा मिलनेपर वानरश्रेष्ठ दधिमुख एकान्तमें आये और वहाँ एकत्रित हुए अपने सेवकोंसे बोले ॥२८॥

आओ, अब हमलोग वहाँ चले, जहाँ हमलोगोंके स्वामी बानर सुग्रीव श्रीरामचन्द्रजीके साथ रहते हैं ॥२९॥

राजाके पास चलकर सारा दोष अङ्गदका ही है, ऐसा कहेंगे । क्रोधी सुग्रीव मेरी बात सुनकर इन सभी वानरोंको मरवा देंगे ॥३०॥

महात्मा सुग्रीवको यह वन अत्यन्त प्रिय है । यह उनके बाप, दादोंके समयका वन है और इसमें प्रवेश करना देवताओंके लिये भी कठिन हैं ॥३१॥

मधुके लोभी इन सभी वानरोंकी आयु समाप्त हो चली है । सुग्रीव इन्हें कठोर दण्ड देकर इनके बान्धवों सहित सबोंको मरवा देंगे ॥३२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वध्या ह्येते दुरात्मानो नृपाज्ञापरिपन्थिनः ।
अमर्षप्रभवो रोषः सफलो मे भविष्यति ॥३३
एवमुक्त्वा दधिमुखो वनपालान् महाबलः ।
जगाम सहसोत्पत्य वनपालैः समन्वितः ॥३४
निमेषान्तरमात्रेण स हि प्राप्तो वनालयः ।
सहस्रांशुसुतो धीमान् सुग्रीवो यत्र वानरः ॥३५
रामञ्च लक्ष्मणञ्चैव दृष्ट्वा सुग्रीवमेव च ।
समप्रतिष्ठां जगतीमाकाशान्निपपात ह ॥३६
स निपत्य महावीरः सर्व्वैस्तैः परिवारितः ।
हरिर्दधिमुखः पालैः पालानां परमेश्वरः ॥३७
स दीनवदनो भूत्वा कृत्वा शिरसि चाञ्जलिम् ।
सुग्रीवस्याशु तौ मूर्ध्ना चरणौ प्रत्यपीड़यत् ॥३८

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे द्विषष्टितमः सर्गः ॥६२॥

नृपाज्ञापरिपंथिनः तदाज्ञाविरुद्धकर्तारः । अमर्षप्रभवोऽक्षमाजन्यः ॥३४-३६॥

समप्रतिष्ठां समतलाम् । जगतीं भूमिं दृष्ट्वेत्यनुकर्षः ॥३७-३८
तौ सर्ववानरपूज्यौ चरणावित्यन्वयः ॥३९॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे द्विषष्टितमः सर्गः ॥६२॥

राजाकी आज्ञाका उल्लंघन करनेवाले ये दुरात्मा वानर वधके ही योग्य हैं। इनका वध होनेपर ही मेरा अमर्षसे उत्पन्न हुआ क्रोध सफल होगा ॥३३॥

वनके रक्षकोंसे इस प्रकार कहकर और उनको साथमें लेकर दधिमुख सहसा उछलकर आकाशमार्गसे चल पड़े ॥३४॥

निमेशमात्रमें ही वहाँ पहुँच गये, जहाँ सूर्यपुत्र बुद्धिमान् वानरराज सुग्रीव निवास करते थे ॥३५॥

श्रीराम, लक्ष्मण और सुग्रीवको दूरसे ही देखकर आकाशसे समतल भूमिपर उतर पड़े ॥३६॥

वन रक्षकोंके स्वामी महावीर वानर दधिमुख पृथ्वीपर उतरकर उन रक्षकोंसे घिरे हुए उदास मुख किये सुग्रीवके समीप पहुँचे और शिरपर अञ्जलि रखकर उनके चरणोंमें मस्तक झुकाकर उन्होंने नमस्कार किया ॥३७॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें बासठवाँ सर्ग समाप्त ॥६२॥

त्रिषष्टितमः सर्गः

[दधिमुखेन सुग्रीवाय मधुवनविध्वंसनसन्देश-निवेदनम्, लक्ष्मणस्य सुग्रीवसमीपे दधिमुखवृत्तान्तजिज्ञासा, तद्वृत्तान्तमाकर्ण्य वानराणाञ्च हर्षोदयमवगम्य लक्ष्मणस्य सीतासन्धानप्राप्तिनिश्चयः, दधिमुखायाश्वासप्रदानं, सत्वरमङ्गदप्रभृतीन् प्रेषयितुं निर्देशश्च ।]

ततो मूर्ध्ना निपतितं वानरं वानरर्षभः ।
दृष्ट्वैवोद्विग्नहृदयो वाक्यमेतदुवाच ह ॥१

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

[दधिमुखसे वनविध्वंसका समाचार सुनना, लक्ष्मणका सुग्रीवसे दधिमुखके विषयमें पूछना, एवं दधिमुखसे सब वृत्तान्त सुनकर वानरोंकी सफलताके विषयमें लक्ष्मणका अनुमान करना, एवं सुग्रीवका दधिमुखको आश्वासन देकर अङ्गदप्रभृति वानरोंको शीघ्र यहाँ भेजनेके लिये उनको आदेश देना ।]

मस्तक झुकाकर दधिमुखको प्रणाम करते हुए देखकर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तिष्ठोत्तिष्ठ कस्मात्त्वं पादयोः पतितो मम ।
अभयं ते प्रदास्यामि सत्यमेवाभिधीयताम् ॥२
किं सम्भ्रमाद्धितं कृत्स्नं ब्रूहि यद् वक्तुमर्हसि ।
कच्चिन्मधुवने स्वस्ति श्रोतुमिच्छामि वानर ॥३
स समाश्वासितस्तेन सुग्रीवेण महात्मना ।
उत्थाय स महाप्राज्ञो वाक्यं दधिमुखोऽब्रवीत् ॥४
नैवर्क्षरजसा राजन् न त्वया न च वालिना ।
वनं निसृष्टपूर्व्वं ते नाशितं तत्तु वानरैः ॥५
न्यवारयमहं सर्व्वान् सहैभिर्वनचारिभिः ।
अचिन्तयित्वा मां हृष्टा भक्षयन्ति पिबन्ति च ॥६

एभिः प्रधर्षणायाञ्च वारितं वनपालकैः ।
मामप्यचिन्तयन् देव भक्षयन्ति वनौकसः ॥७
शिष्टमत्रापविध्यन्ति भक्षयन्ति तथापरे ।
निवार्य्यमाणास्ते सर्व्वे भ्रुकुटिं दर्शयन्ति हि ॥८
इमे हि संरब्धतरास्तदा तैः सम्प्रधर्षिताः ।
निवार्यन्ते वनात्तस्मात् क्रुद्धैर्वानरपुङ्गवैः ॥९
ततस्तैर्बहुभिर्वीरैर्वानरैर्वानरर्षभाः ।
संरक्तनयनैः क्रोधाद्धरयः सम्प्रधर्षिताः ॥१०
पाणिभिर्निहताः केचित् केचिज्जानुभिराहताः ।
प्रकृष्टाश्च तदा कामं देवमार्गञ्च दर्शिताः ॥११

तत इति ॥१-२॥

किं संभ्रमात् कस्य भयादिहागतोऽसीति शेषः । यत्कृत्स्नं हितं तद्ब्रूहि । यतस्त्वं सर्वमुचितमनुचितं च वक्तुमर्हसि ॥३-४॥

नैव निसृष्टपूर्वं वानरेभ्यो यथेच्छभोगाय कदापि नानुज्ञातम् ॥५-६॥

एभिर्हनुमदाद्यैः प्रधर्षणायामारब्धायां वनपालकैर्वारितं मामपि अपिनेतरान् पालकान् अचिन्तयन्तः ॥७॥

भ्रुकुटिं वक्रे भ्रुवौ ॥८॥

इमे मदीयाः । संरब्धतराः निवारणायातियत्नवन्तः ॥९-१२॥

वानरश्रेष्ठ सुग्रीवका हृदय उद्विग्न हो गया और वे उनसे इस प्रकार बोले—॥१॥

उठो, उठो । क्यों तुम मेरे पाँवों पर पड़े हो । मैं तुम्हें अभयदान देता हूँ । तुम सत्य बात कहो ॥२॥

अहो किसके भयसे यहाँ आये हो, जो पूर्णतया हितकर वचन हो, वही कहो, क्योंकि तुम सब कुछ कहनेके योग्य हो । मधुवनमें कुशल तो है ? हे वानर ! मैं तुम्हारे मुखसे ही सब सुनना चाहता हूँ ॥३॥

महात्मा सुग्रीवसे आश्वासन पानेपर महाप्राज्ञ दधि-मुख उठकर खड़े हुए और बोले—॥४॥

हे राजन् ! आपके पिता ऋक्षरजाने, वालीने और आपने भी पहले जिस वनको स्वेच्छानुसार उपभोग करने के लिये आज्ञा नहीं दी थी, उसीको आज वानरोंने विध्वंस कर दिया ॥५॥

मैंने सब वनरक्षकोंके साथ उन सबको रोकनेका बहुत प्रयास किया, किन्तु वे सब मुझे कुछ भी नहीं समझ कर बड़े हर्षके साथ फल खाते और मधु पी रहे हैं ॥६॥

हे देव ! इन हनुमान् आदि वानरोंने जब मधुवनको विध्वंस करना आरम्भ किया, तब हमारे इन वानर रक्षकोंने उनको रोकनेकी बहुत चेष्टा की, किन्तु वे सब वानर इनको और मुझे भी कुछ नहीं समझते हुए वहाँके फल आदि खा रहे हैं ॥७॥

दूसरे वानर खा-पीकर बचे हुए को फेंक देते हैं और जब हमलोग रोकते हैं, तब वे सब भौंहे दिखाते हैं ॥८॥

जब ये वनरक्षक उनपर ज्यादा क्रोध किये, तब उन्होंने इनपर आक्रमण कर दिया । इतना ही नहीं कुपित उन वानरपुङ्गवोंने इन रक्षकोंको वनसे बाहर निकाल भी दिया ॥९॥

बाहर निकलकर बहुतसे वीर वानरोंने क्रोधसे लाल आँखें करके वनकी रखवाली करनेवाले इन श्रेष्ठवानरोंको पटक दिया ॥१०॥

किन्हींको थप्पड़ोंसे मारा, किन्हींको घुटनोंसे रगड़

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवमेते हताः शूरास्त्वयि तिष्ठति भर्तरि ।
कृत्स्नं मधुवनं चैव प्रकामं तैश्च भक्ष्यते ॥१२
एवं विज्ञाप्यमानं तं सुग्रीवं वानरर्षभम् ।
अपृच्छत् तं महाप्राज्ञो लक्ष्मणः परवीरहा ॥१३
किमयं वानरो राजन् वनपः प्रत्युपस्थितः ।
किञ्चार्थमभिनिर्दिश्य दुःखितो वाक्यमब्रवीत् ॥१४
एवमुक्तस्तु सुग्रीवो लक्ष्मणेन महात्मना ।
लक्ष्मणं प्रत्युवाचेदं वाक्यं वाक्यविशारदः ॥१५
आर्य्य लक्ष्मण सम्प्राह वीरो दधिमुखः कपिः ।
अङ्गदप्रमुखैर्वीरैर्भक्षितं मधु वानरैः ॥१६

नैषामकृतकार्य्याणामीदृशः स्याद् व्यतिक्रमः ।
वनं यदभिपन्नास्ते साधितं कर्म्म तद् ध्रुवम् ॥१७
वारयन्तो भृशं प्राप्ताः पाला जानुभिराहताः ।
तथा न गणितश्चायं कपिर्दधिमुखो बली ॥१८
पतिर्मम वनस्यायमस्माभिः स्थापितः स्वयम् ।
दृष्टा देवी न सन्देहो न चान्येन हनूमता ॥१९
न ह्यन्यः साधने हेतुः कर्म्मणोऽस्य हनूमतः ।
कार्य्यसिद्धिर्हनुमति मतिश्च हरिपुङ्गवे ॥२०
व्यवसायश्च वीर्य्यञ्च श्रुतं चापि प्रतिष्ठितम् ।
जाम्बवान् यत्र नेता स्यादङ्गदश्च महाबलः ॥२१

विज्ञाप्यमानम् । दधिमुखेनेति शेषः ॥१३-१६॥

यत् यथा वनमभिपन्नाः नाशयितुं प्रवृत्ताः ॥१७॥

वारयन्तः । हेतौ शता । वारणाद्धेतोर्जानुभिराहताः पालाः प्राप्ताः ॥१८॥

देवी दृष्टेत्यत्र न संदेहस्तत्राप्यन्येन न किन्तु हनूमतेत्यर्थः ॥१९

डाला । बहुतोंको इच्छानुसार घसीट दिया और कितनों को तो पीठकी ओरसे पटककर आकाश दिखा दिया ॥११॥

हे प्रभो ! आपके समान स्वामीको रहते हुए भी ये वीर वनरक्षक उन वानरोंसे इस प्रकार मारे-पीटे गये हैं और वे सब अपनी इच्छाके अनुसार पूरे मधुवनका उपभोग कर रहे हैं ॥१२॥

वानरश्रेष्ठ सुग्रीवको जब इस प्रकार मधुवनका समाचार दधिमुख कह रहे थे, उस समय शत्रुवीरोंको संहार करनेवाले महाबुद्धिमान् लक्ष्मणने उनसे पूछा ॥१३॥

हे राजन् ! यह वनकी रखवाली करनेवाला वानर यहाँ क्यों आया ? और किस विषयकी ओर लक्ष्य करके इसने दुःखित होकर बात की है ? ॥१४॥

महात्मा लक्ष्मणके ऐसा कहनेपर वाक्य विशारद सुग्रीवने उनको इस प्रकार उत्तर दिया —॥१५॥

हे आर्य लक्ष्मण ! वीर वानर दधिमुखने मुझसे यह कहा कि अङ्गद आदि वीर वानरोंने मधुवनका सब मधु भक्षण कर लिया ॥१६॥

इनकी बातोंसे मुझे अनुमान होता है कि उन वानरोंने कार्य पूरा कर लिया । तभी तो उन्होंने मधुवनपर आक्रमण किया । यदि वे कार्य पूर्ण नहीं करते तो वे इस प्रकारका अपराध नहीं करते और मेरे मधुवनमें लूट नहीं मचाते ॥१७

जब रक्षक उनको बारंबार रोकनेके लिये पहुँचे, तब उन्होंने इन सबको पटककर घुटनोंसे रगड़ डाला है और इन बलवान् दधिमुखको भी कुछ नहीं समझा ॥१८॥

ये मेरे मधुवनके प्रधान रक्षक हैं और मैंने स्वयं इनको वहाँपर प्रधान बनाया है । (फिर इनको उन लोगोंने कुछ नहीं समझा) इससे मालूम होता है कि उन्होंने सीतादेवी का साक्षात्कार अवश्य कर लिया है । यह काम हनुमान्का ही है और दूसरे किसीका नहीं ॥१९॥

इस कार्यको साधन करनेमें हनुमान्जीके अतिरिक्त और दूसरा कोई कारण नहीं हो सकता । क्योंकि वानर श्रेष्ठ हनुमान्में ही कार्य सिद्धिकी शक्ति और बुद्धि भी है ॥२०॥

उनमें ही उद्योग, पराक्रम और शास्त्रज्ञान भी है । जिस दलके नेता जाम्बवान् और महाबलशाली अङ्गद हो तथा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हनूमांश्चाप्यधिष्ठाता न तत्र गतिरन्यथा ।
अङ्गदप्रमुखैर्वीरैर्हतं मधुवनं किल ॥२२
विचित्य दक्षिणामाशामागतैर्हरिपुङ्गवैः ।
आगतैश्चाप्रधृष्यं तद्धतं मधुवनं हि तैः ॥२३
धर्षितञ्च वनं कृत्स्नमुपयुक्तन्तु वानरैः ।
पातिता वनपालास्ते तदा जानुभिराहताः ॥२४
एतदर्थमयं प्राप्तो वक्तुं मधुरवागिह ।
नाम्ना दधिमुखो नाम हरिः प्रख्यातविक्रमः ॥२५
दृष्टा सीता महाबाहो सौमित्रे पश्य तत्त्वतः ।
अभिगम्य यथा सर्व्वे पिबन्ति मधु वानराः ॥२६

न चाप्यदृष्ट्वा वैदेहीं विश्रुताः पुरुषर्षभ ।
वनं दत्तवरं दिव्यं धर्षयेयुर्वनौकसः ॥२७
ततः प्रहृष्टो धर्म्मात्मा लक्ष्मणः सह राघवः ।
श्रुत्वा कर्णसुखां वाणीं सुग्रीववदनाच्च्युताम् ॥२८
प्राहृष्यत भृशं रामो लक्ष्मणश्च महायशाः ।
श्रुत्वा दधिमुखस्यैवं सुग्रीवस्तु प्रहृष्य च ॥२९
वनपालं पुनर्वाक्यं सुग्रीवः प्रत्यभाषत ।
प्रीतोऽस्मि सोऽहं यद्भुक्तं वनं तैः कृतकर्म्मभिः ॥३०
धर्षितं मर्षणीयञ्च चेष्टितं कृतकर्म्मणाम् ।
गच्छ शीघ्रं मधुवनं संरक्षस्व त्वमेव हि ॥
शीघ्रं प्रेषय सर्व्वांस्तान् हनूमत्-प्रमुखान् कपीन् ॥३१

अन्यः हनूमतोऽन्य इत्यर्थः । हरिपुङ्गवे हनूमति कार्यसिद्धिर्मतिश्च ॥२०-२३॥

उपयुक्तं भुक्तम् ॥२४-२५॥

यथा मधु पिबन्ति तथा सीता दृष्टेत्यन्वयः ॥२६॥

दत्तवरं वरत्वेन देवैरस्माकं दत्तम् ॥२७-२८॥

एकः सुग्रीवशब्दः शोभनग्रीवपरः ॥२९॥

कृतकर्मभिः साधितकृत्यैः ॥३०—३१॥

अधिष्ठाता हनुमान् हो, उस दलको असफलता हो यह सम्भव नहीं। दक्षिण दिशामें सीताजीका पता लगाकर लौटे हुए अङ्गद आदि वानरश्रेष्ठोंने उस मधुवनपर आक्रमण किया है। जिसको इस प्रकार मर्दित करना दूसरे किसीके लिये भी असम्भव था। उन्होंने मधुवनको उजाड़ दिया, नष्ट किया और सभी वानरोंने मिलकर उसका मनमाना उपभोग किया। उन्होंने वनके रक्षकोंको घुटनोंसे मारकर घायल भी कर दिया। इसी बातको कहनेके लिये विख्यात पराक्रमी यह दधिमुख वानर जो मधुरभाषी हैं, सो यहाँ आये हैं ॥२१-२५॥

हे महाबाहो सुमित्राकुमार! इस बातको आप सत्य मानें कि सीताजीका पता लग गया, क्योंकि वे सभी वानर मधुवनमें जाकर मधु पी रहे हैं ॥२६॥

हे पुरुषश्रेष्ठ! वैदेही सीताजीके दर्शन किये बिना जो देवताओंसे वरदानके रूपमें प्राप्त हुआ है, उस दिव्य वनको वे विख्यात वानर कदापि नष्ट नहीं करते ॥२७॥

सुग्रीवके मुखसे निकली हुई कानोंको सुख देनेवाली इस बातको सुनकर श्रीरामचन्द्रजीके साथ धर्मात्मा लक्ष्मण बहुत प्रसन्न हो गये। श्रीरामचन्द्रजी तो अत्यन्त प्रसन्न हुए और महायशस्वी लक्ष्मण भी हर्षसे खिल गये।

दधिमुखकी बात सुनकर सुग्रीव बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने वनरक्षकको इस प्रकार कहा—।

कार्यको सिद्ध करके लौटे हुए वानरोंने जो मेरे मधुवनका उपभोग किया, उससे मैं बहुत प्रसन्न हूँ। अतएव आपको भी कृतकृत्य होकर आये हुए उन वानरोंकी उद्दण्डताको क्षमा करनी चाहिये ॥२८-३०॥

अब शीघ्र जाइये और आप ही उस मधुवनकी रक्षा कीजिये। साथ ही हनुमान् आदि सभी वानरोंको यहाँ शीघ्र भेज दीजिये ॥३१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इच्छामि शीघ्रं हनुमत्प्रधानान्-
शाखामृगांस्तान् मृगराजदर्पान् ।
प्रष्टुं कृतार्थान् सह राघवाभ्यां
श्रोतुञ्च सीताधिगमे प्रयत्नम् ॥३२

प्रीतिस्फीताक्षौ सम्प्रहृष्टौ कुमारौ
दृष्ट्वा सिद्धार्थौ वानराणाञ्च राजा ।
अङ्गैः प्रहृष्टैः कार्य्यसिद्धिं विदित्वा
बाह्वोरासन्नामतिमात्रं ननन्द ॥३३

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे त्रिषष्टितमः सर्गः ॥६३॥

तान्द्रष्टुमिच्छामि । सीताधिगमे तत्प्राप्तौ कृतं प्रयत्नं च श्रोतुमिच्छामि ॥३२॥

अथ सुग्रीवः स्वोद्योगसाफल्यदर्शनाद् भृशं ननन्देत्याह प्रीतीति । प्रीत्या सन्तोषेण स्फीताक्षौ विकसितनेत्रौ । संप्रहृष्टौ पुलकितगात्रौ सिद्धार्थाविव दृष्ट्वा संप्रहृष्टैः पुलकितैरङ्गैरुपलक्षितः कार्यसिद्धिं बाह्वोरासन्नां हस्तप्राप्तामिव विदित्वा ननन्द ॥३३॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे त्रिषष्टितमः सर्गः ॥६३॥

दर्पमें सिंहके समान उन हनुमान् आदि वानरोंसे शीघ्र मिलना चाहता हूँ। इन दोनों रघुवंशी बन्धुओंके साथ मैं उन वानरोंसे पूछना और सुनना चाहता हूँ कि सीताजीको पानेके लिये कौनसा प्रयत्न करें ॥३२॥

वे दोनों राजकुमार श्रीराम और लक्ष्मण पूर्वोक्त समाचारसे अपना मनोरथ सफल मानकर हर्षसे पुलकित हो गये। उनके आँखें आनन्दसे खिल उठी। उन्हें इस प्रकार प्रसन्न देखकर तथा अपने हर्षोत्फुल्ल अङ्गोंसे कार्य सिद्धिको हस्तगत समझकर वानरोंके राजा सुग्रीव भी आनन्दित हो गये ॥३३॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें तिरसठवाँ सर्ग समाप्त ॥६३॥

चतुःषष्टितमः सर्गः

मधुवनं प्रत्यागम्य सुग्रीवसमादिष्टस्य दधिमुखस्य अङ्गदसमीपे क्षमाप्रार्थना, झटिति सुग्रीवसमीपे गमनाय सुग्रीवादेशज्ञापनञ्च । हनुमत्-प्रभृतिभिः शाकं सुग्रीवसन्निधिमुपनीतेनाङ्गदेन प्रणतिपूर्वकं श्रीरामचन्द्राय सीतासन्दर्शनादिवार्ता निवेदनम् ।

सुग्रीवेणैवमुक्तस्तु हृष्टो दधिमुखः कपिः ।
राघवं लक्ष्मणञ्चैव सुग्रीवं चाभ्यवादयत् ॥१

स प्रणम्य च सुग्रीवं राघवौ च महाबलौ ।
वानरैः सहितः शूरैर्दिवमेवोत्पपात ह ॥२

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

सुग्रीवेणेति ॥१-३॥

[मधुवनमें जाकर दधिमुख प्रभृतिका अङ्गदके पास क्षमा माँगना, दधिमुखसे सुग्रीवका संदेश सुनकर अङ्गद आदि वानरोंका किष्किन्धामें पहुँचना एवं हनुमानजीका श्रीरामको प्रणाम करके सीताजीके दर्शनका समाचार कहना ।]

सुग्रीवके ऐसा कहनेपर प्रसन्नचित्त दधिमुख वानरने श्रीराम, लक्ष्मण और सुग्रीवको भी प्रणाम किया ॥१॥

सुग्रीव तथा महाबली रघुकुलोत्पन्न उन दोनों भाइयोंको प्रणाम करके वे वीर वानरोंके साथ आकाशमें ही उड़ गये ॥२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स यथैवागतः पूर्व्वं तथैव त्वरितं गतः ।
निपत्य गगनाद्भूमौ तद् वनं प्रविवेश ह ॥३
स प्रविष्टो मधुवनं ददर्श हरियूथपान् ।
विमदानुद्धतान् सर्व्वान् मेहमानान् मधूदकम् ॥४
स तानुपागमद् वीरो बद्ध्वा करपुटाञ्जलिम् ।
उवाच वचनं श्लक्ष्णमिदं हृष्टवदङ्गदम् ॥५
सौम्य रोषो न कर्त्तव्यो यदेभिः परिवारणम् ।
अज्ञानाद् रक्षिभिः क्रोधाद् भवन्तुः प्रतिषेधिताः ॥६
श्रान्तो दूरादनुप्राप्तो भक्षयस्व स्वकं मधु ।
युवराजस्त्वमीशश्च वनस्यास्य महाबल ॥७

मौर्ख्यात् पूर्व्वं कृतो रोषस्तद्भवान् क्षन्तुमर्हति ।
यथैव हि पिता तेऽभूत् पूर्वं हरिगणेश्वरः ॥८
तथा त्वमपि सुग्रीवो नान्यस्तु हरिसत्तम ।
आख्यातं हि मया गत्वा पितृव्यस्य तवानघ ॥९
इहोपयानं सर्वेषामेतेषां वनचारिणाम् ।
भवदागमनं श्रुत्वा सहैभिर्वनचारिभिः ॥१०
प्रहृष्टो न तु रुष्टोऽसौ वनं श्रुत्वा प्रधर्षितम् ।
प्रहृष्टो मां पितृव्यस्ते सुग्रीवो वानरेश्वरः ॥११
शीघ्रं प्रेषय सर्व्वांस्तानिति होवाच पार्थिवः ।
श्रुत्वा दधिमुखस्यैतद् वचनं श्लक्ष्णमङ्गदः ॥१२

विमदत्वसूचकं मेहमानान्मधूदकमिति । मेहमानान्मूत्रयतः । मधुपरिणामभूतमुदकं मधूदकम् । एवं मूत्रणान्मधूनां जीर्णता बोधिता । अतएव विमदान् ॥४-५॥

एभिः रक्षिभिरज्ञानात्क्रोधाच्च भवन्तः प्रतिषेधिता इति यदेतत्परिवारणं प्रति रोषो न कर्तव्य इत्यर्थः ॥६-७॥

रोषः कृतो मदीयैरिति शेषः ॥८॥

तथा सुग्रीवस्त्वमपि त्वञ्च हरीश्वरः ॥९-१२॥

वे जिस प्रकार पहले आये थे, उसी प्रकार शीघ्रतासे वहाँ पहुँच भी गये। वे आकाशसे पृथ्वीपर उतरकर मधुवनमें गये ॥३॥

मधुवनमें प्रवेश करके उन्होंने देखा कि समस्त वानर यूथपति जो पहले मदमत्त हो रहे थे, वे अब मदरहित हो गये हैं — इनका नशा उतर गया है और ये अपने मूत्रेन्द्रिय द्वार मधु मिले हुए जलका त्याग कर रहे हैं ॥४॥

वीर दधिमुख उनके पास पहुँचे और हाथ जोड़कर अङ्गदसे हर्षपूर्ण वचन बोले—॥५॥

हे सौम्य ! इन रक्षकोंने जो अज्ञानवश आप सबको रोका था और मधु पीनेसे मना किया था, इनसे आपको क्रोध नहीं करना चाहिये ॥६॥

आपलोग दूरसे थके हुए आये हैं, इसलिये फल खाइये, मधु पान कीजिये, यह सब आपकी ही तो सम्पत्ति है। हे महाबली वीर ! आप हमारे युवराज एवं इस वनके स्वामी हैं ॥७॥

हे कपिश्रेष्ठ ! मैंने पहले मूर्खतासे जो क्रोध किया था, उसे आप क्षमा कीजिये। क्योंकि पहले आपके पिता वाली जैसे वानरोंके राजा थे, उसी प्रकार अभी सुग्रीव तथा आप भी राजा हैं। आप दोनोंके अतिरिक्त कोई दूसरा हम लोगोंका स्वामी नहीं हैं।

हे निष्पाप ! मैंने यहाँसे जाकर आपके चाचा सुग्रीवसे इन सब वानरोंका यहाँ आनेका समाचार कहा था।

इन सब वानरोंके साथ आपको यहाँ आनेका समाचार सुनकर वे बहुत प्रसन्न हुए और इस वनको विनष्ट होनेके समाचारसे भी वे रुष्ट नहीं हुए।

आपके चाचा सुग्रीवजीने अत्यन्त प्रसन्नतासे मुझे कहा है कि उन सबको शीघ्र यहाँ भेजो। दधिमुखका यह वचन सुनकर वाक्यविशारद वानरश्रेष्ठ अङ्गदने उन सभी वानरोंसे मधुर वचन कहा—॥

हे वानरयूथपतियो ! मुझे ऐसा मालूम होता है कि श्रीरामने हमलोगोंके आनेका समाचार सुन लिया, क्योंकि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब्रवीत्तान् हरिश्रेष्ठो वाक्यं वाक्यविशारदः ।
शङ्के श्रुतोऽयं वृत्तान्तो रामेण हरियूथपाः ॥१३
अयञ्च हर्षादाख्याति तेन जानामि हेतुना ।
तत् क्षमं नेह नः स्थातुं कृते कार्य्ये परन्तपाः ॥१४
पीत्वा मधु यथाकामं विक्रान्ता वनचारिणः ।
किं शेषं गमनं तत्र सुग्रीवो यत्र वानरः ॥१५
सर्वे यथा मां वक्ष्यन्ति समेत्य हरिपुङ्गवाः ।
तथास्मि कर्ता कर्त्तव्ये भवद्भिः परवानहम् ॥१६
नाज्ञापयितुमीशोऽहं युवराजोऽस्मि यद्यपि ।
अयुक्तं कृतकर्म्माणो यूयं धर्षयितुं बलात् ॥१७
ब्रुवतश्चाङ्गदस्यैवं श्रुत्वा वचनमुत्तमम् ।
प्रहृष्टमनसा वाक्यमिदमूचुर्वनौकसः ॥१८
एवं वक्ष्यति को राजन् प्रभुः सन् वानरर्षभ ।
ऐश्वर्य्यमदमत्तो हि सर्वोऽहमिति मन्यते ॥१९
तव चेदं सुसदृशं वाक्यं नान्यस्य कस्यचित् ।
सन्नतिर्हि तवाख्याति भविष्यच्छुभयोग्यताम् ॥२०
सर्व्वे वयमपि प्राप्तास्तत्र गन्तुं कृतक्षणाः ।
स यत्र हरिवीराणां सुग्रीवः पतिरव्ययः ॥२१

शङ्के दधिमुखस्य परावृत्यागमनात् ॥१३॥

किं चायं हर्षादाख्याति । सुग्रीवसन्देशमिति शेषः । तेन च हेतुना जानामि रामेण श्रुतोऽयं वृत्तान्त इति । तत्तस्मादकार्ये वनविध्वंसनरूपे कृते सतीह स्थातुं नोऽस्माकं न क्षमं न युक्तम् ॥१४॥

किं शेषं न किमपि शिष्टमित्यर्थः । गमनमुचितमिति शेषः ॥१५॥

कर्तव्ये कर्तव्येऽर्थे । भवद्भिः परवानहं भवदधीन इत्यर्थः ॥१६

यद्यपि अहं युवराजोऽस्मि युष्मानाज्ञापयितुं नेशश्च । तत्र हेतुः कृतकर्माणो यूयं कृतकर्मणो युष्मान् इत्यर्थे आर्षमिदम् । तथापि अतः परं बलाद्धर्षयितुं न युक्तम् ॥१७-१८॥

अहं प्रभुरिति शेषः ॥१९॥

सन्नतिर्विनयः भविष्यच्छुभयोग्यतां भाविनीं भाग्योन्नतिम् आख्याति सूचयति ॥२०॥

ये बहुत प्रसन्न होकर वहांकी बातें कह रहे हैं, इसीसे मुझे ऐसा जान पड़ता है ।

इसलिये हे शत्रुओंको सन्ताप देनेवाले वानरो ! कार्य-पूर्ण हो जानेपर हमलोगोंको अब यहां ज्यादा देरतक नहीं विलम्ब करना चाहिये ॥८-१४॥

पराक्रमी वानरगण इच्छानुसार मधु पी चुके हैं । अब यहां कौन कार्य बचा है । इसलिये जहां वानर सुग्रीव हैं, वहीं चलना चाहिये ॥१५॥

हे वानरपुङ्गवो ! आप सब लोग मुझे जैसा कहेंगे, वैसा ही मैं करूँगा । क्योंकि कर्तव्यके विषयमें मैं आप लोगोंके अधीनमें हूँ ॥१६॥

यद्यपि मैं युवराज हूँ, तथापि आपलोगोंको आदेश नहीं दे सकता । आपलोग महान् कार्य पूर्ण करके आये हैं, इसलिये आपलोगोंके ऊपर बलात्कार शासन करना उचित नहीं है ॥१७॥

उस समय इस प्रकार बोलते हुए अङ्गदका उत्तम वचन सुनकर सब वानर प्रसन्नचित्त हो गये और वे इस प्रकार कहने लगे ॥१८॥

हे राजन् ! हे वानरश्रेष्ठ ! स्वामी होकर अपने अधीन-वाले लोगोंसे इस प्रकारकी बात कौन करेगा ? प्रायः सब लोग ऐश्वर्यके मदसे मतवाले होकर अहंकारवश अपनेको ही सर्वश्रेष्ठ समझते हैं ॥१९॥

आपका यह वचन आपके ही योग्य हैं । दूसरे किसीके मुखसे ऐसी बात नहीं निकल सकती । यह नम्रता आपकी भावी शुभयोग्यताका परिचय दे रही है ॥२०॥

हम सब लोग भी जहां वानरवीरोंके अविनाशी पति सुग्रीवजी हैं, वहीं जानेके लिये उत्साहित होकर आपके पास आये हैं ॥२१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्वया ह्यनुक्तैर्हरिभिर्नैव शक्यं पदात् पदम् ।
क्वचिद् गन्तुं हरिश्रेष्ठ ब्रूमः सत्यमिदन्तु ते ॥२२
एवं तु वदतां तेषामङ्गदः प्रत्यभाषत ।
साधु गच्छाम इत्युक्त्वा खमुत्पेतुर्महाबलाः ॥२३
उत्पतन्तमनूत्पेतुः सर्वे ते हरियूथपाः ।
कृत्वाकाशं निराकाशं यन्त्रोत्क्षिप्ता इवोपलाः ॥२४
अङ्गदं पुरतः कृत्वा हनूमन्तञ्च वानरम् ।
तेऽम्बरं सहसोत्पत्य वेगवन्तः प्लवङ्गमाः ॥२५
विनदन्तो महानादं घना वातेरिता यथा ।
अङ्गदे समनुप्राप्ते सुग्रीवो वानरेश्वरः ॥२६

उवाच शोकसन्तप्तं रामं कमललोचनम् ।
समाश्वसिहि भद्रं ते दृष्टा देवीं न संशयः ॥२७
नागन्तुहिम शक्यं तैरतीतसमयैरिह ।
अङ्गदस्य प्रहर्षाच्च जानामि शुभदर्शन ॥२८
न मत्सकाशमागच्छेत् कृत्ये हि विनिपातिते ।
युवराजो महाबाहुः प्लवतामङ्गदो वरः ॥२९
यद्यप्यकृतकृत्यानामीदृशः स्यादुपक्रमः ।
भवेत् तु दीनवदनो भ्रान्तविप्लुतमानशः ॥३०
पितृपैतामहं चैतत् पूर्वकैरभिरक्षितम् ।
न मे मधुवनं हन्याददृष्ट्वा जनकात्मजाम् ॥३१

अत्र देशे प्राप्ता वयं यत्र सुग्रीवस्तत्र गन्तुं कृतत्वराः कृतोत्साहाः ॥२१-२२॥

महाबलास्ते गच्छाम इत्युक्त्वा खमुत्पेतुरित्यन्वयः ॥२३॥

तत्र क्रममाह उत्पतंतमिति । निराकाशं निरवकाशम् । यन्त्रेत्यादिना दूरोत्पातेन शीघ्रगमनं सूचितम् ॥२४॥

सहसोत्पत्य वातेरिता घना इव विनदन्तो जग्मुरिति शेषः । शीघ्रगत्या सादृश्यम् ॥२५॥

समनुप्राप्ते निकटमायते सुग्रीवो राममुवाचेत्यन्वयः ॥२६-२७॥

दृष्टत्वे हेतुर्नेति अङ्गदप्रहर्षश्च हेत्वंतरम् ॥२८॥

विनिपातिते असाधिते ॥२९॥

यद्यपीति अकृतकृत्यानामन्येषां वानराणां कपिस्वभाव-चांचल्यादीदृशमधुवनभङ्गादिरूप उपक्रमो व्यापारो यद्यपि स्यात्तथाप्यंगदो दीनवदनत्वादिगुणको भवेत् ॥३०॥

कुतस्तत्राह पितृपैतामहं पितृपितामहकमागतम् ॥३१॥

हे वानरश्रेष्ठ ! आपके कहे बिना हम सब वानरगण कहीं भी एक पग नहीं जा सकते, यह आपसे सच्ची बात कहते हैं ॥२२॥

वे सभी वानर जब ऐसी बातें कह रहे थे, तब अङ्गद बोले—बहुत ठीक है, अब हमलोग चलें । इतना कहकर वे सभी महाबली वानर आकाशमें उड़ गये ॥२३॥

आगे-आगे अङ्गद और उनके पीछे वे सभी वानर यूथपति उड़ने लगे । वे सभी उस समय गुलेलसे फेंके गये पत्थरके समान आकाशको आच्छादित करते हुए तीव्र गतिसे जा रहे थे ॥२४॥

अङ्गद और वानरवीर हनुमान्‌को आगे करके वे सभी वेगवान् वानर सहसा आकाशमें उछलकर हवासे उड़ाये गये बादलोंके समान बड़े जोरसे गर्जना करते हुए किष्किन्धाके पास पहुँच गये ॥

अङ्गदको समीपमें आ जानेपर वानरराज सुग्रीव शोक-सन्तप्त कमलनयन श्रीरामसे बोले—।

हे प्रभो ! आप धैर्य धारण कीजिये । आपका कल्याण हो । सीतादेवीका दर्शन हो चुका है, इसमें सन्देह नहीं । बिना काम किये ये सभी वानर निश्चित समय बीत जाने पर यहाँ आ नहीं सकते ।

हे शुभदर्शन श्रीराम ! अङ्गदकी प्रसन्नतासे मैं समझता हूँ कि काम बिगड़ जानेपर वानरोंमें श्रेष्ठ युवराज महाबाहु अङ्गद मेरे पास कदापि नहीं आते ॥२५-२९॥

यद्यपि कार्यसिद्ध न होनेपर भी इस प्रकार लोगोंका घर लौटना देखा गया है, किन्तु उस परिस्थितिमें अङ्गदका मुख उदास रहता और उनके चित्तमें घबराहट होती ॥३०॥

मेरे पिता, पितामहोंके इस मधुवनका जिसकी रक्षा पूर्वजोंने की है, उसका विध्वंस जानकीके दर्शन किये बिना कोई नहीं कर सकता ॥३१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कौसल्या सुप्रजा राम समाश्वसिहि सुव्रत ।
दृष्टा देवी न सन्देहो न चान्येन हनूमता ॥३२
न ह्यस्य कर्म्मणो हेतुः साधनेऽस्य हनूमतः ।
हनूमतीह सिद्धिश्च मतिश्च मतिसत्तम ॥३३
व्यवसायश्च शौर्य्यञ्च श्रुतञ्चापि प्रतिष्ठितम् ।
जाम्बवान् यत्र नेता स्यादङ्गदश्च हरीश्वरः ॥३४
हनूमांश्चाप्यधिष्ठाता न तत्र गतिरन्यथा ।
मा भूश्चिन्तासमायुक्तः सम्प्रत्यमितविक्रम ॥३५
यदा हि दर्पितोदग्राः सङ्गताः काननौकसः ।
नैषामकृतकार्य्याणामीदृशः स्यादुपक्रमः ॥३६

वनभंगेन जानामि मधूनां भक्षणे न च ।
ततः किलकिलाशब्दं शुश्रावासन्नमम्बरे ॥३७
हनूमत्कर्म्मदृप्तानां नदतां काननौकसाम् ।
किष्किन्धामुपयातानां सिद्धिं कथयतामिव ॥३८
ततः श्रुत्वा निनादं तं कपीनां कपिसत्तमः ।
आयताञ्चितलाङ्गूलः सोऽभवद्धृष्टमानसः ॥३९
आजग्मुस्तेऽपि हरयो रामदर्शनकांक्षिणः ।
अङ्गदं पुरतः कृत्वा हनूमन्तञ्च वानरम् ॥४०
तेऽङ्गदप्रमुखा वीराः प्रहृष्टाश्च मुदान्विताः ।
निपेतुर्हरिराजस्य समीपे राघवस्य च ॥४१

कौसल्या सुप्रजा सीतास्थितिपरिज्ञानेन भवतो जीवनलाभादिदानीं कौसल्या सुपुत्रवत्यभूदिति भावः । तत्रापि हनूमतैव न तु ततोऽन्येनेत्यर्थः ॥३२॥

अस्य कर्मणः साधने तद्विधो हेतुरपरो न भवेन्नास्ति । इह हनूमति एतत्कार्यसाधिका सिद्धिर्बह्मवरजन्या मतिश्चास्ति । हि यतः व्यवसाय, उद्यमः नेता प्रधानः ॥३३-३४॥

अधिष्ठाता कार्यकरणोद्योगवान् ॥३५॥

उत्तम व्रतका पालन करनेवाले श्रीराम ! आपसे ही कौसल्या उत्तम सन्तानवाली है । आप धैर्य रखिये, इसमें कोई सन्देह नहीं कि सीता देवीका दर्शन हो गया है । किसी औरने उनका दर्शन नहीं किया, किन्तु हनुमान्‌जीने ही किया है ॥३२॥

हे मतिमानोंमें श्रेष्ठ ! इस कार्यको साधन करनेमें हनुमान्‌जीके अतिरिक्त कोई कारण बना हो, यह सम्भव नहीं । वानरश्रेष्ठ हनुमान्‌में ही कार्यसिद्ध करनेकी शक्ति और बुद्धि भी है ॥३३॥

उन्हींमें उद्योग, पराक्रम और शास्त्रज्ञान भी प्रतिष्ठित है । जिस दलके नेता जाम्बवान् तथा अङ्गद हो एवं अधिष्ठाता हनुमान् हो, उस दलकी असफलता मिलेगी, यह नहीं हो सकता ॥

यदा हि यत इत्यर्थः ॥३६-३८॥

आयतां चितलांगूल इति स्वभावोक्त्यलंकारः ॥३९-४१॥

हे अमितपराक्रमी श्रीराम ! आप चिन्तित न हों । ये वानर जो इतने अहंकार युक्त होकर आ रहे हैं (यह कार्यसिद्धिका ही द्योतक है) कार्यसिद्ध हुए बिना इस प्रकारका आना सम्भव नहीं हो सकता । इनके मधु पीने और वनको विध्वंस करनेसे ही मैं यह जान रहा हूँ ॥

इसी समय आकशमें समीपसे ही वानरोंकी किलकारियाँ सुनाई दी । हनुमान्‌जीके पराक्रमपर गर्व करके किष्किन्धाके समीप आकर गर्जनेवाले वे वनवासी वानर कार्यसिद्धिकी सूचना देते हुएके समान मालूम हो रहे थे ॥३४-३८॥

उन वानरोंकी वह सिंह गर्जना सुनकर वानरश्रेष्ठ सुग्रीव का मन प्रसन्न हो गया । उन्होंने अपनी पूँछ लम्बी और ऊँची कर दी ॥३९॥

इतनेमें ही श्रीरामचन्द्रजीके दर्शनकी इच्छावाले वे सब वानर अङ्गद तथा वानरवीर हनुमानको आगे करके वहाँ आ गये ॥४०॥

वे सब अङ्गद आदि वानर आनन्द एवं उत्साहसे युक्त हो सुग्रीव एवं श्रीरामचन्द्रजीके समीप आकाशसे नीचे उतर गये ॥४१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हनूमांश्च महाबाहुः प्रणम्य शिरसा ततः ।
नियतामक्षतां देवीं राघवाय न्यवेदयत् ॥४२
दृष्टा देवीति हनुमद्वदनादमृतोपमम् ।
आकर्ण्य वचनं रामो हर्षमाप सलक्ष्मणः ॥४३
निश्चितार्थं ततस्तस्मिन् सुग्रीवं पवनात्मजे ।
लक्ष्मणः प्रीतिमान् प्रीतं बहुमानादवैक्षत ॥४४
प्रीत्या च परयोपेतो राघवः परवीरहा ।
बहुमानेन महता हनूमन्तमवैक्षत ॥४५

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे चतुःषष्टितमः सर्गः ॥६४॥

नियतां पातिव्रत्यसंपन्नाम् अक्षतां शरीरेण कुशलिनीम् ॥४२-४५॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे चतुःषष्टितमः सर्गः ॥६४॥

महाबाहु हनुमान्‌ने श्रीरामचन्द्रजीको शिरसे प्रणाम करके, सीतादेवी पातिव्रत्यके कठोर नियमोंका पालन करती हुई शरीरसे सकुशल हैं, ऐसा निवेदन किया ॥४२॥

मैंने सीता देवीका दर्शन कर लिया। हनुमान्‌जीके मुखसे इस अमृतके समान मधुर वचनको सुनकर लक्ष्मण-सहित श्रीरामचन्द्रजी बहुत प्रसन्न हुए ॥४३॥

वायुपुत्र हनुमान्‌जीके विषयमें सुग्रीवने पहले ही निश्चय कर लिया था कि उन्होंने ही यह कार्य सिद्ध किया है। इसलिये प्रसन्न हुए लक्ष्मणने प्रसन्नयुक्त सुग्रीवकी ओर बहुत आदरसे देखने लगे ॥४४॥

शत्रुवीरोंका संहार करनेवाले श्रीरामचन्द्रजीने अत्यन्त प्रसन्न होकर अत्यन्त सम्मानके साथ हनुमान्‌जीको देखने लगे ॥४५॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें चौसठवाँ सर्ग समाप्त ॥६४॥

पञ्चषष्टितमः सर्गः

[रामचन्द्रेण सीतावृत्तान्तजिज्ञासितस्य हनूमतः शिंशपावृक्षमूले राक्षसीनां मध्ये तस्या अवस्थितिनिवेदनपूर्वकं तत् प्रदत्ताभिज्ञानप्रदानम् ।]

ततः प्रस्रवणं शैलं ते गत्वा चित्रकाननम् ।
प्रणम्य शिरसा रामं लक्ष्मणञ्च महाबलम् ॥१
युवराजं पुरस्कृत्य सुग्रीवमभिवाद्य च ।
प्रवृत्तिमथ सीतायाः प्रवक्तुमुपचक्रमुः ॥२
रावणान्तःपुरे रोधं राक्षसीभिश्च तर्जनम् ।
रामे समनुरागञ्च यथा च नियमः कृतः ॥३

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

तत इति ॥१-२॥

नियमो रावणकृतावधिरूपः । दशमो वर्तते मासो द्वौ च शेषौ प्लवङ्गमेति सीतोक्तेः तं चेति शेषः ॥३॥

[श्रीरामसे पूछनेपर हनुमान्‌जीका श्रीरामको राक्षसियों के बीचमें सीता-जी अवस्थान कर रहे हैं, यह समाचार कहते हुए उनका दिया हुआ चूड़ामणि प्रदान करना।]

इसके बाद विचित्र वनोंसे सुशोभित प्रस्रवण पर्वतपर जाकर युवराज अङ्गदको आगे करके श्रीराम, महाबली लक्ष्मण एवं सुग्रीवको प्रणाम करके सब वानरोंने सीताजी का समाचार कहना आरम्भ किया ॥१-२॥

सीताजी रावणके अन्तःपुरमें रोक रक्खी गयी हैं,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एतदाख्यायते सर्व्वे हरयो रामसन्निधौ ।
वैदेहीमक्षतां श्रुत्वा रामस्तूत्तरमब्रवीत् ॥४
क्व सीता वर्त्तते देवी कथञ्च मयि वर्त्तते ।
एतन्मे सर्व्वमाख्यात वैदेहीं प्रति वानराः ॥५
रामस्य गदितं श्रुत्वा हरयो रामसन्निधौ ।
चोदयन्ति हनूमन्तं सीतावृत्तान्तकोविदम् ॥६
श्रुत्वा तु वचनं तेषां हनुमान् मारुतात्मजः ।
प्रणम्य शिरसा देव्यै सीतायै तां दिशं प्रति ॥७
उवाच वाक्यं वाक्यज्ञः सीताया दर्शनं यथा ।
तं मणि काञ्चनं दिव्यं दीप्यमानं स्वतेजसा ॥८
दत्त्वा रामाय हनूमांस्ततः प्राञ्जलिरब्रवीत् ।
समुद्रं लङ्घयित्वाहं शतयोजनमायतम् ॥९
अगच्छं जानकीं सीतां मार्गमाणो दिदृक्षया ।
तत्र लङ्केति नगरी रावणस्य दुरात्मनः ॥१०
दक्षिणस्य समुद्रस्य तीरे वसति दक्षिणे ।
तत्र सीता मया दृष्टा रावणान्तःपुरे सती ॥११
त्वयि सन्न्यस्स जीवन्ती रामा राम मनोरथम् ।
दृष्टा मे राक्षसीमध्ये तर्ज्यमाना मुहुर्मुहुः ॥१२

रामसन्निधौ स्थिता इति शेषः ॥४-५॥
चोदयन्ति प्रेरयन्ति स्म ॥६॥
सीतायै प्रणम्य तां दिशं प्रति च प्रणम्येत्याकर्षः ॥७॥
यथा येन प्रकारेण सीताया दर्शनं जातं तत्परं वाक्यमुवाचेत्यर्थः ॥८-९॥
देव्या दिदृक्षया तां मार्गमाणोऽगच्छम् ॥१०॥
तीरे दक्षिणसमुद्रसंबन्धिद्वीपसन्नद्धतीरे ॥११॥
हे राम ! रामा सा सीता त्वयि मनोरथं सम्यक् न्यस्य

राक्षसियाँ उन्हें धमकाती रहती है। श्रीरामके ऊपर उनका विशेष प्रेम है। रावणने सीताजीको जीवित रहनेके लिये केवल दो मासकी अवधि निश्चित किया है। इस समय-तक विदेहपुत्रीको कोई क्षति नहीं हुई है। वे सकुशल हैं। श्रीरामचन्द्रजीसे ये सभी बातें कहकर वे वानर मौन हो गये। सीताजीको सकुशल रहनेका समाचार सुनकर श्रीराम आगेका वृत्तान्त पूछते हुए बोले—॥३-४॥

हे वानरो ! सीतादेवी कहाँ है ? मेरे प्रति उनका कैसा प्रेम है। विदेहनन्दिनीके विषयमें ये सारी बातें मुझे बताओ ॥५॥

श्रीरामचन्द्रजीका यह वचन सुनकर वे सब वानर श्रीरामके समीप सीताजीके वृत्तान्तको अच्छी प्रकार जाननेवाले हनुमान्‌जीको उत्तर देनेके लिये प्रेरित करने लगे ॥६॥

उन वानरोंकी बात सुनकर पवनपुत्र हनुमान्‌जीने सर्व-प्रथम सीतादेवीके निमित्त दक्षिण दिशाकी ओर मस्तक झुका करके प्रणाम किया ॥७॥

इसके बाद वाक्यविशारद उन वानरवीरने जिस प्रकार सीताजीका दर्शन हुआ, वह सारा वृत्तान्त कह सुनाया। इसके बाद अपने तेजसे प्रकाशित होनेवाले उस दिव्य काञ्चनमणिको श्रीरामचन्द्रजीको देकर हनुमान्‌जी हाथ जोड़कर बोले—॥

मैं जानकीजीके दर्शनकी इच्छासे उनकी खोज करते हुए सौ योजन विस्तृत समुद्रको लाँघकर उसके दक्षिणतीर पर गया। वहीं दुरात्मा रावणकी नगरी लङ्का समुद्रके दक्षिणतीरपर बसी हुई है।

हे श्रीराम ! वहीं जाकर मैंने रावणके अन्तःपुरमें, आपमें ही अपनी समस्त अभिलाषाओंको केन्द्रित करके किसी प्रकार जीवन धारण करती हुई सीताजीको देखा। वे प्रमदावनमें विकराल राक्षसियोंसे सुरक्षित है और उन्हींके द्वारा डाँटी जाती है। हे वीर ! देवी सीता आपके साथ सुख पाने योग्य हैं। किन्तु इस समय वह अत्यन्त दुःख

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राक्षसीभिर्विरूपाभी रक्षिता प्रमदावने ।
दुःखमापद्यते देवी त्वया वीर सुखोचिता ॥१३
रावणान्तःपुरे रुद्धा राक्षसीभिः सुरक्षिता ।
एकवेणीधरा दीना त्वयि चिन्तापरायणा ॥१४
अधःशय्या विवर्णाङ्गी पद्मिनीव हिमागमे ।
रावणाद् विनिवृत्तार्था मर्त्तव्ये कृतनिश्चया ॥१५
देवी कथञ्चित् काकुत्स्थ त्वन्मना मार्गिता मया ।
इक्ष्वाकुवंशविख्यातिं शनैः कीर्त्तयतानघ ॥१६
सा मया नरशार्दूल शनैर्विश्वासिता तदा ।
ततः सम्भाषिता देवी सर्व्वमर्थञ्च दर्शिता ॥१७
राम-सुग्रीवसंख्यञ्च श्रुत्वा हर्षमुपागता ।
नियतः समुदाचारो भक्तिश्चास्याः सदा त्वयि ॥१८
एवं मया महाभाग दृष्टा जनकनन्दिनी ।
उग्रेण तपसा युक्ता त्वद्भक्त्या पुरुषर्षभ ॥१९
अभिज्ञानञ्च मे दत्तं यथावृत्तं तवान्तिके ।
चित्रकूटे महाप्राज्ञ वायसं प्रति राघवः ॥२०
विज्ञाप्यः पुनरप्येष रामो वायुसुत त्वया ।
अखिलेन यथादृष्टमिति मामाह जानकी ॥२१

त्वदतिरिक्तविषयमनोरथाभाववती भूत्वा जीवन्ती धृतप्राणा मया दृष्टा ॥१२॥

सुखोचिता देवी त्वया विना दुःखमापद्यते इत्यन्वयः ॥१३-१४

अधःशय्या भूशयना ॥१५-१६॥

सर्वमर्थं रामसुग्रीवसख्यादि । दर्शिता ज्ञापिता ॥१७॥

नियत इति । समुदाचारो गात्रास्खलनादिव्यवहारो भक्तिश्च त्वयि त्वय्येव सदा नियतो नान्यत्रेत्यर्थः ॥१८॥

उग्रेण तपसा त्वद्भक्त्या च युक्ता ॥१९-२०॥

यथा दृष्टं राक्षसीतर्जनादि तद्विज्ञाप्य इत्यन्वयः ॥२१॥

पा रही हैं। उन्हें रावणके अन्तःपुरमें रोक रक्खा गया है। वे राक्षसियोंकी रखवाली में हैं। शिरपर एक चोटी धारण कर दुखी हो सदा आपकी चिन्तामें रहती हैं ॥८-१४॥

वे नीचे भूमिपर सोती हैं। जिस प्रकार शरद्ऋतुमें हिमपात होनेसे कमलिनी सुख जाती है, उसी प्रकार उनके सभी अङ्ग फीके पड़ गये है। रावणसे उनका कोई प्रयोजन नहीं। उन्होंने अपना प्राण त्यागनेका ही निश्चय कर लिया है ॥१५॥

हे काकुत्स्थकुलभूषण ! उनका मन सदा आपमें ही लगा रहता है। हे निष्पाप ! मैंने बड़ा प्रयत्न करके किसी प्रकार सीताजीका पता लगाया और धीरे-धीरे इक्ष्वाकु-वंशका कीर्तन करते हुए उनके मनमें मैंने विश्वास उत्पन्न किया। इसके बाद देवी सीतासे वार्तालाप करके मैंने यहाँ की सभी बातें उनको कही ॥१६-१७

आप और सुग्रीवकी मित्रता की बात सुनकर वे बहुत प्रसन्न हुई। उनका उच्चकोटिका आचार-विचार सुदृढ है और आपमें ही भक्ति रखती हैं ॥१८॥

हे महाभाग ! हे पुरुषोत्तम ! इस प्रकार मैंने आपकी भक्तिसे प्रेरित होकर कठोर तपस्या करती हुई सीताजीको देखा है ॥१९॥

हे महाप्राज्ञ ! हे रघुनन्दन ! चित्रकूटमें आपके समीप जब सीताजी थी, उस समय एक कौएको लेकर जो काण्ड हुआ था, उसे उन्होंने पहचानके रूपमें मुझे कहा है ॥२०॥

जानकीजीने आते समय मुझसे कहा—है वायुपुत्र ! तुम यहाँपर जैसी मेरी हालत देखे हो, उन सबको भगवान श्रीरामसे कहना और इस मणिको बड़े यत्नसे सुरक्षित ले जाकर उनको दे देना। इस मणिको ऐसे समयमें देना जब सुग्रीव भी निकटमें बैठकर तुम्हारी बातें सुनते हों।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अयं चास्मै प्रदातव्यो यत्नात् सुपरिरक्षितः ।
ब्रुवता वचनान्येवं सुग्रीवस्योपशृण्वतः ॥२२
एष चूड़ामणिः श्रीमान् मया ते यत्नरक्षितः ।
मनःशिलायास्तिलकं तत् स्मरस्वेति चाब्रवीत् ॥२३
एष निर्य्यातितः श्रीमान् मया ते वारिसम्भवः ।
एनं दृष्ट्वा प्रमोदिष्ये व्यसने त्वामिवानघ ॥२४
जीवितं धारयिष्यामि मासं दशरथात्मज ।
ऊर्द्धं मासान्न जीवेयं रक्षसां वशमागता ॥२५
इति मामब्रवीत् सीता कृशाङ्गी धर्म्मचारिणी ।
रावणान्तःपुरे रुद्धा मृगीवोत्फुल्ललोचना ॥२६
एतदेव मयाख्यातं सर्व्वं राघव यद्यथा ।
सर्व्वथा सागरजले सन्तारः प्रविधीयताम् ॥२७
तौ जाताश्वासौ राजपुत्रौ विदित्वा
तच्चाभिज्ञानं राघवाय प्रदाय ।
देव्या चाख्यातं सर्व्वमेवानुपूर्व्याद्
वाचा सम्पूर्णं वायुपुत्रः शशंस ॥२८

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे पञ्चषष्टिमः सर्गः ॥६५॥

उपशृण्वतः सुग्रीवस्य समक्षं दातव्य इत्यब्रवीदिति शेषः ॥२२
एष इति । दत्तस्तं पश्य यन्मनः शिलायास्तिलकं त्वया कृतं तत्स्मरस्वेति चाब्रवीत् ॥२३॥
एष वारिसंभवो मणिर्निर्यातितः प्रेषितः । एनं एतत्त्वत् प्रेषितमंगुलीयकम् ॥२४॥
मासाद्विद्यमानाद्दशमादूर्ध्वमित्यर्थः ॥२५-२६॥
संतारः सन्तारोपायः प्रविधीयतां प्रविचार्यताम् ॥२७-२८॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे पञ्चषष्टितमः सर्गः ॥६५॥

मेरी इन बातोंको भी उनसे निवेदन करना कि हे प्रभो ! आपकी दी हुई यह कान्तियुक्त चूड़ामणिको मैंने बहुत यत्नसे सुरक्षित रक्खा है। जलसे उत्पन्न इस तेजोमय मणिको मैंने आपके पास लौटा दिया। हे निष्पाप राघव ! संकटके समय इसे देखकर मैं उसी प्रकार प्रसन्न होती थी, जैसे आपको देखकर आनन्द मग्न होती हूँ। आपने मेरे ललाटमें जो मैनसिलका तिलक लगाया था, उसे भी याद कीजिये। ये सारी बातें जानकीजीने कही है ॥२०-२४॥

उन्होंने यह भी कहा है कि हे दशरथनन्दन ! मैं एक मास और जीवित रहूँगी। उसके बाद राक्षसोंके वशमें पड़कर अपना प्राण त्याग दूँगी। किसी प्रकार भी जीवित नहीं रहूँगी ॥२५॥

इस प्रकार दुबले-पतले शरीरवाली धर्मपरायणा सीताजीने आपसे कहनेके लिये मुझे संदेश कहा था। वे रावणके अन्तःपुर कैद हैं और भयके कारण आँख फाड़कर इधर-उधर देखनेवाली मृगीके समान वे शङ्काभरी दृष्टिसे सब ओर देखती हैं ॥२६॥

हे राघव ! जो मैंने कहा, वही वहाँका सब वृतान्त है। अब सभी प्रकारसे समुद्रको पार करनेका प्रयत्न कीजिये ॥२७॥

राजकुमार श्रीराम और लक्ष्मणजीको कुछ आश्वासन मिल गया, ऐसा समझकर और वह चिन्ह श्रीरामचन्द्रजीके हाथमें देकर वायुपुत्र हनुमान्जीने सीताजी द्वारा कही गयी सारी बातें क्रमशः उनको सुना दी ॥२८॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें पैंसठवाँ सर्ग समाप्त ॥६५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षट्षष्टितमः सर्गः ।

(सीतादेवीप्रेरित चूड़ामणिं वक्षसि धृत्वा बहुविलपतो रामचन्द्रस्य सीताकथितवाक्यानि पुनराख्यात हनूमत् समीपे अनुरोधज्ञापनम् ।)

एवमुक्तो हनुमता रामो दशरथात्मजः ।
तं मणिं हृदये कृत्वा रुरोद सहलक्ष्मणः ॥१
तन्तु दृष्ट्वा मणिश्रेष्ठं राघवः शोककर्षितः ।
नेत्राभ्यामश्रुपूर्णाभ्यां सुग्रीवमिदमब्रवीत् ॥२
तथैव धेनुः स्रवति स्नेहाद् वत्सस्य वत्सला ।
तथा ममापि हृदयं मणिश्रेष्ठस्य दर्शनात् ॥३
मणिरत्नमिदं दत्तं वैदेह्याः श्वशुरेण मे ।
वधूकाले यथाबद्धमधिकं मूर्ध्नि शोभते ॥४
अयं हि जलसम्भूतो मणिः प्रवरपूजितः ।
यज्ञे परमतुष्टेन दत्तः शक्रेण धीमता ॥५
इमं दृष्ट्वा मणिश्रेष्ठं तथा तातस्य दर्शनम् ।
अद्यास्म्यवगतः सौम्य वैदेहस्य तथा विभोः ॥६
अयं हि शोभते तस्याः प्रियाया मूर्ध्नि मे मणिः ।
अद्यास्य दर्शनेनाहं प्राप्तां तामिव चिन्तये ॥७

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

एवमिति ॥१-२॥

वत्सस्येत्यत्रापि दर्शनादिति संबद्ध्यते तथा स्नेहात्स्रवती-त्यनुकर्षः ॥३॥

मे श्वशुरेण जनकेन बधूकाले वधूत्वसंपादके काले विवाहकाले वैदेह्याः शिरोभूषणाय सीतामातृहस्ताद् गृहीत्वा दशरथहस्ते दत्तम् । तच्च तस्मिन्काले यथाधिकं शोभते तथा मूर्ध्नि बद्धमित्यर्थः ॥४॥

जनकस्याप्येतदागमः कुतस्तत्राह अयं हीति । प्रवरैः श्रेष्ठैर्देवैः पूजितः ॥५॥

तथा यथा सीतादर्शनम् अवगतः प्राप्तस्तथा तातस्य दशरथस्य प्राप्तः तद्धस्ते जनकेन दानात्तस्य स्मरणम् । तथा वैदेहस्य राज्ञो जनकस्य सपत्नीकस्य दर्शनं प्राप्त इत्यर्थः ॥६-७॥

[सीतादेवीद्वारा प्रेरित चूड़ामणिको हृदयसे लगाकर उनके लिये विलाप करते हुए श्रीरामचन्द्रका पुनः सीताका समाचार कहनेके लिये हनुमान्‌के पास अनुरोध करना ।]

हनुमान्‌जीके ऐसा कहनेपर दशरथकुमार श्रीराम उस मणिको छातीसे लगाकर रोने लगे और लक्ष्मण भी उनके साथ रो पड़े ॥१॥

उस श्रेष्ठमणिको देखकर शोकसे व्याकुल श्रीरामचन्द्र-जीने अपनी आँखोंमें आंसु भरके सुग्रीवसे इस प्रकार कहा--॥२॥

जैसे अपने बछड़ेसे प्रेम करनेवाली गाय अपने बछड़ेको देखकर अपने स्तनोंसे दूध गिराने लगती है, उसी प्रकार इस उत्तम मणिको देखकर आज मेरा हृदय भी द्रवित हो रहा है ॥३॥

मेरे श्वसुर राजा जनकजीने विवाहके समयमें सीता-जीको यह मणि दिया था। जो सीताजीके मस्तकपर आबद्ध होकर यह अत्यन्त सुशोभित होता था ॥४॥

जलसे उत्पन्न हुई यह मणि देवताओंसे भी पूजित हैं। किसी यज्ञमें बहुत प्रसन्न होकर बुद्धिमान् इन्द्रने राजा जनकको यह मणि दी थी ॥५॥

हे सौम्य ! इस मणिरत्नको देखकर आज मुझे अपने पूज्य पिता एवं विदेहराज जनकजीका भी दर्शन हो गया ऐसा अनुभव कर रहा हूँ ॥६॥

यह मणि सदैव मेरी प्रिया सीताजीके मस्तकपर शोभित होती थी। आज इसे देखकर ऐसा जान पड़ता है, जैसे मुझे सीताजी ही मिल गयी है ॥७॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किमाह सीता वैदेही ब्रूहि सौम्य पुनः पुनः ।
परासुमिव तोयेन सिञ्चन्ती वाक्यवारिणा ॥८
इतस्तु किं दुःखतरं यमिमं वारिसम्भवम् ।
मणिं पश्यामि सौमित्रे वैदेहीमागतं विना ॥९
चिरं जीवति वैदेही यदि मासं धरिष्यति ।
क्षणं वीर न जीवेयं विना तामसितेक्षणाम् ॥१०
नय मामपि तं देशं यत्र दृष्टा मम प्रिया ।
न तिष्ठेयं क्षणमपि प्रवृत्तिमुपलभ्य च ॥११
कथं सा मम सुश्रोणी भीरुभीरुः सती सदा ।
भयावहानां घोराणां मध्ये तिष्ठति रक्षसाम् ॥१२
शारदस्तिमिरोन्मुक्तो नूनं चन्द्र इवाम्बुदैः ।
आवृतो वदनं तस्या न विराजति साम्प्रतम् ॥१३
किमाह सीता हनुमंस्तत्त्वतः कथयस्व मे ।
एतेन खलु जीविष्ये भेषजेनातुरो यथा ॥१४
मधुरा मधुरालापा किमाह मम भामिनी ।
मद्विहीना वरारोहा हनुमन् कथयस्व मे ।
दुःखाद् दुःखतरं प्राप्य कथं जीवति जानकी ॥१५

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे षट्षष्टितमः सर्गः ॥६६॥

परासुं मूर्च्छितं मां जीवनाय वाक्यवारिणा सिंचन्ती किमाह तद्ब्रूहि ॥८॥

वैदेहीं विना आगतं मणिं पश्यामि इतः किं दुःखतरम् ॥९॥

यदि मासं धरिष्यति जीविष्यति तदा चिरं जीवति जीविष्यतीत्यर्थः ॥१०॥

प्रवृत्तिमुपलभ्य क्षणमपि न तिष्ठेयं स्थातुं न शक्यमित्यर्थः ॥११

भीरुभीरुः अत्यन्तं भीरुः ॥१२॥

अंबुदैरावृतस्तिमिरोन्मुक्तः शारदश्चन्द्र इव तस्या वदनं न राजति ॥१३॥

एतेन तद्वाक्यश्रवणरूपेण ॥१४॥

मधुरा मधुराकारा ॥१५॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे षट्षष्टितमः सर्गः ॥६६॥

हे सौम्य पवनपुत्र ! जैसे बेहोश हुए मनुष्यको होशमें लानेके लिये उसपर जल छींटे जाते हैं, उसी प्रकार वैदेही सीताने मूर्च्छितहुएके समान मुझे अपने वचनरूपी शीतल जलसे सिञ्चित करती हुई क्या कहो है ? यह बारंबार मुझे कहो ॥८॥

(फिर वे लक्ष्मणसे बोले—) हे सुमित्राकुमार लक्ष्मण ! सीताजीके आये बिना ही मैं जलसे उत्पन्न हुई इस मणिको देख रहा हूँ, इससे बढ़कर और मेरे लिये दुःखकी बात क्या हो सकती है ? ॥९॥

(पुनः हनुमान्‌जीसे बोले—) हे वीर ! यदि सीताजी एक मासतक जीवित रहेगी तो वह बहुत समयतक जीवित रह रही है । मैं तो उस कजरारे नेत्रोंवाली सीताके बिना एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकता ॥१०॥

हे हनुमन् ! तुमने जहाँ मेरी प्रियाको देखा है, वहाँ मुझे भी ले चलो । उसका समाचार पाकर मैं अब यहाँ एक क्षण भी नहीं रह सकता ॥११॥

हा ! मेरी पतिव्रता सुमध्यमा एवं अत्यन्त भीरु सीता, उन घोर रूपवाले भयङ्कर राक्षसोंके बीचमें कैसे रहती है ? ॥१२॥

निश्चय ही अन्धकारसे रहित किन्तु बादलोंसे ढँके हुए शारदीय चन्द्रमाके समान सीताका मुख इस समय सुशोभित नहीं होता होगा ॥१३॥

हे हनुमन् ! मुझे ठीक-ठीक कहो कि सीताने क्या कहा है ? जैसे रोगी औषधसे जीवित रहता है, उसी प्रकार मैं भी सीताके सन्देशसे जीवित रहूँगा ॥१४॥

हे हनुमन् ! मुझसे बिछुड़ी हुई मेरी सुन्दर कटिवाली मधुरभाषिणी सुन्दरी प्रिया जानकीने मेरे लिये कौनसा सन्देश भेजा है ? एक दुःखके बाद दूसरे दुःख पाकर भी वह कैसे जीवित है ॥१५॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीरामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें छयासठवाँ सर्ग समाप्त ॥६६॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सप्तषष्टितमः सर्गः ।

[हनूमता सीताकथित-चित्रकूटपर्वतसङ्घटितवायसवृत्तान्तरूपस्याभिज्ञापनस्य सम्यग् वर्णनम्, सीतायाः करुणं विलापो हनूमतस्तस्यै सान्त्वनाप्रदानञ्चेति वृत्तकथनम् ।]

एवमुक्तस्तु हनुमान् राघवेण महात्मना ।
सीताया भाषितं सर्व्वं न्यवेदयत राघवे ॥१
इदमुक्तवती देवी जानकी पुरुषर्षभ ।
पूर्व्ववृत्तमभिज्ञानं चित्रकूटे यथातथम् ॥२
सुखसुप्ता त्वया सार्द्धं जानकी पूर्व्वमुत्थिता ।
वायसः सहसौत्पत्य विददार स्तनान्तरम् ॥३
पर्य्यायेण च सुप्तस्त्वं देव्यङ्के भरताग्रजः ।
पुनश्च किल पक्षी स देव्या जनयति व्यथाम् ॥४
ततः पुनरुपागम्य विददार भृशं किल ।
ततस्त्वं बोधितस्तस्याः शोणितेन समुक्षितः ॥५
वायसेन च तेनैवं सततं बाध्यमानया ।
बोधितः किल देव्या त्वं सुखसुप्तः परन्तपः ॥६
ताञ्च दृष्ट्वा महाबाहो दारिताञ्च स्तनान्तरे ।
आशीविष इव क्रुद्धस्ततो वाक्यं त्वमूचिवान् ॥७
नखाग्रैः केन ते भीरु दारितं वै स्तनान्तरम् ।
कः क्रीड़ति सरोषेण पञ्चवक्त्रेण भोगिना ॥८
निरीक्षमाणः सहसा वायसं समुदैक्षथाः ।
नखैः सरुधिरैस्तीक्ष्णैस्तामेवाभिमुखं स्थितम् ॥९

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

॥१॥

यथातथं यथापूर्वं वृत्तं तथोक्तवती ॥२-७॥
रादितं दारितमित्यर्थः ॥८-९॥

[हनुमान्‌का सीताजी द्वारा कथित चित्रकूट पर्वतपर काक वृत्तान्तको वर्णन करना, सीताका विलाप एवं अपनेसे उनका निवारणका वृत्तान्त बताना ।]

महात्मा श्रीरामचन्द्रजीके ऐसा कहनेपर हनुमान्‌जीने सीताजीकी कही हुई सभी बातें उन्हें सुना दी ॥१॥

वे बोले—हे पुरुषोत्तम ! जानकी देवीने पहले चित्रकूट पर हुई एक घटनाका यथार्थरूपमें वर्णन किया और उसे उन्होंने पहचानके रूपमें इस प्रकार कहा—॥२॥

पहले जानकीजी कभी आपके साथ सुखपूर्वक सोयी हुई थी। वे सोकर पहले उठ गयी। उस समय किसी कौएने सहसा उड़कर उनकी छातीमें चोंच मारी ॥३॥

हे भरताग्रज ! आप बारी-बारीसे एक दूसरेकी गोदमें सिर रखकर सोते थे। जब आप देवी सीताकी गोदमें अपना सिर रखकर सो रहे थे, उस समय पुनः उस पक्षीने आकर सीता देवीको दुःख देना आरम्भ किया ॥४॥

उसने फिर आकर जोरसे चोंच मार दी। तब देवीके शरीरसे रक्त निकलने लगा और उससे भींग जानेके कारण आप भी जाग गये ॥५॥

हे शत्रुसन्तापक श्रीराम ! उस कौएने जब बारंबार इस प्रकार कष्ट देने लगा, तब सीतादेवीने सुखपूर्वक सोये हुए आपको जगाया ॥६॥

हे महाबाहो ! उनकी छातीमें घाँव हुए देखकर आप विषधर सर्पके समान क्रोधित होकर इस प्रकार बोले-॥७॥

हे भीरु ! किसने अपने नखोंके अग्रभागसे तुम्हारी छातीमें घावकर दिया है ? कौन कुपित हुए पाँच फनवाले सांपके साथ खेलकर रहा है ॥८॥

ऐसा कहकर जब आप सहसा देखने लगे, तब आपके पंजेमें खून लगे हुए और सीताकी ओर मुँह करके बैठे हुए उस कौएको देखा ॥९॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुतः किल स शक्रस्य वायसः पततां वरः ।
धरान्तरगतः शीघ्रं पवनस्य गतौ समः ॥१०
ततस्तस्मिन् महाबाहो कोपसंवर्त्तितेक्षणः ।
वायसे त्वं व्यधाः क्रूरां मतिं मतिमतां वर ॥११
स दर्भसंस्तराद् गृह्य ब्रह्मास्त्रेण न्ययोजयः ।
स दीप्त इव कालाग्निर्ज्वलाभिमुखं खगम् ॥१२
स त्वं प्रदीप्तं चिक्षेप दर्भं तं वायसं प्रति ।
ततस्तु वायसं दीप्तः स दर्भोऽनुजगाम ह ॥१३
भीतैश्च सं परित्यक्तः सुरैः सर्व्वैश्च वायसः ।
त्रींल्लोकान् सम्परिक्रम्य त्रातारं नाधिगच्छति ॥१४
पुनरप्यागतस्तत्र त्वत्सकाशमरिन्दम ।
त्वं तं निपतितं भूमौ धरण्यां शरणागतम् ॥१५
वधार्हमपि काकुत्स्थ कृपया परिपालय ।
मोघमस्त्रं न शक्यन्तु कर्तुमित्येव राघव ॥१६
ततस्तस्याक्षि काकस्य हिनस्ति स्म स दक्षिणम् ।
वायसस्त्वां नमस्कृत्य राज्ञो दशरथस्य च ॥१७
विसृष्टस्तु तदा काकः प्रतिपेदे स्वमालयम् ।
एवमस्त्रविदां श्रेष्ठः सत्त्ववान् शीलवानपि ॥१८
किमर्थमस्त्रं रक्षःसु न योजयसि राघव ।
न दानवा न गन्धर्वा नासुरा न मरुद्गणाः ॥१९

धरान्तरगतः पातालगतः ॥१०॥
व्यधाः अकृताः ॥११॥
दर्भसंस्तरादेकं कुशं गृह्य गृहीत्वेत्यर्थः ॥१२॥
चिक्षेप चिक्षेपिथ । आर्षः प्रयोगः ॥१३-१५॥

परिपालयः पर्यपालयः शरीराबाधेनेति भावः । इत्येवेति हेतोः ॥१६॥
ततस्तदागमनोत्तरम् । हिनस्ति स्म अहिनः ॥१७-१९॥

ऐसा सुना है कि उड़नेवालोंमें श्रेष्ठ वह कौआ साक्षात् इन्द्रका पुत्र था, जो उन दिनों वायुके समान शीघ्रगामी होकर पृथ्वीपर विचरण कर रहा था ॥१०॥

हे मतिमानोंमें श्रेष्ठ ! हे महाबाहो ! उस समय आपकी आँखें क्रोधसे घूमने लगी और आपने कौएको कठोर दण्ड देनेका विचार किया ॥११॥

आपने अपनी कुशाकी चटाईसे एक कुशा निकालकर हाथमें ले लिया और उसे ब्रह्मास्त्रसे अभिमन्त्रित किया। इसके बाद तो वह कुश प्रलयकालीन अग्निके समान प्रज्वलित होने लगा। उसका लक्ष्य वह कौआ था ॥१२॥

आपने उस प्रज्वलित होते हुए कुशको कौएकी ओर छोड़ दिया। फिर वह प्रज्वलित कुश कौएका पीछा करने लगा ॥१३॥

आपसे भयभीत होकर सभी देवताओंने भी उसका परित्याग कर दिया। उसने तीनों लोकोंकी परिक्रमा की, किन्तु उसका रक्षक कोई भी नहीं मिला ॥१४॥

हे शत्रुदमन श्रीराम ! सभी ओरसे निराश होकर वह कौआ पुनः आपकी ही शरणमें आया। पृथ्वीपर पड़े हुए उस कौएको आपने शरणमें ले लिया, क्योंकि आप शरणागतवत्सल हैं। यद्यपि वधके योग्य था, तथापि कृपापूर्वक आपने उसकी रक्षा की। हे राघव ! किन्तु ब्रह्मास्त्रको व्यर्थ नहीं किया जा सकता था, अतएव आपने उस कौएकी दाहिनी आँख फोड़ दी। हे श्रीराम ! इस प्रकार आपसे विदा होकर वह कौआ आपको और महाराज दशरथजीको भी नमस्कार करके अपने घर चला गया।

(सीताजीने कहा है) हे राघव ! अस्त्रको जाननेवालों में श्रेष्ठ शक्तिशाली और शीलवान् होते हुए भी आप राक्षसोंपर अपने अस्त्रोंका प्रयोग क्यों नहीं करते हैं ?।

हे श्रीराम ! दानव, गन्धर्व, असुर और देवता इनमें कोई भी युद्धमें आपका सामना नहीं कर सकता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तव राम रणे शक्तास्तथा प्रतिसमासितुम् ।
तव वीर्य्यवतः कश्चिन्मयि यद्यस्ति सम्भ्रमः ॥२०
क्षिप्रं सुनिशितैर्बाणैर्हन्यतां युधि रावणः ।
भ्रातुरादेशमाज्ञाय लक्ष्मणो वा परन्तपः ॥२१
स किमर्थं नरवरो न मां रक्षति राघवः ।
शक्तौ तौ पुरुषव्याघ्रौ वाय्वग्निसमतेजसौ ॥२२
सुराणामपि दुर्धर्षौ किमर्थं मामुपेक्षतः ।
ममैव दुष्कृतं किञ्चिन्महदस्ति न संशयः ॥२३
समर्थौ सहितौ यन्मां न रक्षेते परन्तपौ ।
वैदेह्या वचनं श्रुत्वा करुणं साधुभाषितम् ॥२४
पुनरप्यहमार्य्यान्तामिदं वचनमब्रुवम् ।

त्वच्छोकविमुखो रामो देवि सत्येन ते शपे ॥२५
रामे दुःखाभिभूते च लक्ष्मणः परितप्यते ।
कथञ्चिद् भवती दृष्टा न कालः परिशोचितुम् ॥२६
इदं मुहूर्त्तं दुःखानामन्तं द्रक्ष्यसि भामिनि ।
तावुभौ नरशार्दूलौ राजपुत्रौ परन्तपौ ॥२७
त्वद्दर्शनकृतोत्साहौ लङ्कां भस्मीकरिष्यतः ।
हत्वा च समरे रौद्रं रावणं सहबान्धवम् ॥२८
राघवस्त्वां वरारोहे स्वपुरीं नयिता ध्रुवम् ।
यत्तु रामो विजानीयादभिज्ञानमनिन्दिते ॥२९
प्रीतिसञ्जननं तस्य प्रदातुं तत् त्वमर्हसि ।
साभिवीक्ष्य दिशः सर्वा वेण्युद्ग्रथनमुत्तमम् ॥३०

हे राम ! रणे तव त्वां प्रति समासितुं न शक्ताः, तथा तद्वत्का-कवदित्यर्थः । संभ्रम आदरः ॥२०-२४॥

त्वच्छोकविमुखः त्वच्छोकेन कार्यान्तरविमुखः ॥२५॥

भवती मया दृष्टा, अतः परं परिशोचितुं न कालस्तव योग्य इति शेषः । चिरं लंकायाम् आसितुं न कालो योग्य इति पाठान्तरेऽर्थः ॥२६॥

इदं मुहूर्तम् अस्मिन्नेव मुहूर्ते इत्यर्थे ॥२७-२९॥

वेण्युद्ग्रथनं वेण्यामुद्ग्रथनयोग्यम् ॥३०-३१॥

बल-पराक्रम सम्पन्न आपका यदि मेरे प्रति कुछ भी आदर है तो आप शीघ्र ही अपने तेज बाणोंसे युद्धमें रावणको मार डालिये। अथवा हे हनुमन्! अपने भाईकी आज्ञा लेकर शत्रुओंको सन्ताप देनेवाले पुरुषश्रेष्ठ लक्ष्मण क्यों नहीं मेरी रक्षा करते हैं ?।

वायु और अग्निके समान तेजस्वी वे दोनों पुरुषसिंह श्रीराम एवं लक्ष्मण देवताओंके लिये भी दुर्जय हैं, फिर मेरी उपेक्षा क्यों करते हैं ?।

इसमें सन्देह नहीं कि मेरा ही कोई महान् पाप है, जिसके कारण वे दोनों वीर एक साथ समर्थ होकर भी मेरा पालन नहीं कर रहे हैं।

हे श्रीराम! विदेहपुत्री सीताजीके करुणापूर्ण उत्तम वचनको सुनकर मैंने फिर आर्या सीताजीसे ऐसी बात कही।

हे देवि! मैं सत्यकी शपथ लेकर कहता हूँ कि श्रीरामचन्द्रजी तुम्हारे शोकके कारण ही सभी कार्योंसे विमुख रहते हैं। श्रीरामके दुखी होनेसे लक्ष्मणजी भी सन्तप्त हो जाते हैं॥

किसी प्रकार आपका दर्शन हो गया, अब चिन्ता करनेका समय नहीं है। हे भामिनि! आप इसी क्षणमें अपने सभी दुःखोंका अन्त समझ लें।

शत्रुओंको सन्ताप देनेवाले वे दोनों पुरुषश्रेष्ठ राजपुत्र आपके दर्शनके लिये उत्साहित होकर लङ्काको भस्म कर देंगे।

हे वरारोहे! युद्धभूमिमें भयंकर राक्षस रावणको बन्धु-बान्धवोंसहित मारकर श्रीरामचन्द्रजी अवश्य ही आपको अपनी पुरी अयोध्यामें ले जायँगे॥

हे सती साध्वी देवि! जिसे श्रीरामचन्द्रजी जानते हों और जो उनके मनको प्रसन्न करनेवाला हो, ऐसी कोई पहचान आप मुझे दीजिये॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुक्त्वा वस्त्राद् ददौ मह्यं मणिमेतं महाबल ।
प्रतिगृह्य मणिं दोर्भ्यां तव हेतो रघुप्रिय ॥३१
शिरसा सम्प्रणम्यैनाम् अहमागमने त्वरे ।
गमने च कृतोत्साहमवेक्ष्य वरवर्णिनी ॥३२
विवर्धमानञ्च हि मामुवाच जनकात्मजा ।
अश्रुपूर्णमुखी दीना बाष्पगद्गदभाषिणी ॥३३
ममोत्पतनसम्भ्रान्ता शोकवेगसमाहता ।
मामुवाच ततः सीता सभाग्योऽसि महाकपे ॥३४
यद् द्रक्ष्यसि महाबाहुं रामं कमललोचनम् ।
लक्ष्मणञ्च महाबाहुं देवरं मे यशस्विनम् ॥३५
सीतयाप्येवमुक्तोऽहमब्रुवं मैथिलीं तथा ।
पृष्ठमारोह मे देवि क्षिप्रं जनकनन्दिनि ॥३६
यावत्ते दर्शयाम्यद्य ससुग्रीवं सलक्ष्मणम् ।
राघवञ्च महाभागे भर्त्तारमसितेक्षणे ॥३७
साब्रवीन्मां ततो देवी नैष धर्म्मो महाकपे ।
यत्ते पृष्ठं सिषेवेऽहं स्ववशा हरिपुङ्गव ॥३८
पुरा च यदहं वीर स्पृष्टा गात्रेषु रक्षसा ।
तत्राहं किं करिष्यामि कालेनोपनिपीड़ता ॥३९
गच्छ त्वं कपिशार्दूल यत्र तौ नृपतेः सुतौ ।
इत्येवं सा समाभाष्य भूयः सन्देष्टुमास्थिता ॥४०
हनूमन् सिंहसङ्काशौ तावुभौ राम-लक्ष्मणौ ।
सुग्रीवञ्च सहामात्यं सर्व्वान् ब्रूया अनामयम् ॥४१
यथा च स महाबाहुर्मां तारयति राघवः ।
अस्माद् दुःखाम्बुसंरोधात् तत्त्वमाख्यातुमर्हसि ॥४२

त्वरे त्वरावान् जात इत्यर्थः ॥३२॥

विवर्धमानं समुद्रतरणायेति शेषः ॥३३ ३८॥

हे महाबली वीर ! मुझे ऐसा कहनेपर उन्होंने चारों ओर देखकर वेणीमें बाँधने योग्य इस उत्तम मणिको अपने वस्त्रसे खोलकर मुझे दिया ।

हे रघुवंशियोंके प्रिय ! आपके लिये इस मणिको मैंने दोनों हाथोंसे लेकर सीताजीको मस्तक झुकाकर प्रणाम किया तथा यहाँ आनेके लिये मैं शीघ्रता करने लगा ।

इस प्रकार लौटनेके लिये उत्साहित होकर अपने शरीरको बढ़ाते हुए देखकर सुन्दरी जानकीजी अत्यन्त दुखी हो गयी और उनके मुखपर आँसुओंकी धारा बहने लगी, मेरे उछलनेकी तैयारीसे वे और व्याकुल हो उठी तथा शोकातुर हो गयी । उस समय अश्रुगद्गद वचनसे मुझे उन्होंने कहा—हे महाकपे ! तुम बड़े सौभाग्यशाली हो, क्योंकि तुम मेरे महाबाहु प्रियतम कमलनयन श्रीराम एवं यशस्वी देवर लक्ष्मणका भी दर्शन करोगे ॥१५-३५॥

सीताजीके ऐसा कहनेपर मैंने उन मिथिलेशनन्दिनी सीताजीसे कहा—हे देवि जानकि ! आप शीघ्र मेरे पीठपर चढ़ जाइये । हे महाभागे, हे श्यामलोचने ! मैं अभी सुग्रीव तथा लक्ष्मणसहित आपके पतिदेव श्रीरामचन्द्रजीका दर्शन करा देता हूँ ॥३६-३७॥

यह सुनकर सीतादेवीने मुझसे कहा—हे महाकपे ! हे वानरश्रेष्ठ ! मेरा यह धर्म नहीं है कि मैं अपने वशमें रहकर भी तुम्हारी पीठपर चढ़ जाऊँ ॥३८॥

हे वीर ! पहले जो राक्षस रावणके द्वारा मेरे शरीरका स्पर्श किया गया, उस समय वहाँ मैं क्या कर सकती थी, क्योंकि मुझे तो कालने ही पीडित कर रक्खा था । अतएव हे वानरश्रेष्ठ ! जहाँ वे दोनों राजकुमार हैं, वहीं तुम जाओ । ऐसा कहकर वे पुनः मुझे सन्देश देने लगी—हे हनुमन् ! सिंहतुल्य पराक्रमी उन दोनों भाइयों श्रीराम तथा लक्ष्मण से और मन्त्रियोंसहित सुग्रीवसे, सभी वानरोंसे भी मेरा समाचार कहना ॥३९-४१॥

तुम वहाँपर ऐसा कार्य करना, जिससे महाबाहु श्रीरामचन्द्रजी मुझे इस दुःखसागरसे उद्धार करें ॥४२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इदञ्च तीव्रं मम शोकवेगं
रक्षोभिरेभिः परिभर्त्सनञ्च ।
ब्रूयास्तु रामस्य गतः समीपं
शिवश्च तेऽध्वास्तु हरिप्रवीर ॥४३

एतत् तवार्या नृप संयता सा
सीता वचः प्राह विषादपूर्व्वम् ।
एतच्च बुद्ध्वा गदितीं यथा त्वं
श्रद्धत्स्व सीतां कुशलां समग्राम् ॥४४

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे सप्तषष्टितमः सर्गः ॥६७॥

कालेनोपनिपीडिता परायत्तेति शेषः ॥३६-४४॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे सप्तषष्टितमः सर्गः ॥६७॥

हे वानरोंमें प्रधान वीर ! मेरे इस तीव्र शोक-वेगको और राक्षसोंकी भर्त्सना उन श्रीरामचन्द्रजीके पास जाकर कहना, तुम्हारा मार्ग कल्याणमय हो ॥४३॥

हे राजन् ! आपकी प्रिया संयमशीला आर्या सीताने विषादपूर्वक इन सभी बातें कही हैं। मैंने जो बातें कहीं, इन सभी बातोंपर विचार करके आप विश्वास रखिये कि सीताजी कुशलपूर्वक हैं ॥४४॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें सड़सठवाँ सर्ग समाप्त ॥६७॥

अष्टषष्टितमः सर्गः

(हनूमता रामचन्द्रसमीपे 'वानराणां समुद्रतरणे शक्तिरस्ति न वे'ति सीतासन्देहस्य कथनम् , तत् परिहारविषयवर्णनञ्च)

अथाहमुक्तं देव्या पुनरुक्तः ससम्भ्रमः ।
तव स्नेहान्नरव्याघ्र सौहार्दादनुमान्य च ॥१
एवं बहुविधं वाच्यो रामो दाशरथिस्त्वया ।
यथा मां प्राप्नुयाच्छीघ्रं हत्वा रावणमाहवे ॥२
यदि वा मन्यसे वीर वसैकाहमरिन्दम ।
कस्मिंश्चित् संवृते देशे विश्रान्तः श्वो गमिष्यसि ॥३

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

तव स्नेहान्मयि सौहृदात्सुहृद्भावान्मामनुमान्य संमान्य ससंभ्रमो गन्तुं सत्वरोऽहमुत्तरं कार्यं प्रति पुनःपुनरुक्तः ॥१॥

यथा मां प्राप्नुयात्तथा यतस्वेति शेषः ॥२-३॥

[हनुमान्द्वारा श्रीरामके पास वानरोंका समुद्रपार होनेकी शक्ति है या नहीं यह सीताका सन्देह एवं अपनेसे उसका परिहारका वृत्तान्त भी बताना।]

हे पुरुषसिंह ! आपके प्रति प्रेम एवं सौहार्द्रके कारण सीताजी मेरा सम्मान करके जानेके लिये शीघ्रता करते हुए मुझसे फिर यह उत्तम बात बोलीं—॥१॥

हे पवनपुत्र ! तुम दशरथकुमार भगवान् श्रीरामसे इस प्रकारकी अनेक बातें कहना, जिससे समरभूमिमें शीघ्र ही रावणका वध करके मुझे प्राप्त कर ले ॥२॥

हे शत्रुसंहारक वीर ! यदि तुम उचित समझो तो एक दिन और यहाँ किसी गुप्त स्थानमें ठहरो। आज विश्राम करके कल सवेरे यहाँसे चले जाना ॥३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मम चाप्यल्पभाग्यायाः सान्निध्यात् तव वानर ।
अस्य शोकविपाकस्य मुहूर्त्तं स्याद् विमोक्षणम् ॥४
गते हि त्वयि विक्रान्ते पुनरागमनाय वै ।
प्राणानामपि सन्देहो मम स्यान्नात्र संशयः ॥५
तवादर्शनजः शोको भूयो मां परिजापयेत् ।
दुःखाद्दुःखपराभूतां दुर्गतां दुःखभागिनीम् ॥६
अयञ्च वीर सन्देहस्तिष्ठतीव ममाग्रतः ।
सुमहान् त्वत्सहायेषु हर्यृक्षेषु हरीश्वर ॥७
कथं नु खलु दुष्पारं तरिष्यन्ति महोदधिम् ।
तानि हर्यृक्षसैन्यानि तौ वा नरवरात्मजौ ॥८
त्रयाणामेव भूतानां सागरस्येह लङ्घने ।
शक्तिः स्याद् वैनतेयस्य वायोर्वा तव वानघ ॥९
तदस्मिन् कार्य्यनिर्योगे वीरैवं दुरतिक्रमे ।
किं पश्यसि समाधानं ब्रूहि वाक्यविदां वर ॥१०
काममस्य त्वमेवैकः कार्य्यस्य परिसाधने ।
पर्याप्तः परवीरघ्न यशस्यस्ते बलोदयः ॥११
बलैः समग्रैर्यदि मां हत्वा रावणमाहवे ।
विजयी स्वपुरीं रामो नयेत् तत् स्याद् यशस्करम् ॥१२
यथाहं तस्य वीरस्य वनादुपधिना हृता ।
रक्षसा तद्भयादेव तथा नार्हति राघवः ॥१३
बलैस्तु संकुलां कृत्वा लङ्कां परबलार्दनः ।
मां नयेद् यदि काकुत्स्थस्तत् तस्य सदृशं भवेत् ॥१४

एकदिनवासफलमाह मम चेति । तव सान्निध्यादल्पभाग्यायाः ममास्य महतः शोकविपाकस्य शोकरूपस्य पापफलस्य मुहूर्तं मोक्षणं स्यादित्यन्वयः ॥४॥

पुनरागमनाय प्रतीक्ष्यमाणाया मम प्राणानामपि संदेहः स्यादिति योजना ॥५-६॥

उत्तरकार्यविषयामुक्तिमाह अयं चेति । असंशयरहितः ॥७॥

संदेहमेवाह कथं न्विति ॥८-१०॥

यद्यपि त्वमेव पर्याप्तः सकलराक्षसवधपूर्वं मन्मोचने इति शेषः, तथापि ईदृशो बलोदयस्तवैव परस्मै यशोवर्धकः स्यात् ॥११॥

यदि तु रामो रावणं हत्वा मां नयेत्तदा तत्कार्यं तस्य यशस्करं स्यात्, अतस्तेनैवागत्य मोचनं युक्तमिति भावः ॥१२॥

हे वानर ! तुम्हें पासमें रहनेसे सन्दभागिनी मुझे इस शोकसे कुछ देरके लिये मुक्ति मिल जायगी ॥४॥

हे पराक्रमी वीर ! तुम्हें पुनः आनेके लिये यहाँसे चले जानेपर मेरे प्राणोंका भी सन्देह हो जायगा, इसमें सन्देह नहीं है ॥५॥

तुम्हें न देखनेसे होनेवाला शोक एक दुःखके बाद दूसरे दुःख उठानेसे पराभव एवं दुर्गतिमें पड़ी हुई मुझ दुःखिनीको और भी सन्तप्त करता रहेगा ॥६॥

हे वीर वानरराज ! मेरे सामने यह बहुत बड़ा सन्देह उपस्थित हो गहा है कि जिनके तुम सहायक हो, उन वानरों तथा ऋक्षोंकी सेना एवं वे दोनों राजकुमार श्रीराम और लक्ष्मण इस अपार समुद्रको कैसे पारकर सकेंगे ? ॥७-८॥

हे निष्पाप पवनपुत्र ! तीन ही प्राणियोंमें इस समुद्रको पार करनेकी शक्ति है—विनतापुत्र गरुड़में, वायुमें और तुममें ॥९॥

हे वीर ! जब इस कार्यका साधन इस प्रकार दुष्कर हो चुका है, तब इसके साधनके लिये तुम कौनसा उपाय देख रहे हो । कार्यसिद्धिके लिये उपाय जाननेवालोंमें तुम श्रेष्ठ हो, इसलिये तुम्हीं मेरी बातका उत्तर दो ॥१०॥

हे शत्रुवीरोंको संहार करनेवाले हनुमन् ! कार्यको साधन करनेके लिये तुम अकेले ही पर्याप्त हो, इसमें सन्देह नहीं, किन्तु तुम्हारे बलका उदय तुम्हारे लिये ही यशकी वृद्धि करनेवाला होगा (श्रीरामके लिये नहीं) ॥११॥

यदि श्रीरामचन्द्रजी अपनी समस्त सेनाके साथ यहाँ आकर युद्धमें रावणको मारकर विजयी हो, मुझे अयोध्यामें ले चलें तो उनके लिये कीर्तिकी वृद्धि करनेवाला होगा ॥१२॥

जिस प्रकार रावणने श्रीरामके भयसे छलपूर्वक मेरा हरण किया था, उसी प्रकार श्रीरामचन्द्रजीको मुझे प्राप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तद् यथा तस्य विक्रान्तमनुरूपं महात्मनः ।
भवत्याहवशूरस्य तथा त्वमुपपादय ॥१५
तदर्थोपहितं वाक्यं प्रश्रितं हेतुसंहितम् ।
निशम्याहं ततः शेषं वाक्यमुत्तरमब्रुवम् ॥१६
देवि हर्यृक्षसैन्यानामीश्वरः प्लवतां वरः ।
सुग्रीवः सत्त्वसम्पन्नस्त्वदर्थे कृतनिश्चयः ॥१७
तस्य विक्रमसम्पन्नाः सत्त्ववन्तो महाबलाः ।
मनःसङ्कल्पसदृशा निदेशे हरयः स्थिता ॥१८
येषां नोपरि नाधस्तान्न तिर्य्यक् सज्जते गतिः ।
न च कर्म्मसु सीदन्ति महत् स्वमिततेजसः ॥१९
असकृत् तैर्महाभागैर्वानरैर्बलसंयुतैः ।
प्रदक्षिणीकृता भूमिर्वायुमार्गानुसारिभिः ॥२०
मद्विशिष्टाश्च तुल्याश्च सन्ति तत्र वनौकसः ।
मत्तः प्रत्यवरः कश्चिन्नास्ति सुग्रीवसन्निधौ ॥२१
अहं तावदिह प्राप्तः किं पुनस्ते महाबलाः ।
नहि प्रकृष्टाः प्रेष्यन्ते प्रेष्यन्ते हीतरे जनाः ॥२२
तदलं परितापेन देवि मन्युरपैतु ते ।
एकोत्पातेन ते लङ्कामेष्यन्ति हरियूथपाः ॥२३
मम पृष्ठगतौ तौ च चन्द्रसूर्य्याविवोदितौ ।
त्वत्सकाशं महाभागे नृसिंहावागमिष्यतः ॥२४

उपधिना छलेन ॥१३-१४॥
यथा तस्यानुरूपं विक्रान्तं भवति, तथात्वमेवोपपादय ॥१५॥

नहीं करना चाहिये (वस्तुतः वे रावणको मारकर ही मुझे ले चलें) ॥१३॥

शत्रुसेनाका संहार करनेवाले काकुत्स्थ श्रीरामचन्द्रजी यदि अपने सैनिकोंद्वारा लङ्काको पददलित करके मुझे अपने साथ ले चलें तो उनके पराक्रमके योग्य होगा ॥१४॥

महात्मा श्रीराम युद्धमें पराक्रम प्रकट करनेवाले हैं, इसलिये जैसे उनके योग्य पराक्रम प्रकट हो, वैसा उपाय तुम ही करो ॥१५॥

सीताजीके अभिप्रायपूर्ण विनययुक्त एवं युक्तिसङ्गत वचनको सुनकर अन्तमें मैंने उनको इस प्रकार उत्तरस्वरूप वचन कहा—॥१६॥

हे देवि ! वानर तथा ऋक्षोंके स्वामी वानरश्रेष्ठ एवं शक्तिशाली सुग्रीवजी आपका उद्धार करनेके लिये दृढ़ निश्चय कर चुके हैं ॥१७॥

उनके पास पराक्रमी, शक्तिशाली और महाबली वानर हैं, जो मनके संकल्पके समान तेज चलनेवाले हैं, वे सभी उनके अधीन हैं ॥१८॥

शेषं शिष्टम् ॥१६-२२॥

उन अमिततेजस्वी वानरोंकी गति ऊपर नीचे या अगल-बगलमें कहीं रुकती नहीं है। वे सब बड़े-बड़े कार्य उपस्थित होनेपर भी कभी शिथिल नहीं होते ॥१९॥

वायुमार्ग (आकाश) में चलनेवाले उन महाभाग बलवान् वानरोंने अनेकबार इस पृथ्वीकी परिक्रमा भी की है ॥२०॥

वहाँपर मुझसे बढ़कर तथा मेरे समान अनेक वानर हैं। सुग्रीवके पास ऐसे कोई वानर नहीं जो मेरेसे कम हो ॥२१॥

जब मैं ही यहाँ आ गया, तब उन महाबलशाली वानरोंको आनेमें सन्देह ही क्या है ? क्योंकि दूत बनाकर उच्चश्रेणीके लोग नहीं भेजे जाते, किन्तु साधारण श्रेणीके ही लोग भेजे जाते हैं ॥२२॥

हे देवि ! अब सन्ताप करना व्यर्थ है, आपका दुःख दूर होना चाहिये। वे वानरयूथपति एकही उड़ानमें लङ्कामें पहुँच जायेंगे ॥२३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरिघ्नं सिंहसङ्काशं क्षिप्रं द्रक्ष्यसि राघवम् ।
लक्ष्मणञ्च धनुष्मन्तं लङ्काद्वारमुपागतम् ॥२५
नखदंष्ट्रायुधान् वीरान् सिंहशार्दूलविक्रमान् ।
वानरान् वानरेन्द्राभान् क्षिप्रं द्रक्ष्यसि सङ्गतान् ॥२६
शैलाम्बुदनिकाशानां लङ्कामलयसानुषु ।
नर्दतां कपिमुख्यानां नचिराच्छ्रोष्यसे स्वनम् ॥२७
निवृत्तवनवासञ्च त्वया सार्धमरिन्दमम् ।
अभिषिक्तमयोध्यायां क्षिप्रं द्रक्ष्यसि राघवम् ॥२८
ततो मया वाग्भिरदीनभाषिणी
शिवाभिरिष्टाभिरभिप्रसादिता ।
उवाह शान्तिं मम मैथिलात्मजा
तवातिशोकेन तथातिपीड़िता ॥२९

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे अष्टषष्टितमः सर्गः ॥६८॥

मन्युर्दैन्यम् ॥२३-२८॥
पूर्वमुक्तया मदुक्त्या श्रुतेन त्वच्छोकेनातिपीडिताप्यदीनभाषिणी सा मया शिवाभिर्वाग्भिरभिप्रसादिता शान्तिं दुःखनिवृत्तिम् उवाह प्रापेत्यर्थः ॥२९॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे ऽष्टषष्टितमः सर्गः ॥६८॥

हे महाभागे ! वे पुरुषसिंह राम और लक्ष्मण भी उदयगिरिपर उदय होनेवाले चन्द्रमा एवं सूर्यके समान मेरी पीठपर बैठकर यहाँ आ जायँगे ॥२४॥

शत्रुनाशक और सिंहके समान पराक्रमी श्रीराम एवं लक्ष्मण हाथमें धनुष लेकर लङ्काके द्वारपर शीघ्र ही आ जायँगे ॥२५॥

नख और दाढ़े ही जिनके अस्त्र हैं, जो सिंह तथा बाघके समान पराक्रमी हैं और विशाल गजराजके समान जिनका विशाल शरीर है, उन वीर वानरोंको यहाँ लङ्काके द्वारपर शीघ्र ही एकत्रित देखेंगी ॥२६॥

लङ्काके मलयपर्वतकी चोटियोंपर पर्वतों तथा मेघोंके समान विशाल शरीरवाले प्रधान-प्रधान वानरोंका सिंह गर्जन आप शीघ्र ही सुनेंगी ॥२७॥

वनवासका समय बिताकर अयोध्यामें आपके साथ राजगद्दीपर विराजमान शत्रुओंको दमनकरनेवाले श्रीरामचन्द्रजीको आप शीघ्र ही देखेंगी ॥२८॥

आपके शोकसे अत्यन्त पीडित होनेपर भी जिनके वचनमें कभी दीनता नहीं आती, उन मैथिली सीताको जब मैंने इस प्रकार प्रिय तथा मङ्गलमय वचनोंसे समझाया, तब उनके मनमें थोड़ी शान्ति हुई ॥२९॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें अड़सठवाँ सर्ग समाप्त ॥६८॥

सुन्दरकाण्डं समाप्तम् ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

युद्ध (लङ्का) काण्डम्

प्रथमः सर्गः

(श्रीरामचन्द्रस्य हनूमत्प्रशंसापूर्वकं समुद्रोत्तरणचिन्ता)

श्रुत्वा हनूमतो वाक्यं यथावदभिभाषितम् ।
रामः प्रीतिसमायुक्तो वाक्यमुत्तरमब्रवीत् ॥१
कृतं हनूमता कार्य्यं सुमहद् भुवि दुर्लभम् ।
मनसापि यदन्येन न शक्यं धरणीतले ॥२
नहि तं परिपश्यामि यस्तरेत महार्णवम् ।
अन्यत्र गरुड़ाद् वायोरन्यत्र च हनूमतः ॥३
देव-दानव-यक्षाणां गन्धर्व्वोरगरक्षसाम् ।
अप्रधृष्यां पुरीं लङ्कां रावणेन सुरक्षिताम् ॥४
प्रविष्टः सत्त्वमाश्रित्य जीवन् को नाम निष्क्रमेत् ।
को विशेन् सुदुराधर्षां राक्षसैश्च सुरक्षिताम् ॥५
यो वीर्य्यबलसम्पन्नो न समः स्याद्धनूमतः ।
भृत्यकार्य्यं हनुमता सुग्रीवस्य कृतं महत् ।
एवं विधाय स्वबलं सदृशं विक्रमस्य च ॥६

युद्धे रक्षोगणान्हत्वा पुष्पकेण निजां पुरीम् ॥
सीतया सह चागत्य रेजे रामोऽभिषेचितः ॥१॥

एवं हनूमतः सकाशात्सीतावृत्तान्तं श्रुत्वा कृतकार्यं भृत्ये स्वामिन उचितां वृत्तिं लोकेभ्य उपदेष्टुं हनूमन्तमस्तौषीदित्याह श्रुत्वेति । उत्तरं प्रियश्रवणोत्तरकालयोग्यम् ॥१॥

भुवि दुर्लभं भूलोके दुःखेन लभ्यं यद्वस्तु सीतारूपं तद्विषयं यत्कार्यमन्वेषणरूपं तद्धनूमता कृतम् । यद्धरणीतलेऽन्येन मनसापि न शक्यम् । कर्तुमिति शेषः । अतएव दुर्लभत्वमुक्तम् ॥२॥

अन्याशक्यत्वमेवाह नहीति ॥४॥

देवदानवयक्षाणामिति । करणे शेषत्वेन विवक्षिते षष्ठी ॥४॥

तां प्रविष्टो निष्क्रमेत्पुनः स्वदेशमागच्छेत् । प्रवेशोऽपि दुर्लभ इत्याह क इति । यो हनूमतः समो न स्यात्स को विशेदित्यन्वयः ॥५॥

विक्रमस्य सदृशं स्वबलं स्ववलकार्यं समुद्रलंघनलङ्काप्रवेशरूपं विधाय हनूमता महदुक्तादधिकमपि सुग्रीवस्य भृत्यकार्यं सुग्रीव-भृत्यत्वोचितं कार्यं सीतादर्शनवनभङ्गादिरूपं कृतम् ॥६॥

[श्रीरामका हनुमान्‌जीकी प्रशंसा करके समुद्रको पार करनेके लिये चिन्तित होना]

हनुमान्‌जीके द्वारा यथार्थ रूपसे कहे गये वचनको सुनकर प्रसन्न हुए श्रीरामचन्द्रजी इस प्रकार वचन बोले --॥१॥

हनुमान्‌ने महान् कार्य किया है पृथ्वीपर ऐसा कार्य करना कठिन है । इस भूमण्डलमें (हनुमान्‌के अतिरिक्त) दूसरा कोई ऐसा कार्य करनेके लिये विचार भी नहीं कर सकता ॥२॥

गरुड़, वायु और हनुमान्‌को छोड़कर दूसरे किसी व्यक्तिको मैं नहीं देखता, जो समुद्रको पारकर सके ॥३॥

देवता, दानव, यक्ष, गन्धर्व, नाग और राक्षस—इनमेंसे किसीके लिये भी आक्रमण करना असम्भव है । रावणके द्वारा सुरक्षित उस लङ्कापुरीमें केवल अपने पराक्रमका ही आश्रय लेकरके कौन वहाँसे जीवित निकल सकता है । जो हनुमान्‌के समान पराक्रमी नहीं हो वह कौन पुरुष है जो राक्षसोंसे सुरक्षित और अत्यन्त दुर्जय लङ्कामें प्रवेश कर सकता है ॥४-५॥

हनुमान्‌ने अपने समुद्रलङ्घन आदि कार्योंसे अपने पराक्रमके अनुकूल बल प्रकाशित करके सुग्रीवका महान् कार्य कर दिया है ॥६॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यो हि भृत्यो नियुक्तः सन् भर्त्ता कर्म्मणि दुष्करे ।
कुर्य्यात् तदनुरागेन तमाहुः पुरुषोत्तमम् ॥७
यो नियुक्तः परं कार्य्यं न कुर्य्यात् नृपतेः प्रियम् ।
भृत्यो युक्तः समर्थश्च तमाहुः पुरुषाधमम् ॥८
तन्नियोगे नियुक्तेन कृतं कृत्यं हनूमता ।
न चात्मा लघुतां नीतः सुग्रीवश्चापि तोषितः ॥१०
अहञ्च रघुवंशश्च लक्ष्मणश्च महाबलः
वैदेह्या दर्शनेनाद्य धर्म्मतः परिरक्षिताः ॥११
इदं तु मम दीनस्य मनो भूयः प्रकर्षति !
यदिहास्य प्रियाख्यातुर्न कुर्मि सदृशं प्रियम् ॥१२
एष सर्वस्वभूतस्तु परिष्वङ्गो हनूमतः ।
मया कालमिमं प्राप्य दत्तस्यस्य महात्मनः ॥१३

रावणके समीपमें जाकर विकराल मुखवाली राक्षसियोंने निवेदन किया कि विकटरूपवाला कोई भयंकर वानर प्रमदावनमें आया है ॥१२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अशोकवनिकामध्ये राजन् भीमवपुः कपिः ।
सीतया कृतसंवादस्तिष्ठत्यमितविक्रमः ॥१३
न च तं जानकी सीता हरिं हरिणलोचना ।
अस्माभिर्बहुधा पृष्टा निवेदयितुमिच्छति ॥१४
वासवस्य भवेद् दूतो दूतो वैश्रवणस्य वा ।
प्रेषितो वापि रामेण सीतान्वेषणकाङ्क्षया ॥१५
तेनैवाद्भुतरूपेण यत्तत्तव मनोहरम् ।
नानामृगगणाकीर्णं प्रमृष्टंप्रमदावनम् ॥१६
न तत्र कश्चिदुद्देशो यस्तेन न विनाशितः ।
यत्र सा जानकी देवी स तेन न विनाशितः ॥१७
जानकीरक्षणार्थं वा श्रमाद् वा नोपलक्ष्यते ।
अथवा कः श्रमस्तस्य सैव तेनाभिरक्षिता ॥१८
चारुपल्लवपत्राढ्यं यं सीता स्वयमाश्रिता ।
प्रवृद्धः शिंशपावृक्षः स च तेनाभिरक्षितः ॥१९
तस्योग्ररूपस्योग्रं त्वं दण्डमाज्ञाप्तुमर्हसि ।
सीता सम्भाषिता येन वनं तेन विनाशितम् ॥२०
मनः परिगृहीतां तां तव रक्षोगणेश्वर ।
कः सीतामभिभाषेत यो न स्यात् त्यक्तजीवितः ॥२१
राक्षसीनां वचः श्रुत्वा रावणो राक्षसेश्वरः ।
चिताग्निरिव जज्वाल कोपसंवर्तितेक्षणः ॥२२

सीतया कृतसंवादत्वज्ञानं यथा तथोक्तम् ॥१३॥

न निवेदयितुमिच्छति प्रायेणेयं यं तं जानातीति तासामाशयः ॥१४-१५॥

प्रमृष्टं नाशितम् ॥१६॥

उद्देशः प्रदेशः ॥१७॥

कः श्रम इति महावनं भग्नवतस्तस्य श्रमोऽसंभावित इत्यर्थः । अतः सा जानक्येव तेनाभिरक्षिता । तदाश्रयवृक्षाभग्नेनेति शेषः ॥१८॥

तस्यैवार्थस्य स्थिरकीरणाय पुनः प्रतिपादनम्, चार्विति । तेनाभिरक्षितः सीतारक्षणार्थमिति शेषः ॥१९॥

आज्ञाप्तुमाज्ञापयितुम् । सीतासम्भाषितेत्यनेन सापराधग्रहत्वं बोधितम् ॥२०॥

तद्भाषणस्यापराधत्वमुपपादयति मन इति । त्यक्तजीवितत्वमुपपादयति राजपरिग्रहभाषणं पुंसोऽपराध इति भावः ॥२१॥

उन्होंने कहा—हे राजन्! अशोकवाटिकामें भयंकर शरीरवाला एक वानर आया है। उसने सीताजीके साथ वार्तालाप किया है। वह महापराक्रमी वानर अभी भी वहीं मौजूद है ॥१३॥

हमलोगोंने बहुत पूछा, किन्तु जनकपुत्री मृगलोचनी सीता उस वानरके विषयमें कुछ बता नहीं रही है ॥१४॥

सम्भव है वह इन्द्र या कुबेरका दूत हो अथवा श्रीरामने ही सीताकी खोज करनेके लिये उसे भेजा हो ॥१५॥

उस अद्भुत रूप धारण करनेवाले वानरने नाना प्रकारके मृग-पक्षियोंसे युक्त आपके सुन्दर प्रमदावनको विध्वंस कर दिया ॥१६॥

प्रमदावनका कोई ऐसा स्थान नहीं, जिसे उसने विध्वंस नहीं कर दिया हो, किन्तु जहाँपर वह जानकी देवी है, उस स्थानको उसने विध्वंस नहीं किया ॥१७॥

जानकीजीकी रक्षाके लिये या परिश्रमसे थककर उसने उस स्थानको बचाया, यह कहा नहीं जा सकता। अथवा उसे परिश्रम क्या था, केवल जानकीकी रक्षाके लिये ही उस स्थानको बचा लिया ॥१८॥

सुन्दर पुष्पों एवं पल्लवोंसे सम्पन्न जिस अशोक वृक्षके नीचे सीता रहती हैं, उस वृक्षको उसने छोड़ दिया है ॥१९॥

जिसने सीताके साथ वार्तालाप किया और अशोक-वनका विध्वंस कर डाला, उस भयंकर रूपवाले वानरको कठोर दण्ड देनेकी आज्ञा दें ॥२०॥

हे राक्षसेन्द्र! जिसको आपने अपने मनसे स्वीकार कर लिया है, उस सीतासे अपने जीवनकी इच्छा न करनेवाला कौन व्यक्ति है, जो बात कर सकता ॥२१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तस्य क्रुद्धस्य नेत्राभ्यां प्रापतन्नश्रुबिन्दवः ।
दीप्ताभ्यामिव दीपाभ्यां सार्चिषः स्नेहबिन्दवः ॥२३
आत्मनः सदृशान् वीरान् किङ्करान्नाम राक्षसान् ।
व्यादिदेश महातेजा निग्रहार्थं हनूमतः ॥२४
तेषामशीतिसाहस्रं किङ्कराणां तरस्विनाम् ।
निर्ययुर्भवनात् तस्मात् कूटमुद्गरपाणयः ॥२५
महोदराः महादंष्ट्रा घोररूपा महाबलाः ।
युद्धाभिमनसः सर्व्वे हनूमद्ग्रहणोन्मुखाः ॥२६
ते कपिं तं समासाद्य तोरणस्थमवस्थितम् ।
अभिपेतुर्महावेगाः पतङ्गा इव पावकम् ॥२७

ते गदाभिर्विचित्राभिः परिघैः काञ्चनाङ्गदैः ।
आजग्मुर्वानरश्रेष्ठं शरैरादित्यसन्निभैः ॥२८
मुद्गरैः पट्टिशैः शूलैः प्रासतोमरपाणयः ।
परिवार्य हनूमन्तं सहसा तस्थुरग्रतः ॥२९
हनूमानपि तेजस्वी श्रीमान् पर्व्वतसन्निभः ।
क्षितावाविध्य लाङ्गूलं ननाद च महाध्वनिम् ॥३०
स भूत्वा तु महाकायो हनूमान् मारुतात्मजः ।
पुच्छमास्फोटयामास लङ्कां शब्देन पूरयन् ॥३१
तस्यास्फोटितशब्देन महता चानुनादिना ।
पेतुर्विहङ्गा गगनादुच्चैश्चेदमघोषयत् ॥३२

संवर्तिते विवर्तिते ईक्षणे नेत्रे येन सः ॥२२ २४॥

अशीतेः साहस्रम् । स्वार्थेऽण् । कूटः अयस्कारः कूटसदृशाग्र आयुधविशेषः ॥२५-२६॥

अवस्थितं युद्धाय सन्नद्धम् ॥२७॥

काञ्चनाङ्गदैः काञ्चनपट्टबन्धैः ॥२८-२९॥

क्षितावाविध्य लांगूलमिति स्वभावोक्तिरलङ्कारः ॥३०-३१॥

अनुनादिना प्रतिध्वनिमता ॥३२॥

इस प्रकार राक्षसियोंकी बातें सुनकर राक्षसेश्वर रावण आहवनीय अग्निके समान क्रोधसे प्रज्वलित होने लगा। उस समय उसकी आँखें सर्वत्र घूम रही थी ॥२२॥

कुपित रावणकी आँखोंसे उसी प्रकार आँसुकी बूँदे गिर गयी, जैसे जलते हुए दो दीपकोंसे ज्वालासहित तेल की बूँदे गिर जाती है ॥२३॥

महातेजस्वी रावणने हनुमान्‌को दण्ड देनेके लिये अपने समान शूरवीर किंकर नामक राक्षसोंको आज्ञा दी ॥२४॥

रावणके आज्ञानुसार वे अस्सी हजार किंकर नामक राक्षस कूट एवं मुद्गर आदि शस्त्र हाथमें लेकर अपने घरसे निकले ॥२५॥

उनके पेट बहुत बड़े थे, उनकी दाँते बड़ी थी, वे भयंकर रूपवाले और महाबली थे। वे सब युद्धके इच्छुक और हनुमान्‌जीको पकड़नेके लिये उत्सुक हो रहे थे ॥२६॥

वे सब वहाँ पहुँचकर महाद्वारपर बैठे हुए हनुमान्‌जीके पास उसी प्रकार गये, जैसे अग्निके पास पतङ्ग चले जाते हैं ॥२७॥

उन राक्षस वीरोंने विचित्र गदाओंसे, सोनेसे मढ़े हुए परिघों और सूर्यके समान प्रज्वलित बाणोंसे वानरश्रेष्ठ हनुमान्‌जीपर आक्रमण किया ॥२८॥

हाथमें प्रास तथा तोमर लिये और मुद्गर, पट्टिश एवं शूलोंसे सम्पन्न वे सहसा हनुमान्‌जीको घेरकर उनके सामने खड़े हो गये ॥२९॥

तेजस्वी एवं पर्वतके समान विशालकाय श्रीमान् हनुमान्‌जीने भी अपनी पूँछको पृथ्वीपर पटककर बड़े जोरोंसे गर्जना की ॥३०॥

विशाल शरीरवाले पवनपुत्र हनुमान्‌जी अपनी भयंकर गर्जनासे लंकाको पूर्ण करते हुए अपनी पूँछ पटकने लगे ॥३१॥

उस समय हनुमान्‌जीके ताल ठोकनेके शब्दसे और महागर्जनसे आकाशसे पक्षिगण नीचे गिर गये। हनुमान्‌जीने उच्चस्वरसे यह घोषणा की ॥३२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जयत्यतिबलो रामो लक्ष्मणश्च महाबलः ।
राजा जयति सुग्रीवो राघवेणाभिपालितः ॥३३
दासोऽहं कोसलेन्द्रस्य रामस्याक्लिष्टकर्मणः ।
हनूमान् शत्रुसैन्यानां निहन्ता मारुतात्मजः ॥३४
न रावणसहस्रं मे युद्धे प्रतिबलं भवेत् ।
शिलाभिश्च प्रहरतः पादपैश्च सहस्रशः ॥३५
अर्दयित्वा पुरीं लङ्कामभिवाद्य च मैथिलीम् ।
समृद्धार्थो गमिष्यामि मिषतां सर्व्वरक्षसाम् ॥३६
तस्य सन्नादशब्देन तेऽभवन् भयशङ्किताः ।
ददृशुश्च हनूमन्तं सन्ध्यामेघमिवोन्नतम् ॥३७
स्वामिसन्देशनिःशङ्कास्ततस्ते राक्षसाः कपिम् ।
चित्रैः प्रहरणैर्भीमैरभिपेतुस्ततस्ततः ॥३८
स तैः परिवृतः शूरैः सर्व्वतः स महाबलः ।
आससादायसं भीमं परिघं तोरणाश्रितम् ॥३९
स तं परिघमादाय जघान रजनीचरान् ।
सपन्नगमिवादाय स्फुरन्तं विनतासुतः ॥४०
विचचाराम्बरे वीरः परिगृह्य च मारुतिः ।
सूदयामास वज्रेण दैत्यानिव सहस्रदृक् ॥४१
स हत्वा राक्षसान् वीरः किङ्करान् मारुतात्मजः ।
युद्धाकाङ्क्षी महावीरस्तोरणं समवस्थितः ॥४२

जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते ॥३३-३४॥

प्रतिबलं प्रतिस्पर्द्धार्हबलवत् ॥३५॥

मिषतामित्यनादरे षष्ठी ॥३६॥

सन्नादशब्देन आस्फोटशब्दजप्रतिध्वनिना सिंहनादेन च ॥३७॥

स्वामिनो रामस्य सन्देशेन नामग्रहणेन कस्यायं भट इति संदेहरहिताः । किंच स्वामिसन्देशेन रावणाज्ञयाऽतिघोरेणाप्यनेन योद्धव्यमेवेति निश्चयात् पक्षान्तरशङ्कारहिताः प्रहरणैरायुधैरभिपेतुः प्राहरन्नित्यर्थः ॥३८॥

तोरणाश्रितं तोरणसमीपे स्थापितम् ॥३९॥

स प्रसिद्धो विनतासुतः पन्नगमादायेव स हनूमानादायेव स हनूमान् तं परिघमादायेति योजना ॥४०॥

परिगृह्य परिघमिति शेषः ॥४१-४२॥

अमितबलशाली श्रीरामचन्द्रजी एवं महाबलवान् लक्ष्मणजीकी जय हो, तथा श्रीरामसे सुरक्षित राजा सुग्रीवकी जय हो ॥३३॥

अनायास कर्म करनेवाले कोशलेन्द्र भगवान् श्रीरामका दास, शत्रुसेनाको संहार करनेवाला पवनपुत्र मैं हनुमान् हूँ ॥३४॥

जिस समय मैं पर्वतों तथा वृक्षोंसे प्रहार करूँगा, उस समय हजारों रावण भी मेरे सामने टिक नहीं सकेंगे ॥३५॥

सभी राक्षसोंके सामने ही लंकाको विध्वंस और सीताजीको प्रणाम कर पूर्णमनोरथ होकर मैं जाऊँगा ॥३६॥

हनुमान्‌जीके गर्जन शब्दको सुनकर सभी राक्षस भयसे शंकित हो गये और उन्होंने सन्ध्याकालीन मेघके समान ऊँचे होते हुए हनुमान्‌जीको देखा ॥३७॥

हनुमान्‌जीने अपने स्वामीका नाम लेकर अपना परिचय दे दिया, इसलिये कोई सन्देह नहीं था। वे अनेक प्रकारके भयंकर अस्त्र-शस्त्रोंका प्रहार करते हुए उन पर आक्रमण कर दिये ॥३८॥

उन वीर राक्षसों द्वारा सब ओरसे घिर जानेपर महाबली हनुमान्‌ने फाटकपर रक्खा हुआ एक भयंकर लोहेका परिघ उठा लिया ॥३९॥

जैसे विनतानन्दन गरुड़जी छटपटाते हुए साँपको पञ्जोंमें दाब लेता है, उसी प्रकार उस परिघको हाथमें लेकर हनुमान्‌जीने उन राक्षसोंको संहार आरम्भ किया। ४०॥

वीर हनुमान्‌जी उस परिघको लेकर आकाशमें विचरने लगे। जैसे सहस्रनेत्रधारी इन्द्र अपने वज्रसे दैत्योंका वध करते हैं। उसी प्रकार उन्होंने उस परिघसे आये हुए सब राक्षसोंको मार डाला ॥४१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततस्तस्माद् भयान्मुक्ताः कतिचित्तत्र राक्षसाः ।
निहतान् किङ्करान् सर्वान् रावणाय न्यवेदयन् ॥४३
स राक्षसानां निहतं महाबलं
निशम्य राजा परिवृत्तलोचनः ।
समादिदेशाप्रतिमं पराक्रमे
प्रहस्तपुत्रं समरे सुदुर्जयम् ॥४४

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे द्विचत्वारिंशः सर्गः ॥४२॥

कतिचिद्धताऽवशेषा द्वित्राः ॥४३॥

प्रहस्तपुत्रो जम्बुमाली ॥४४॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे द्विचत्वारिंशः सर्गः ॥४२॥

किंकर नामक वीर राक्षसोंको मारकर पवनपुत्र वीर हनुमान्‌जी युद्धकी आकांक्षासे पुनः द्वारपर जाकर बैठ गये ॥४२॥

इसके बाद हनुमान्‌जीसे बचे हुए कुछ राक्षसोंने भयभीत होकर रावणके समीप जाकर सभी किंकर नामक राक्षस मारे गये, यह समाचार रावणको सुना दिया ॥४३॥

राक्षसोंकी विशाल सेनाको मारे जानेका समाचार सुनकर चढ़ी हुई आँखोंवाला राजा रावणने पराक्रममें अतुलनीय और युद्धमें शत्रुओंसे दुर्जय प्रहस्तपुत्र जम्बुमालीको (हनुमान्‌जीसे युद्ध करनेका) आदेश दिया ॥४४॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें बयालीसवाँ सर्ग समाप्त ॥४२॥

त्रिचत्वारिंशः सर्गः

[रावणप्रेरितकिङ्करसैन्यहननपूर्वकं राक्षसकुलदेवतानां चैत्यप्रासादं ध्वंसयितुं हनुमत उद्योगः, प्रासादरक्षकैः प्राप्तप्रहारेण हनुमता तेषां विनाशः, रामनामकीर्तनानन्तरं स्वीयपराक्रमं प्रकट्य चैत्यप्रासादस्तम्भोत्पाटनपूर्वकं तं घूर्णयतो हनुमतः प्रासाददाहः, ततोऽन्तरिक्षगमनम्, अचिरेणैवकालेनेयं नगरी यूयञ्च विध्वंसिता भवेयुरिति निवेदनञ्च ।]

ततः स किङ्करान् हत्वा हनूमान् ध्यानमास्थितः ।
वनं भग्नं मया चैत्यप्रासादो न विनाशितः ॥१
तस्मात् प्रासादमद्यैवमिमं विध्वंसयाम्यहम् ।
इति सञ्चिन्त्य हनुमान् मनसा दर्शयन् बलम् ॥२
चैत्यप्रासादमुत्प्लुत्य मेरुशृंगमिवोन्नतम् ।
आरुरोह हरिश्रेष्ठो हनूमान् मारुतात्मजः ॥३
आरुह्य गिरिसङ्काशं प्रासादं हरियूथपः ।
बभौ स सुमहातेजाः प्रतिसूर्य इवोदितः ॥४

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

अथ रावणसन्दिष्टसेनान्तरागमनात्पूर्वं तूष्णीं स्थित्वा न किंचित् प्रयोजनमिति विचार्य । प्रासादभङ्गादि चिकीर्षति । तत इति । ध्यानं विचारः । चैत्यप्रासादः रक्षःकुलदेवताप्रासादः ॥१॥

एवं प्रमदवनवत् ॥२॥

प्रासादमुत्प्लुत्यारुरोह ॥३-४॥

(रावणद्वारा प्रेरित किंकर राक्षसोंको मारकर हनुमान्‌जीका चैत्यप्रासादका विध्वंस करनेका उद्योग करना एवं उसके रक्षकोंको वध करके रामनाम कीर्त्तन करते हुए अपना पराक्रम प्रकट करनेके लिये चैत्यप्रासादको जलाना और शीघ्र ही यह नगरी एवं तुमलोग ध्वंस हो जाओगे यह बताना)

हनुमान्‌जी किंकर नामक राक्षसोंको मारनेके बाद पुनः विचार करने लगे कि मैंने अशोकवनका तो विध्वंस कर दिया, किन्तु इस चैत्यप्रासाद (राक्षसोंकी कुलदेवताका मन्दिर) का विनाश नहीं किया ॥१॥

इसलिये अब इस चैत्यप्रासादको विध्वंस कर डालूं ऐसा मनमें विचार करके वायुपुत्र कपिश्रेष्ठ हनुमान्‌जी अपना पराक्रम प्रदर्शित करते हुए उछलकर सुमेरुके शिखरके समान उन्नत चैत्यप्रासादपर चढ़ गये ॥२-३॥

इस प्रकार वानरयूथपति महातेजस्वी हनुमान्‌जी पर्वतके समान उन्नत चैत्यप्रासादपर चढ़कर नवोदित द्वितीय सूर्यके समान सुशोभित होने लगे ॥४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्प्रधृष्य तु दुर्धर्षश्चैत्यप्रासादमुन्नतम् ।
हनूमान् प्रज्वलँल्लक्ष्म्या पारियात्रोपमोऽभवत् ॥५
स भूत्वा सुमहाकायः प्रभावान् मारुतात्मजः ।
धृष्टमास्फोटयामास लङ्कां शब्देन पूरयन् ॥६
तस्यास्फोटितशब्देन महता श्रोत्रघातिना ।
पेतुर्विहङ्गमास्तत्र चैत्यपालाश्च मोहिताः ॥७
अस्त्रविज्जयतां रामो लक्ष्मणश्च महाबलः ।
राजा जयति सुग्रीवो राघवेणाभिपालितः ॥८
दासोऽहं कोशलेन्द्रस्य रामस्याक्लिष्टकर्मणः ।
हनूमान् शत्रुसैन्यानां निहन्ता मारुतात्मजः ॥९
न रावणसहस्रं मे युद्धे प्रतिबलं भवेत् ।
शिलाभिश्च प्रहरतः पादपैश्च सहस्रशः ॥१०
धर्षयित्वा पुरीं लङ्कामभिवाद्य च मैथिलीम् ।
समृद्धार्थो गमिष्यामि मिषतां सर्व्वरक्षसाम् ॥११
एवमुक्त्वा महाकायश्चैत्यस्थो हरियूथपः ।
ननाद भीमनिर्ह्रादो रक्षसां जनयन् भयम् ॥१२
तेन नादेन महता चैत्यपालाः शतं ययुः ।
गृहीत्वा विविधानस्त्रान् प्रासान् खड्गान् परश्वधान् ॥१३
विसृजन्तो महाकाया मारुतिं पर्य्यवारयन् ।
ते गदाभिर्विचित्राभिः परिघैः काञ्चनाङ्गदैः ॥१४

सम्प्रधृष्य भंक्त्वा । पारियात्रः पर्वतविशेषः । औन्नत्यं साधारणो धर्मः ॥५॥
धृष्टं निर्भयम् ॥६॥

उस दुर्धर्ष चैत्यप्रासादको तोड़कर अपनी कान्तिसे सुशोभित होते हुए हनुमान्‌जी पारियात्र पर्वतके समान विशाल हो गये ॥५॥

इस प्रकार पवनपुत्र महाप्रभावशाली हनुमान्‌जी विशालकाय होकर बड़े जोरोंसे ताल ठोका, जिससे लंकानगरी गूञ्ज उठी ॥६॥

कानको फाँड़नेवाले उस आस्फोटन (ताल ठोकने) के भयंकर शब्दसे पक्षिगण उड़ने लगे और उस चैत्यप्रासाद (मन्दिर) के रक्षकगण अचेत हो गये ॥७॥

(हनुमान्‌जीने गर्जना करते हुए कहा—) अस्त्रोंके विशेषज्ञ महाबलवान् श्रीरामचन्द्रजी एवं लक्ष्मणजी की जय हो। श्रीरामसे सुरक्षित राजा सुग्रीवकी जय हो ॥८॥

अनायास कर्म करनेवाले कोशलेन्द्र भगवान् श्रीरामचन्द्रजीका दास तथा शत्रुसेना संहारक पवनपुत्र मैं हनुमान् हूँ ॥९॥

विहङ्गाश्चैत्यपालाश्च मोहिताः पेतुः ॥७-१२॥

जब मैं युद्धमें पर्वतों एवं वृक्षोंसे प्रहार करने लगूँगा, तब मेरी बराबरी हजारों रावण नहीं कर सकते ॥१०॥

इस प्रकार इस लङ्कानगरीको विध्वंस कर और सीताजीको प्रणाम करके पूर्णमनोरथ होकर मैं सभी राक्षसोंके समक्षसे ही चला जाऊँगा ॥११॥

ऐसा कहकर चैत्यके ऊपर बैठे हुए वानरयूथाधिपति और भयंकर गर्जना करनेवाले महाबाहु हनुमान्‌जी राक्षसोंको भयभीत करते हुए गर्जना करने लगे ॥१२॥

उस महान् शब्दको सुनकर मन्दिरकी रक्षा करनेवाले सौ राक्षस प्रास, खड्ग और फरसा आदि विविध अस्त्रोंको लेकर हनुमान्‌जीसे युद्ध करनेके लिये गये ॥१३॥

उन विशालकाय राक्षसोंने उन सभी अस्त्रोंसे प्रहार करते हुए हनुमान्‌जीको घेर लिया। विचित्र गदाओं, स्वर्ण-जड़ित परिघों और सूर्यके समान तेजस्वी बाणोंसे सम्पन्न वे राक्षस, हनुमान्‌जीपर चढ़ आये। वानरश्रेष्ठ हनुमान्‌जीको घेरकर चारों ओर खड़ा वह राक्षस समूह गंगाजीमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आजग्मुर्वानरश्रेष्ठं बाणैश्चादित्यसन्निभैः।
आवर्त्त इव गङ्गायास्तोयस्य विपुलो महान् ॥१५
परिक्षिप्य हरिश्रेष्ठं स बभौ रक्षसां गणः।
ततो वातात्मजः क्रुद्धो भीमरूपं समास्थितः ॥१६
प्रासादस्य महांस्तस्य स्तम्भं हेमपरिष्कृतम्।
उत्पाटयित्वा वेगेन हनूमान् मारुतात्मजः ॥१७
ततस्तं भ्रामयामास शतधारं महाबलः।
तत्र चाग्निः समभवत् प्रासादश्चाप्यदह्यत ॥१८
दह्यमानं ततो दृष्ट्वा प्रासादं हरियूथपः।
स राक्षसशतं हत्वा वज्रेणेन्द्र इवासुरान् ॥१९
अन्तरिक्षस्थितः श्रीमानिदं वचनमब्रवीत्।
मादृशानां सहस्राणि विसृष्टानि महात्मनाम् ॥२०
बलिनां वानरेन्द्राणां सुग्रीववशवर्त्तिनाम्।
अटन्ति वसुधां कृत्स्नां वयमन्ये च वानराः ॥२१
दशनागबलाः केचित् केचिद् दशगुणोत्तराः।
केचिन्नागसहस्रस्य बभूवुस्तुल्यविक्रमाः ॥२२
सन्ति चौघबलाः केचित् सन्ति वायुबलोपमाः।
अप्रमेयबलाः केचित् तत्रासन् हरियूथपाः ॥२३
ईदृग्विधैस्तु हरिभिर्वृतो दन्तनखायुधैः।
शतैः शतसहस्रैश्च कोटिभिश्चायुतैरपि ॥२४
आगमिष्यति सुग्रीवः सर्व्वेषां वो निषूदनः।
नेयमस्ति पुरी लङ्का न यूयं न च रावणः।
यस्य त्विक्ष्वाकुवीरेण बद्धं वैरं महात्मना ॥२५

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे त्रिचत्वारिंशः सर्गः ॥४३॥

शतं ययुः अनेके इत्यर्थः ॥१३-१५॥
परिक्षिप्येत्यंशे तोयस्यावर्त इवेति दृष्टान्तः ॥१६॥
महान्मारुतात्मज इत्यन्वयः ॥१७॥
उत्पाटयित्वा तं शतधारं स्तम्भं भ्रामयामास। तत्र च भ्राम्यमाणे स्तंभान्तरेण घट्टनवशादग्निः समभवत्तेन प्रासादश्चाप्यदह्यत ॥१८॥
ततः स राक्षसशतं हत्वा दह्यमानं प्रासादं दृष्ट्वा चान्तरिक्षस्थित इदं वचोऽब्रवीत् ॥१९-२०॥
एतदुक्तिप्रयोजनं च राक्षसहृदयपीडार्थम् ॥२१-२२॥
ओघबलाः ओघसंख्यातगजबलाः ॥२३-२५॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे त्रिचत्वारिंशः सर्गः ॥४३॥

उठी हुई भारी भँवरके समान मालूम हो रहा था। इसके बाद कुपित हुए उन पवनपुत्र हनुमान्‌जीने विशाल एवं भयंकर रूप धारण कर लिया। उन्होंने उस प्रासादके एक सुवर्ण विभूषित खम्भेको जिसमें सौ धारें थीं, बड़े वेगसे उखाड़ दिया। उखाड़कर उसे घुमाया। घुमानेपर उससे आग निकली, जिससे वह प्रासाद जलने लगा ॥१४-१८॥

प्रासादको जलते हुए देखकर वानर यूथपति हनुमान्‌जीने वज्रसे असुरोंका संहार करनेवाले इन्द्रके समान उन सैकड़ों राक्षसोंको उस खम्भेसे ही मार दिया। और आकाशमें स्थित होकर हनुमान्‌जीने इस प्रकार कहा—राक्षसो! मेरे समान सैकड़ों विशालकाय वानरश्रेष्ठ जो सुग्रीवके वशमें रहनेवाले हैं, वे सभी ओर भेजे गये हैं। इस प्रकार हम और दूसरे सभी वानर समस्त पृथ्वीपर घूम रहे हैं ॥१९-२१॥

उनमें कोई दस हाथियोंके बलवाले, कोई सौ हाथियोंके बलवाले और कितने वानर तो हजार हाथियोंके बलवाले हैं ॥२२॥

कितने वानरोंका बल तो जलके महान् प्रवाहके समान है, कितने वानर वायुके समान बलवान् हैं और कितने वानरयूथपतियोंके तो असीम बल है ॥२३॥

दाँतों और नखोंरूपी अस्त्रोंवाले अनन्त बलशाली सैकड़ों, हजारों, लाखों और करोड़ों वानरोंसे युक्त वानरराज सुग्रीव यहाँ आयँगे, जो तुम सभी राक्षसोंका संहार करनेमें समर्थ हैं। अब तो यह लंकापुरी न रहेगी, न तुम लोग रहोगे और न यह रावण ही रहेगा, जिसने इक्ष्वाकुवंशी वीर महात्मा श्रीरामके साथ विरोध किया है ॥२४-२५॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें तैंतालीसवाँ सर्ग समाप्त ॥४३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चतुश्चत्वारिंशः सर्गः

(रावणप्रेरित - प्रहस्तपुत्रस्य जम्बुमालिनो युद्धे विनाशः)

सन्दिष्टो राक्षसेन्द्रेण प्रहस्तस्य सुतो बली ।
जम्बुमाली महादंष्ट्रो निर्जगाम धनुर्धरः ॥१
रक्तमाल्याम्बरधरः स्रग्वी रुचिरकुण्डलः ।
महान् विवृत्तनयनश्चण्डः समरदुर्जयः ॥२
धनुः शक्रधनुःप्रख्यं महद् रुचिरसायकम् ।
विस्फारयाणो वेगेन वज्राशनिसमस्वनम् ॥३
तस्य विस्फारघोषेण धनुषो महता दिशः ।
प्रदिशश्च नभश्चैव सहसा समपूर्यत ॥४

रथेन खरयुक्तेन तमागतमुदीक्ष्य सः ।
हनूमान् वेगसम्पन्नो जहर्ष च ननाद च ॥५
तं तोरणविटङ्कस्थं हनूमन्तं महाकपिम् ।
जम्बुमाली महातेजा विव्याध निशितैः शरैः ॥६
अर्धचन्द्रेण वदने शिरस्येकेन कर्णिना ।
बाह्वोर्विव्याध नाराचैर्दशभिस्तु कपीश्वरम् ॥७
तस्य तच्छुशुभे ताम्रं शरेणाभिहतं मुखम् ।
शरदीवाम्बुजं फुल्लं विद्धं भास्कररश्मिना ॥८

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

अथ जम्बुमाल्यागमनं तद्वधश्च सन्दिष्ट इति ॥१-२॥

धनुर्विस्फारयाणः विस्फारयमाणः विस्फारो ज्याघोषः ॥३॥

समपूर्यत दिगादिसमुदायापेक्ष्यमेकवचनम् ॥४॥

जहर्ष स्वबलानुरूपशत्रुप्राप्त्या ॥५॥

तोरणविटङ्कः तोरणस्तंभयोरुपरि तिर्यक्प्रतिष्ठापितकपोतपालिकादारु ॥६॥

कर्णी अङ्कुशाकाराग्रशरविशेषः ॥७॥

अम्बुजं रक्ताम्बुजम् ॥८॥

[रावणद्वारा प्रेरित-प्रहस्तपुत्र जम्बुमालीका वध]

राक्षसराज रावणकी आज्ञासे प्रहस्तका बलवान् पुत्र जम्बुमाली जो विशाल दाढ़ेवाला था, हाथमें धनुष लेकर राजभवनसे निकला ॥१॥

लाल रंगके पुष्पोंकी माला और लाल रंगके ही वस्त्र धारण किये हुए, उसके गलेमें हार तथा कानोंमें सुन्दर कुण्डल सुशोभित हो रहे थे। उसकी आँखें घूम रही थी। वह विशालकाय क्रोधी एवं युद्धमें दुर्जय था ॥२॥

उसका धनुष इन्द्रधनुषके समान विशाल था और उसके बाण भी सुन्दर थे। जब वह धनुषको खींचता था, तब उससे वज्र एवं अशनिके समान ध्वनि निकलती थी ॥३॥

उस धनुषकी महाटङ्कार ध्वनिसे सम्पूर्ण दिशाएँ विदिशाएँ और आकाश सभी गूँजने लगे ॥४॥

गधे जूते हुए रथपर बैठकर आये हुए उसे देखकर वेगशाली हनुमान्‌जी बहुत प्रसन्न हुए और बड़े जोरसे गर्जना करने लगे ॥५॥

महातेजस्वी जम्बुमालीने महाकपि हनुमान्‌जीको महाद्वारके छज्जेपर खड़े देखकर उनको तेजबाणोंसे बींधना आरम्भ किया ॥६॥

उसने अर्धचन्द्रनामक बाणसे उनके मुखपर, कर्णीनामक बाणसे मस्तकपर तथा दस नाराचोंसे उन वानरेश्वरकी दोनों भुजाओंपर गहरी चोट की ॥७॥

उसके बाणसे घायल हुए हनुमान्‌जीका मुख शरद्ऋतुमें सूर्यकी किरणोंसे विद्ध होकर खिले हुए लाल कमलोंके समान सुशोभित होने लगा ॥८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तत्तस्य रक्तं रक्तेन रञ्जितं शुशुभे मुखम् ।
यथाकाशे महापद्मं सिक्तं काञ्चनबिन्दुभिः ॥९
चुकोप बाणाभिहतो राक्षसस्य महाकपिः ।
ततः पार्श्वेऽतिविपुलां ददर्श महतीं शिलाम् ॥१०
तरसा तां समुत्पाट्य चिक्षेप जववद् बली ।
तां शरैर्दशभिः क्रुद्धस्ताड़यामास राक्षसः ॥११
विपन्नं कर्म्म तद् दृष्ट्वा हनूमांश्चण्डविक्रमः ।
सालं विपुलमुत्पाट्य भ्रामयामास वीर्यवान् ॥१२
भ्रामयन्तं कपिं दृष्ट्वा सालवृक्षं महाबलम् ।
चिक्षेप सुबहून् बाणाञ्जम्बुमाली महाबलः ॥१३

सालं चतुर्भिश्चिच्छेद वानरं पञ्चभिर्भुजे ।
उरस्येकेन बाणेन दशभिस्तु स्तनान्तरे ॥१४
स शरैः पूरिततनुः क्रोधेन महता वृतः ।
तमेव परिघं गृह्य भ्रामयामास वेगितः ॥१५
अतिवेगोऽतिवेगेन भ्रामयित्वा बलोत्कटः ।
परिघं पातयामास जम्बुमालेर्महोरसि ॥१६
तस्य चैव शिरो नास्ति न बाहू जानुनी न च ।
न धनुर्न रथो नाश्वास्तत्राद्दृश्यन्त नेषवः ॥१७
स हतस्तरसा तेन जम्बुमाली महारथः ।
पपात निहतो भूमौ चूर्णिताङ्ग इव द्रुमः ॥१८

तत्तस्य रक्तं स्वत इति शेषः । रक्तेन घृतजेन रञ्जित मुखमाकशे काचन'बिन्दुभिः रक्ताशोकपुष्परसबिन्दुभिः । सिक्तं महापद्मं महत्तरं रक्तपद्ममिवेत्यभूतोपमेयम् । अशोकः काञ्चनाह्वयः । ९-१०॥

ताडयामास बिभेदम् ॥११॥

विपन्नं व्यर्थीकृतम् ॥१२-१६॥

रक्तसे रञ्जित हुआ उनका वह रक्तवर्णका मुख इस प्रकार शोभा पा रहा था, जैसे आकाशमें लाल रंगके विशाल कमलको सोनेके जल बिन्दुओंसे सींच दिया गया हो ॥९॥

राक्षसराज जम्बुमालीके बाणोंसे ताड़ित होकर महाकपि हनुमान्‌जी क्रोधित हो गये । उन्होंने पासमें ही पत्थरकी एक बहुत बड़ी चट्टान देखी तथा उसे वेगसे उठाकर उन वीर बलवान् हनुमान्‌ने बड़े वेगसे उन राक्षसोंकी ओर फेंका, किन्तु कुपित राक्षसने भी दस बाण मारकर उस पत्थरको तोड़ डाला ॥१०-११॥

अपने उस कर्मको व्यर्थ हुए देखकर प्रचण्ड पराक्रमी और बलवान् हनुमान्‌ने एक विशाल सालका वृक्ष उखाड़कर उसे घुमाना आरम्भ किया ॥१२॥

हनुमान्‌जीको साल वृक्ष घुमाते हुए देखकर महाबली जम्बुमालीने उनपर बहुत बाण चलाया ॥१३॥

उसने चार बाणोंसे सालवृक्षको काट डाला, पाँच बाणोंसे हनुमान्‌जीकी भुजाओंपर मारा, एक बाण उनके शिरपर मारा और दस बाण छातीपर मारा ॥१४॥

इस प्रकार बाणोंसे परिपूर्ण शरीरवाले हनुमान्‌जीको बड़ा क्रोध हुआ और उन्होंने उसी परिघको लेकर वेगपूर्वक घुमाना आरम्भ किया ॥१५॥

अत्यन्त वेगशाली और उत्कट बलसम्पन्न हनुमान्‌जीने उस परिघको वेगपूर्वक घुमाकर जम्बुमालीकी छातीपर मारा ॥१६॥

परिघ लगते ही जम्बुमालीका शिर, भुजाओं, जँघे कट गये । उसका धनुष, रथ एवं घोड़े सब समाप्त हो गये ॥१७॥

हनुमान्‌जीके द्वारा मारे जानेपर महाबली जम्बुमाली मरकर पृथ्वीपर गिर गया, उस समय उसका शरीर एवं आभूषण सभी चूर्ण हो गये थे ॥१८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जम्बुमालिं सुनिहतं किङ्करांश्च महाबलान् । प्रहस्तपुत्रे निहते महाबले ।
चुक्रोध रावणः श्रुत्वा क्रोधसंरक्तलोचनः ॥१९ अमात्यपुत्रानतिवीर्यविक्रमान्
स रोषसंवर्तिततास्रलोचनः समादिदेशाशु निशाचरेश्वरः ॥२०

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे चतुश्चत्वारिंशः सर्गः ॥४४॥

नाश्वाः रथेन खरयुक्तेनेत्युक्तेरश्वशब्देनात्र खरा उच्यन्ते ॥१७-२०॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे चतुश्चत्वारिंशः सर्गः ॥४४॥

जम्बुमाली तथा किंकरनामक राक्षसोंके मारे जानेका समाचार सुनकर रावणकी आँखें लाल हो गयी और उसे बड़ा क्रोध हुआ ॥१९॥

महाबली प्रहस्तपुत्र जम्बुमालीके मारे जानेपर क्रोधसे घुमती हुई ताम्रवर्णकी आँखोंवाला निशाचरराज रावणने बहुत पराक्रमी एवं शूर-वीर मन्त्रीके पुत्रोंको हनुमान्‌जीके पास जानेकी आज्ञा दी ॥२०॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें चौवालीसवाँ सर्ग समाप्त ॥४४॥

पञ्चचत्वारिंशः सर्गः

[पवननन्दनेन पूर्वं किङ्करनामकराक्षसवधवत् सप्तानां मन्त्रिपुत्राणां यमालयप्रेषणम्, पुनस्तत्तोरणमारुह्य तस्यावस्थानञ्च]

ततस्ते राक्षसेन्द्रेण चोदिता मन्त्रिणः सुताः । कृतास्त्रास्त्रविदां श्रेष्ठाः परस्परजयैषिणः ॥२
निर्ययुर्भवनात् तस्मात् सप्त सप्तार्चिवर्चसः ॥१ हेमजालपरिक्षिप्तैर्ध्वजवद्भिः पताकिभिः ।
महद्बलपरीवारा धनुष्मन्तो महाबलाः । तोयदस्वननिर्घोषैर्वाजियुक्तैर्महारथैः ॥३

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

सप्तार्चिवर्चसः अग्नितुल्यतेजसः । आर्षो रेफलोपः ॥१॥

महद्बलं महती सेना परिवारो येषाम् । कृतास्त्रास्त्रेति आर्षः सन्धिः । कृतास्त्राः शिक्षितास्त्राः ॥

अस्त्रविदां श्रेष्ठाः परस्परजयैषिणः । अहमहमिकया स्वस्वोत्कर्षापेक्षिणः ॥२॥

ध्वजवद्भिर्विशिष्टध्वजदण्डयुक्तैः पताकिभिः प्रशस्तपताकावद्भि-

---

[पवनपुत्रका किंकरनामक राक्षसोंके तरह सात मन्त्रीपुत्रों को यमालय भेजकर फिर उस फाटकके पास जाकर बैठना]

तदनन्तर रावणकी आज्ञासे प्रेरित होकर सूर्यके समान तेजस्वी सात मन्त्रिपुत्र अपने भवनसे निकले ॥१॥

वे सभी धनुष लिये हुए बड़े-बड़े बलवान् धनुर्धारियोंसे युक्त और स्वयं महाबली, अस्त्रज्ञाताओंमें श्रेष्ठ तथा परस्परमें एक दूसरेको जीतनेकी इच्छावाले थे ॥२॥

उनके घोड़े जुते हुए विशाल रथ सोनेकी जालीसे ढके हुए थे, उनपर ध्वजा, पताकाएँ लगी हुई थी, चलनेपर उनसे मेघोंकी गम्भीर गर्जनाके समान शब्द निकलते थे। ऐसे रथोंपर चढ़कर वे अमित पराक्रमी मन्त्रिपुत्र तपे हुए सोनेसे चित्रित अपने धनुषोंकी टङ्कार करते हुए आगे बढ़े। उस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तप्तकाञ्चनचित्राणि चापान्यमितविक्रमाः ।
विस्फारयन्तः संहृष्टास्तडिद्वन्त इवाम्बुदाः ॥४
जनन्यस्तास्ततस्तेषां विदित्वा किङ्करान् हतान् ।
बभूवुः शोकसम्भ्रान्ताः सबान्धवसुहृज्जनाः ॥५
ते परस्परसंघर्षात् तप्तकाञ्चनभूषणाः ।
अभिपेतुर्हनूमन्तं तोरणस्थमवस्थितम् ॥६
सृजन्तो बाणवृष्टिं ते रथगर्जितनिःस्वनाः ।
प्रावृट्काल इवांभोदा विचेरुर्नैर्ऋतास्तदा ॥७
अवकीर्णस्ततस्ताभिर्हनूमान् शरवृष्टिभिः ।
अभवत् संवृताकारः शैलराडिव वृष्टिभिः ॥८

स शरान् वञ्चयामास तेषामाशुचरः कपिः ।
रथवेगांश्च वीराणां विचरन् विमलेऽम्बरे ॥९॥
स तैः क्रीड़न् धनुष्मद्भिर्व्योम्नि वीरः प्रकाशते ।
धनुष्मद्भिर्यथा मेघैर्मरुतः प्रभुरम्बरे ॥१०
स कृत्वा निनदं घोरं त्रासयंस्तां महाचमूम् ।
चकार हनुमान् वेगं तेषु रक्षःसु वीर्य्यवान् ॥११
तलेनाभिहनत् कांश्चित् पादैः कांश्चित् परन्तपः ।
मुष्टिभिश्चाहनत् कांश्चिन्नखैः कांश्चिद् व्यदारयत् ॥१२
प्रममाथोरसा कांश्चिदूरुभ्यामपरानपि ।
केचित् तस्यैव नादेन तत्रैव पतिता भुवि ॥१३

महारथैर्निर्ययुरिति सम्बन्धः ॥३-४॥

शोकसम्भ्रान्ताः निश्चितमरणबुद्धय इति शेषः ॥५॥

परस्परसङ्घर्षाः अहमेवाग्रे इति परस्परमभिमानात् तोरणस्थमवस्थितम् तत्र निश्चलमित्यर्थः ॥६॥

सृजन्तो विसृजन्तः ॥७॥

संवृताकारः अदृश्य इति यावत् ॥८॥

वञ्चयामास स्थिरलक्ष्ये हि सुवेधं भवति । रथवेगांश्च वञ्चयामास ॥९॥

धनुष्मद्भिरिति पाठे आर्षं रुत्वम् । धनुष्मद्भिरितिन्द्रधनुर्युक्तैः ॥१०-१३॥

समय उनकी शोभा विजलीयुक्त मेघके समान हो रही थी ॥३-४॥

किंकरनामक राक्षसोंके मारे जानेका समाचार सुनकर इन मन्त्रिपुत्रोंकी माताएँ अपने बान्धव एवं सुहृदोंके साथ शोकसे व्याकुल हो गयी ॥५॥

तपाये हुए सुवर्णके आभूषणोंसे विभूषित वे सभी राक्षस परस्परमें स्पर्धा करते हुए फाटकपर बैठे हुए हनुमान्‌जीके पास गये ॥६॥

जैसे वर्षाकालमें मेघ वर्षा करते हुए विचरते हैं, उसी तरह वे राक्षसरूपी बादल बाणोंकी वर्षा करते हुए वहाँ विचरने लगे। रथोंके घर्घराहट शब्द ही उनका गर्जन था ॥७॥

इसके बाद राक्षसोंद्वारा की गयी बाण वर्षासे हनुमान्‌जी उसी प्रकार आच्छादित हो गये, जैसे कोई पर्वतराज जलवर्षासे ढक जाता है ॥८॥

उस समय निर्मल आकाशमें शीघ्रतापूर्वक विचरण करते हुए हनुमान्‌जी उन वीर राक्षसोंके बाणों तथा रथके वेगोंको व्यर्थ करते हुए अपनी रक्षा करने लगे ॥९॥

जैसे आकाशमण्डलमें शक्तिसम्पन्न वायुदेव इन्द्रधनुषयुक्त मेघोंके साथ क्रीड़ा करते हैं, उसी प्रकार वीर हनुमान्‌जी भी उन धनुर्धर वीरोंके साथ खेलते हुए अद्भुत शोभा पाने लगे ॥१०॥

शत्रुसन्तापकारी उन वानरवीरने कुछको थप्पड़से ही मार गिराया, कुछको पैरोंसे कुचल दिया, किन्हींको घूँसेसे तथा किन्हींको नखोंसे मार डाला ॥१२॥

कुछ लोगोंको छातीसे दबाकर, किन्हींको दोनों जाँघोंसे दबोचकर मसल दिया। कितने राक्षस तो उनकी गर्जनासे ही मरकर पृथ्वीपर गिर गये ॥१३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततस्तेष्ववपन्नेषु भूमौ निपतितेषु च ।
तत् सैन्यमगमत् सर्वं दिशो दश भयार्दितम् ॥१४
विनेदुर्विस्वरं नागा निपेतुर्भुवि वाजिनः ।
भग्ननीडध्वजच्छत्रैर्भूश्च कीर्णाभवद् रथैः ॥१५
स्रवता रुधिरेणाथ स्रवन्त्यो दर्शिताः पथि ।
विविधैश्च स्वनैर्लङ्का ननाद विकृतं तदा ॥१६
स तान् प्रवृद्धान् विनिहत्य राक्षसान्
महाबलश्चण्ड-पराक्रमः कपिः ।
युयुत्सुरन्यैः पुनरेव राक्षसै-
स्तदेव वीरोऽभिजगाम तोरणम् ॥१७

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे पञ्चचत्वारिंशः सर्गः ॥४५॥

भयार्दितं सत् दश दिशो दुद्रावेति शेषः ॥१४॥
नीडं रथस्थं रथ्यधिष्ठानस्थानम् ॥१५॥
स्रवन्त्यो नद्यः ननाद प्रतिध्वनिना रक्षोराक्षसीध्वनिना च ॥१६-१७॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे पञ्चचत्वारिंशः सर्गः ॥४५॥

इस प्रकार जब सभी मन्त्रिपुत्र मरकर भूमिपर गिर गये, तब उनकी बची हुई सेना भी भयभीत होकर दसों दिशाओंमें भाग गयी ॥१४॥

उस समय हाथी वेदनासे चिग्घाड़ रहे थे, घोड़े मरकर भूमिपर पड़े हुए थे और बैठक, ध्वज एवं छत्र आदि जिनके खण्डित हो गये थे, ऐसे रथोंसे सम्पूर्ण युद्धभूमि पट गयी थी ॥१५॥

मार्गमें रक्तकी नदियाँ बहती हुई दीख रही थी और लङ्कापुरी राक्षसोंके विविध शब्दोंसे उस समय चीत्कार करती हुईके समान मालूम हो रही थी ॥१६॥

प्रचण्ड पराक्रमी और महाबली वानरवीर हनुमान्‌जी उन बढ़े-चढ़े राक्षसोंको मारकर दूसरे राक्षसोंके साथ युद्ध करनेकी इच्छासे फिर उसी फाटकपर चले गये ॥१७॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें पैंतालीसवाँ सर्ग समाप्त ॥४५॥

षट्चत्वारिंशः सर्गः

[अथ रावणप्रेरितानां पञ्चसंख्यकानां सेनापतिनां वधसाधनपूर्वकं पुनस्तत्तोरणोपरि अवस्थानम् ।]

हतान् मन्त्रिसुतान् बुद्ध्वा वानरेण महात्मना ।
रावणः संवृताकारश्चकार मतिमुत्तमाम् ॥१
स विरूपाक्षयूपाक्षौ दूर्धरं चैव राक्षसम्
प्रघसं भासकर्णञ्च पञ्चसेनाग्रनायकान् ॥२

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

संवृताकारः निगृहीतान्तर्गतभयः उत्तमां मतिं धैर्यविषयाम् ॥१-२॥

(रावणके पाँच सेनापतियोंको वध करके फिर हनुमान्‌जीका उस फाटकके पास अवस्थान करना)

महात्मा हनुमान्‌जीके द्वारा मन्त्रियोंके पुत्र मारे गये यह जानकर भयभीत होनेपर भी रावणने अपने आकारको छिपा लिया और उत्तम बुद्धिद्वारा आगेके कार्यका निश्चय किया ॥१॥

तदनुसार दशग्रीव रावणने विरूपाक्ष, यूपाक्ष, दुर्धर, प्रघस भासकर्ण, इन पाँच वीर सेनापतियोंको नीतिज्ञ तथा युद्धमें वायुके समान वेगवाले हनुमान्‌जीको पकड़नेके लिये आज्ञा दी ॥२-३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संदिदेश दशग्रीवो वीरान् नयविशारदान् ।
हनूमद्ग्रहणेऽव्यग्रान् वायुवेगसमान्युधि ॥३
यात सेनाग्रगाः सर्व्वे महाबलपरिग्रहाः ।
सवाजिरथमातङ्गाः स कपिः शास्यतामिति ॥४
यत्नैश्च खलु भाव्यं स्यात् तमासाद्य वनालयम् ।
कर्म चापि समाधेयं देशकालाविरोधितम् ॥५
न ह्यहं तं कपिं मन्ये कर्मणा प्रति तर्कयन् ।
सर्व्वथा तन्महद् भूतं महाबलपरिग्रहम् ॥६
वानरोऽयमिति ज्ञात्वा नहि शुद्धयति मे मनः ।
नैवाहं तं कपिं मन्ये यथेयं प्रस्तुता कथा ॥७

भवेदिंद्रेण वा सृष्टमस्मदर्थं तपोबलात् ।
सनाग-यक्ष-गन्धर्व-देवासुरमहर्षयः ॥८
युष्माभिः प्रहितैः सर्व्वैर्मया सह विनिर्जिताः ।
तैरवश्यं विधातव्यं व्यलीकं किञ्चिदेव नः ॥९
तदेव नात्र सन्देहः प्रसह्य परिगृह्यताम् ।
यात सेनाग्रगाः सर्व्वे महाबलपरिग्रहाः ॥१०
सवाजि-रथ-मातङ्गाः स कपिः शास्यतामिति ।
नावमन्यो भवद्भिश्च कपिर्धीरपराक्रमः ॥११
दृष्टा हि हरयः शीघ्रं मया विपुलविक्रमाः
वाली च सहसुग्रीवो जाम्बवांश्च महाबलः ॥१२

हनूमद्ग्रहणे सन्दिदेश । व्यग्रान् सर्वत्र कार्ये त्वरावतः ॥३॥
यात गच्छत ॥४॥
यत्नैः सावधानैः किंचात्र देशकालविरोधिकर्म न कार्यमित्याह देशकालाविरोधितं तदविरुद्धं तदुचितमिति यावत् । समाधेयं कार्यम् ॥५॥
यत्नैः हेतुमाह न हीति । तस्य कर्मणा तं प्रति तर्कयन् । कपिं न मन्ये । किं तर्हि मन्यसे तत्राह सर्वथेति ॥६-७॥

महतो भूतस्येह कः प्रसंगस्तत्राह भवेदिति । सनागेति । नागादिसहिता देवादय इत्यर्थः ॥८॥
प्रहितैः सर्वैर्युष्माभिः सह मया विनिर्जिता अतस्तैरवश्यं नोऽस्माकं किंचिद्व्यलीकम् अप्रियं विधातव्यं विधातुं प्राप्तकालं । तस्मात्तदेवं तत्सृष्टभूतमेव परिगृह्यतां बद्धा आनीयताम् ॥
सवाजिरथेत्यादि पुनर्वचनं स्थैर्यार्थम् ॥९-११॥
सर्वथा महद्भूतमित्यत्र हेतुं निश्चायकमाह दृष्टा इति ॥१२॥

उसने कहा—सेनापतियो ! तुम सब विशाल सेना, हाथी, घोड़े और रथोंको साथमें लेकर जाओ तथा उस वानरको पकड़ लो ॥४॥

उस वनचारी वानरके पास पहुँचकर तुम सभी लोगोंको सावधान और प्रयत्नशील रहना चाहिये तथा देशकालके अनुकूल ही काम करना चाहिये ॥५॥

उसके कर्मको विचार करनेसे मैं उसको साधारण वानर नहीं समझता हूँ, किन्तु निश्चय महाबलशाली वह कोई महान् प्राणी है ॥६॥

यह वानर है, ऐसा समझकर मेरा मन उसकी ओरसे विश्वस्त नहीं होता, यह जैसा प्रसङ्ग उपस्थित है, उसे विचारनेसे मैं उसे वानर नहीं मानता हूँ ॥७॥

मुझे तो ऐसा लगता है कि इन्द्रने अपनी तपस्याके बलसे इसे उत्पन्न करके हमलोगोंकी बुराई करनेकी इच्छासे भेजा है, क्योंकि तुम सबने मेरे साथ जाकर जिन देवताओं, असुरों, महर्षियों, नागों, यक्षों एवं गन्धर्वोंको जीता है। उनलोग भी तो हमलोगोंको कुछ न कुछ अपकार अवश्य ही करेंगे ॥८-९॥

इस प्रकार मैंने जो कहा है, वह सर्वथा सत्य है, इसमें कोई सन्देह नहीं। मेरी सेनाके अग्रगामी वीरो ! तुम सब हाथी, घोड़े और रथोंसे युक्त विशाल सेना लेकर जाओ और उस वानरको अच्छी तरह शिक्षा दो । वानर समझकर तुम उसका अपमान न करना, क्योंकि वह धीर एवं पराक्रमी है ॥१०-११॥

मैंने भी पहले प्रबल पराक्रमी वाली, सुग्रीव, महाबली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नीलः सेनापतिश्चैव ये चान्ये द्विविदादयः ।
नैव तेषां गतिर्भीमा न तेजो न पराक्रमः ॥१३
न मतिर्न बलोत्साहो न रूपपरिकल्पनम् ।
महत्सत्त्वमिदं ज्ञेयं कपिरूपं व्यवस्थितम् ॥१४
प्रयत्नं महदास्थाय क्रियतामस्य निग्रहः ।
कामं लोकास्त्रयः सेन्द्राः ससुरासुरमानवाः ॥१५
भवतामग्रतः स्थातुं न पर्य्याप्ता रणाजिरे ।
तथापि तु नयज्ञेन जयमाकांक्षता रणे ॥१६
आत्मा रक्ष्यः प्रयत्नेन युद्धसिद्धिर्हि चञ्चला ।
ते स्वामिवचनं सर्व्वे प्रतिगृह्य महौजसः ॥१७
समुत्पेतुर्महावेगा हुताशसमतेजसः ।
रथैश्च मत्तैर्नागैश्च वाजिभिश्च महाजवैः १८॥
शस्त्रैश्च विविधैस्तीक्ष्णैः सर्व्वैश्चोपहिता बलैः ।
ततस्तु ददृशुर्वीरा दीप्यमानं महाकपिम् ॥१९
रश्मिमन्तमिवोद्यन्तं स्वतेजोरश्ममालिनम् ।
तोरणस्थं महावेगं महासत्त्वं महाबलम् ॥२०
महामतिं महोत्साहं महाकायं महाभुजम् ।
तं समीक्ष्यैव ते सर्व्वे दिक्षु सर्व्वास्ववस्थिताः ॥२१
तैस्तैः प्रहरणैर्भीमैरभिपेतुस्ततस्ततः ।
तस्य पञ्चायसास्तीक्ष्णाः सीताः पीतमुखाः शराः ।
शिरस्युत्पलपत्राभा दुर्धरेण निपातिताः ॥॥२२

ननु त्वदृष्टान्यतम एवायं नेत्याह नैवेति । यथास्य भीमा गतिः समुद्रप्लवनरूपा तथा तेषां नैव यथा चास्यतेजआदि तथा तेषां न ॥१३॥

रूपपरिकल्पनं यथेप्सितरूपपरिग्रहः ॥१४॥

प्रयत्नमित्यार्षं क्लीबत्वम् । कामं यद्यपीत्यर्थः ॥१५॥

नयज्ञेन नीतिज्ञेन आत्मा स्वदेहः युद्धसिद्धिर्युद्धे जयः ॥१६-१६

सत्त्वं चित्तम् ॥२०॥

दिक्षु सर्वास्ववस्थिताः द्राक् तत्समीपमागन्तुं चकिता इति भावः ॥२१॥

तीक्ष्णा मर्माच्छिदः पीतमुखाः फलभागे स्वर्णरूषिताः । उत्पल पत्राभा एव न तु तत्पीडार्हा इत्यर्थः ॥२२॥

जाम्बवान्, सेनापति नील और दूसरे दूसरे द्विविद आदि वानरोंको देखा है, किन्तु उनलोगोंकी न तो इस प्रकारकी भयंकर गति है और न तेज या पराक्रम ही इस प्रकारका है ॥१२-१३॥

न तो उनमें ऐसी बुद्धि है, न इतना बल है, और न ऐसा उत्साह ही तथा वे सब इस प्रकारसे रूप भी नहीं बदल सकते । इसे तो वानर रूपमें कोई महान् प्राणी ही समझना चाहिये ॥१४॥

अतएव महान् प्रयत्न करके इसे पकड़ लो । यद्यपि युद्धस्थलमें आपलोगोंके सामने इन्द्र, देवता, दानव एवं मनुष्योंसे युक्त त्रिलोकीका कोई प्राणी भी नहीं ठहर सकता । (यह मैं जानता हूँ) तथापि युद्धमें विजय चाहनेवाले नीतिज्ञको चाहिये कि वह यत्नपूर्वक अपनी आत्माकी रक्षा करे, क्योंकि युद्धमें किसकी हार हो, किसकी जीत हो, यह निश्चित नहीं रहती । अपने स्वामी रावणकी आज्ञाको मानकर अग्निके समान तेजस्वी एवं महावेगशाली सेनापति रथों, मतवाले हाथियों और तेज चलनेवाले घोड़ोंपर चढ़कर युद्धके लिये चले ॥१५-१८॥

विविध भाँतिके तेज अस्त्रोंसे युक्त समस्त सैनिकोंसे घिरे हुए उन पाँच वीर मन्त्रियोंने तेजस्वी महाकपि हनुमान्‌जीको देखा ॥१९॥

उदयकालीन सूर्यके समान अपने तेजकी आभासे युक्त महाबली, महान् उत्साही, महावेगशाली, महाबुद्धिमान बड़ी-बड़ी भुजाएँवाले और विशालकाय हनुमान्‌जीको तोरणपर बैठे हुए देखकर वे सभी राक्षस सभी दिशाओंमें खड़े हो गये ॥२०-२१॥

भयंकर अस्त्र-शस्त्रोंकी वर्षा करते हुए चारों ओरसे उन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स ते पञ्चभिराविद्धः शरैः शिरसि वानरः ।
उत्पपात नदन् व्योम्नि दिशो दश विनादयन् ॥२३
ततस्तु दुर्धरो वीरः सरथः सज्जकार्मुकः ।
किरञ्शरशतैर्नैकैरभिपेदे महाबलः ॥२४
स कपिर्वारयामास तं व्योम्नि शरवर्षिणम् ।
वृष्टिमन्तं पयोदान्ते पयोदमिव मारुतः ॥२५
अर्द्यमानस्ततस्तेन दुर्धरेणानिलात्मजः ।
चकार निनदं भूयो व्यवर्धत च वीर्य्यवान् ॥२६

स्वयं नदन । तेन नादेन दिशो नादयन्नित्यर्थः । उत्पपात तोरणादिति शेषः ॥२३॥

अभिपेदे प्राप्तः ॥२४॥

कपिर्व्योम्नि स्थित्वा तं स्वनादेन हुंकारादिरूपेण वारयामास पयोदांते जलदातृवर्षाकालान्ते ॥२५-२६॥

पर टूट पड़े । समीप जानेपर सर्वप्रथम दुर्धरने हनुमान्‌जीके मस्तकपर लोहेके पाँच बाण मारे । वे सभी बाण मर्मभेदी और तेज धारवाले थे । उनके अग्रभागपर सोनेका पानी चढ़ाया गया था, जिससे वे पीले दिखाई दे रहे थे । वे पाँचों बाण उनके शिरपर विकसित कमलके समान शोभा पा रहे थे ॥२२॥

शिरपर उन पाँचो बाणोंका आघात सहकर हनुमान्‌जी अपनी भयंकर गर्जनासे दसों दिशाओंको प्रतिध्वनित करते हुए आकाशमें ऊपरकी ओर उछल गये ॥२३॥

तब रथमें बैठे हुए महाबली वीर दुर्धरने धनुषपर चढ़ाकर सैकड़ों बाणोंकी वर्षा करते हुए उनका पीछा किया ॥२४॥

आकाशमें स्थित उन वानर वीरने बाणोंकी वर्षा करते हुए उस दुर्धरको अपने हुँकार मात्रसे उसी भाँति रोक

स दूरं सहसोत्पत्य दुर्धरस्य रथे हरिः ।
निपपात महावेगो विद्युद्राशिर्गिराविव ॥२७
ततः स मथिताष्टाश्वं रथं भग्नाक्षकूबरम् ।
विहाय न्यपतद्भूमौ दुर्धरस्त्यक्तजीवितः ॥२८
तं विरूपाक्ष-यूपाक्षौ दृष्ट्वा निपतितं भुवि ।
तौ जातरोषौ दुर्धर्षावुत्पेततुररिन्दमौ ॥२९
स ताभ्यां सहसोत्प्लुत्य विष्ठितो विमलेऽम्बरे ।
मुद्गराभ्यां महाबाहुर्वक्षस्यभिहतः कपिः ॥३०

रथे निपपातेत्यन्वयः ॥२७-२९॥

ताभ्यां कर्तृभ्यां मुद्गराभ्यां करणाभ्यामभिहतः ॥३०॥

दिया, जैसे वर्षाकालके अन्तमें मेघको वायु रोक देता है ॥२५॥

इसके बाद जब दुर्धरने अपने बाणोंसे अधिक पीडा देने लगा, तब पुनः परमपराक्रमी वायुपुत्र हनुमान्‌जीने विकट गर्जना करते हुए अपने शरीरको बढ़ाना आरम्भ किया ॥२६॥

तत्पश्चात् वे वेगशाली वानर वीर बहुत ऊच्चे उछल कर सहसा दुर्धरके रथपर उसी भाँति कूद पड़े, जैसे किसी पर्वतपर बिजलीका समूह गिर जाता है ॥२७॥

उनके भारसे रथके आठों घोड़े पिस गये, धूरी तथा कूबर टूट गये और दुर्धर निर्जीव हो रथसे भूमिपर गिर गया ॥२८॥

दुर्धरको पृथ्वीपर गिरे हुए देखकर शत्रुओंको दमन करनेवाले विरूपाक्ष एवं यूपाक्षको बड़ा क्रोध हुआ । वे दोनों आकाशमें उड़ने लगे ॥२९॥

इस प्रकार उन दोनोंने सहसा उछलकर निर्मल आकाशमें स्थित वानरश्रेष्ठ हनुमान्‌जीकी छातीमें मुद्गरोंसे मारा ॥३०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तयोर्वेगवतोर्वेगं निहत्य स महाबलः ।
निपपात पुनर्भूमौ सुपर्ण इव वेगितः ॥३१
स सालवृक्षमासाद्य समुत्पाट्य च वानरः ।
तावुभौ राक्षसौ वीरौ जघान पवनात्मजः ॥३२
ततस्तांस्त्रीन् हतान् ज्ञात्वा वानरेण तरस्विना ।
अभिपेदे महावेगः प्रहस्य प्रघसो बली ॥३३
भासकर्णश्च संक्रुद्धः शूलमादाय वीर्य्यवान् ।
एकतः कपिशार्दूलं यशस्विनमवस्थितौ ॥३४
पट्टिशेन शिताग्रेण प्रघसः प्रत्यपोथयत् ।
भासकर्णश्च शूलेन राक्षसः कपिकुञ्जरम् ॥३५

निहत्य वज्रवक्षस्त्वाद्व्यर्थीकृत्य ॥३१-३३॥
एकतोऽवस्थितावित्यन्वयः । परस्परसाहाय्यबुद्धैयकदेशे स्थितावित्यर्थः ॥३४-३५॥

उन दोनों वेगवान् वीरोंके वेगको व्यर्थ करके महाबली हनुमान्‌जी वेगशाली गरुड़के तुल्य पुनः पृथ्वीपर कूद पड़े ॥३१॥

वहाँपर पवनपुत्र वानर हनुमान्‌ने एक साल वृक्षको उखाड़ लिया और उसीसे उन दोनों वीर राक्षसोंको मार गिराया ॥३२॥

उन वेगवान् वानरके द्वारा उन तीनों राक्षसोंको मारे गये देखकर महान् वेगशाली एवं प्रबल पराक्रमी प्रघस हंसते हुए हनुमान्‌जीके समीप पहुँचा ॥३३॥

इसी प्रकार दूसरी ओरसे पराक्रमशाली वीर भासकर्ण भी अत्यन्त कुपित हो शूल हाथमें लिये हुए वहाँ आ गया। वे दोनों यशस्वी वीर हनुमान्‌जीके समीप खड़े हो गये ॥३४

प्रघसने तेज धारवाले पट्टिशसे और भासकर्णने शूलसे कपिकुञ्जर हनुमान्‌जीके ऊपर प्रहार किया ॥३५॥

स ताभ्यां विक्षतैर्गात्रैरसृग्दिग्धतनूरुहः ।
अभवद् वानरः क्रुद्धो बालसूर्य्यसमप्रभः ॥३६
समुत्पाट्य गिरेः शृङ्गं समृगव्याल-पादपम् ।
जघान हनूमान् वीरो राक्षसौ कपिकुञ्जरः ।
गिरिशृङ्गसुनिष्पिष्टौ तिलशस्तौ बभूवतुः ॥३७
ततस्तेष्ववसन्नेषु सेनापतिषु पञ्चसु ।
बलं तदवशेषं तु नाशयामास वानरः ॥३८
अश्वैरश्वान् गजैर्नागान् योधैर्योधान् रथे रथान् ।
स कपिर्नाशयामास सहस्राक्ष इवासुरान् ॥३९
हयैर्नागैस्तुरङ्गैश्च भग्नाक्षैश्च महारथैः ।
हतैश्च राक्षसैर्भूमी रुद्धमार्गा समन्ततः ॥४०

विक्षतैर्गात्रैरुपलक्षितः ॥३६-४०॥

उन दोनोंके प्रहारसे हनुमान्‌जीके शरीरमें कई स्थानों पर घाव हो गये और उनके शरीरके रोमसमूह रक्तसे रंग गया। उस समय कुपित वानर हनुमान्‌जी प्रातःकालीन रक्तवर्ण सूर्यके समान सुशोभित होने लगे ॥३६॥

इसके बाद मृग, सर्प एवं वृक्षोंसे युक्त एक पर्वत शिखर को उखाड़कर कपिश्रेष्ठ हनुमान्‌जीने उन राक्षसोंपर प्रहार किया। इस प्रकार पर्वत शिखरके प्रहारसे वे दोनों पिस गये और उनके शरीरके तिल टुकड़ेके समान खण्ड-खण्ड हो गये ॥३७॥

उन पाँचो सेनापतियों मारे जानेपर हनुमान्‌जी उनकी बची हुई सेनाको भी मार डाला ॥३८॥

जैसे इन्द्र असुरोंका विनाश करते हैं, उसी प्रकार वानर हनुमान्‌जीने भी घोड़ोंसे घोड़ोंका, हाथियोंसे हाथियोंका, योद्धाओंसे योद्धाओंका, रथोंसे रथोंका, विनाश कर दिया ॥३९॥

मरे हुए हाथियों तथा घोड़ोंसे टूटी हुई धुरीवाले बड़े-बड़े रथोंसे एवं मारे गये राक्षसोंकी लाशोंसे वहाँकी समूची

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततः कपिस्तान् ध्वजिनीपतीन् रणे तथैव वीरः परिगृह्य तोरणं
निहत्य वीरान् सबलान् सवाहनान्। कृतक्षणः काल इव प्रजाक्षये ॥४१
इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे षट्चत्वारिंशः सर्गः ॥४६॥

ध्वजिनीपतीन्सेनापतीन्। परिगृह्याश्रित्य स्थित इति शेषः। कृतक्षणो लब्धावसरः ॥४१॥
इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे षट्चत्वारिंशः सर्गः ॥४६॥

भूमि चारों ओरसे पट गयी और चलनेका मार्ग भी बन्द हो गया ॥४०॥

इस प्रकार सेना एवं वाहनोंके साथ उन पाँचो वीर सेनापतियोंको मारकर वानर हनुमान्‌जी पुनः युद्धके लिये समय पाकर पहलेके ही समान फाटकपर जाकर खड़े हो गये। उस समय वे प्रजाओंके संहार करनेवाले कालके समान मालूम हो रहे थे ॥४१॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें छियालीसवाँ सर्ग समाप्त ॥४६॥

सप्तचत्वारिंशः सर्गः

(हनुमता युद्धक्षेत्रे समुपस्थितस्य रावणपुत्रस्य अक्षयस्य वधः)

सेनापतीन् पञ्च स तु प्रमापितान् हनूमता सानुचरान् सवाहनान्।
निशम्य राजा समरोद्धतोन्मुखं कुमारमक्षं प्रसमैक्षताक्षम् ॥१
स तस्य दृष्ट्यर्पणसंप्रचोदितः प्रतापवान् काञ्चनचित्रकार्मुकः।
समुत्पपाताथ सदस्युदीरितो द्विजाति-मुख्यैर्हविषेव पावकः ॥२

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

प्रमापितान्मारितान्। समरोद्धतोन्मुखं समरोद्धतश्चासौ समरायोन्मुखश्च तम्। अक्षं समक्षमवस्थितमक्षाख्यं कुमारं निशम्य दृष्ट्वा प्रसमैक्षत दृष्ट्वा युद्धार्थमाज्ञापयामासेत्यर्थः ॥१॥

तदेवाह स इति। सदसि यज्ञशालायां द्विजातिमुख्यैर्हविषोदीरितः प्रेरितः पावक इव समुत्पपात ॥२॥

[युद्धक्षेत्रमें हनुमान्‌द्वारा आया हुआ अक्षयकुमारका वध]

हनुमान्‌जीके द्वारा सेवकों और वाहनोंसहित अपने पाँच सेनापतियोंका मारे जानेका समाचार सुनकर राजा रावणने अपने सामने बैठे हुए युद्धमें उद्धत एवं उत्कण्ठित रहनेवाले अपने पुत्र अक्षयकुमारकी ओर देखा ॥१॥

अपने पिता रावणके दृष्टिपात होते ही वह प्रतापी वीर उठकर खड़ा हो गया। वह सुवर्णजड़ित होनेसे विचित्र सुशोभित धनुष लिया हुआ था। जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मणोंद्वारा यज्ञमें हविष्यकी आहुति देनेपर अग्नि प्रज्वलित हो जाते हैं, उसी प्रकार वह भी सभामें उठकर खड़ा हो गया ॥२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततो महान् बालदिवाकरप्रभं
प्रतप्तजाम्बूनदजालसन्ततम् ।
रथं समास्थाय ययौ स वीर्य्यवान्
महाहरिं तं प्रति नैर्ऋतर्षभः ३॥

ततस्तपःसंग्रहसञ्चयार्जितं
प्रतप्तजाम्बूनदजालचित्रितम् ।
पताकिनं रत्नविभूषितध्वजं
मनोजवाष्टाश्ववरैः सुयोजितम् ॥४

सुरासुराधृष्यमसंगचारिणं
तड़ित्प्रभं व्योमचरं समाहितम् ।
सतूणमष्टासिनिबद्धबन्धुरं
यथाक्रमावेशितशक्तितोमरम् ॥५

विराजमानं प्रतिपूर्णवस्तुना
सहेमदाम्ना शशि-सूर्य्यवर्चसा ।
दिवाकराभं रथमास्थितस्ततः
स निर्जगामामरतुल्यविक्रमः ॥६

स पूरयन् खञ्च महीञ्च साचलां
तुरङ्गमातङ्गमहारथस्वनैः ।
बलैः समेतैः सहतोरणस्थितं
समर्थमासीनमुपागमत् कपिम् ॥७

स तं समासाद्य हरिं हरीक्षणो
युगान्तकालाग्निमिव प्रजाक्षये ।
अवस्थितं विस्मितजातसम्भ्रमं
समैक्षताक्षो बहुमानचक्षुषा ॥८

महान् स इत्यन्वयः । जाम्बूनदजालेन तत्समूहेन सन्ततं व्याप्तम् ॥३॥

उक्तमेवार्थं विशिष्याह तत इति । तपःसंग्रहस्य तपोऽनुष्ठानस्य संचयेन समृद्धयार्जितम् ॥४॥

अतएव व्योमचरम् । असंगचारिणं पर्वतादिष्वपीति भावः । समाहितं सज्जं तूर्णं इषुधिः अष्टसु दिक्ष्वसिभिः सह निबद्धा बंधुराः रथपताका यस्मिन् तं यथाक्रमं यथास्थानमावेशितं शक्तितोमरं यस्मिन् तम् ॥५॥

प्रतिपूर्णवस्तुना युद्धपरिकरवस्तुना । शशिसूर्यवर्चसातद्वश्मिवर्चसा हेमदामसहितेन वस्तुना विराजमानम् ॥६॥

तोरणस्थितं तोरणाश्रयम् आसीनमुपविष्टम् ॥७॥

हरीक्षणः सिंहवत् क्रूरदृष्टिः युगान्तकालाग्निवत्प्रजाक्षयेऽवस्थितं हरिं समासाद्य तमेवैक्षत । विस्मितं च तं जातसंभ्रमं च । बालोऽयं मां योद्धुमिच्छतीति विस्मयः रावणपुत्रत्वाच्च तत्र जातादरत्वम् ॥८॥

इसके बाद वह महापराक्रमी राक्षसश्रेष्ठ अक्षय प्रातःकालीन सूर्यके समान सुशोभित और तपाये हुए सोनेके जालसे आच्छादित रथपर चढ़कर उन महाकपि हनुमान्‌जीकी ओर चला ॥३॥

बड़ी भारी तपस्याके संग्रहसे प्राप्त, तपे हुए सोनेकी जालीसे चित्रित पताका एवं रत्नयुक्त ध्वजाओंसे विभूषित, देवताओं तथा असुरोंसे अजेय अविराम गतिसे युक्त बिजलीके समान प्रकाशित होते हुए आकाशमें भी चलनेवाले सभी सामग्रियोंसे सुसज्जित, रखे हुए तरकस और बँधे हुए आठ तलवारोंसे सुन्दर दीखनेवाले क्रमशः तोमर आदि अस्त्र-शस्त्रोंसे भी सम्पन्न, सूर्य एवं चन्द्रमाके समान दीप्तिमान्, युद्धके सभी उपकरणोंसे सुशोभित, सूर्यके समान तेजस्वी रथपर बैठकर देवतोंके समान पराक्रमी अक्षयकुमार राजभवनसे बाहर निकला ॥४-६॥

घोड़े, हाथी एवं विशाल रथोंके भयंकर शब्दसे पर्वतों सहित पृथ्वी एवं आकाशको भी गुञ्जाता हुआ वह अक्षय बड़ी भारी सेनाको साथमें लेकर शक्तिसम्पन्न हनुमान्‌जीके समीपमें पहुँचा ॥७॥

सिंहके समान भयंकर नेत्रवाले अक्षयने वहाँ पहुँचकर लोगोंके संहार करनेके समय प्रज्वलित हुई अग्निके समान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स तस्य वेगञ्च कपेर्महात्मनः
पराक्रमं चारिषु रावणात्मजः ।
विचारयन् स्वञ्च बलं महाबलो
युगक्षये सूर्य्य इवाभिवर्धत ॥९

स जातमन्युः प्रसमीक्ष्य विक्रमं
स्थितः स्थिरः संयति दुर्निवारणम् ।
समाहितात्मा हनुमन्तमाहवे
प्रचोदयामास शितैः शरैस्त्रिभिः ॥१०

ततः कपिं तं प्रसमीक्ष्य गर्व्वितं
जितश्रमं शत्रुपराजयोचितम् ।
अवेक्षताक्षः समुदीर्णमानसं
सबाणपाणिः प्रगृहीतकार्मुकः ॥११

स हेमनिष्काङ्गदचारुकुण्डलः
समाससादाशुपराक्रमः कपिम् ।
तथोर्ब्बभूवाप्रतिमः समागमः
सुरासुराणामपि सम्भ्रमप्रदः ॥१२

ररास भूमिर्न ततापः भानुमान्
ववौ न वायुः प्रचचाल चाचलः ।
कपेः कुमारस्य च वीर्य्यसंयुगं
ननाद च द्यौरुदधिश्च चुक्षुभे ॥१३

स तस्य वीरः सुमुखान् पतत्रिणः
सुवर्णपुंखान् सविषानिवोरगान् ।
समाधिसंयोगविमोक्षतत्त्ववि-
च्छरानथ त्रीन् कपिमूर्ध्न्यताडयत् ॥१४

अभिवर्द्धत तेजसा अभ्यवर्द्धतेत्यर्थः ॥९॥

स्थिरः स्थितः सः प्रसमीक्ष्यविक्रमं संदर्शनीयपराक्रमं संयति रणे दुःखं निवारणं यस्य तं त्रिभिः शरैः प्रचोदयामास युद्धाय प्रेरयामास ॥१०-११॥

निष्कमुरोभूषणम् आशुपराक्रमः तीक्ष्णपौरुष इति यावत्। समागमो युद्धं संभ्रमप्रदो भयपदः ॥१२॥

भूमिर्भूमिस्थप्राणिजातं ररास वीर्यप्रवृत्तं संयुगं वीक्ष्येति शेषः ॥१३॥

समाधिर्लक्ष्यदर्शनम्। संयोगः शरसंधानं विमोक्षः संहितस्य त्यागस्तेषां तत्त्ववित्। अताडयदपातयत् ॥१४॥

स्थित और विस्मय एवं संभ्रममें पड़े हुए हनुमान्‌जीको अत्यन्त अभिमान् युक्त नेत्रोंसे देखा ॥८॥

उन महात्मा वानरके वेग तथा शत्रुओंके प्रति उनके पराक्रमका और अपने बलका भी विचार करके वह महाबलवान् रावणपुत्र प्रलयकालीन सूर्यके समान बढ़ने लगा ॥९

हनुमान्‌जीके पराक्रमको विचार करके उसे क्रोध हो गया। अतएव स्थिरतापूर्वक उसने एकाग्रचित्तसे तीन तेज बाणों द्वारा युद्धदुर्जय हनुमान्‌जीको युद्धके लिये प्रेरित किया ॥१०॥

इसके बाद हाथमें धनुष एवं बाण लिये हुए अक्षयने परिश्रमको जीतनेवाले, शत्रुओंको पराजित करनेकी योग्यतावाले, युद्धके लिये उत्साहित एवं अभिमानसम्पन्न हनुमान्‌जीकी ओर दृष्टिपात किया ॥११॥

गलेमें सुवर्णके पदक, बाँहोंमें बाजूबन्द और कानोंमें सुन्दर कुण्डल धारण किये हुए वह शीघ्रतापूर्वक पराक्रम दिखानेवाला रावणपुत्र हनुमान्‌जीके समीपमें आया। उस समय उन दोनों वीरोंका जो अद्वितीय समागम हुआ, वह देवताओं तथा असुरोंके मनमें भी सन्देह उत्पन्न करनेवाला था ॥१२॥

हनुमान्‌जी और अक्षयकुमारका वह युद्ध देखकर पृथ्वीके सभी प्राणी चीखने लगे। सूर्यका ताप कम हो गया। वायुकी गति रुक गयी, पर्वत हिलने लगे। आकाश में भयंकर शब्द होने लगा और समुद्र भी चञ्चल हो गया ॥१३॥

अक्षयकुमार निशाना लगाने, बाणको धनुषपर चढ़ाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स तैः शरैर्मूर्ध्नि समं निपातितैः
क्षरन्नसृग्दिग्धविवृत्तनेत्रः ।
नवोदितादित्यनिभः शरांशुमान्
व्यराजतादित्य इवांशुमालिकः ॥१५
ततः प्लवङ्गाधिपमन्त्रिसत्तमः
समीक्ष्य तं राजवरात्मजं रणे ।
उदग्रचित्रायुधचित्रकार्मुकं
जहर्ष चापूर्यत चाहवोन्मुखः ॥१६
स मन्दराग्रस्थ इवांशुमाली
विवृद्धकोपो बलवीर्य्यसंवृतः ।
कुमारमक्षं सबलं सवाहनं
ददाह नेत्राग्निमरीचिभिस्तदा ॥१७

ततः स बाणासनशक्रकार्म्मुकः
शरप्रवर्षो युधि राक्षसाम्बुदः ।
शरान् मुमोचाशु हरीश्वराचले
बलाहको वृष्टिमिवाचलोत्तमे ॥१८
कपिस्ततस्तं रणचण्डविक्रमं
प्रवृद्धतेजोबल-वीर्य्यसायकम् ।
कुमारमक्षं प्रसमीक्ष्य संयुगे
ननाद हर्षाद् घनतुल्यनिःस्वनः ॥१९
स बालभावाद् युधि वीर्य्यदर्पितः
प्रवृद्धमन्युः क्षतजोपमेक्षणः ।
समाससादाप्रतिमं रणे कपिं
गजो महाकूपमिवावृतं तृणैः ॥२०

असृग्दिग्धश्चासौ विवृत्तनेत्रश्च । विवृत्तलोचन इति पाठे अवलोचितचक्षुरित्यर्थः । नवोदितादित्यसन्निभः रक्तवर्ण इत्यर्थः । शरांशुमान्स्वमस्तकस्थशररूपांशुमान् ॥
अंशुमालाधृक्सूर्य इव व्यराजत ॥१५॥
आपूर्यत व्यवर्धत ॥१६॥
मंदराग्रस्थत्वेन मध्यन्दिनस्थत्वं लक्ष्यते ॥१७॥

बाणासनमेव शक्रकार्मुकं यस्य यः ॥१८॥
तेजआदिसायकांताः प्रवृद्धा यस्य ॥१९॥
तृणैरावृतं महाकूपं गजपातनार्थकृतगर्तम् ॥२०॥

और उसे लक्ष्यकी ओर छोड़नेमें बड़ा ही कुशल था। उस वीरने सर्पोंके समान भयंकर, सोनेके पंखोंवाले, सुन्दर अग्रभागवाले और पत्रयुक्त तीन बाण हनुमानजीके मस्तक पर मारे ॥१४॥

उन तीनों बाणोंकी चोट हनुमान्जीके मस्तकमें एक ही साथ लगी, जिससे खूनकी धारा गिरने लगी। वे उस रक्तसे नहा गये और उनकी आँखें घूमने लगीं। उस समय बाणरूपी किरणोंसे युक्त हो वे नवोदित सूर्यके समान शोभा पाने लगे ॥१५॥

इसके बाद वानरराज सुग्रीवके प्रधान मन्त्री हनुमान्जी राक्षसराज रावणके पुत्र अक्षयकुमारको उत्तम एवं विचित्र शस्त्र धारण किये हुए देखकर हर्ष तथा उत्साहसे भर गये और युद्धके लिये उत्कण्ठित होकर अपने शरीरको बढ़ाने लगे ॥१६॥

बढ़े हुए क्रोधवाले बल-वीर्यसम्पन्न एवं मन्दराचल शिखरपर प्रकाशित होनेवाले सूर्यके समान हनुमान्जी अपने नेत्रकी किरणोंसे उस समय सेना तथा वाहनोंसे सम्पन्न अक्षको दग्धसा करने लगे ॥१७॥

इसके बाद जैसे मेघ श्रेष्ठ पर्वतपर जल वर्षण करता है, उसी प्रकार अपने बाणरूपी इन्द्रधनुषसे वह राक्षसरूपी मेघ बाणवर्षी होकर हनुमान्रूपी पर्वतपर बाणवृष्टि करने लगा ॥१८॥

तदनन्तर रणभूमिमें प्रचण्ड पराक्रम दिखानेवाले और बढ़े हुए तेज, पराक्रम, बल एवं बाणसे युक्त उस अक्षकी ओर दृष्टिपात करके हनुमान्जीने हर्ष एवं उत्साहसे परिपूर्ण हो मेघके समान भयंकर गर्जना करने लगे ॥१९॥

अपने बलका अभिमान रखनेवाले अक्षयकुमारको

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स तेन बाणैः प्रसभं निपातितै-
श्चकार नादं घननादनिःस्वनः ।
समुत्सहेनाशु नभः समारुजन्
भुजोरुविक्षेपणघोरदर्शनः ॥२१

तमुत्पतन्तं समभिद्रवद् बली
स राक्षसानां प्रवरः प्रतापवान् ।
रथी रथश्रेष्ठतरः किरञ्छरैः
पयोधरः शैलमिवाश्मवृष्टिभिः ॥२२

स ताञ्छरांस्तस्य हरिर्विमोक्षयन्-
चचार वीरः पथि वायुसेविते ।
शरान्तरे मारुतवद् विनिष्पतन्
मनोजवः संयति भीमविक्रमः ॥२३

तमात्तबाणासनमाहवोन्मुखं
खमास्तृणन्तं विविधैः शरोत्तमैः ।
अवेक्षताक्षं बहुमानचक्षुषा
जगाम चिन्तां स च मारुतात्मजः ॥२४

ततः शरैर्भिन्नभुजांतरः कपिः
कुमारवर्येण महात्मना नदन् ।
महाभुजः कर्म्मविशेषतत्त्वविद्
विचिन्तयामास रणे पराक्रमम् ॥२५

घननादनिःस्वनः मेघशब्दसदृशशब्दः समुत्सहेन । समुत्साहेन ह्रस्व आर्षः । भुजयोरूर्वोर्विक्षेपणेन घोरं दर्शनं यस्य सः ॥२१॥

समभिद्रवत् अभ्यद्रवत् ॥२२॥

शरान् विमोक्षयन् व्यर्थीकुर्वन् । तदुपायः शरान्तर इति ॥२३-२४॥

एवं शरान् व्यर्थीकुर्वतोऽपि भुजान्तरभेदरूपकर्मविशेषतत्त्वज्ञः पराक्रमविशेषेण चिन्तयामासः ॥२५॥

उनकी गर्जना सुनकर बड़ा क्रोध हुआ। उसकी आँखें रक्तके समान लाल हो गयी। अपने बालोचित अज्ञानके कारण वह अतुलनीय पराक्रमवाले हनुमान्‌जीके साथ युद्ध करनेके लिये आगे उसी प्रकार बढ़ा, जैसे कोई हाथी तिनकोंसे ढँके हुए महाकूपकी ओर बढ़ता है ॥२०॥

उसके द्वारा बलपूर्वक चलाये हुए बाणोंसे विद्ध होकर हनुमान्‌जीने शीघ्र ही उत्साहसे आकाशको विदीर्ण करते हुए मेघके समान गम्भीर एवं भयंकर गर्जना की। वे दोनों भुजाओं एवं जाँघोंको चलानेके कारण बड़े भयंकर मालूम हो रहे थे ॥२१॥

उन्हें आकाशमें उछलते हुए देखकर रथियोंमें श्रेष्ठ एवं रथपर बैठे हुए बलवान्, प्रतापी एवं वीर राक्षसश्रेष्ठने बाणों की वर्षा करते हुए उनका पीछा किया। उस समय वह ऐसा लग रहा था, जैसे कोई मेघ किसी पर्वतपर पत्थरोंका वर्षा कर रहा हो ॥२२॥

युद्धमें मनके समान वेगवाले एवं भयंकर पराक्रमी हनुमान्‌जी अक्षयकुमारके उन बाणोंको व्यर्थ करते हुए वायुके मार्गमें विचरने तथा दो बाणोंके बीचमें हवाके समान निकलने लगे ॥२३॥

अक्षय हाथमें धनुष लिये युद्धके लिये उन्मुख होकर नाना प्रकारके उत्तम बाणोंसे आकाशको आच्छादित कर दिया था। उस समय अक्षयकुमारको आदरकी दृष्टिसे देखकर वायुपुत्र हनुमान्‌जी कुछ विचारने लगे ॥२४॥

इसी समय महात्मा वीर अक्षयकुमारने अपने बाणोंसे वानर श्रेष्ठ हनुमान्‌जीकी दोनों भुजाओंके मध्यभाग छातीमें आघात किया। वे महाबाहु वानरवीर समयानुसार कार्यको उत्तम रीतिसे समझते थे, इसलिये वे युद्धक्षेत्रमें उस आघातको सहकर सिंहके समान गर्जन करते हुए अक्षयके पराक्रमके विषयमें विचारने लगे ॥२५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अबालवद् बालदिवाकरप्रभः
करोत्ययं कर्म्म महन्महाबलः ।
न चास्य सर्व्वाहवकर्म्मशालिनः
प्रमापणे मे मतिरत्र जायते ॥२६
युगान्तकालीन अग्निके समान रूपवाली आग वायुके संयोगसे इतनी बढ़ी कि वह स्वर्गको स्पर्श करती हुई के समान मालूम हो रही थी। लङ्काके भवनोंमें लगी हुई वह आग धूमसे रहित थी और उसमें राक्षसोंके शरीरकी आहुति पड़नेसे उसकी ज्वालाएँ और ज्यादा बढ़ रही थी ॥३२॥

अपनी ज्वालासे समूची लङ्काको घेरकर फैली हुई वह आग करोड़ों सूर्यके समान तेजस्वी मालूम हो रही थी। मकानों एवं पर्वतोंके फटनेसे जो अनेक प्रकारके शब्द हो रहे थे, वे बिजलीको भी मौतकर रहे थे। उस समय वह आग ब्रह्माण्डको फोड़ती हुई के समान मालूम हो रही थी ॥३३॥

वहाँ पृथ्वीसे लेकर आकाशपर्यन्त फैली हुई और अत्यन्त बढ़ी हुई आगकी प्रभा बहुत तेज मालूम हो रही थी। उसकी लपटें टेसूके फूलके समान लाल दीख रही थी। नीचेसे जिनका सम्बन्ध टूट गया था, वैसी आकाशमें फैली हुई धूमराशि नीलकमलके समान वर्णवाले मेघोंके समान प्रकाशित हो रहे थे ॥३४॥

प्राणियोंके समुदाय गृह तथा वृक्षोंसहित सारी लंकापुरीको सहसा जली हुई देखकर बहुतसे राक्षस एकत्र होकर आपसमें इस प्रकार कहने लगे, यह देवताओंका स्वामी वज्र धारण करनेवाले इन्द्र या साक्षात् यमराज तो नहीं हैं ? अथवा वरुण, वायु, रुद्र, अग्नि, सूर्य, कुबेर और चन्द्र इन देवताओंमेंसे तो कोई नहीं है ? यह वानर नहीं, किन्तु साक्षात् काल ही है। क्या समस्त जगत्के पितामह चतुर्मुख ब्रह्माजीका प्रचण्ड क्रोध ही वानरका रूप धारणकर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्येवमूचुर्बहवो विशिष्टा
रक्षोगणास्तत्र समेत्य सर्व्वे ।
सप्राणिसङ्घा सगृहां सवृक्षां
दग्धां पुरीं तां सहसा समीक्ष्य ॥३८
ततस्तु लङ्का सहसा प्रदग्धा
सराक्षसा साश्वरथा सनागा ।
सपक्षिसङ्घा समृगा सवृद्धा
रुरोद दीना तुमुलं सशब्दम् ॥३९
हा तात हा पुत्रक कान्त मित्र
हा जीवितेशाङ्ग हतं सुपुण्यम् ।
रक्षोभिरेवं बहुधा ब्रुवद्भिः
शब्दः कृतो घोरतरः सुभीमः ॥४०
हुताशनज्वाल-समावृता सा
हतप्रवीरा परिवृत्तयोधा ।
हनूमतः क्रोधबलाभिभूता ।
बभूव शापोपहतेव लङ्का ॥४१
ससंभ्रमं त्रस्तविषण्णराक्षसां
समुज्ज्वलज्ज्वालहुताशनांकिताम् ।
ददर्श लङ्कां हनूमान् महामनाः
स्वयंभुरोषोपहतामिवावनिम् ॥४२
भंक्त्वा वनं पादपरत्नसङ्कुलं
हत्वा तु रक्षांसि महान्ति संयुगे ।
दग्ध्वा पुरीं तां गृहरत्नमालिनीं
तस्थौ हनूमान् पवनात्मजः कपिः ॥४३
स राक्षसांस्तान् सुबहूंश्च हत्वा
वनञ्च भङ्क्त्वा बहुपादपं तत् ।
विसृज्य रक्षोभवनेषु चाग्निं
जमाग रामं मनसा महात्मा ॥४४

विशिष्टा महाबलाः प्रहस्तादय इत्यर्थः । समेत्य इत्येव-मूचुरित्यन्वयः ॥३८-३९॥

सुपुण्यमतिशयितमर्जितं पुण्यम् ॥४०॥

परिवृत्तयोधा पर्यस्तयोधा ॥४१॥

राक्षसोंके विनाशके यहाँ आया है ? अथवा विष्णु भगवान् का अचिन्त्य, अव्यक्त, अनन्त और अद्वितीय जो तेज है, वही अपनी मायासे वानरका शरीर ग्रहण करके राक्षसोंके संहार करनेके लिये तो नहीं आया है ? ॥३५-३८॥

इस प्रकार घोड़े, हाथी, रथ, पशुपक्षी, वृक्ष तथा कितने ही राक्षसोंसहित लंकानगरी सहसा जल गयी और वहाँके रहनेवाले लोग दीनभावसे बड़े जोरोंसे फूट फूटकर रोने लगे ॥३९॥

उस समय वे कह रहे थे—हाय रे बाप ! हाय बेटा ! हा स्वामिन् ! हा मित्र ! हा प्राणनाथ ! हमारे सब पुण्य नष्ट हो गये । इस प्रकार अनेक भाँतिसे विलाप करते हुए राक्षसोंने बड़ा भयानक और घोर चीत्कार करने लगे ॥४०

हनुमान्‌जीके क्रोधसे अभिभूत हुई लंका आगकी ज्वालासे घिर गयी थी । उसके प्रधान-प्रधान वीर मारे जा चुके थे । समस्त योद्धा उद्विग्न होकर इधर-उधर भाग गये थे, इस प्रकार वह पुरी शापसे आक्रान्तके समान मालूम हो रही थी ॥४१॥

महामनस्वी हनुमान्‌जीने स्वयम्भू ब्रह्माजीके क्रोधसे नष्ट हुई पृथ्वीके समान लंकापुरीको देखा । जहाँके सभी राक्षस घबड़ाकर त्रस्त और विषादयुक्त हो गये थे । प्रज्वलित ज्वालाओंसे अग्निदेवने उसपर छाप लगा दी थी ॥४२॥

वायुपुत्र वानरवीर हनुमान्‌जीने उत्तम वृक्षोंसे परिपूर्ण वनको विध्वंसकर, युद्धमें बड़े-बड़े राक्षसोंको मारकर और सुन्दर भवनोंवाली लङ्कापुरीको जलाकर शान्त हो गये ॥४३

महात्मा हनुमान्‌जीने बहुतसे राक्षसोंका वध और बहुत वृक्षोंसे परिपूर्ण प्रमदावनको विध्वंसकर तथा राक्षसोंके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततस्तु तं वानरवीरमुख्यं
महाबलं मारुततुल्यवेगम् ।
महामतिं वायुसुतं वरिष्ठं
प्रतुष्टुवुर्देवगणाश्च सर्वे ॥४५

देवाश्च सर्व्वे मुनिपुङ्गवाश्च
गन्धर्व-विद्याधर-पन्नगाश्च ।
भूतानि सर्व्वाणि महान्ति तत्र
जग्मुः परां प्रीतिमतुल्यरूपाम् ॥४६

भक्त्वा वनं महातेजा हत्वा रक्षांसि संयुगे ।
दग्ध्वा लङ्कापुरीं भीमां रराज स महाकपिः ॥४७

गृहाग्र्यशृङ्गाग्रतले विचित्रे
प्रतिष्ठितो वानरराजसिंह ।
प्रदीप्तलाङ्गूलकृतार्चिमाली
व्यराजतादित्य इवार्चिमाली ॥४८

लङ्कां समस्तां सम्पीड्य लाङ्गूलाग्नि महाकपिः ।
निर्व्वापयामास तदा समुद्रे हरिपुङ्गवः ॥४९

ततो देवाः सगन्धर्वाः सिद्धाश्च परमर्षयः ।
दृष्ट्वा लङ्कां प्रदग्धां तां विस्मयं परमं गताः ॥५०

तं दृष्ट्वा वानरश्रेष्ठं हनूमन्तं महाकपिम् ।
कालाग्निरिति सञ्चिन्त्य सर्वभूतानि तत्रसुः ॥५१

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे चतुःपञ्चाशः सर्गः ॥५४॥

स्वयंभुरोषोपहताम् । स्वदिनांत इतिशेषः ॥४२-४७॥

गृहाग्र्याणां गृहश्रेष्ठानां शृंगाग्रतले प्रासादाग्रभुमौ । प्रदीप्त-लांगूलेन कृतार्चिर्माला यस्यास्ति सः ॥४८॥

समुद्रे निर्वापयामास । लांगूलप्रक्षेपणेनेति शेषः ॥४९-५०॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे चतुःपञ्चाशः सर्गः ॥५४॥

महलोंमें आग लगाकर मन ही मन श्रीरामचन्द्रजीका स्मरण करने लगे ॥४४॥

इसके बाद समस्त देवतागण वानरवीरोंमें प्रधान महाबलशाली वायुके समान वेगवाले परमबुद्धिमान् तथा वायुके प्रधानपुत्र हनुमान्‌जीकी प्रार्थना करने लगे ॥४५॥

उनके इस कार्यसे सभी देवता, श्रेष्ठ मुनिगण, गन्धर्व, विद्याधर, नाग और सभी महान् प्राणी अत्यन्त प्रसन्न हुए । उनकी इस प्रसन्नताकी तुलना नहीं हो सकती थी ॥४६॥

महातेजस्वी महाकपि हनुमान्‌जी प्रमदावनको विध्वंस कर और युद्धमें राक्षसोंको मारकर एवं भयंकर लंकाको जलाकर बहुत सुशोभित होने लगे ॥४७॥

श्रेष्ठ भवनोंके विचित्र शिखरपर स्थित वानरराजसिंह हनुमान्‌जी अपनी जलती हुई पूँछसे उठी हुई ज्वालाओंसे विभूषित होकर तेजःपुञ्जसे प्रकाशमान सूर्यके समान शोभा पा रहे थे ॥४८॥

इस प्रकार समूची लङ्कानगरीको पीड़ित करके वानरश्रेष्ठ महाकपि हनुमान्‌जीने अपनी पूँछकी आग समुद्रके जलमें शान्त की ॥४९॥

इसके बाद लंकापुरीको जली हुई देखकर देवता, गन्धर्व सिद्ध और महर्षिगण बहुत विस्मित हुए ॥५०॥

उस समय वानरोंमें श्रेष्ठ महाकपि हनुमान्‌जीको देख, ये कालाग्नि हैं, ऐसा विचारकर समस्त प्राणी भयभीत हो गये ॥५१॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें चौवनवाँ सर्ग समाप्त ॥५४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पञ्चपञ्चाशः सर्गः

[सीतायै हनूमतश्चिन्ता, तन्निराकरणञ्च ।]

सन्दीप्यमानां वित्रस्तां त्रस्तरक्षोगणां पुरीम् ।
अवेक्ष्य हनुमाँल्लङ्कां चिन्तयामास वानरः ॥१
तस्याभूत् सुमहांस्त्रासः कुत्सा चात्मन्यजायत ।
लङ्कां प्रदहता कर्म किंस्वित् कृतमिदं मया ॥२
धन्यः खलु महात्मानो ये बुद्धया कोपमुत्थितम् ।
निरुन्धन्ति महात्मानो दीप्तमग्निमिवाम्भसा ॥३
क्रुद्धः पापं न कुर्य्यात् कः क्रुद्धो हन्यात् गुरूनपि ।
क्रुद्धः परुषया वाचा नरः साधूनधिक्षिपेत् ॥४
वाच्यावाच्यं प्रकुपितो न विजानाति कर्हिचित् ।
नाकार्य्यमस्ति क्रुद्धस्य नावाच्यं विद्यते क्वचित् ॥५
यः समुत्पतितं क्रोधं क्षमयैव निरस्यति ।
यथोरगस्त्वचं जीर्णां स वै पुरुष उच्यते ॥ ६
धिगस्तु मां सुदुर्बुद्धिं निर्लज्जं पापकृत्तमम् ।
अचिन्तयित्वा तां सीतामग्निदं स्वामिघातकम् ॥७

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

संदीप्यमानामिति ॥१॥

कुत्सा चात्मन्यजायतेत्युक्तां कुत्सामाह लंकामिति । किं स्वित्कर्म कृतम् । कुत्सितमेव कृतमित्यर्थः ॥२॥

उक्तं कुत्सितकार्यमूलं कोप इति निश्चित्य तद्रहितान स्तौति । धन्या इति । दुःखातिशयादेव महात्मपदपौनरुक्त्यं न दोषाय ।३॥

क्रुद्धः पापं न कुर्याद्य इति पाठे क्रुद्धो यः कश्चित्पापं कुर्यान्न । नत्रि काकुः । अपि तु कुर्यादेव । अकरणमशक्यमेवेत्यर्थः । तदेव दर्शयति क्रुद्धो हन्यादिति ॥४॥

न जानातीत्येतदेव स्पष्टयति नाकार्यमिति । क्रुद्धस्याकार्य-मयुक्तबुद्धयाकरणीयं न किंचिदप्यस्ति । अतो गुरुहननाद्यपि करोत्येवेत्यर्थः ॥५-७॥

[सीताके विषयमें हनुमान्‌जीकी चिन्ता और उसका निवारण]

वानरवीर हनुमान्‌जीने जलती हुई लङ्कापुरीको और त्रस्त हुए वहाँके राक्षसोंको जब देखा, तब उनके मनमें सीताजीको जल जानेके आशंकासे बहुत चिन्ता हुई ॥१॥

उनको महान् त्रास हो गया और अपने प्रति घृणा भी होने लगी । वे अपने मनमें विचार करने लगे, हाय ! मैंने लङ्काको जलाते समय यह कैसा घृणित कामकर डाला ?॥२

जो महात्मागण अपने हृदयमें उठे हुए कोपको अपनी बुद्धिसे उसी प्रकार शान्त करते हैं, जैसे जलसे प्रज्वलित अग्निको शान्त किया जाता है । वे ही इस संसारमें धन्य हैं ॥३॥

कुपित होनेपर कौन पुरुष पाप नहीं करता ! कुपित मनुष्य अपने गुरुजनोंको मार देता है । कुपित होनेपर मनुष्य साधुजनोंपर भी आक्षेप करता है ॥४॥

इसी प्रकार अधिक कुपित हुआ मनुष्य कभी-कभी तो यह भी नहीं जानता कि मुझे क्या करना चाहिये या क्या नहीं ! क्रोधी मनुष्योंके लिये कोई भी बुरा काम नहीं है और ऐसी कोई बुरीबात नहीं है, जो वह बोलता नहीं ॥५॥

जैसे साँप अपनी पुरानी केंचुल छोड़ देता है, वैसे ही जो मनुष्य अपने मनमें उत्पन्न क्रोधको क्षमासे ही शान्त कर देते हैं, वही पुरुष कहे जाते हैं ॥६॥

खोटी बुद्धिवाले निर्लज्ज एवं महान् पापाचारी मुझे धिक्कार है । मैंने सीताकी रक्षाका कोई विचार न करके लङ्कामें आग लगा दी । इस प्रकार मैंने अपने स्वामीकी ही हत्या कर दी ॥७॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि दग्धा त्वियं सर्व्वा नूनमार्य्यापि जानकी ।
दग्धा तेन मया भर्तुर्हतं कार्य्यमजानता ॥ ८
यदर्थमयमारम्भस्तत् कार्य्यमवसादितम् ।
मया हि दहता लङ्कां न सीता परिरक्षिता ॥९
ईषत्कार्य्यमिदं कार्य्यं कृतमासीन्न संशयः ।
तस्य क्रोधाभिभूतेन मया मूलक्षयः कृतः ॥१०
विनष्टा जानकी व्यक्तं न ह्यदग्धः प्रदृश्यते ।
लङ्कायाः कश्चिदुद्देशः सर्व्वा भस्मीकृता पुरी ॥११

यदि तद्विहतं कार्य्यं मया प्रज्ञाविपर्य्ययात् ।
इहैव प्राणसन्न्यासो ममापि ह्यद्य रोचते ॥१२
किमग्नौ निपताम्यद्य आहोस्विद् वड़वामुखे ।
शरीरमिह सत्त्वानां दद्मि सागरवासिनाम् ॥१३
कथं नु जीवता शक्यो मया द्रष्टुं हरीश्वरः ।
तौ वा पुरुषशार्दूलौ कार्य्यसर्व्वस्वघातिना ॥१४
मया खलु तदेवेदं रोषदोषात् प्रदर्शितम् ।
प्रथितं त्रिषु लोकेषु कपित्वमनवस्थितम् ॥१५

धिगस्तु मामित्यनेनोक्तं स्वधिक्कारमाह यदीति । इयं लंका सर्वापि नूनं दग्धैव । यदि जानक्यप्यत्रत्या दग्धा स्यात्तदा तेन अजानता मया भर्तुः कार्यं हतं भवेत् ॥८॥

एतदेव विवृणोति यदर्थमिति ॥९॥

एतत्कार्यं लंकादाहरूपम् । ईषत्कार्यमिव अप्रयाससाध्यकार्यमिव कृतमनुष्ठितमासीत् । अत्र न संशयः । भर्तुः कार्यं तु मया सर्वथा नाशितमेवेत्याह तस्येति । क्रोधाभिभूतेन मया सीतामपरिरक्षता कृतस्य सीतादर्शनरूपस्य कार्यस्य मूलक्षयकृतः ॥१०॥

ननु सीताविनाशनिश्चयस्ते कथं तत्राह विनष्टेति ॥११-१२॥

वडवामुखेऽग्नावित्यन्वयः दद्मि ददामि ॥१३-१४॥

तदेवेदं कपित्वमनवस्थितमन्यवस्थितकार्यकारीति त्रिषु लोकेषु प्रसिद्धं दर्शितम् । रोषदोषाद्रक्षोविषयक्रोधदोषात् ॥१५॥

यदि यह समस्त लङ्का जल गयी तो निश्चय आर्या जानकीजी भी उसीमें जल चुकी होगी । ऐसा काम करके मैंने अनजानेमें अपने स्वामीका सारा काम ही विनष्ट कर दिया ॥८॥

जिस कार्यके लिये मैंने यह सारा उपाय किया था, उस कार्यको ही विनष्ट कर दिया । क्योंकि लङ्काको दग्ध करते समय मैंने सीताजीकी रक्षा नहीं की ॥९॥

इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह लङ्का दहनरूपी कार्य एक छोटासा कार्य शेष रहा था, जिसको मैंने पूरा कर दिया । किन्तु क्रोधसे अभिभूत होनेके कारण मैंने श्रीरामके कार्यकी जड़ ही काट दी ॥१०॥

लङ्काका ऐसा कोई भी भाग दिखाई नहीं देता, जो दग्ध न हो गया हो । सम्पूर्ण नगरीको ही मैंने जला डाली, अतएव सीताजी भी जल गयी, यह बात स्वयं स्पष्ट हो जाती है ॥११॥

यदि अपनी विपरीत बुद्धिके कारण मैंने समस्त कार्य ही नष्ट कर दिया तो आज यहींपर मेरे प्राणोंकी भी समाप्ति हो जानी चाहिये, यही मुझे भी अच्छा जान पड़ता है ॥१२॥

अब मैं क्या जलती हुई आगमें कूद पड़ूं या बड़वानलमें ! अथवा समुद्रमें निवास करनेवाले जन्तुओंको ही अपना शरीर अर्पण कर दूं ॥१३॥

समस्त कार्योंको विनष्ट करनेवाला मैं अब जीवित रहकर वानरराज सुग्रीवका या उन दोनों पुरुषसिंह श्रीराम तथा लक्ष्मणका दर्शन कैसे कर सकूँगा ? ॥१४॥

तीनों लोकोंमें विख्यात वानरोचित चञ्चलताको मैंने अपने क्रोधके दोषसे ही प्रदर्शित किया ॥१५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धिगस्तु राजसं भावमनीशमनवस्थितम् ।
ईश्वरेणापि यद् रागात् मया सीता न रक्षिता ॥१६
विनष्टायां तु सीतायां तावुभौ विनशिष्यतः ।
तयोर्विनाशे सुग्रीवः सबन्धुर्विनशिष्यति ॥१७
एतदेव वचः श्रुत्वा भवतो भ्रातृवत्सलः ।
धर्म्मात्मा सहशत्रुघ्नः कथं शक्ष्यति जीवितुम् ॥१८
इक्ष्वाकुवंशे धर्मिष्ठे गते नाशमसंशयम् ।
भविष्यन्ति प्रजाः सर्व्वाः शोकसन्तापपीड़िताः ॥१९
तदहं भाग्यरहितो लुप्तधर्म्मार्थसंग्रहः ।
रोषदोषपरीतात्मा व्यक्तं लोकविनाशनः ॥२०
इति चिन्तयतस्तस्य निमित्तान्युपपेदिरे ।
पूर्व्वमप्युपलब्धानि साक्षात् पुनरचिन्तयत् ॥२१
अथवा चारु सर्व्वाङ्गी रक्षितो स्वेन तेजसा ।
न नशिष्यति कल्याणी नाग्निरग्नौ प्रवर्त्तते ॥२२
नहि धर्म्मात्मनस्तस्य भार्य्यामिततेजसः ।
स्वचरित्राभिगुप्तां तां स्प्रष्टुमर्हति पावकः ॥२३
नूनं रामप्रभावेण वैदेह्याः सुकृतेन च ।
यन्मां दहनकर्म्मायं नादहद्धव्यवाहनः ॥२४

राजसं रजोगुणमूलम् । भावं चेष्टाविशेषम् । अनीशं कार्यासमर्थम् । अतएवानवस्थितमव्यवस्थितफलजनकं धिक् । यद्यस्मादीश्वरेणापि समर्थेनापि मया रागाद्रजोगुणमूलक्रोधवशात् सीता न रक्षिता अतोऽधिक् ॥१६॥

उभौ रामलक्ष्मणौ ॥१७-२०॥

कार्य-साधनमें असमर्थ एवं अव्यवस्थित राजस भावको धिक्कार है, क्योंकि इस रजोगुणवाले क्रोधके ही कारण समर्थ होते हुए भी मैंने सीताजीकी रक्षा नहीं की ॥१६॥

सीताजीके नष्ट हो जानेसे वे दोनों श्रीराम एवं लक्ष्मणजी विनष्ट हो जायेंगे और उन दोनोंके विनाश हो जानेसे सुग्रीव भी बन्धु-बान्धवों के साथ विनष्ट हो जायेंगे ॥१७॥

इसी बातको सुनकर भ्रातृप्रेमी धर्मात्मा भरतजी भी शत्रुघ्नके साथ कैसे जीवित रह सकेंगे ?॥१८॥

इस प्रकार धर्मनिष्ठ इक्ष्वाकुवंशके नष्ट हो जानेपर समस्त प्रजागण भी शोक-सन्तापसे पीडित हो जायेंगे, इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥१९॥

इसलिये धर्म एवं अर्थको भी लोप करनेवाला मैं ही भाग्यहीन हूँ । रोषदोषके वशीभूत आत्मावाला मैं अवश्य ही सम्पूर्ण संसारका विनाश करनेवाला हूँ ॥२०॥

साक्षादुपलब्धानि अपरोक्षमनुभूतशुभफलानि उपपेदिरे । जातानि दृष्ट्वा पुनरचिंतयदित्यर्थः ॥२१॥

चिंतामेव दर्शयति अथवेति । नाग्निरग्नौ प्रवर्त्तते इति । अग्निरग्निं न दहतीत्यर्थः ॥२२-२३॥

दहनकर्मा भस्मीकरणसहजस्वभावः । यद्यतस्तत्प्रभावान्मां तत्सेवकं नादहत् । तत एव तां स्प्रष्टुमपि नार्हतीत्यर्थः ॥२४॥

इस प्रकार चिन्ता करते हुए हनुमान्‌जीको जिनके प्रत्यक्ष फलोंका अनुभव वे पहले भी कर चुके थे, वे ही शुभ शकुन पुनः दिखाई पड़े, इसलिये पुनः विचार करने लगे ॥२१॥

अथवा सर्वाङ्गसुन्दरी सीताजी अपने ही तेजसे सुरक्षित रही होगी । कल्याणी जानकीजीका विनाश कदापि नहीं होगा, क्योंकि आग, आगको जला नहीं सकती ॥२२॥

अमिततेजस्वी धर्मात्मा श्रीरामचन्द्रजीकी भार्या सीताजी अपने पातिव्रत्यके बलसे ही सुरक्षित है, अतएव आग उनको स्पर्श भी नहीं कर सकती ॥२३॥

अवश्य श्रीरामके प्रभाव तथा वैदेही सीताके पुण्यसे ही ये दहन करनेवाले अग्निदेव मुझे नहीं जला सके ॥२४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्रयाणां भरतादीनां भ्रातृणां देवता च या ।
रामस्य च मनःकान्ता सा कथं विनशिष्यति ॥२५
यद्वा दहनकर्म्मायं सर्व्वत्र प्रभुरव्ययः ।
न मे दहति लाङ्गूल कथमार्य्यां प्रधक्ष्यति ॥२६
पुनश्चाचिन्तयत् तत्र हनूमान् विस्मितस्तदा ।
हिरण्यनाभस्य गिरेर्जलमध्ये प्रदर्शनम् ॥२७
तपसा सत्यवाक्येन अनन्यत्वाच्च भर्तरि ।
असौ विनिर्दहेदग्नि न तामग्निः प्रधक्ष्यति ॥२८
स तथा चिन्तयंस्तत्र देव्या धर्म्मपरिग्रहम् ।
शुश्राव हनुमांस्तत्र चारणनां महात्मनाम् ॥२९
अहो खलु कृतं कर्म्म दुर्विगाहं हनूमता ।
अग्नि विसृजता तीक्ष्णं भीमं राक्षससद्मनि ॥३०
प्रपलायितरक्षःस्त्री-बालवृद्ध-समाकुला ।
जनकोलाहलाध्माता क्रन्दन्तीवाद्रिकन्दरैः ॥३१
दग्धेयं नगरी लङ्का साट्टप्राकारतोरणा ।
जानकी न च दग्धेति विस्मयोद्भुत एव नः ॥३२
इति शुश्राव हनुमान् वाचं तामृतोपमाम् ।
बभूव चास्य मनसो हर्षस्तत्कालसम्भवः ॥३३

त्रयाणां भरतलक्ष्मणशत्रुघ्नानां देवतात्वात्तस्यामन्यप्रवृत्ते रामभयाच्चेति भावः ॥२५॥

सर्वत्र प्रभुरपि यत्सेवकत्वान्मे लांगूलं न दहति, ततस्तां कथं धक्ष्यति ॥२६॥

देवीप्रभावात् सिंधौ मद्विश्रान्तिनिमित्तं गिरिदर्शनहेतुनाति-प्रभाववतीं तां न दहतीत्याह, पुनश्चेति ॥२७॥

विनिर्दहेत् । दाहविषयवाक्यप्रयोगेणेति शेषः । तथा चिंतयं-श्चारणानां वाक्यं शुश्रावेति योजना ॥२८-२९॥

दुर्विगाहङ्केनाप्यसह्यमित्यर्थः ॥३०-३१॥

विस्मय आश्चर्य्यम् । अद्भुतः अभूतपूर्वः ॥३२॥

तत्कालसंभवस्तत्कालजातचारणवाक्यजः ॥३३॥

भरत आदि तीनों भाईयोंकी जो आराध्य देवी, और श्रीरामचन्द्रजीकी हृदयवल्लभा हैं, वह अग्निसे कैसे जल सकती है ? ॥२५॥

यह दाहक और अविनाशी अग्निदेव सर्वत्र अपनी तेज प्रदर्शित करते हैं, किन्तु वे ही मेरी पूँछको नहीं जलाये तो उन आर्या सीताजीको कैसे जलायेंगे ॥२६॥

पुनः विस्मित होकर हनुमान्जीने उस घटनाको भी याद किया, जो समुद्रके बीचमें हिरण्यनाभ मैनाकका उन्हें दर्शन हुआ था ॥२७॥

फिर वे विचारने लगे कि तपस्या, सत्यभाषण तथा पतिमें अनन्य भक्तिके कारण आर्या सीताजी ही अग्निको जला सकती है, किन्तु अग्निदेव उन्हें नहीं जला सकते ॥२८

इस प्रकार वहाँपर सीताजीकी धर्मपरायणताके विषयमें विचार करते हुए हनुमान्जीने महात्माओं तथा चारणोंके मुखसे ऐसी बातें सुनी ॥२९॥

अहो ! हनुमान्जीने राक्षसोंके भवनोंमें दुःसह तथा भयङ्कर आग लगाकर दुष्कर काम कर दिया ॥३०॥

अपने-अपने घरोंमेंसे भागे हुए राक्षसों, स्त्रियों, बालकों और वृद्धोंसे भरी हुई समस्त लङ्का जनकोलाहलसे परिपूर्ण हो क्रन्दन करती हुई सी मालूम पड़ती है । पर्वतकी कन्दराओं, अट्टालिकाओं, परकोटों और नगरके फाटकोंसहित यह समूची लङ्कापुरी दग्ध हो गयी, किन्तु सीताजी नहीं जली, यही हमलोगोंको आश्चर्य हो रहा है ॥३१-३२॥

हनुमान्जीने जब चारणोंसे कही हुई यह अमृतके समान बात सुनी तो उसी समय उनके मनमें हर्षोल्लास हो गया ॥३३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स निमित्तैश्च दृष्टार्थैः कारणैश्च महागुणैः । स्तामक्षतां राजसुतां विदित्वा ।
ऋषिवाक्यैश्च हनूमानभवत् प्रीतमानसः ॥३४ प्रत्यक्षतस्तां पुनरेव दृष्ट्वा
ततः कपिः प्राप्तमनोरथार्थ- प्रतिप्रयाणाय मतिञ्चकार ॥३५

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे पञ्चपञ्चाशः सर्गः ॥५५॥

दृष्टार्थैर्दृष्टप्रत्ययैर्निमित्तैर्दक्षिणाक्षिस्पन्दनादिभिः कारणैः सीतारामप्रभावपातिव्रत्यादिरूपैर्ऋषिवाक्यैश्चारणवाक्यैः ॥३४॥ विदित्वा चारणादिवाक्यैः । पुनरेव पुनरपि प्रत्यक्षतो दृष्ट्वा प्रतिप्रयाणाय किष्किंधां प्रति गन्तुं मतिं चकार ॥३५॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे पञ्चपञ्चाशः सर्गः ॥५५॥

अनेकवार प्रत्यक्ष अनुभव किये हुए शुभ शकुनों, महान् गुणयुक्त कारणों और चारणोंसे कहे गये पूर्वोक्त वचनोंसे सीताजीके जीवित रहनेका निश्चिय करके हनुमान्‌जी अत्यन्त प्रसन्न हो गये ॥३४॥

राजपुत्री सीताजीको कोई क्षति नहीं हुई, यह जानकर कपिश्रेष्ठ हनुमान्‌जीने अपना मनोरथ पूर्ण समझा और फिर उनका प्रत्यक्ष दर्शन करके जानेका विचार किया ॥३५॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें पचपनवाँ सर्ग समाप्त ॥५५॥

षट्पञ्चाशः सर्गः

[सीतया सह हनूमतः पुनः साक्षात्कारः, तदनन्तरं समुद्रलङ्घनञ्च ।]

ततस्तु शिंशपामूले जानकीं पर्य्यवस्थिताम् । क्वचित् सुसंवृते देशे विश्रान्तः श्वो गमिष्यसि ॥३
अभिवाद्याब्रवीद् दिष्ट्या पश्यामि त्वामिहाक्षताम् ॥१ मम चैवाल्पभाग्यायाः सान्निध्यात् तव वानरः ।
ततस्तं प्रस्थितं सीता वीक्षमाणा पुनः पुनः । शोकस्यास्याप्रमेयस्य मुहूर्तं स्यादपि क्षयः ॥४
भर्तुः स्नेहान्विता वाक्यं हनूमन्तमभाषत ॥२ गते हि हरिशार्दूल पुनः सम्प्राप्तये त्वयि ।
यदि त्वं मन्यसे तात वसैकाहमिहानघ । प्राणेष्वपि न विश्वासो मम वानरपुङ्गव ॥५

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

सीताजीसे मिलकर हनुमान्‌जीका लौटना एवं समुद्रको लाँघना]

इसके बाद अशोक वृक्षके नीचे विराजमान जानकीजीके पास हनुमान्‌जी गये और उनको प्रणाम करके बोले—हे देवि! बड़े सौभाग्यकी बात है कि मैं यहाँपर आपको कुशल देख रहा हूँ ॥१॥

पति प्रेममें डूबी हुई सीताजी हनुमान्‌जीको जानेके लिये तैयार जानकर उनको बारंबार देखती हुई बोली—॥२॥

हे तात! हे निष्पाप! यदि तुम उचित मानो तो किसी गुप्त स्थानमें एक दिन और ठहरो। आज विश्राम करके कल चला जाना ॥३॥

हे वानर! तुम्हारे समीपमें रहनेसे मुझ मन्दभागिनीका अपार शोक कुछ समयके लिये कम होगा ॥४॥

हे वानरश्रेष्ठ! तुम्हे चले जानेसे लेकर फिर लौटकर आनेतक मेरे प्राण रहेंगे या नहीं यह भी विश्वास नहीं है ॥५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अदर्शनञ्च ते वीर भूयो मां दारयिष्यति ।
दुःखाद् दुःखतरं प्राप्तां दुर्मनः-शोककर्शिताम् ॥६
अयञ्च वीर सन्देहस्तिष्ठतीव ममाग्रतः ।
सुमहत्सु सहायेषु हर्यृक्षेषु महाबलः ॥७
कथं नु खलु दुष्पारं संतरिष्यन्ति सागरम् ।
तानि हर्यृक्षसैन्यानि तौ वा नरवरात्मजौ ॥८
त्रयाणामेव भूतानां सागरस्यातिलङ्घने ।
शक्तिः स्याद् वैनतेयस्य तव वा मारुतस्य वा ॥९
तदत्र कार्य्यनिर्बन्धे समुत्पन्ने दुरासदे ।
किं पश्यामि समाधानं त्वं हि कार्य्यविशारदः ॥१०
काममस्य त्वमेवैकः कार्य्यस्य परिसाधने ।
पर्य्याप्तः परवीरघ्न यशस्यस्ते फलोदयः ॥११

तद्यथा तस्य विक्रान्तमनुरूपं महात्मनः ।
भवत्याहवशूरस्य तथा त्वमुपपादय ॥१३
बलैस्तु सङ्कुलां कृत्वा लङ्कां परबलार्दनः ।
मां नयेद् यदि काकुत्स्थस्तत् तस्य सदृशं भवेत् ॥१२
तदर्थोपहितं वाक्यं प्रश्रितं हेतुसंहितम् ।
निशम्य हनूमान् वीरो वाक्यमुत्तरमब्रवीत् ॥१४
देवि ! हर्यृक्षसैन्यानामीश्वरः प्लवतां वरः ।
सुग्रीवः सत्त्वसम्पन्नस्तवार्थे कृतनिश्चयः ॥१४
स वानरसहस्राणां कोटिभिरभिसंवृतः ।
क्षिप्रमेष्यति वैदेहि ! सुग्रीवः प्लवगाधिपः ॥१६
तौ च वरौ नरवरौ सहितौ राम-लक्ष्मणौ ।
आगम्य नगरीं लङ्कां सायकैर्विधमिष्यतः ॥१७

हे वीर ! मेरे ऊपर दुःखके बाद दुःख पड़ते ही गये। इसलिये मैं मानसिक शोकसे प्रतिदिन दुर्बल होती जा रही हूँ। अब तुम्हारा दर्शन न होना मेरे हृदयको और भी विदीर्ण कर देगा ॥६॥

हे वीर ! मेरे सामने यह सन्देह बना ही है कि बड़े-बड़े वानरों तथा ऋक्षोंको सहायक रहनेपर भी महाबली सुग्रीव इस दुर्लंघ्य सागरको कैसे पार करेंगे ? उनकी सेनाके वे वानर एवं ऋक्ष और वे दोनों राजकुमार भी इस महासमुद्रको कैसे पार करेंगे ? ॥७-८॥

तुम्हारेमें, गरुड़में अथवा वायुदेवमें इन तीन प्राणियोंमें ही समुद्र पार करनेकी शक्ति है ॥९॥

अतएव इस कार्यमें दुष्कर प्रतिबन्धके उपस्थित होनेपर तुम्हें कौनसा समाधान दीख रहा है ? कहो, क्योंकि तुम्हीं इस कार्य करनेमें निपुण हो ॥१०॥

शत्रुवीरोंके संहार करनेवाले वीर ! इसमें कोई सन्देह नहीं कि तुम अकेले ही इस कार्यको पूर्ण करनेमें समर्थ हो, किन्तु तुम्हारे द्वारा जो (विजयरूपी) फलकी प्राप्ति होगी, उससे तुम्हारा ही यश बढ़ेगा, श्रीरामका नहीं ॥११॥

किन्तु शत्रुसेनाको पीड़ा देनेवाले श्रीरामचन्द्रजी यदि इस लङ्काको पददलित करके मुझे ले चलें तो उनके योग्य होगा ॥१२॥

इसलिये तुम ऐसा प्रयत्न करो, जिससे युद्धमें वीर महात्मा श्रीरामचन्द्रजीका पराक्रम उनके योग्यरूपमें प्रकट हो जाय ॥१३॥

सीताजीकी प्रेमपूर्ण तथा विशेष अभिप्रायसे भरी हुई इस बातको सुनकर हनुमान्‌जीने इस प्रकार उत्तर दिया ॥१४॥

हे देवि ! वानर तथा ऋक्षोंकी सेनाओंके स्वामी शक्ति-सम्पन्न सुग्रीवजी तुम्हारे उद्धारके लिये निश्चय कर चुके हैं ॥१५॥

हे वैदेहि ! वे वानरराज सुग्रीवजी हजारों करोड़ वानरोंसे घिरकर शीघ्र यहाँ आ जायेंगे ॥१६॥

वे दोनों नरश्रेष्ठ श्रीराम एवं लक्ष्मणजी भी साथ ही यहाँ आकर अपने बाणोंसे इस लङ्कानगरीको विध्वंस कर देंगे ॥१७॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सगणं राक्षसं हत्वा नचिराद् रघुनन्दनः ।
त्वामादाय वरारोहे स्वां पुरीं प्रतियास्यति ॥१८
समाश्वसिहि भद्रं ते भव त्वं कालकाङ्क्षिणी ।
क्षिप्रं द्रक्ष्यसि रामेण निहतं रावणं रणे ॥१९
निहते राक्षसेन्द्रे च सपुत्रामात्यबान्धवे ।
त्वं समेष्यसि रामेण शशाङ्केनेव रोहिणी ॥२०
क्षिप्रमेष्यति काकुत्स्थो हर्यृक्षप्रवरैर्युतः ।
यस्ते युधि विनिर्जित्य शोकं व्यपनयिष्यति ॥२१
एवमाश्वास्य वैदेहीं हनूमान् मारुतात्मजः ।
गमनाय मतिं कृत्वा वैदेहीमभ्यवादयत् ॥२२

राक्षसप्रवरान् हत्वा नाम विश्राव्य चात्मनः ।
समाश्वास्य च वैदेहीं दर्शयित्वा परं बलम् ॥२३
नगरीमाकुलां कृत्वा वञ्चयित्वा च रावणम् ।
दर्शयित्वा बलं घोरं वैदेहीमभिवाद्य च ॥२४
प्रतिगन्तुं मनश्चक्रे पुनर्मध्येन सागरम् ।
ततः स कपिशार्दूलः स्वामिसन्दर्शनोत्सुकः ॥२५
आरुरोह गिरिश्रेष्ठमरिष्टमरिमर्दनः ।
तुङ्गपद्मकजुष्टाभिर्नीलाभिर्वनराजिभिः ॥२६
सोत्तरीयमिवाम्भोदैः शृङ्गांतरविलम्बिभिः ।
बोध्यमानमिव प्रीत्या दिवाकरकरैः शुभैः ॥२७

हे वरारोहे ! श्रीरामचन्द्रजी सैनिकोंके साथ रावणको मारकर शीघ्र ही आपको अयोध्यापुरीको ले चले जायेंगे ॥१८

इसलिये आप धैर्य रक्खें, आपका कल्याण हो, आप समयकी प्रतीक्षा करें। रामके द्वारा युद्धमें मारे गये रावणको आप शीघ्र ही देखेंगी ॥१९॥

पुत्र, मन्त्री और बन्धु-बान्धवोंके साथ राक्षसराज रावणको मारे जानेपर आप श्रीरामके साथ उसी प्रकार मिलेगी, जैसे रोहिणी चन्द्रमाके साथ मिलती है ॥२०॥

वानरों तथा ऋक्षोंके प्रधान वीरोंके साथ काकुत्स्थ भगवान श्रीराम शीघ्र ही यहाँ आयेंगे और युद्धमें शत्रुओंको जीतकर आपका सारा शोक दूर कर देंगे ॥२१॥

इस प्रकार विदेहकुमारी सीताजीको आश्वासन देकर वायुपुत्र हनुमान्‌जी जानेका विचार करके उनको प्रणाम किया ॥२२॥

प्रधान-प्रधान राक्षसोंको मारकर अपना नाम विख्यात कर और अपने महान् बलको प्रकट कर लंकापुरीको व्याकुल करके एवं रावणको वञ्चना देकर हनुमान्‌जीने

इत आरभ्य पुनर्मध्येन सागरमित्यन्ताः सार्धचतुर्विंशति-श्लोकाः प्राग्व्याख्यातप्राया एव ॥१-२५॥

अरिष्टं तदाख्यम् । नीलाभिर्वनराजिभिः । सपरिधानमिवेति शेषः ॥२६॥

सोत्तरीयमिव कंठासक्तोत्तरीयधारिणमिव । बोध्यमानमिव रविकिरणस्पर्शेन सर्वेषां तत्रत्यवस्तूनां विकासादिति भावः ॥२७॥

सीताजीको प्रणाम करनेके बाद पुनः समुद्रके बीचसे होकर लौटनेका विचार किया। अपने स्वामी श्रीरामचन्द्रजीके दर्शनके लिये उत्सुक हो वे शत्रुदमन कपिश्रेष्ठ हनुमानजी पर्वतश्रेष्ठ अरिष्टपर चढ़ गये। ऊंचे-ऊंचे पद्मके समान वृक्षोंसे सेवित नीली वनपंक्तियाँ उस पर्वतके परिधानके समान मालूम हो रही थी। शिखरों पर लटके हुए श्याम-वर्णके मेघ उसपर उत्तरीय (चादर) के समान मालूम हो रहे थे। सूर्यकी कल्याणमयी किरणों प्रेमपूर्वक उसे जगाती हुई के समान मालूम हो रही थी। अनेक प्रकारके धातु उसके खुले हुएनेत्रके समान थे, जिनसे वह सब कुछ देखता हुआ सा स्थिर था, पर्वतीय नदियोंके जल समूहके गम्भीर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्मिषन्तमिवोद्धूतैर्लोचनैरिव धातुभिः ।
तोयौघनिस्वनैर्मन्द्रैः प्राधीतमिव पर्वतम् ॥२८
प्रगीतमिव विस्पष्टं ननाप्रस्रवणस्वनैः ।
देवदारुभिरुद्धूतैरूर्ध्वबाहुमिव स्थितम् ॥२९
प्रपातजलनिर्घोषैः प्राक्रुष्टमिव सर्व्वतः ।
वेपमानमिव श्यामैः कम्पमानैः शरद्वनैः ॥३०
वेणुभिर्मारुतोद्धूतैः कूजन्तमिव कीचकैः ।
निश्वसन्तमिवामर्षाद् घोरैराशीविषोत्तमैः ॥३१

नीहारकृतगम्भीरैर्ध्यायन्तमिव गह्वरैः ।
मेघपादनिभैः पादैः प्रक्रान्तमिव सर्व्वतः ॥३२
जृम्भमाणमिवाकाशे शिखरैरभ्रमालिभिः ।
कूटैश्च बहुधा कीर्णं शोभितं बहुकन्दरैः ॥३३
सालतालैश्च कर्णैश्च वंशैश्च बहुभिर्वृतम् ।
लतावितानैर्विततैः पुष्पवद्भिरलंकृतम् ॥३४
नानामृगगणैः कीर्णं धातुनिस्यन्दभूषितम् ।
बहुप्रस्रवणोपेतं शिलासंचयसंकटम् ॥३५

उद्धूतैर्लोचनसदृशैर्धातुभिरुन्मिषन्तमिवेत्युत्प्रेक्षा । प्राधीतमिव उच्चैः प्रारब्धाध्ययनमिव तत्स्वनानां महत्त्वात् ॥२८॥

प्रगीतमिव प्रारब्धगानमिव । तित्स्वनानां मन्दत्वात् ॥२९॥

प्रपातजलनिर्घोषैः प्रपातेभ्यो भृगुदेशेभ्यः पतज्जलशब्दैः प्राक्रुष्टमिवारब्धाक्रोशमिव । सर्वत्रादिकर्मणि कर्तरि क्त इत्याहुः । शरद्वनैः सप्तपर्णादिशारदवृक्षसंघैः ॥३०-३१॥

नीहारकृतगंभीरैः नीहारवशेन तत्तद्दर्शनात्तत्कृतगंभीरत्वं गह्वराणाम् । ध्यायन्तमिव मुद्रितेन्द्रियद्वारं ध्यानारूढमिव स्थितमित्यर्थः । मेघपादाः मेघप्ररोहास्तन्निभैः पादैः प्रत्यन्तपर्वतैः क्रान्तप्रमिवारब्धगमनमिव ॥३२॥

अभ्रमालाभिः शिखरैः जृम्भमाणमिव गात्रमोटनं कुर्वाणमिव कूटैः शृंगैः ॥३३॥

लतारूपैर्विस्तृतैर्विंतानैः ॥३४॥

धातुनिस्यन्दैर्धातुनिर्गमैर्भूषितम् शिलासंचयेन शिलासमूहेन संकटं नीरंध्रम् ॥३५॥

शब्दसे ऐसा मालूम हो रहा था कि वह पर्वत ही सस्वर वेद ध्वनि करता हो ॥२३-२८॥

अनेक झरनोंके सुन्दर शब्दोंसे अरिष्ट पर्वत स्पष्टरूपसे गीत गाते हुए के समान मालूम हो रहा था। उन्नत देवदारु वृक्षोंके कारण वह ऊपर हाथ उठाकर खड़ेके समान लग रहा था ॥२९॥

सभी ओरसे झरनोंकी गम्भीर ध्वनिसे वह चिल्लाता हुआ सा मालूम हो रहा था। झूमते हुए सरकण्डोंके श्यामवनके कारण वह कम्पित सा मालूम हो रहा था ॥३०

वायुके वेगसे हिलते हुए और मधुर शब्द करते हुए बाँसोंसे उपलक्षित होनेवाला वह पर्वत बाँसुरी बजाते हुए के समान मालूम हो रहा था, भयानक विषधर साँपोंके फुत्कारसे लम्बी साँस लेता हुआ सा जान पड़ता था ॥३१॥

कुहासेके कारण गहरी मालूम होनेवाली निश्चल भावसे ध्यान करते हुए के समान लग रहा था। उठते हुए बादलोंके समान शोभावाले आस पासके पर्वतोंसे वह सभी ओर विचरण करता सा जान पड़ता था ॥३२॥

मेघमालाओंसे सुशोभित शिखरों द्वारा वह आकाशमें अङ्गड़ाई सी ले रहा था। अनेक शृङ्गोंसे परिपूर्ण एवं अनेक कन्दराओंसे भी वह सुशोभित हो रहा था ॥३३॥

साल, ताल, कर्ण और बहुतसे बाँसके वृक्ष उसे सभी ओरसे घेरे हुए थे, पुष्पोंके भारसे लदे हुए और सभी ओर फैले हुए लतावितान ही उस पर्वतके आभूषण थे ॥३४॥

नाना भाँतिके पशुगण सभी ओर भरे हुए थे। अनेक धातुओंके पिघलनेसे उसकी शोभा बढ़ रही थी। वह पर्वत अनेक झरनोंसे अलंकृत और शिला-समूहसे परिपूर्ण था ॥३५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महर्षि-यक्ष-गन्धर्व्व-किन्नरोरगसेवितम् ।
लतापादपसम्बाधं सिंहाधिष्ठितकन्दरम् ॥३६
व्याघ्रादिभिः समाकीर्णं स्वादुमूलफलद्रुमम् ।
आरुरोहानिलसुतः पर्व्वतं प्लवगोत्तमः ॥३७
रामदर्शनशीघ्रेण प्रहर्षेणाभिचोदितः ।
तेन पादतलक्रान्ता रम्येषु गिरिसानुषु ॥३८
सघोषाः समशीर्य्यन्त शिलाश्चूर्णीकृतास्ततः ।
स तमारुह्य शैलेन्द्र व्यवर्धत महाकपिः ॥३९
दक्षिणादुत्तरं पारं प्रार्थयंल्लवणाम्भसः ।
अधिरुह्य ततो वीरः पर्वतं पवनात्मजः ॥४०

ददर्श सागरं भीमं भीमोरगनिषेवितम् ।
स मारुत इवाकाशं मारुतस्यात्मसम्भवः ॥४१
प्रपेदे हरिशार्दूलो दक्षिणादुत्तरां दिशम्
स तदा पीड़ितस्तेन कपिना पर्व्वतोत्तमः ॥४२
ररास विविधैर्भूतैः प्राविशद् वसुधातलम् ।
कम्पमानैश्च शिखरैः पतद्भिरपि च द्रुमैः ॥४३
तस्योरुवेगोन्मथिताः पादपाः पुष्पशालिनः ।
निपेतुर्भूतले भग्नाः शक्रायुधहता इव ॥४४
कन्दरोदरसंस्थानां पीड़ितानां महौजसाम् ।
सिंहानां निनदो भीमो नभो भिन्दन्
हि शुश्रुवे ॥४५

लताभिः पादपैश्च संबाधं व्याप्तम् ॥३६-३७॥

रामदर्शने शीघ्रेणातिवेगवतोत्कटेनेति यावत् । तेन हनूमता ॥३८-३९॥

प्रार्थयन् गमनप्राप्यत्वेनेच्छन् । अधिरुह्य ततोऽप्यूर्ध्वं गत्वा ॥४०॥

स हनूमान्मारुत आकाशमिवोत्तरां दिशं प्रपेदे मनसा प्राप ॥४१-४२॥

कंपविशिष्टशिखरपतद्द्रुमोपलक्षितो वसुधां प्राविशदित्यन्वयः ॥४३॥

शक्रायुधं वज्रम् ॥४४-४५॥

महर्षि, यक्ष, किन्नर, गन्धर्व और अनेक देवगण वहाँ निवास करते थे। लताओं तथा वृक्षोंद्वारा वह सभी ओर से आच्छादित था। उसकी गुफाओंमें सिंह गर्जना कर रही थी ॥३६॥

वह व्याघ्र आदि हिंसक जन्तुओंसे परिपूर्ण था, उस पर स्वादिष्ट फल, मूल भी बहुतसे थे। इस प्रकारके रमणीय पर्वतपर वानरश्रेष्ठ पवनपुत्र हनुमान्‌जी श्रीरामचन्द्रजीके दर्शनकी शीघ्रता और प्रसन्नतासे प्रेरित होकर आरूढ हो गये। उनके पावोंके आघातसे उस पर्वतके रमणीय शिखरों की शिलायें भारी शब्दके साथ चूर-चूर होकर बिखर गयी। उस पर्वतराज अरिष्टपर चढ़कर महाकपि हनुमान्‌जी समुद्रके दक्षिणतीरसे उत्तरकी ओर जानेकी इच्छासे अपने शरीरको बढ़ाने लगे।

इस प्रकार उस पर्वतपर चढ़कर वीर पवनपुत्र हनुमान्‌जीने भयानक सर्पोंसे सेवित समुद्रको देखा। वायुदेवके औरसपुत्र कपिश्रेष्ठ हनुमान्‌जी आकाशमें तीव्रगतिसे प्रवाहित होनेवाले पर्वतके समान दक्षिणसे उत्तर दिशाकी ओर चले। उस समय हनुमान्‌जीके पैरोंके दबाव पड़नेसे उस श्रेष्ठपर्वतसे बड़ा भयंकर शब्द होने लगा। वह अपने कम्पित होते हुए शिखरों टूटकर गिरते हुए वृक्षों एवं अनेक प्रकारके प्राणियोंके साथ उसी समय धरतीमें धँस गया ॥३७-४३॥

उनके महान् वेगोंसे कम्पित होकर पुष्पोंसे परिपूर्ण अनेक वृक्ष इस प्रकार पृथ्वीपर गिर गये, मानो उन्हें वज्र मार गया हो ॥४४॥

उस समय पर्वतकी गुफाओंमें रहनेसे दबे हुए महाबली सिंहोंका भयंकर शब्द आकाशको विदीर्ण करते हुए के समान सुनाई पड़ रहा था ॥४५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्रस्तव्याविद्धवसना व्याकुलीकृतभूषणाः ।
विद्याधर्य्यः समुत्पेतुः सहसा धरणीधरात् ॥४६
अतिप्रमाणा बलिनो दीप्तजिह्वा महाविषाः ।
निपीड़ितशिरोग्रीवा व्यचेष्टन्त महाहयः ॥४७
किन्नरोरग-गन्धर्व्व-यक्ष- विद्याधरास्तथा ।
पीड़ितं तं नगवरं त्यक्त्वा गगनमास्थिताः ॥४८

स च भूमिधरः श्रीमान् वलिना तेन पीड़ितः ।
सवृक्षशिखरोदग्रः प्रविवेश रसातलम् ॥४९
दशयोजनविस्तारस्त्रिंशद्योजनमुच्छ्रितः ।
धरण्यां समतां यातः स बभूव धराधरः ॥५०
स लिलङ्घयिषुर्भीमं सलीलं लवणार्णवम् ।
कल्लोलास्फालवेलान्तमुत्पपात नभो हरिः ॥५१

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये सुन्दरकाण्डे षट्पञ्चाशः सर्गः ॥५६॥

त्रस्ता अतएव व्याविद्धानि व्यत्यस्तानि वसनानि यासां ताः ॥४६॥

व्यवेष्टन्त कुंडलीकृतशरीरा अजायन्त । व्यचेष्टन्तेति पाठे पीडयाऽलुठन्नित्यर्थः ॥४७-४८॥

सवृत्तशिखरैरुदग्र उन्नतो रसातलं प्रविवेश । अंशेन भूसमशिखराग्रवृत्तो जात इत्यर्थः ॥४९॥

तदेव दर्शयति दशेति ॥५०॥

कल्लोलैरास्फाल्यते स्पृश्यते तादृशो वेलांतस्तीरप्रांतो यस्य तं सागरं लिलंघयिषुर्नभ उत्पपातेति संबन्धः ॥५१॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके सुन्दरकाण्डे षट्पञ्चाशः सर्गः ॥५६॥

भयसे ढीले हुए वस्त्रवाली, अस्त व्यस्त हुए आभूषणवाली विद्याधारियाँ सहसा उस पर्वतसे ऊपरकी ओर उड़ चलीं ॥४६॥

बड़े-बड़े आकार एवं चमकती हुई जीभवाले महान् विषधर सर्प अपनी-अपनी फणा और गलेको दबाकर कुण्डलाकार हो गये ॥४७॥

किन्नर, नाग, गन्धर्व, यक्ष और विद्याधर उस धँसे हुए पर्वतको छोड़कर आकाशमें चले गये ॥४८॥

उन बलवान् हनुमान्‌जीके वेगसे दबकर वह सुन्दर पर्वत वृक्षों तथा शिखरोंके साथ रसातलमें चला गया ॥४९॥

अरिष्ट पर्वत दस योजन ऊँचा तथा तीस योजन चौड़ा था, फिर वह हनुमान्‌जीके पैरोंसे दबकर पृथ्वीके बराबर हो गया ॥५०॥

जिसकी उन्नत तरङ्गें उठकर अपने तटको चुम्बन करती थी, उस क्षार समुद्रको लीलापूर्वक पारकर जानेकी इच्छासे हनुमान्‌जी आकाशमें उड़ गये ॥५१॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके सुन्दरकाण्डमें छप्पनवाँ सर्ग समाप्त ॥५६॥

सप्तपञ्चाशः सर्गः

[समुद्रं लङ्घयित्वा जाम्बवानङ्गदादिभिः सह हनुमतो मिलनम् ।]

आप्लुत्य च महावेगाः पक्षवानिव पर्व्वतः ।
भुजङ्ग-यक्ष-गन्धर्वप्रबुद्ध-कमलोत्पलम् ॥१
स चन्द्रकुमुदं रम्यं सार्ककारण्डवं शुभम् ।
तिष्य-श्रवणकादम्बमभ्रशैवलशाद्वलम् ॥२

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

आप्लुत्य उत्प्लुत्याधारं गगनमर्णवत्वेन वर्णयति भुजंगेत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुनर्वसु महामीनं लोहिताङ्गमहाग्रहम् ।
ऐरावतमहाद्वीपं स्वातीहंसविलासितम् ॥३
वातसङ्घातजालोर्मि-चन्द्रांशुशिशिराम्बुमत् ।
हनूमानपरिश्रान्तः पुप्लुवे गगनार्णवम् ॥४
ग्रसमान इवाकाशं ताराधिपमिवोल्लिखन् ।
हरन्निव सनक्षत्रं गगनं सार्कमण्डलम् ॥५
अपारमपरिश्रान्तश्चाम्बुधिं समगाहत ।
हनूमान् मेघजालानि विकर्षन्निव गच्छति ॥६
पाण्डुरारुणवर्णानि नीलमांजिष्ठकानि च ।
हरितारुणवर्णानि महाभ्राणि चकाशिरे ॥७
प्रविशन्नभ्रजालानि निष्क्रमंश्च पुनः पुनः ।
प्रकाशश्चाप्रकाशश्च चन्द्रमा इव दृश्यते ॥८
विविधाभ्रघनापन्नगोचरो धवलाम्बरः ।
दृश्यादृश्यतनुर्वीरस्तथा चन्द्रायतेऽम्बरे ॥९

भुजङ्गादय एव विकसितानि कमलादीनि यस्मिन् ॥१॥

चन्द्ररूपेण कुमुदेन श्वेतोत्पलेन सहितम् । अर्करूपकारण्डवाख्यजलपक्षिसहितम् । अभ्राणि मेघा एव शैवलानि शाद्वलानि च यत्र तम् ॥२॥

लोहितांगो भौमः महाग्रहो महाग्राहः । स्वातिरूपो हंसो विलासितः कृतविलासो यत्र तत् ॥३॥

वातसंघातो वात्या तज्जालं तत्समूह एवोर्मयो यत्र तत् । चन्द्रकिरणरूपशीतलजलयुक्तम् । मतुवार्थः । अत्र सावयवरूपकं गगनस्यार्णवत्वेन चन्द्रादीनां कुमुदादित्वेन च रूपणात् ॥४॥

[हनुमान्‌जीका समुद्रको पारकर अङ्गद आदिसे मिलना]

पंखवाले पर्वतके समान महावेगवान् हनुमान्‌जी बिना थकावटके उस सुन्दर एवं रमणीय आकाशरूपी समुद्रको पार करने लगे, जिसमें नाग, यक्ष और गन्धर्व विकसित कमलके समान विराजमान थे। चन्द्रमा, कुमुद तथा सूर्य जलकुक्कुटके तुल्य दिखाई देते थे। पुष्य तथा श्रवण नक्षत्र कलहंस और मेघ सेवारके समान दीख रहे थे। पुनर्वसु विशाल मत्स्य एवं मंगल बड़े भारी ग्राहके समान थे। ऐरावत हाथी वहाँ महाद्वीपके तुल्य दीख रहा था। वह आकाशरूपी समुद्र स्वातीरूपी हंसके विलाससे सुशोभित था। वायुसमूहरूप तरंगों और चन्द्रमाकी किरणरूप शीतल जलसे भी परिपूर्ण था ॥१-४॥

ताराधिपमुल्लिखन्निव नखैरिति शेषः । हरन्निव गृह्णन्निव ॥५-६॥

महाभ्राणीत्यस्य कपिना क्रुध्यमाणानीति शेषः ॥७-८॥

प्रविशन्नित्युक्तमेवार्थं भङ्ग्यन्तरेणाह विविधेति । विविधेष्वभ्रघनेष्वापन्नो गोचरो मार्गो येन सः । प्रवेशनिष्क्रमाभ्यां दृश्यादृश्यतनुः । अयं श्लोकः प्रक्षिप्त इति भाति ॥९-१०॥

हनुमान्‌जी आकाशको अपना ग्रास बनाते हुए चन्द्रमण्डलको नखोंसे चीरते हुए नक्षत्रों तथा सूर्यमण्डलके साथ अन्तरिक्षको समेटते हुए एवं मेघसमूहको खींचते हुएके समान बिना परिश्रमसे ही आकाशमें चले जा रहे थे ॥५-६

उस समय आकाशमें श्वेत, लाल, नीले, मंजीठ रंगके हरे तथा अरुणवर्णके महान् मेघमें सुशोभित हो रहे थे ॥७॥

वे कभी मेघसमूहमें प्रवेशकर जाते थे और कभी बाहर निकल जाते थे। बारंबार ऐसा करते हुए हनुमान्‌जी छिपते और प्रकाशित होते हुए चन्द्रमाके समान दिखाई दे रहे थे ॥८॥

अनेक प्रकारकी मेघघटाओंके भीतरमें होकर जाते हुए धवलाम्बरधारी वीर हनुमान्‌जीका शरीर कभी दिखाई देता था और कभी नहीं देता था। इसलिये वे आकाशमें बादलोंकी आड़में छिपते तथा प्रकाशित होते हुए चन्द्रमाके समान मालूम होते थे ॥९॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ताक्ष्यायमाणो गगने स बभौ वायुनन्दनः ।
दारयन् मेघवृन्दानि निष्पतंश्च पुनः पुनः ॥१०
नदन् नादेन महता मेघस्वनमहास्वनः ।
प्रवरान् राक्षसान् हत्वा नाम विश्राव्य चात्मनः ॥११
आकुलां नगरीं कृत्वा व्यथयित्वा च रावणम् ।
अर्दयित्वा महावीरान् वैदेहीमभिवाद्य च ॥१२
आजगाम महातेजाः पुनर्मध्येन सागरम् ।
पर्वतेन्द्रं सुनाभञ्च समुपस्पृश्य वीर्य्यवान् ॥१३
ज्यामुक्त इव नाराचो महावेगोऽभ्युपागमत् ।
स किञ्चिदारात् सम्प्राप्तः समालोक्य
महागिरिम् ॥१४
महेन्द्रं मेघसङ्काशो ननाद स महाकपिः ।
स पूरयामास कपिर्दिशो दश समन्ततः ॥१५
नदन्नादेन महता मेघस्वनमहास्वनः ।
स तं देशमनुप्राप्तः सुहृद्दर्शनलालसः ॥१६
ननाद सुमहानादं लाङ्गूलं चाप्यकम्पयत् ।
तस्य नानद्यमानस्य सुपर्णाचरिते पथि ॥१७
फलतीवास्य घोषेण गगनं सार्कमण्डलम् ।
ये तु तत्रोत्तरे कूले समुद्रस्य महाबलाः ॥१८
पूर्वं संविष्ठिताः शूरा वायुपुत्रदिदृक्षवः ।
महतो वायुनुन्नस्य तोयदस्येव निःस्वनम् ॥१९
ते दीनमनसः सर्वे शुश्रुवुः काननौकसः ।
वानरेन्द्रस्य निर्घोषं पर्जन्यनिनदोपमम् ॥२०

मेघस्वनवन्महास्वनो यस्य सः ॥११-१२॥

बारंबार मेघसमूहको विदीर्ण करने और उसमें जाकर निकलनेके कारण वे पवनपुत्र हनुमान्‌जी आकाशमें गरुड़के तुल्य मालूम होते थे ॥१०॥

इस प्रकार महातेजस्वी हनुमान्‌जी अपने महान् नादसे मेघोंकी गम्भीर गर्जनाको तिरस्कृत करते हुए आगे बढ़े हुए जा रहे थे। प्रधान-प्रधान राक्षसोंको मारकर अपना नाम विख्यात करके उन्होंने बड़े-बड़े वीरोंको मर्दनकर लङ्कानगरीको व्याकुल तथा रावणको भी व्यथित कर दिया था। इसके बाद वैदेही सीताजीको नमस्कार करके वे समुद्रके बीच में आ गये। वहाँ पर्वतराज मैनाकका स्पर्श करके वे पराक्रमी महावेगशाली वीर वानर धनुषसे छूटे हुए बाणके समान आगे बढ़ रहे थे। उत्तर तीरके प्रायः समीपमें पहुँच जानेपर उन महाकपिने बड़ाभारी गर्जन किया। उस समय मेघके समान गम्भीर स्वरसे बड़ी भारी गर्जना करके उन वानरवीर हनुमान्‌जीने सभी ओरसे दशों दिशाओंको शब्दायमान कर दिया ॥११-१६॥

सुनाभं मैनाकम् ॥१३-१६॥
लांगूलं चाप्यकंपयदिति स्वभावोक्तिः ॥१७॥
फलतीव विशीर्यतीव ॥१८॥
ये पूर्वसंविष्ठितास्ते तोयदनिःस्वनमिव ऊरुवेगं तज्जन्यघोषं शुश्रुवुरित्यन्वयः ॥१९॥
वानरेन्द्रस्य निर्घोषं तदीयसिंहनादम् ॥२०॥

इसके बाद अपने मित्रोंको देखनेकी इच्छावाले हनुमान्‌जी उनके विश्राम स्थानकी ओर बढ़े और जोरसे सिंह गर्जन करते हुए अपनी पूँछ हिलाने लगे ॥१७॥

गरुड़के चलनेवाले मार्गपर बारंबार गर्जना करते हुए हनुमान्‌जीके गम्भीर घोषसे सूर्यमण्डल सहित आकाश फटते हुएके समान मालूम हो रहा था ॥१८॥

उस समय वायुकुमार हनुमान्‌जीको देखनेके लिये उत्सुक जो वीर महाबली वानर समुद्रके उत्तर तीरपर पहलेसे ही स्थित थे। उन सबने वायुसे टकरानेके कारण महामेघके गर्जनके समान हनुमान्‌जीका सिंहगर्जन सुना ॥१९॥

उदासीन मनवाले उन सभी वनवासी वानरोंने उन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निशम्य नदतो नादं वानरास्ते समन्ततः ।
बभूवुरुत्सुकाः सर्वे सुहृद्दर्शनकाङ्क्षिणः ॥२१
जाम्बवान् स हरिश्रेष्ठः प्रीतिसंहृष्टमानसः ।
उपामन्त्र्य हरीन् सर्वानिदं वचनमब्रवीत् ॥२२
सर्वथा कृतकार्य्योऽसौ हनूमान् नात्र संशयः ।
न ह्यस्याकृतकार्य्यस्य नाद एवंविधो भवेत् ॥२३
तस्य बाहूरुवेगञ्च निनादञ्च महात्मनः ।
निशम्य हरयो हृष्टाः समुत्पेतुर्यतस्ततः ॥२४
ते नगाग्रान्नगाग्राणि शिखराच्छिखराणि च ।
प्रहृष्टाः समपद्यन्त हनुमन्तं दिदृक्षवः ॥२५

सुहृद्दर्शनकांक्षिणः तेन शब्देन हनूमानेवैतीति निश्चित्य तद्दर्शनलालसाः ॥२१-२३॥

बाहूरुवेगं तज्जन्यशब्दं निनादं च कंठशब्दं च ॥२४॥

नागाग्रात् स्वाश्रयादूर्ध्वदेशस्थानि नगाग्राणीत्यर्थः ॥२५॥

वानरश्रेष्ठ हनुमान्‌जीका मेघगर्जनके समान सिंहगर्जन सुना ॥२०॥

गर्जन करते हुए हनुमान्‌जीके उस सिंहनादको सुनकर सभी ओर बैठे हुए सभी वानर अपने मित्र हनुमान्‌जीको देखनेके लिये उत्सुक हो गये ॥२१॥

वानरों तथा ऋक्षोंमें श्रेष्ठ जाम्बवान्‌जी अपने मनमें बहुत प्रसन्न हुए। वे सभी वानरोंके अपने पासमें बुलाकर बोले—॥२२॥

इसमें कोई सन्देह नहीं कि हनुमान्‌जी कार्य सिद्ध करके आ रहे हैं। कार्यको पूर्ण किये बिना इस प्रकारकी गर्जना नहीं हो सकती ॥२३॥

महात्मा हनुमान्‌जीकी भुजाओं और जाँघोंके महान् वेगको देखकर और उनका सिंहनादको सुनकर सभी वानर प्रसन्न होकर यत्र तत्र उछलने लगे ॥२४॥

हनुमान्‌जीको देखनेके लिये उत्सुक होकर वे सभी वानर प्रसन्नतासे युक्त होकर एक वृक्षसे दूसरे वृक्षपर और एक शिखरसे दूसरे शिखरपर चढ़ने लगे ॥२५॥

ते प्रीताः पादपाग्रेषु गृह्य शाखामवस्थिताः ।
वासांसि च प्रकाशानि समाविध्यन्त वानराः ॥२६
गिरिगह्वरसंलीनो यथा गर्जति मारुतः ।
एवं जगर्ज बलवान् हनूमान् मारुतात्मजः ॥२७
तमभ्रघनसङ्काशमापतन्तं महाकपिम् ।
दृष्ट्वा ते वानराः सर्वे तस्थुः प्राञ्जलयस्तदा ॥२८
ततस्तु वेगवान् वीरो गिरेर्गिरिनिभः कपिः ।
निपपात गिरेस्तस्य शिखरे पादपाकुले ॥२९
हर्षेणापूर्यमाणोऽसौ रम्ये पर्वतनिर्झरे ।
छिन्नपक्ष इवाकाशात् पपात धरणीधरः ॥३०

ते शाखां गृह्य गृहीत्वा ऊर्ध्वदृशा हनूमन्निरीक्षणे पतनभियां शाखां गृहीत्वा धृत्वा पादपाग्रेषु तदग्रशाखासु स्थिताः । वासांसि समाविध्यन्त प्राकंपयन्त नृत्यांतर इवेति भावः । प्रकाशानि निर्मलतया प्रकर्षेण शोभन्ते तादृशानि वासांसि ॥२६-२७॥

अभ्रं मेघस्तदुपरि यो मेघस्तत्संकाशम् । अत्युन्नतमेघसमूहसदृशमित्यर्थमन्ये । स्वजीवनदातृत्वेन स्वपूज्यत्वात्प्रांजलयः स्थिताः ॥२८

ततो गिरेररिष्टाख्याद् गिरेः प्लुतः कपिस्तस्य महेन्द्रस्य गिरेः शिखरे निपपात । अनेनाविश्रममागमनं ध्वनितम् ॥२९॥

वृक्षोंकी सबसे उपरवाली डालीपर खड़े होकर वे प्रसन्न वानर अपने स्पष्ट दिखाई देनेवाले वस्त्रोंको हिलाने लगे ॥२६॥

जैसे पर्वतकी गुफाओंमें रुकी हुई हवा बड़े जोरोंसे शब्द करती है उसी प्रकार पवनपुत्र हनुमान्‌जी भी शब्द करने लगे ॥२७॥

मेघोंकी घटाके समान पासमें आते हुए देखकर वे सभी वानर उस समय हाथ जोड़कर खड़े हो गये ॥२८॥

इसके बाद पर्वतके समान विशालकाय एवं वेगवान् हनुमान्‌जी अरिष्टपर्वतसे महेन्द्रपर्वतके शिखर पर कूदकर आ गये ॥२९॥

आनन्दसे भरे हुए हनुमान्‌जी पर्वतके रमणीय झरनेके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततस्ते प्रीतमनसस्सर्वे वानरपुङ्गवाः ।
हनूमन्तं महात्मानं परिवार्योपतिस्थिरे ।३१
परिवार्य च ते सर्व्वे परां प्रीतिमुपागताः ।
प्रहृष्टवदनाः सर्व्वे तमागतमुपागमन् ॥३२
उपायनानि चादाय मूलानि च फलानि च ।
प्रत्यर्चयन् हरिश्रेष्ठं हरयो मारुतात्मजम् ॥३३
विनेदुर्मुदिताः केचित् केचित् किलकिलां तथा ।
हृष्टाः पादपशाखाश्च आनिन्युर्वानरर्षभाः ॥३४
हनूमांस्तु गुरून् वृद्धाञ्जाम्बवत् प्रमुखांस्तदा ।
कुमारमङ्गदञ्चैव सोऽवन्दत महाकपिः ॥३५

स ताभ्यां पूजितः पूज्यः कपिभिश्च प्रसादितः ।
दृष्टा देवीति विक्रान्तः संक्षेपेण न्यवेदयत् ॥३६
निषसाद च हस्तेन गृहीत्वा वालिनः सुतम् ।
रमणीये वनोद्देशे महेन्द्रस्य गिरेस्तदा ॥३७
हनूमानब्रवीत् पृष्टस्तदा तान् वानरर्षभान् ।
अशोकवनिकासंस्था दृष्टा सा जनकात्मजः ॥३८
रक्ष्यमाणा सुघोराभी राक्षसीभिरनिन्दिता ।
एकवेणीधरा बाला रामदर्शनलालसा ॥३९
उपवासपरिश्रान्ता मलिना जटिला कृशा ।
ततो दृष्टेति वचनं महार्थममृतोपमम् ॥४०

छिन्नपक्षो धरणीधर इवाकाशात्पपास । हर्षेणापूर्यमाणः पूर्यमाणहृदयः पर्वतनिर्झरे निर्झरपर्वतके शिखरे इत्यर्थमेके । श्रमनिवृत्तये जल एव पतित इत्यन्ये ॥३०-३३॥

शाखानयनं हनूमत आसनार्थम् ॥३४-३५॥

ताभ्यां जांबवदङ्गदाभ्यां प्रसादितः प्रसन्नदृष्ट्या कारितात्मनिरीक्षणः ॥३६-४२॥

समीप पंख कटे हुए पर्वतके समान आकाशसे नीचे आ गये ॥३०॥

इसके बाद वे सभी श्रेष्ठ वानर प्रसन्नमनसे महात्मा हनुमान्‌जीको घेरकर खड़े हो गये ॥३१॥

उनको घेरकर खड़े होनेसे वे सब बहुत प्रसन्न हुए। प्रसन्न मुख होकर वे सब शीघ्र आये हुए पवनपुत्र कपिश्रेष्ठ हनुमान्‌जीके समीप अनेक प्रकारकी सामग्री और फल, मूल लेकर पहुँचे तथा उनका सत्कार करने लगे ॥३२-३३॥

कोई आनन्द होकर गर्जना करने लगे, कोई किलकारियाँ भरने लगे और कितने वानर तो प्रसन्न होकर हनुमान्‌जीको बैठनेके लिये वृक्षोंकी शाखायें तोड़ लाये ॥३३॥

महाकपि हनुमान्‌जीने जाम्बवान् आदि वृद्धों तथा कुमार अङ्गदको प्रणाम किया ॥३५॥

पुनः जाम्बवान् तथा अङ्गदने भी हनुमान्‌जीका सत्कार किया और अन्य वानरोंने भी उन्हें सम्मानित किया।

इसके बाद पराक्रमी हनुमान्‌जीने मुझे सीताजीका दर्शन हो गया, इतना संक्षेपमें निवेदन किया ॥३६॥

तत्पश्चात् वालीपुत्र अङ्गदका हाथ पकड़कर हनुमान्‌जी महेन्द्रपर्वतके रमणीय वनप्रान्त जाकर बैठ गये ॥३७॥

सबसे पूछे जानेपर हनुमान्‌जीने उन प्रधान वानरोंसे कहा कि सीताजी लंकाकी अशोकवाटिकाओंमें निवास करती हैं, वहीं मैंने उनका दर्शन किया ॥३८॥

अत्यन्त भयंकर राक्षसियाँ उनकी रखवाली करती हैं। एक वेणी धारण की हुई श्रीरामचन्द्रजीके दर्शनके लिये उत्सुक उपवासके कारण अत्यन्त श्रान्त दुर्बल और मलिन शरीरवाली भोली-भाली सीताजीके केश जटाके रूपमें परिणत हो गये हैं ॥३९॥

उस समय मुझे सीताजीका दर्शन हो गया, यह वचन वानरोंको अमृतके समान लगा और यह उनके महान् कार्यकी सिद्धिका सूचक था। इस प्रकार हनुमान्‌जीके मुखसे यह वचन सुनकर सभी वानर प्रसन्न हुए ॥४०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीराममाहात्म्यम्

श्रीश्रीठाकुर सीतारामदासोङ्कारनाथः

कालातीतं निर्विरागं निर्व्यापारं महत् परम्।
विश्वाधारं जगन्मध्यं कोटिब्रह्माण्डबीजकम्॥
जड़ं शुद्धक्रियं वापि निरंजनं नियामकम्।
यज्ज्ञात्वा मुच्यते क्षिप्रं घोरसंसारबन्धनात्॥
विप्रभक्त्या च दानेन विष्णुध्यानेन सिध्यति।
तासां मन्त्रो रामनामध्येयः कोट्यधिको भवेत्॥
रामेति द्व्यक्षरो जपः सर्वपापापनोदकः।
गच्छंस्तिष्ठन् शयानो वा मनुजो रामकीर्त्तनात्॥
इह निर्वर्त्ततो याति प्रान्ते हरिगणो भवेत्।
रामेति द्व्यक्षरो मन्त्रो मन्त्रकोटिशताधिकः॥
सर्वासां प्रकृतीनाञ्च कथितः पापनाशकः।
चातुर्म्मास्येऽथ सम्प्राप्ते सोऽप्यनन्तफलप्रदः॥
चातुर्म्मास्ये महापुण्ये लभ्यते भक्तितस्तैः।
देववन्निष्फलं तेषां यमलोकस्य सेवनम्॥
न रामादधिकं किञ्चित् पठनं जगतीतले।
रामनामाश्रया ये वै न तेषां यमयातना॥
ये च दोषा विघ्नकरा मृतका विग्रहाश्च ये।
रामनाम्नैव विलयं यान्ति नात्र विचारणा॥

कालातीतं, निर्वशगं, व्यापारविरहितं, महत्, परं, विश्वाधारं, जगन्मध्यं, कोटिब्रह्माण्डबीजं रामनाम (जपामि)॥

जड़ं, शुद्धक्रियं, निरञ्जनं, नियामकं, यज्ज्ञात्वा दारुणसंसार-बन्धनाद् मानवः शीघ्रं मुक्तो भवति, (तत् रामनाम जपामि)॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Regd. No. C-434
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीरामनाममाहात्म्यम्

श्रीश्रीठाकुर सीतारामदासोङ्कारनाथः

रामेति अक्षरद्वयजपः सर्वपापदूरीकारकः, गच्छन्, तिष्ठन्, शयानो वा मानवो रामनाम-कीर्त्तनेन इह परत्र च सर्वं सम्पादितं कृत्वा देहान्ते हरिपार्षदो भवति। अन्नवस्त्रादीनां चिन्ता नायाति। रामेति द्वयक्षरमन्त्रः शतकोटिमन्त्राणामधिकः॥

काम-क्रोध-लोभ-प्रकृतिप्रभृतीनां सर्वपापनाशकं रामनामेति कथितं भवति। चातुर्म्मास्यकाले रामनामजपः अनन्तफलं ददाति॥

महापुण्यजनके चातुर्म्मास्ये भक्तितत्परा इदं रामनाम लभन्ते। तेषां यमलोकाश्रयो देवानामिव फलविरहितम्। ते यमालयं न गच्छन्ति।

'राम'नाम्नः अधिकं किमपि अध्ययनं नास्ति। ये खलु रामनामाश्रयकारिणः, ते यमयातनाभोगं कर्त्तुं नार्हन्ति।

ये विघ्नकरा दोषाः, ये च मरणतुल्या विप्रियाः, रामनामद्वारा ते सर्वे विलयं यान्ति। अत्र विचारो न कर्त्तव्यः, अवश्यमेव भवति।

रमते सर्वभूतेषु स्थावरेषु चरेषु च।
अन्तरात्मस्वरूपेण यश्च रामेति कथ्यते॥
रामेति मन्त्रराजोऽयं भवव्याधिनिषूदकः।
रणे विजयदश्चापि सर्वकार्यार्थसाधकः॥
सर्वतीर्थफलप्रोक्तो विप्राणामपि कामदः।
रामचन्द्रेति रामेति रामेति समुदाहृतः॥
द्वयक्षरो मन्त्रराजोऽयं सर्वकार्यकरो भुवि।
देवा अपि प्रगायन्ति रामनामगुणाकरम्॥
तस्मात्तमपि देवेशि रामनाम सदा वद।
रामनाम जपेद् यो वै मुच्यते सर्वकिल्विषैः॥
सहस्रनामजं पुण्यं रामनाम्नैव जायते।
चातुर्म्मास्ये विशेषेण तत् पुण्यं दशधोत्तरम्॥
हीनजातिप्रजातानां महद् दहति पातकम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri